# शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.)

## राष्ट्रीय आभासी सेमिनार-2025

# स्वदेशी से स्वावलम्बन

दि. 10 अक्टूबर 2025, शुक्रवार अश्विन कार्तिक मास,
कृष्ण पक्ष चतुर्थी - 2082

## स्वत्व शोध-पत्रिका




: प्रायोजक :

**उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल**

# राष्ट्रीय आभासी सेमिनार-2025
# के छायाचित्र

उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल

के प्रायोजन में

## एक दिवसीय राष्ट्रीय आभासी सेमिनार -2025

# “स्वदेशी से स्वावलंबन”

10 अक्टूबर, 2025, शुक्रवार

अश्विन कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी- 2082

# स्वत्व शोध पत्रिका


**डॉ. बी. एस. मुजाल्दा**
सेमिनार समन्वयक
शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी

**डॉ. प्रमोद पंडित**
प्राचार्य एवं संरक्षक
शासकीय नवीन आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी

**डॉ. अनिल पाटीदार**
आयोजन सचिव
एक दिवसीय राष्ट्रीय आभासी सेमिनार
शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी

**डॉ. दिनेश कुमार पाटीदार**
संयोजक
एक दिवसीय राष्ट्रीय आभासी सेमिनार
शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी

मुख्य संपादक
**डॉ. अनिल पाटीदार**

प्रधान संपादक
**डॉ. दिनेश कुमार पाटीदार**

**संपादक मंडल सदस्य**

डॉ. सुनीता सोलंकी, डॉ. गीतांजलि दसौंधी, प्रो. आकाश अस्के, प्रो. दिलीप पाटीदार, प्रो. आर. आर. मुवेल

**तकनीकी सहयोग**

डॉ. रितेश भावसार, डॉ तंजीम शेख, डॉ. नारायण पाटीदार


## आयोजक- शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी

## शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी द्वारा दिनांक 10 अक्टूबर,2025 को "स्वदेशी से स्वावलंबन" विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल सेमिनार का सफल आयोजन किया गया है। स्वदेशी विचार, भारतीय ज्ञान परंपरा और आत्मनिर्भरता का संबंध न केवल हमारे सांस्कृतिक मूल्यों से है, बल्कि यह भारत के समग्र और सतत विकास की आधारशिला भी है। आज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य में स्वावलंबन की अवधारणा भारत को आर्थिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने का मार्ग प्रस्तुत करती है।

यह सेमिनार निश्चय ही विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को नवीन चिंतन, सृजनात्मक विचारों तथा शोध आधारित दृष्टिकोण को विकसित करने का एक प्रभावी मंच प्रदान करेगा। विशेष रूप से इस अवसर पर प्रकाशित शोध पत्रिका "स्व का जागरण"अपने नाम के अनुरूपस्वदेशी चेतना और आत्मबोध को जागृत करने का श्रेष्ठ प्रयास है।

मैं इस आयोजन से जुड़े समस्त विद्वानों, आयोजकों, शोधार्थियों और प्रतिभागियोंको हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।आशा है कि इसवर्चुअल सेमिनार में प्रस्तुत शोध पत्र को प्रकाशित करने के लिए स्व का जागरण नामक पत्रिका स्वदेशी विचारधारा को नए आयाम प्रदान करेगी तथायुवाओं को आत्मनिर्भर भारत निर्माण हेतु प्रेरित करेगी

हस्ताक्षर

Rjixit

**डॉ. आर.सी.दीक्षित**

**अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, इंदौर**

## शुभकामना संदेश

हमें अत्यंत हर्ष है कि शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी द्वारा 10 अक्टूबर 2025 को "स्वदेशी से स्वावलंबन" विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय आभासी सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल से विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को भारतीय ज्ञान परंपरा, स्वदेशी विचारधारा तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में नई प्रेरणा एवं दृष्टि प्राप्त होती है। स्वदेशी का मूल भाव आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और स्वावलंबन की जड़ों से जुड़ा है। आज के वैश्विक दौर में यह आवश्यक है कि युवा पीढ़ी स्वदेशी चिंतन को आधुनिक विज्ञान, तकनीक और नवाचार के साथ जोड़ते हुए देश की उन्नति में अपना सृजनात्मक योगदान दें।

इस अवसर पर प्रकाशित शोध पत्रिका "स्वत्व जागरण" शोध पत्रिका विद्वानों के चिंतन, अनुसंधान और मौलिक लेखन को एकत्रित कर—स्वदेशी अवधारणा को वैचारिक गहराई प्रदान करने का सराहनीय प्रयास है। हमें विश्वास है कि यह पत्रिका शोध एवं अकादमिक जगत में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज सिद्ध होगी। हम इस सेमिनार से जुड़े सभी वक्ताओं, शोधार्थियों और प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते है। इस प्रकार के सेमिनार अकादमिक ज्ञान में अभिवृद्धि करते है।

पूर्ण विश्वास है कि यह आयोजन सभी के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी और सफल सिद्ध होगा।

सादर शुभकामनाओं सहित,

डॉ. बी. एस. मुजाल्दा
सेमिनार समन्वयक
शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी

डॉ. प्रमोद पंडित
प्राचार्य एवं संरक्षक
शासकीय नवीन आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी

## शुभकामना संदेश

यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी में 10 अक्टूबर, 2025 को "स्वदेशी से स्वावलंबन" विषयक एकदिवसीय राष्ट्रीय आभासी सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय स्वदेशी परंपरा, आत्मनिर्भरता, नवाचार और विकासशील चिंतन को एक साझा मंच पर लाकर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के समक्ष नई संभावनाओं का द्वार खोलना है।

स्वदेशी विचारधारा केवल वस्तुओं या संसाधनों के स्वदेशी उपयोग तक सीमित नहीं, बल्कि यह आत्मविश्वास, स्वाभिमान, सांस्कृतिक जड़ों और जिम्मेदार नागरिकता का समन्वित स्वरूप है। आज के युवा यदि स्वावलंबन की इस भावना को ज्ञान-विज्ञान, तकनीक, उद्यमिता और शोध के क्षेत्र में अपनाते हैं, तो भारत का भविष्य निश्चय ही और अधिक उज्ज्वल होगा।

इस अवसर पर प्रकाशित शोध पत्रिका "स्वत्व जागरण शोध पत्रिका" सभी विद्वानों, शोधार्थियों तथा लेखकों के लिए एक प्रेरक संकलन सिद्ध होगी। यह पत्रिका स्वदेशी चिंतन को अकादमिक शोध के माध्यम से नए आयाम प्रदान करती है और यह प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय है।

हम सभी विशिष्ट वक्ताओं, शोध प्रस्तुतकर्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते है। यह सेमिनार ज्ञान-विस्तार, प्रेरणादायी संवाद और नवोन्मेषी विचारों का सशक्त मंच सिद्ध हो।

सादर शुभकामनाएँ सहित,

डॉ. अनिल पाटीदार
आयोजन सचिव
एकदिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल सेमिनार
शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी

डॉ. दिनेश कुमार पाटीदार
संयोजक
एकदिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल सेमिनार
शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी

# “संपादकीय”

## स्वदेशी से स्वावलंबन

## (राष्ट्रीय आभासी सेमिनार– स्वत्व)

शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी द्वारा दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को “स्वदेशी से स्वावलंबन” जैसे अत्यंत प्रासंगिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषय पर आयोजित राष्ट्रीय आभासी सेमिनार भारतीय चिंतन परंपरा और समकालीन विकास विमर्श के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करता है। आज के वैश्वीकरण के दौर में जब आत्मनिर्भरता और स्वदेशी चेतना पुनः केंद्र में आई है, तब यह विषय न केवल अकादमिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाता है। इसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ सतीश आचार्य जी उपनिदेशक, महाविद्यालय शिक्षा उदयपुर संभाग तथा डॉ. कुमार सत्यम प्राध्यापक डॉ. बी.आर. अंबेडकर महाविद्यालय दिल्ली थे जिनके व्याख्यान से स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई

स्वदेशी केवल वस्तुओं के उपयोग तक सीमित अवधारणा नहीं है, बल्कि यह स्व–विचार, स्व–उद्यम, स्व–संस्कृति और स्व–आत्मविश्वास का समन्वित स्वरूप है। स्वावलंबन का मार्ग स्वदेशी से होकर ही जाता है, जहाँ स्थानीय संसाधनों, ज्ञान परंपराओं, कुटीर एवं लघु उद्योगों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता दी जाती है। यह सेमिनार इसी दृष्टि को अकादमिक विमर्श के माध्यम से सुदृढ़ करता है।

इस राष्ट्रीय आभासी सेमिनार में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शोध संस्थानों से जुड़े विद्वान वक्ताओं एवं शोधार्थियों ने अपने विचारों और शोध निष्कर्षों के माध्यम से स्वदेशी की अवधारणा को समकालीन परिप्रेक्ष्य में नए आयाम प्रदान किए। प्रस्तुत शोध पत्रों में भारतीय ज्ञान परंपरा, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्थानीय से वैश्विक (Local to Global) दृष्टिकोण, सतत विकास और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर गंभीर एवं विचारोत्तेजक विमर्श देखने को मिला।

“स्वत्व” स्मारिका का यह प्रकाशन सेमिनार में प्रस्तुत बौद्धिक मंथन को स्थायी स्वरूप प्रदान करने का एक विनम्र प्रयास है। यह पत्रिका न केवल शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, बल्कि नीति–निर्माताओं, विद्यार्थियों एवं समाज के व्यापक वर्ग के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

मैं इस सफल आयोजन के लिए शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी के प्राचार्य महोदय, मुख्य वक्ताओं, आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। आशा है कि यह सेमिनार और उसकी स्मारिका स्वदेशी से स्वावलंबन के राष्ट्रीय संकल्प को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



**डॉ. अनिल पाटीदार**

संपादक

शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बडवानी

# INDEX


| S. No. | Author's Name | Title | Page No. |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. दिनेश कुमार पाटीदार | भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था: चुनौतियाँ एवं अवसर | 1-5 |
| 2. | डॉ. स्नेहलता सिंह | भारतीय सांस्कृतिक परंपरा और स्वावलंबन की अवधारणा | 6-8 |
| 3. | जगदीश पावरा | स्वदेशी उत्पाद एवं भारतीय संस्कृति | 9-14 |
| 4. | डॉ. मंशाराम बघेल | वैश्विक आर्थिक चुनौतियों में स्वदेशी उत्पाद | 15-17 |
| 5. | श्रीमती सीमा नाइक | भारतीय वनस्पति विज्ञान एवं स्वावलंबन: एक विवेचना | 18-20 |
| 6. | डॉ. प्रियंका देवड़ा | स्वदेशी से स्वावलंबन की यात्रा: भारतीय राष्ट्रीय चेतना के आर्थिक और दार्शनिक आयामों का तुलनात्मक अध्ययन (1905–2024) | 21-23 |
| 7. | डॉ. तंज़ीम कायनात शैख | स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम: आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक विश्लेषणात्मक अध्ययन | 24-31 |
| 8. | डॉ. गीतांजलि दासौंधी | स्वदेशी आंदोलन की ऐतिहासिकता | 32-34 |
| 9. | डॉ. इंदु डावर | स्वदेशी अवधारणा एवं महत्व | 35-38 |
| 10. | डॉ. एम.एस मोरे | जैविक कृषि और पर्यावरण संतुलन: एक शोध परक अध्ययन | 39-44 |
| 11. | डॉ. अनिल पाटीदार | स्वदेशी से स्वावलंबन: विकसित भारत का आधार | 45-48 |
| 12. | डॉ. सुनीता भायल | हस्तनिर्मित वस्तुएं एवं स्वदेशी का भाव जागरण | 49-57 |
| 13. | डॉ. अनामिका प्रजापति | आत्मनिर्भर भारत का आधार-''स्वदेशी और स्वावलंबन | 58-60 |
| 14. | कल्याण सिंह कनेल | जैविक कृषि एवं स्वदेशी तकनीक: एक अनुशीलन | 61-65 |
| 15. | डॉ. सुनीता सोलंकी | भारतीय अर्थव्यवस्था में स्वदेशी उत्पादन का आर्थिक विकास में योगदान | 66-71 |
| 16. | हेमलता पारस | भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था | 72-78 |
| 17. | प्रो.सोनी सोलंकी | ऐतिहासिक दृष्टि से स्वदेशी आंदोलन | 79-84 |
| 18. | डॉ. अनिता शर्मा, डॉ. जीतेन्द्र सोलंकी | स्वदेशी से स्वावलंबन तक : आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक यात्रा | 85-88 |
| 19. | डॉ. गोरेलाल डावर | वैश्विक आर्थिक चुनौती में स्वदेशी उत्पाद | 89-92 |
| 20. | डॉ. दिनेश कनाड़े | स्वदेशी: आत्मनिर्भर भारत का आधार | 93-96 |
| 21. | डॉ. कल्पना रायकवार | स्वदेशी उत्पादों का प्रसार एवं स्थानीय रोजगार | 97-99 |
| 22. | सुनिल भोसले | जैविक खेती और स्वदेशी तकनीकी का कृषि में योगदान | 100-103 |
| 23. | डॉ. सचिन शर्मा, डॉ. अंशु मिश्रा | आर्थिक अस्थिरता के दौरान न्याय और कल्याण नीतियाँ | 104-108 |
| 24. | श्रीमती अभिलाषा सावले | सांस्कृतिक स्वावलंबन के केंद्र के रूप में पुस्तकालय | 109-112 |
| 25. | डॉ. हेम सिंह मंडलोई, डॉ. अमित पाटीदार, डॉ. रीना गामी | भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी लघु एवं मध्यम उद्योगों (MSMEs) की चुनौतियाँ और संभावनाएँ | 113-117 |
| 26. | डॉ. योगेन्द्र सिंह चौहान | आत्मनिर्भर भारत निर्माण में जैविक खेती एवं स्वदेशी तकनीक की भूमिका | 118-120 |
| 27. | डॉ. श्याम सुन्दर पलोड, डॉ. गायत्री पलोड | स्वदेशी से स्वावलंबन की महत्ता का अध्ययन | 121-124 |
| 28. | प्रो. श्रद्धा मानधन्या, डॉ. मनीष दुबे | स्वदेशी से स्वावलंबन: आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आर्थिक और सामाजिक योगदान | 125-129 |
| 29. | मीनल गुप्ता | स्वदेशी संकल्प: आत्मनिर्भर भारत का आधार | 130-132 |
| 30. | कविता कनेल | स्वदेशी उत्पादों से अर्थव्यवस्था पर प्रभाव: एक अध्ययन | 133-137 |
| 31. | डॉ. (श्रीमती) कृष्णा सोलंकी | भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था: चुनौतियाँ एवं अवसर | 138-142 |
| 32. | डॉ. अर्चना चौबे | वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के संदर्भ में स्वदेशी उत्पाद: मूल्य, गुणवत्ता और ब्रांडिंग पर आधारित उपभोक्ता व्यवहार का अध्ययन | 143-145 |
| 33. | डॉ. धुलसिंह खरत | ऐतिहासिक दृष्टि से स्वदेशी आन्दोलन | 146-148 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 34. | डॉ. पुष्पा चौहान | जैविक खेती एवं स्वदेशी तकनीक | 149-153 |
| 35. | प्रो. ममता कनेश | स्वदेशी उत्पाद और भारतीय संस्कृतिं | 154-159 |
| 36. | डॉ. प्रियंका चौहान | हस्तशिल्प, स्वदेशी भाव और वैश्विक प्रतिस्पर्धा: आत्मनिर्भर भारत के परिप्रेक्ष्य में एक अध्ययन | 160-169 |
| 37. | डॉ. रानी मुगल | भारतीय संस्कृति में स्वदेशी उत्पादों का महत्व | 170-172 |
| 38. | डॉ. बी एस सिसोदिया, डॉ. मीरा जामोद | भूमंडलीकरण के युग में भारतीय कृषि और स्वदेशी तकनीकर: अवसर और चुनौतियाँ | 173-178 |
| 39. | डॉ. प्रियंका मालवी | वाणिज्यिक दृष्टिकोण से स्वदेशी की अवधारणा और महत्व: एक अध्ययन | 179-181 |
| 40. | डॉ. बाल कृष्ण प्रजापति | स्वदेशी उत्पाद एवं भारतीय संस्कृति | 182-184 |
| 41. | डॉ. रश्मिप्रभा फरे | स्वदेशी उत्पादों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव : आत्मनिर्भर भारत - एक अध्ययन | 185-190 |
| 42. | डॉ. माधुरी रोजड़े | वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच स्वदेशी का संकल्प | 191-193 |
| 43. | यशी तिवारी | स्वदेशी की अवधारणा | 194-197 |
| 44. | Ramesh Kumar, Pramod Kumar Paliwal | Swadeshi and Swavlamban - The path of “SWA” based Economic Prosperity | 198-203 |
| 45. | Dr. Ritesh Bhawsar | Efficacy of Swadeshi Treatment of Common Diseases by uses of Medicinal plants, like Rauwolfia serpentina | 204-206 |
| 46. | Dr. Akhilesh Kumar Rai | The Swadeshi Movement: A Historical Perspective | 207-211 |
| 47. | Dr. Nisha Mishra, Vedika Rawat | Aatmanirbhar Bharat And Its Influence on Trade Balance of India | 212-217 |
| 48. | Dr. Vishal Sen | Swadeshi Movement and Indian Freedom Struggle | 218-221 |
| 49. | Dr Archna Verma | Aatmanirbhar Bharat and the Legacy of Swadeshi | 222-226 |
| 50. | Harish Raghunath Khairanar, Dr. Pramod Pandit | To Investigate the Potential of Merging Indigenous Technical Knowledge with Organic Farming Practices to Create a Resilient and Sustainable Agricultural System in India | 227-235 |
| 51. | Dr. Ganga Prasad Dangi | Self-Reliance in India through Organic Farming and Indigenous Techniques | 236-240 |
| 52. | Dr. Karamsingh Baghel | Impact of Khadi and Village Industries on The Local Economy- Then and Now: A Study of Alirajpur and Jhabua Districts | 241-244 |
| 53. | Kailash Chouhan | Organic Farming and Indigenous Techniques: A Scientific Study towards Sustainable Agricultural Development | 245-250 |
| 54. | Dr. Suman Lata Shrivastava | Natural Farming and Indigenous Techniques: A new direction for Indian Farmers | 251-253 |
| 55. | Prof. Aakash Aske | Indigenous Fish Farming in India: A Study of Traditional Practices and Modernisation | 254-258 |
| 56. | Prashant Thote, Gowri S | Nationalism and Selfhood: Tracing the Spirit of Swadeshi in R. K. Narayan’s Works | 259-262 |
| 57. | Dr. Priyanka Jain | Impact On Swadeshi Product on The Economy | 263-265 |
| 58. | Dinesh Bramhane | Swadeshi to Self-Reliance: Examining Literary Reflections on Cultural Identity | 266-270 |
| 59. | Dr. Sandhya Dixit | Local industries based on Self-reliance in reference to Indore City | 271-273 |
| 60. | Dr. Jyoti Agrawal | Organic Farming and Indigenous Techniques | 274-277 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 61. | Prakash Chandra Kasera | Digital Dependency and Economic Vulnerability: India's Struggle for Sovereignty in the Age of American Dominance | 278-281 |
| 62. | Dr. Divya Verma | Towards Chemical-Free Farming: The Contribution of Organic Agriculture and Indigenous Techniques | 282-286 |
| 63. | Swagata Gupta | Role of Swadeshi Drug Discovery and Manufacturing in Aatmnirbhar Bharat: A Review | 287-291 |
| 64. | Sonu Sen, Neha Solanki | Building Self-Reliant India through Indigenous Innovation | 292-295 |

IEARJ International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# “भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था: चुनौतियाँ एवं अवसर”

**डॉ. दिनेश कुमार पाटीदार**

सहायक प्राध्यापक, भूगोल,

शासकीय आदर्श महाविद्याल बड़वानी (म.प्र.)

***शोध सारांश***

***भूमंडलीकरण (Globalization) ने विश्व को एक 'वैश्विक गाँव' (Global Village) में बदल दिया है, जहाँ पूंजी, सूचना, प्रौद्योगिकी और श्रम का निर्बाध प्रवाह है। इस अभूतपूर्व परिवर्तन ने प्रत्येक देश की आर्थिक संरचना को प्रभावित किया है, विशेष रूप से उनकी स्वदेशी अर्थव्यवस्थाओं (Indigenous Economies) को। यह प्रक्रिया विकास के कई नए रास्ते खोलती है, किन्तु स्थानीय उद्योग, कुटीर उत्पादन एवं पारंपरिक स्वरोजगार पर दबाव भी बढ़ाती है। भारत जैसी बहुप्रतिभाषील अर्थव्यवस्था के लिए स्वदेशी अर्थव्यवस्था का संरक्षण और सशक्तिकरण, रोजगार–सृजन तथा सांस्कृतिक आत्मधारणा के दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण है। यह शोध–पत्र भूमंडलीकरण के प्रभावों की समीक्षा करते हुए स्वदेशी अर्थव्यवस्था के समक्ष आने वाली मुख्य चुनौतियों और उपलब्ध अवसरों का विश्लेषण करता है। शोध का निष्कर्ष है कि स्वदेशी अर्थव्यवस्था की रक्षा और संवर्धन केवल संरक्षणवाद से नहीं, बल्कि रणनीतिक नवाचार, उत्पाद की विशिष्टता, तकनीकी उन्नयन, और आत्मनिर्भरता की नीति से संभव है, तथा एक समग्र नीति निर्देशिका (Policy Roadmap) प्रस्तुत करता है जिससे स्वदेशी उत्पादन एवं स्थानीय मूल्यों को वैश्विक मंच पर एक आकर्षक टिकाऊ एवं प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके। शोध में गुणात्मक विश्लेषण, सेक्टर–आधारित केस–स्टडी और नीतिगत दिये गए पहलुओं का समन्वय किया गया है।***

***प्रमुख शब्द (Keywords) – भूमंडलीकरण, स्वदेशी अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता, हस्तशिल्प, वोकल–फॉर–लोकल, संरक्षणवाद, नवाचार, भौगोलिक संकेत (GI), पारंपरिक ज्ञान, सतत विकास, नीतिगत सिफारिशें।***

## परिचय

इक्कीसवीं सदी की वैश्विक व्यवस्था का सबसे चर्चित शब्द है – “भूमंडलीकरण”। यह केवल आर्थिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं को भी प्रभावित करने वाली व्यापक अवधारणा है। भूमंडलीकरण ने एक ओर जहाँ देशों की सीमाओं को आर्थिक लेन–देन और तकनीकी संपर्कों के स्तर पर लगभग समाप्त कर दिया है, वहीं दूसरी ओर इसने स्थानीय पहचान, कौशल,परंपरा और आत्मनिर्भरता की अवधारणा को चुनौती भी दी है।

ऐसे समय में “स्वदेशी अर्थव्यवस्था” का विचार अत्यंत प्रासंगिक बन जाता है। स्वदेशी का अर्थ केवल देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना नहीं है, बल्कि यह स्थानीय संसाधनों, कौशल और उत्पादन प्रणाली पर आधारित आत्मनिर्भर आर्थिक ढांचे का निर्माण करना है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी को केवल आर्थिक नीति ही नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक माना। आज जब भूमंडलीकरण का प्रभाव विश्व की लगभग सभी अर्थव्यवस्थाओं पर दिखाई देता है, तब यह प्रश्न उठता है? कि भारत जैसे विविधतापूर्ण और संसाधन–समृद्ध देश के लिए वर्तमान परिदृश्य में स्वदेशी मॉडल कितना उपयोगी और व्यावहारिक है। यह शोध पत्र इसी संदर्भ में भूमंडलीकरण और स्वदेशी के द्वंद्वात्मक संबंधों का अध्ययन करता है, कि किस प्रकार स्वदेशी अर्थव्यवस्था भूमंडलीकरण के युग में भी अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है। स्वदेशी अर्थव्यवस्था का महत्व केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक सहिष्णुता, संस्कृति का संरक्षण,प्रकृति और पर्यावरणीय सामंजस्य के साथ स्थाई एवं टिकाऊ विकास एक सशक्त माध्यम है।

## शोध का उद्देश्य

- भूमंडलीकरण के मुख्य आयामों और स्वदेशी अर्थव्यवस्था पर उनके प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष प्रभावों का मूल्यांकन करना।
- स्वदेशी अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित कमज़ोरियों (जैसे वित्त की कमी, अप्रचलित तकनीक, विपणन की समस्या) की पहचान करना जो उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के प्रति संवेदनशील बनाती हैं।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

• उन विशिष्ट क्षेत्रों और उत्पादों की पहचान करना जहाँ स्वदेशी अर्थव्यवस्था वैश्विक बाज़ार में प्रतिस्पर्धी लाभ (Competitive Advantage) प्राप्त कर सकती है।

• भूमंडलीकरण के खतरों का सामना करने और अवसरों का लाभ उठाने के लिए स्मार्ट संरक्षण, तकनीकी हस्तांतरण और स्थानीय नवाचार पर आधारित रणनीतिक नीतिगत सुझाव देना।

## शोध पद्धति

यह शोध पत्र मुख्य रूप से एक गुणात्मक और विश्लेषणात्मक अध्ययन है। इसमें व्यापक रूप से द्वितीयक डेटा का उपयोग किया गया है, जिसमें अकादमिक शोध पत्र, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों (WTO, IMF) की रिपोर्टें, सरकारी दस्तावेज़ और आर्थिक सर्वेक्षण शामिल हैं। विश्लेषण का दृष्टिकोण आलोचनात्मक यथार्थवाद पर आधारित है, जो भूमंडलीकरण के लाभों को स्वीकार करते हुए इसके सामाजिक और आर्थिक लागतों पर भी ध्यान केंद्रित करता है, विशेष रूप से स्थानीय समुदायों के संदर्भ में।

## भूमंडलीकरण का स्वरूप

भूमंडलीकरण (Globalization) को सामान्यतः एक ऐसी प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें वस्तुओं, सेवाओं, पूंजी, तकनीक, सूचनाओं और विचारों का वैश्विक स्तर पर आदान – प्रदान तेज़ी से बढ़ता है और विश्व की अर्थव्यवस्थाएँ एक – दूसरे पर अधिकाधिक निर्भर हो जाती हैं। इसके मुख्य आयाम

• आर्थिक आयाम – अंतरराष्ट्रीय व्यापार, विदेशी निवेश, पूँजी प्रवाह और वैश्विक बाजार का उदय।

• सांस्कृतिक आयाम – खान–पान, परिधान, भाषा, संगीत और जीवनशैली का वैश्विक स्तर पर प्रभाव।

• राजनीतिक आयाम – वैश्विक संस्थाओं (जैसे WTO, IMF, विश्व बैंक) की नीतियों का राष्ट्रीय नीतियों पर असर।

• तकनीकी आयाम – इंटरनेट, डिजिटलीकरण और जी.आई. संकेत आधुनिक स्थानीय उत्पादों संचार साधनों के कारण सूचनाओं का तीव्र प्रसार।

भूमंडलीकरण ने जहाँ नई संभावनाओं और अवसरों को जन्म दिया है, वहीं इसने राष्ट्रीय पहचान और स्थानीय आर्थिक संरचनाओं को भी चुनौती दी है।

**स्वदेशी अर्थव्यवस्था की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि–** भारत का इतिहास स्वदेशी की अवधारणा से गहराई एवं समृद्धतता से जुड़ा है।

• **प्राचीन भारत में स्वावलंबन** – वैदिक काल से ही भारत की आर्थिक संरचना कृषि, पशुपालन, हस्तशिल्प और व्यापार पर आधारित थी। गाँव आत्मनिर्भर इकाइयाँ थे जहाँ अधिकांश आवश्यकताएँ स्थानीय उत्पादन से पूरी हो जाती थीं।

• **मध्यकालीन भारत** – इस काल में भारत अपनी उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प और वस्त्र उद्योग के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध था। 'मेड इन इंडिया' का अर्थ था उत्कृष्टता।

• **औपनिवेशिक काल** – अंग्रेज़ों की औपनिवेशिक नीतियों ने भारत की स्वदेशी अर्थव्यवस्था को गहरा आघात पहुँचाया। मशीन निर्मित ब्रिटिश वस्त्रों के आयात ने भारतीय कारीगरों और उद्योगों को नष्ट कर दिया।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

• **स्वदेशी आंदोलन (1905)** — बंग–भंग के विरोध में स्वदेशी आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का महत्वपूर्ण अध्याय बना। इस आंदोलन ने स्वदेशी अपनाओ, विदेशी छोड़ो '' का नारा देकर भारतीय जनमानस में आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान का भाव जगाया।

• **गांधीजी और स्वदेशी** — महात्मा गांधी ने चरखा और खादी को स्वदेशी का प्रतीक बनाया। उनके अनुसार स्वदेशी केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि आत्मबल, आत्मसम्मान और स्वाभिमान का मार्ग था।

**भूमंडलीकरण का भारतीय–** 1991 के बाद भारत ने उदारीकरण, निजीकरण और भूमंडलीकरण (LPG Reforms) को अपनाया। इसके बाद भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था से तेज़ी से जुड़ा।

**सकारात्मक प्रभाव:** – स्वदेशी अर्थव्यवस्था को अपनाने के सकारात्मक प्रभाव हैं,जो इस प्रकार है––

• विदेशी निवेश और पूंजी प्रवाह में वृद्धि।

• आईटी और सेवा क्षेत्र का विकास।

• वैश्विक बाजार तक भारतीय उत्पादों की पहुँच।

• उपभोक्ताओं को विविध और सस्ती वस्तुएँ उपलब्ध होना।

**नकारात्मक प्रभाव:–** स्वदेशी अर्थव्यवस्था को अपनाने के नकारात्मक प्रभाव हैं, जो इस प्रकार है –

• छोटे और कुटीर उद्योगों का संकट।

• विदेशी ब्रांडों के कारण स्थानीय उत्पादों की उपेक्षा।

• ग्रामीण रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव।

• सांस्कृतिक उपनिवेशवाद और उपभोक्तावादी मानसिकता का प्रसार।

**स्वदेशी अर्थव्यवस्था : वर्तमान संदर्भ में आवश्यकता एवं प्रासंगिकता –**

आज भारत विश्व में 145 करोड़ जनसंख्या वाला विशाल बाजार है। यदि यह बाजार विदेशी उत्पादों से भरा रहेगा, तो भारत की स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार संकट गहराएगा ।

• **आत्मनिर्भर भारत अभियान** — प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' और आत्मनिर्भर भारत का नारा देकर स्वदेशी की प्रासंगिकता को पुनः रेखांकित किया है।

• **रोजगार सृजन** — स्वदेशी उत्पादन स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार देता है।

• **ग्रामीण और कुटीर उद्योग** — हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि–आधारित उद्योग ग्रामीण भारत की रीढ़ हैं। इन्हें बढ़ावा देकर देश की आर्थिक असमानता कम की जा सकती है।

• **सांस्कृतिक पहचान** — स्वदेशी उत्पाद हमारी परंपरा और संस्कृति से जुड़े होते हैं।

• **भौगोलिक संकेत (GI– Geographical Indication):** स्थानीय उत्पादों (जैसे बासमती चावल, दार्जिलिंग चाय, हस्तशिल्प, हथकरघा सामान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कानूनी सुरक्षा प्रदान करना।

• **ई–कॉमर्स और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म: (E–commerce and Digital Platforms):** छोटे उद्यमों को वैश्विक ग्राहकों से सीधे जोड़ने के लिए डिजिटल तकनीकों का उपयोग करना ।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## स्वदेशी और स्थायी विकास

आज स्थायी विकास (Sustainable Development) वैश्विक चिंता का विषय है। स्वदेशी उत्पादन प्रणाली –

- स्थानीय संसाधनों का संतुलित उपयोग करती है।
- पर्यावरण संरक्षण एवं स्थायी विकास में योगदान देती है।
- रोजगार सृजन के साथ–साथ सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करती है।

## केस स्टडी (भारतीय परिप्रेक्ष्य)

- **एमएसएमई क्षेत्र** — भारत में लगभग 6.3 करोड़ एमएसएमई इकाइयाँ हैं जो 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देती हैं। ये स्वदेशी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।
- **हस्तशिल्प और खादी उद्योग** — खादी और ग्रामोद्योग आयोग लाखों कारीगरों को रोजगार देता है। खादी–उद्योग पारंपरिक था, परन्तु हाल के वर्षों में खादी ने ब्रांडिंग और डिज़ाइन परिवर्तन के जरिए शहरों के उच्च–वर्गी उपभोक्ताओं तक पहुँच बनाई है। सरकारी प्रमोशन, लाइसेंसिंग और ई–कॉमर्स के माध्यम ने खादी को पुनः जीवंत किया है। यह दिखाता है कि सही ब्रांडिंग और मार्केटिंग से पारंपरिक स्वदेशी उत्पादों को नया जीवन मिल सकता है।
- **कौशल विकास और नवाचार–** स्थानीय उत्पादन को वैश्विक और घरेलू बाजार में पर्यावरण–अनुकूल, जैविक एवं टिकाऊ उत्पादों की माँग बढ़ रही है। स्वदेशी उत्पादन अक्सर पारंपरिक और स्थानीय संसाधन–आधारित होता है — यह ग्रीन एवं जैविक मार्केट की माँग को पूरा कर सकता है।
- **PM MITRA Park–** धार जिले में स्थापित भारत का सबसे बड़ा स्थानीय कृषि उत्पाद पर आधारित टेक्स्टाईल पार्क। लाखों कारीगरों को रोजगार के साथ पारंपरिक स्वदेशी उत्पादों को नया जीवन मिल सकता है।
- **सरकारी योजनाएँ** — 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', प्रधानमंत्री रोजगार योजनाएँ जैसी अनेक योजनाएँ स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देती हैं।

## मध्यप्रदेश की पहल

मध्यप्रदेश में स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए समय — समय पर अनेक प्रयास हुए ,जो इस प्रकार है ।

- बुनकरों और हस्तशिल्पियों के लिए हस्तशिल्प विकास निगम स्थापना ।
- भील और गोंड जनजातियों की कला को बाजार से जोड़ना।
- महिला स्व–सहायता समूहों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाना।
- श्रेत्रीय, स्थानीय लघु एवं कुटीर उधोगों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना।

## चुनौतियाँ और समाधान

स्वदेशी अर्थव्यवस्था को अपनाने में कई चुनौतियाँ सामने आती हैं,जो इस प्रकार है––

- विदेशी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा।
- आधुनिक तकनीक की कमी।
- उपभोक्ताओं की विदेशी ब्रांडों के प्रति आकर्षण।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

• नीतिगत जटिलताएँ।

## समाधान

स्वदेशी अर्थव्यवस्था को प्रचारित–प्रसारित करने हेतु कुछ नीतिगत समाधान हैं,जो इस प्रकार है––

• अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन।

• 'मेड इन इंडिया' ब्रांडिंग को सशक्त बनाना।

• उपभोक्ताओं में जागरूकता और गर्व का भाव जगाना।

• वैश्विक स्तर पर भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और विपणन सुधारना।

## निष्कर्ष

भूमंडलीकरण और स्वदेशी—दोनों ही परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक भी हो सकते हैं। भारत को चाहिए कि वह वैश्विक तकनीक और निवेश का उपयोग करते हुए अपने श्रेत्रीय स्थानीय संसाधनों और उद्योगों को सशक्त बनाया जा सकता हैं । स्वदेशी अर्थव्यवस्था केवल आर्थिक नीति नहीं बल्कि आत्मसम्मान, स्वतंत्रता और स्थायी विकास का मार्ग है। भारत यदि "वोकल फॉर लोकल" के सिद्धांत को अपनाकर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखता है, तो न केवल वह आर्थिक महाशक्ति बनेगा, बल्कि अपनी सांस्कृतिक धरोहर एवं आर्थिक संप्रभुता को भी सुरक्षित रख सकेगा। भूमंडलीकरण एक चुनौती नहीं, बल्कि उन स्वदेशी अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक मंच है जो लाखों लोगों के लिए टिकाऊ आजीविका सुनिश्चित करने और अधिक न्यायसंगत और समावेशी वैश्विक अर्थव्यवस्था के निर्माण में निहित है।

## संदर्भ सूची


1. गांधी, एम. के. (1909). हिंद स्वराज अथवा भारतीय स्वराज. नवजीवन प्रकाशन गृह, अहमदाबाद
2. भगवती, जगदीश. इन डिफेन्स ऑफ ग्लोबलाइजेशन. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस. यु.के. ।
3. कुमार, सुरेश. भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्वीकरण. नई दिल्ली: रावत प्रकाशन।
4. सेन, अमर्त्य (1999). स्वतंत्रता के रूप में विकास ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, यु.के. ।
5. गुप्ता, आर. &शर्मा, ए. (2022). स्वदेशी कला और शिल्प की रक्षा में भौगोलिक संकेतों (GI) की भूमिका, आर्थिक तिमाही पत्रिका, अंक 48(4).
6. योजना पत्रिका, भारत सरकार के विभिन्न अंक।
7. नीति आयोग, आत्मनिर्भर भारत अभियान पर रिपोर्ट ।
8. खादी और ग्रामोद्योग आयोग की वार्षिक रिपोर्ट ।

IEARJ
International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "भारतीय सांस्कृतिक परंपरा और स्वावलंबन की अवधारणा"

**डॉ. स्नेहलता सिंह**

सहायक प्राध्यापक, इतिहास

भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,महू

*सारांश*

***भारतीय सांस्कृतिक परंपरा सदैव स्वावलंबन और स्वदेशी मूल्यों पर आधारित रही है। स्वावलंबन केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से गहराई तक जुड़ा जीवनदर्शन है। इस शोध–पत्र में भारतीय संस्कृति में स्वदेशी और स्वावलंबन की अवधारणा का ऐतिहासिक, दार्शनिक और सामाजिक–आर्थिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इसमें यह दर्शाया गया है कि स्वदेशी मूल्य सामुदायिक जीवन, स्थानीय उत्पादन, शिक्षा और सामाजिक एकता के मूलाधार रहे हैं तथा आधुनिक भारत में इन मूल्यों की प्रासंगिकता आत्मनिर्भर भारत और सतत विकास की दिशा में अग्रसर है।***

***शब्द कुंजी:– भारतीय सांस्कृतिक परंपरा, स्वावलंबन, स्वदेशी मूल्य, ग्राम्य अर्थव्यवस्था, सतत विकास, गांधीवादी दर्शन***

## प्रस्तावना

भारतीय संस्कृति का मूल उद्देश्य केवल भौतिक उन्नति प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज, मानव और प्रकृति के मध्य संतुलन स्थापित करना रहा है। भारतीय संस्कृति के इस संतुलनकारी दृष्टिकोण में स्वदेशी मूल्य और स्वावलंबन की भावना केंद्र में रही है। स्वदेशी का अर्थ केवल देशी वस्तुओं के उपयोग से नहीं है, बल्कि अपने देश, अपने संसाधनों, अपने श्रम और अपने ज्ञान पर आधारित जीवन जीने की कला है। यह आत्मनिर्भरता और आत्मगौरव की भावना को पोषित करती है। स्वावलंबन भारतीय संस्कृति की वह आधारशिला है जो व्यक्ति को अपने श्रम, अपने ज्ञान और अपनी नैतिकता पर विश्वास करना सिखाती है। भारतीय समाज में स्वावलंबन केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से भी एक आदर्श स्थिति मानी गई है।

**स्वदेशी और स्वावलंबन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि** :–भारत के इतिहास में स्वदेशी और स्वावलंबन की अवधारणा अत्यंत प्राचीन है। वैदिक काल से ही ग्राम और परिवार को उत्पादन और उपभोग की सबसे छोटी इकाई माना गया था। कृषि, पशुपालन, वस्त्र निर्माण और शिक्षा सभी स्थानीय संसाधनों और श्रम पर आधारित थे। यही व्यवस्था सामाजिक समरसता और आर्थिक संतुलन की प्रतीक थी। बौद्ध और जैन परंपराओं में भी आत्मनिर्भरता को उच्चतम नैतिक मूल्य माना गया। बौद्ध धर्म का सिद्धांत *अप्प दीपो भव* अर्थात "स्वयं अपने दीपक बनो" इस दर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण है। मध्यकाल में भक्ति आंदोलन के संतों ने सादगी, श्रम और स्वदेशी जीवनशैली को सामाजिक जीवन के आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया। कौटिल्य के *अर्थशास्त्र* में भी राज्य की नीति में आत्मनिर्भरता को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया। कौटिल्य ने एक ऐसे राज्य की परिकल्पना की जो उत्पादन, रक्षा और प्रशासन में बाहरी निर्भरता से मुक्त हो। इस प्रकार, स्वावलंबन की अवधारणा भारतीय सभ्यता के आरंभिक काल से ही समाज और शासन दोनों की मूल प्रवृत्ति रही है।

**गांधी और स्वदेशी जीवनदर्शन** :–महात्मा गांधी ने स्वदेशी को भारतीय आत्मा का प्रतीक माना। उनके अनुसार स्वदेशी का अर्थ केवल देशी वस्तुओं का उपयोग नहीं बल्कि देशी मूल्यों, नैतिकता और श्रम के सम्मान को अपनाना है। गांधीजी ने चरखा और खादी को स्वावलंबन का माध्यम बनाया। उनके अनुसार, चरखा केवल वस्त्र निर्माण का साधन नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, जो प्रत्येक व्यक्ति को श्रम के प्रति सम्मान और स्वगौरव का अनुभव कराता है। उन्होंने ग्राम स्वराज की संकल्पना

प्रस्तुत की, जिसमें प्रत्येक गाँव आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक रूप से आत्मनिर्भर हो। गांधी का आदर्श था – “सादा जीवन, उच्च विचार।” उनका स्वदेशी दर्शन इस विश्वास पर आधारित था कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में सादगी, श्रम और नैतिकता को अपनाए तो समाज स्वतः आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सकता है। इस दृष्टि से गांधी का स्वदेशी दर्शन आर्थिक, सामाजिक और आध्यात्मिक तीनों स्तरों पर आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाता है।

**भारतीय संस्कृति में स्वदेशी मूल्यों का महत्व** :–भारतीय संस्कृति में स्वदेशी मूल्यों का अत्यंत गहरा महत्व है। पारंपरिक भारतीय समाज स्थानीय उत्पादन और उपभोग पर आधारित था। ग्राम्य अर्थव्यवस्था में किसान, बुनकर, लोहार, कुम्हार और शिल्पकार जैसे वर्गों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। ये सभी समाज के आर्थिक ढांचे के आधार स्तंभ थे और इनमें श्रम का सम्मान सर्वोपरि माना जाता था। भारतीय कला, संगीत और हस्तशिल्प स्थानीय संसाधनों और लोक परंपराओं पर आधारित रहे, जिससे एक स्वाभाविक सांस्कृतिक स्वावलंबन की भावना उत्पन्न हुई। शिक्षा के क्षेत्र में भी स्वदेशी दृष्टिकोण अपनाया गया था; उपनिषदों और गीता में *स्वधर्म* और *स्वकर्म* का पालन सर्वोच्च मूल्य माना गया। यह शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का साधन नहीं बल्कि आत्मानुशासन और आत्मनिर्भरता का माध्यम थी। सामुदायिक सहयोग और संसाधनों के साझे उपयोग की परंपरा ने भारतीय समाज को न केवल स्थायित्व दिया बल्कि आर्थिक समानता और सामाजिक समरसता को भी प्रोत्साहित किया।

**आधुनिक भारत में स्वदेशी और स्वावलंबन की प्रासंगिकता** :–वैश्वीकरण के इस युग में जब उपभोक्तावाद और बाहरी निर्भरता तेजी से बढ़ रही है, तब स्वदेशी जीवनशैली का महत्व और अधिक बढ़ गया है। भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया “आत्मनिर्भर भारत अभियान” इसी सांस्कृतिक परंपरा का आधुनिक रूप है। इस अभियान का उद्देश्य केवल आर्थिक विकास नहीं बल्कि स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और परंपरागत उत्पादों को पुनर्जीवित करना है। “वोकल फॉर लोकल” की नीति स्थानीय उत्पादन और उपभोग को बढ़ावा देती है, जो न केवल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाती है बल्कि सांस्कृतिक संरक्षण का भी माध्यम बनती है। आज भी योग, आयुर्वेद, जैविक खेती, हस्तनिर्मित वस्त्र और ग्राम उद्योगों में स्वदेशी मूल्यों की पुनःस्थापना देखी जा सकती है। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि भारतीय संस्कृति की स्वावलंबी जीवनदृष्टि आधुनिक विकास मॉडल के लिए एक प्रेरक शक्ति बन सकती है।

**महिलाओं की भूमिका और स्वदेशी स्वावलंबन** :–भारतीय समाज में महिलाओं ने स्वदेशी अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता की परंपरा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन काल से ही महिलाओं का योगदान वस्त्र निर्माण, हस्तशिल्प, खाद्य संरक्षण और घरेलू उद्योगों में रहा है। आधुनिक भारत में भी स्वयं सहायता समूह (SHGs), कुटीर उद्योग और महिला सहकारी संस्थाओं के माध्यम से महिलाएँ न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं बल्कि सामाजिक नेतृत्व की भूमिका भी निभा रही हैं। महिलाओं की यह सक्रिय भागीदारी भारतीय स्वदेशी परंपरा की निरंतरता को बनाए रखती है, जिसमें श्रम, सहयोग और सामाजिक नैतिकता के मूल्य अंतर्निहित हैं। इस प्रकार महिलाओं की भूमिका स्वदेशी जीवनशैली की रीढ़ कही जा सकती है, जो समाज में संतुलन और आत्मनिर्भरता दोनों को स्थापित करती है।

**सतत विकास और स्वदेशी जीवनशैली** :–स्वदेशी जीवनशैली भारतीय सतत विकास का एक उत्कृष्ट माध्यम है। यह केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि पर्यावरणीय और सामाजिक दृष्टि से भी संतुलन का प्रतीक है। स्थानीय उत्पादन और उपभोग से न केवल ग्रामीण रोजगार सृजित होता है बल्कि पर्यावरणीय अपव्यय भी घटता है। संसाधनों के पुनः उपयोग और संरक्षण की भारतीय परंपरा आज के ‘सतत विकास लक्ष्यों’ (SDGs) के साथ प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है। स्वदेशी दृष्टिकोण मानव और प्रकृति

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

के बीच सामंजस्य स्थापित करता है, जिससे न केवल पारिस्थितिक संतुलन बना रहता है बल्कि सामाजिक समानता भी सुनिश्चित होती है। यह जीवनशैली न केवल अतीत की विरासत है बल्कि भविष्य की स्थिरता की कुंजी भी है।

## निष्कर्ष

भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में स्वदेशी और स्वावलंबन की अवधारणा व्यक्ति और समाज दोनों के जीवन को दिशा प्रदान करती रही है। यह केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करती है। आधुनिक भारत में यदि इन स्वदेशी मूल्यों और स्वावलंबन की भावना को पुनःस्थापित किया जाए तो यह समाज में न केवल आर्थिक सशक्तिकरण लाएगा बल्कि सांस्कृतिक संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन और सतत विकास के मार्ग को भी सुदृढ़ करेगा। स्वदेशी मूल्य भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं और स्वावलंबन उसका व्यवहारिक स्वरूप। इन दोनों का समन्वय ही भारत को न केवल विकसित बल्कि आत्मगौरव से परिपूर्ण राष्ट्र बना सकता है।

## संदर्भ सूची

1. Gandhi, M. K. (1921). *Hind Swaraj or Indian Home Rule.* Navajivan Publishing House.
2. Kautilya. (n.d.). *Arthashastra.* Sanskrit Sahitya Prakashan, Varanasi.
3. Kumar, S. (2020). *Atmanirbhar Bharat: Swadeshi Vikas Ki Disha.* Indira Gandhi National Open University Publications.
4. Ministry of Culture, Government of India. (2021). *Vocal for Local: Cultural Roots of Self–Reliance.* Retrieved from https://www.indiaculture.gov.in
5. Nandi, A. (2019). *Swadeshi Arthaneeti Aur Bharatiya Samaj.* New Delhi: Prakashan Sansthan.
6. Sharma, R. (2015). *Bharatiya Sanskriti Ke Mool Tatva.* Delhi: Motilal Banarsidass.

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "स्वदेशी उत्पाद एवं भारतीय संस्कृति"

**जगदीश पावरा**

सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस,

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन

## प्रस्तावना

भारत की पहचान उसकी समृद्ध और बहुआयामी संस्कृति से होती है। यहाँ विविधता में एकता का दर्शन मिलता है। भारतीय संस्कृति केवल पूजा–पद्धतियों या धार्मिक परंपराओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें जीवन जीने की समग्र शैली, प्रकृति के प्रति सम्मान, समाज की सामूहिकता और आत्मनिर्भरता की भावना समाहित है। इसी संस्कृति ने समय–समय पर समाज को दिशा देने वाले अनेक विचारों और जीवन मूल्यों को जन्म दिया।

भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख स्तंभ स्वदेशी रहा है। स्वदेशी केवल उत्पादों का प्रयोग भर नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता, स्थानीय संसाधनों का सम्मान और समाज के आर्थिक–सामाजिक उत्थान की जीवन दृष्टि है। जब हम स्वदेशी उत्पादों की चर्चा करते हैं, तो उसमें केवल वस्त्र, औजार, हस्तशिल्प या औषधि नहीं आते, बल्कि पूरा जीवन दर्शन निहित होता है। स्वदेशी उत्पादों का सीधा संबंध भारतीय संस्कृति, परंपरा और आचार—विचार से रहा है।

भारत के गाँव, कस्बे और नगर स्वदेशी उत्पादों से ही जीवंत रहे हैं। चरखा, खादी, मिट्टी के बर्तन, लकड़ी—बाँस के शिल्प, धातुकला, आयुर्वेदिक औषधियाँ, हस्तनिर्मित आभूषण, पारंपरिक भोजन और कृषि—उत्पाद — ये सभी हमारी सांस्कृतिक पहचान के अभिन्न अंग रहे हैं। इन उत्पादों ने न केवल लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति की, बल्कि समाज को आत्मनिर्भर बनाया और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया।

## भारतीय संस्कृति का स्वरूप

1. **विविधता में एकता** :– भारत में अनेक भाषाएँ, धर्म, जातियाँ और परंपराएँ हैं, फिर भी इन सबको जोड़ने वाली एक गहरी सांस्कृतिक एकता है। यही "विविधता में एकता" भारतीय संस्कृति की पहचान है।

2. **प्रकृति और जीवन का सामंजस्य** :–भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पहलू प्रकृति के साथ सामंजस्य है। नदियाँ, पर्वत, वृक्ष और पशु–पक्षी यहाँ केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि पूजनीय माने जाते हैं। यही दृष्टि 'स्वदेशी उत्पादों' को भी प्रेरित करती है क्योंकि ये स्थानीय और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित होते हैं।

3. **आध्यात्मिकता और नैतिकता :–** भारतीय संस्कृति में भौतिक जीवन के साथ–साथ आध्यात्मिक जीवन पर भी जोर दिया गया है। सत्य, अहिंसा, धर्म, कर्म, दया, करुणा और संयम जैसे मूल्य इसकी आत्मा हैं। यही कारण है कि स्वदेशी उत्पाद केवल व्यापार या आर्थिक साधन नहीं, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहे हैं।

4. **लोक परंपराएँ और हस्तकला :–** भारतीय संस्कृति का एक बड़ा हिस्सा लोकजीवन और ग्राम्य परंपराओं में बसता है। लोकगीत, लोकनृत्य, लोककला और हस्तशिल्प इस संस्कृति की पहचान हैं। प्रत्येक क्षेत्र की अपनी अलग विशेषता है— राजस्थान की मिट्टी की कला, वाराणसी की बनारसी साड़ी, कांचीपुरम की रेशमी साड़ियाँ, कच्छ का कढ़ाई शिल्प, और असम का मूगा रेशम। ये सभी स्वदेशी उत्पाद भारतीय संस्कृति के जीवंत प्रतीक हैं।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

**5. आत्मनिर्भरता और ग्राम्य जीवन** :– भारतीय संस्कृति का मूल आधार 'ग्राम्य जीवन' रहा है। गाँव आत्मनिर्भर इकाइयाँ थीं, जहाँ प्रत्येक आवश्यकता की पूर्ति स्थानीय संसाधनों और उत्पादों से होती थी। यही स्वदेशी की वास्तविक परिभाषा थी।

**स्वदेशी उत्पादों की अवधारणा और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

1. **स्वदेशी की अवधारणा** :–'स्वदेशी' शब्द का शाब्दिक अर्थ है – अपने देश में निर्मित वस्तुएँ। लेकिन इसका वास्तविक अर्थ केवल घरेलू उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सांस्कृतिक, आर्थिक और नैतिक दर्शन है। स्वदेशी का आशय है—अपने देश की भूमि, संसाधन, श्रम और कौशल का प्रयोग करके तैयार किए गए ऐसे उत्पाद, जो समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति करें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएं।

2. **वैदिक और प्राचीन काल की पृष्ठभूमि :–** वैदिक साहित्य में 'स्वावलंबन' और 'स्वदेशी' की भावना स्पष्ट मिलती है। ऋग्वेद और अथर्ववेद में कृषि, पशुपालन, धातुकर्म, बुनाई और औषधियों का उल्लेख है। उस समय समाज अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्थानीय संसाधनों और उत्पादों से करता था। वस्त्रों में सूत और ऊन का प्रयोग होता था। धातुकला (लोहा, तांबा, कांसा) अत्यधिक विकसित थी। आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण पूरी तरह स्थानीय जड़ी–बूटियों पर आधारित था।

3. **मध्यकालीन भारत** :– मध्यकाल में भारत व्यापार और हस्तशिल्प के लिए विश्व प्रसिद्ध था। बनारसी रेशम, कश्मीर का शॉल, राजस्थान का कांच और मिट्टी का शिल्प, दक्षिण भारत का कांचीपुरम रेशम, और बंगाल की मलमल पूरी दुनिया में निर्यात होती थी। यह काल स्वदेशी उत्पादों की समृद्धि का स्वर्णयुग माना जा सकता है।

4. **गांधी और स्वदेशी का दर्शन :–** महात्मा गांधी ने स्वदेशी को केवल राजनीतिक हथियार ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का जीवन दर्शन बताया। चरखे और खादी को उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक बनाया। उनके अनुसार, स्वदेशी केवल विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार नहीं है, बल्कि अपने संसाधनों, अपने श्रम और अपनी परंपराओं को अपनाना है।

**वैदिक और प्राचीन काल में स्वदेशी उत्पाद**

1. **कृषि और अन्न उत्पादन :–** वैदिक काल में समाज का प्रमुख आधार कृषि था। धान, जौ, गेहूँ, तिलहन और दालों का उत्पादन किया जाता था। यह उत्पादन पूरी तरह स्थानीय बीज और संसाधनों पर आधारित था। अन्न केवल भोजन नहीं, बल्कि धार्मिक अनुष्ठानों और यज्ञों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। इस प्रकार कृषि–उत्पाद उस समय के स्वदेशी जीवन का केंद्र थे।

2. **वस्त्र और बुनाई कला:–** वैदिक ग्रंथों में 'सूत्र' और 'वस्त्र' का उल्लेख मिलता है। कपास, ऊन और रेशम से वस्त्र बनाए जाते थे। महिलाएँ कताई और बुनाई में दक्ष थीं। सूत से धागा बनाकर हाथकरघा पर कपड़ा तैयार किया जाता था। यह पूरी प्रक्रिया स्थानीय श्रम और संसाधनों पर आधारित थी, जो स्वदेशी उत्पादों की आत्मा को दर्शाती है।

3. **धातुकला और औजार :–** वैदिक और उत्तरवैदिक काल में धातुकला अत्यधिक विकसित थी। ताँबा, कांसा और लोहा मुख्य धातुएँ थीं। कृषि और युद्ध दोनों के लिए औजार और हथियार स्थानीय स्तर पर बनाए जाते थे। यह तकनीकी कौशल भारत की प्राचीन स्वदेशी परंपरा का प्रमाण है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

**4. आयुर्वेदिक औषधियाँ और चिकित्सा :–** चरक और सुश्रुत जैसे आचार्यों ने चिकित्सा विज्ञान को आगे बढ़ाया। जड़ी–बूटियों, वृक्षों की छाल, बीज और फलों से औषधियाँ तैयार की जाती थीं। यह चिकित्सा पद्धति पूर्णतः स्वदेशी ज्ञान और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित थी, जिसने भारतीय समाज को स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान की।

**5. मिट्टी और हस्तशिल्प :–** प्राचीन भारतीय समाज में मिट्टी के बर्तन, खिलौने, मूर्तियाँ और आभूषण बनाए जाते थे। पुरातत्व खुदाइयों में मिले मृद्भांड और मूर्तियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि उस समय शिल्पकला अत्यधिक उन्नत थी। ये उत्पाद केवल दैनिक उपयोग में ही नहीं आते थे, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठानों में भी प्रयुक्त होते थे।

**मध्यकाल और औपनिवेशिक काल में स्वदेशी परंपरा**

**1. मध्यकालीन भारत में स्वदेशी उत्पादों की स्थिति :–** मध्यकालीन भारत (8वीं से 18वीं शताब्दी) में भारतीय हस्तकला और उद्योग अपनी ऊँचाइयों पर थे। इस समय भारत को “सोन की चिड़िया” कहा जाता था क्योंकि यहाँ के स्वदेशी उत्पाद विश्वभर में प्रसिद्ध थे। वस्त्र उद्योग: बंगाल की मलमल, वाराणसी की रेशमी साड़ियाँ, कश्मीर का पश्मीना शॉल, दक्षिण भारत का कांचीपुरम रेशम और गुजरात का पटोला विश्व–प्रसिद्ध थे। धातुकला और आभूषण: दिल्ली, जयपुर और बनारस जैसे केंद्र सोने–चाँदी की कारीगरी और रत्नों के लिए प्रसिद्ध थे। मिट्टी और कांच के बर्तन: राजस्थान और गुजरात की मृद्भांड कला तथा फूँक से बनाए गए कांच के बर्तन बहुत लोकप्रिय थे।

**2. अंतरराष्ट्रीय व्यापार और भारत की समृद्धि :–** मध्यकाल में भारतीय स्वदेशी उत्पादों का निर्यात अरब, चीन, रोम, मिस्र और दक्षिण–पूर्व एशिया तक होता था। यूरोपीय यात्री भारत आकर यहाँ के हस्तनिर्मित वस्त्र और शिल्प देखकर चकित रह जाते थे। वास्को–डि–गामा और बाद में पुर्तगाली, डच, फ्रांसीसी और अंग्रेज भारत आए तो उनके आकर्षण का मुख्य कारण यहाँ के स्वदेशी उद्योग ही थे।

**3. गांधी और स्वदेशी का पुनर्जागरण :–** महात्मा गांधी ने स्वदेशी को केवल आर्थिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम का हथियार बना दिया। उन्होंने चरखा और खादी को स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक बना दिया। गांधीजी के अनुसार, “स्वदेशी का अर्थ है – अपने गाँव, अपने पड़ोस, अपने समाज और अपने देश में बनी वस्तुओं का अधिकाधिक उपयोग करना।” उनके विचार में स्वदेशी केवल विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार नहीं था, बल्कि आत्मनिर्भरता और नैतिक जीवन शैली का आधार था।

**गांधी और स्वदेशी आंदोलन :–**

**1. गांधी का स्वदेशी दर्शन :–** गांधीजी का मानना था कि भारत की आत्मा उसके गाँवों में बसती है। जब तक गाँव आत्मनिर्भर नहीं होंगे, तब तक भारत की स्वतंत्रता अधूरी रहेगी। उनके अनुसार, “स्वदेशी का अर्थ है – अपने देश, अपने गाँव और अपने समाज में निर्मित वस्तुओं का प्रयोग करना और विदेशी वस्तुओं का त्याग करना।”

**2. चरखा और खादी का महत्व :–** गांधीजी ने चरखे और खादी को स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक बनाया। उन्होंने स्वयं चरखा कातना शुरू किया और देशवासियों से भी ऐसा करने का आह्वान किया। खादी को उन्होंने “स्वराज्य का वस्त्र” कहा। खादी केवल कपड़ा नहीं था, बल्कि यह भारतीय आत्मनिर्भरता, श्रम की गरिमा और विदेशी शोषण के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक बन गया।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

**3. विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार :–** गांधीजी ने लोगों से विदेशी कपड़ों और उत्पादों का बहिष्कार करने की अपील की। जगह–जगह विदेशी वस्त्रों की होली जलाई गई। इसका परिणाम यह हुआ कि भारतीय कुटीर उद्योग और हथकरघा फिर से सक्रिय होने लगे। इससे न केवल भारतीय उत्पादों को बढ़ावा मिला, बल्कि लोगों में राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता की भावना भी जागृत हुई।

**4. आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण :–** गांधीजी का मानना था कि भारत जैसे विशाल देश में मशीनों और कारखानों से सबको रोजगार नहीं मिल सकता। इसके लिए कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प ही सबसे उपयुक्त साधन हैं। चरखा, खादी, हस्तनिर्मित बर्तन, मिट्टी के उत्पाद, लकड़ी और बाँस के शिल्प आदि से लाखों लोगों को आजीविका मिल सकती है।

**5. नैतिक और सांस्कृतिक दृष्टि :–** गांधीजी के लिए स्वदेशी केवल आर्थिक या राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था। यह भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों को बचाने का साधन था। स्वदेशी अपनाने से भारतीय समाज में आत्मगौरव, श्रम–सम्मान और स्वावलंबन की भावना जागृत हुई।

## आधुनिक भारत में स्वदेशी उत्पादों की स्थिति

**1. स्वतंत्रता के बाद का परिदृश्य :–**1947 में आज़ादी मिलने के बाद भारत ने औद्योगिक विकास और आधुनिकीकरण को प्राथमिकता दी। बड़े कारखानों, भारी उद्योगों और मशीन–निर्मित वस्तुओं के उत्पादन पर ज़ोर दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प धीरे–धीरे हाशिये पर चले गए। हालाँकि खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए खादी ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) की स्थापना की गई, लेकिन मशीनों पर आधारित उत्पादन और आयातित वस्तुओं की बढ़ती खपत के कारण स्वदेशी उत्पादों का महत्व घटने लगा।

**2. वैश्वीकरण और उपभोक्तावाद :–** 1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद विदेशी कंपनियों और उत्पादों ने भारतीय बाजार में बड़े पैमाने पर प्रवेश किया। सस्ते दाम, आकर्षक पैकेजिंग और विज्ञापन के कारण उपभोक्ता तेजी से विदेशी वस्तुओं की ओर आकर्षित हुए। पारंपरिक वस्त्र, मिट्टी के बर्तन और हस्तशिल्प की जगह विदेशी ब्रांडेड कपड़े और प्लास्टिक उत्पादों ने ले ली। आयुर्वेदिक दवाओं और घरेलू नुस्खों के स्थान पर आधुनिक दवाओं का प्रयोग बढ़ा। स्थानीय खिलौनों और घरेलू सामानों की जगह चीन निर्मित वस्तुओं ने बाज़ार पर कब्ज़ा कर लिया।

**3. स्वदेशी उत्पादों का पुनर्जागरण :–** हाल के वर्षों में भारतीय समाज और सरकार ने स्वदेशी उत्पादों के महत्व को पुनः पहचानना शुरू किया है। आयुष मंत्रालय की स्थापना से आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा मिला। मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित किया। हस्तशिल्प मेले और खादी उत्सव जैसे कार्यक्रमों ने लोगों को स्थानीय उत्पादों से जोड़ा। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (जैसे ई–कॉमर्स) ने कारीगरों और शिल्पकारों को सीधा उपभोक्ताओं तक पहुँचने का अवसर दिया।

**4. सरकारी और सामाजिक प्रयास :–** भारत सरकार और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। स्टार्टअप इंडिया और स्टैंडअप इंडिया योजनाएँ स्थानीय नवाचार को प्रोत्साहित करती हैं। मुद्रा योजना और स्वरोजगार योजनाएँ कुटीर उद्योगों को आर्थिक सहायता प्रदान करती हैं। शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से नई पीढ़ी को पारंपरिक हस्तशिल्प और उद्यमिता से जोड़ा जा रहा है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत

**1. आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा :–** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2020 में कोविड–19 महामारी के दौरान “आत्मनिर्भर भारत अभियान” की घोषणा की। इसका उद्देश्य केवल आर्थिक पुनर्निर्माण नहीं था, बल्कि देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना था। आत्मनिर्भर भारत का आधार यही है कि भारत अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अधिकतम रूप से स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय संसाधनों का प्रयोग करे।

**2. स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का संबंध :–** आर्थिक दृष्टि से: स्वदेशी उत्पाद स्थानीय उद्योग और कुटीर उद्यमों को प्रोत्साहित करते हैं। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। सामाजिक दृष्टि से: स्वदेशी अपनाने से समाज में आत्मसम्मान और सांस्कृतिक गर्व की भावना पैदा होती है।

**3. आत्मनिर्भर भारत अभियान और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा :–** सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत कई योजनाएँ लागू की हैं जो सीधे–सीधे स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देती हैं: मेक इन इंडिया: घरेलू उद्योग और विनिर्माण को प्रोत्साहन। स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया: नवाचार और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा। प्रत्येक जिले के विशेष स्वदेशी उत्पाद (जैसे वाराणसी की साड़ी, मुरादाबाद का पीतल शिल्प) को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाना। आयुष मंत्रालय: आयुर्वेद, योग और पारंपरिक चिकित्सा को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाना।

**4. ग्रामीण भारत और कुटीर उद्योग :–** आत्मनिर्भर भारत का सबसे मजबूत स्तंभ ग्रामीण भारत है। गाँवों में कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, हथकरघा, बुनाई, मिट्टी के बर्तन और कृषि आधारित उद्योग आज भी लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) खादी, हर्बल उत्पाद और ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहित करता है। महिला स्व–सहायता समूह (SHGs) ग्रामीण महिलाओं को स्वदेशी उत्पादन और विपणन में सक्रिय कर रहे हैं।

## भारतीय संस्कृति और स्वदेशी का परस्पर संबंध

**1. संस्कृति और जीवन शैली में स्वदेशी :–** भारतीय संस्कृति में हर क्षेत्र की अपनी विशिष्ट परंपराएँ और उत्पाद रहे हैं। वाराणसी की साड़ी, कश्मीर का शॉल, कांचीपुरम का रेशम और राजस्थान की मृद्भांड कला केवल वस्तुएँ नहीं, बल्कि वहाँ की सांस्कृतिक पहचान हैं। भारतीय समाज में त्योहार, विवाह और धार्मिक अनुष्ठान स्वदेशी उत्पादों से ही संपन्न होते आए हैं। जैसे दीपावली पर मिट्टी के दीये, गणेशोत्सव पर मिट्टी की मूर्तियाँ, होली पर प्राकृतिक रंग आदि।

**2. कला और हस्तशिल्प का सांस्कृतिक महत्व :–** भारतीय हस्तकला और शिल्पकला केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि संस्कृति की अभिव्यक्ति हैं। मधुबनी चित्रकला, वारली पेंटिंग, पत्तचित्र और फड़ चित्रकला भारतीय सांस्कृतिक कथाओं और धार्मिक मान्यताओं को दर्शाती हैं।

**3. सामाजिक एकता और स्वदेशी :–** भारतीय समाज सामूहिकता पर आधारित है। गाँवों में कुम्हार, बढ़ई, लोहार, बुनकर, किसान – सभी एक–दूसरे पर निर्भर थे। यह सामाजिक एकता स्वदेशी उत्पादों से ही संभव हुई।

स्वदेशी उत्पाद केवल वस्तुएँ नहीं थे, बल्कि सामाजिक संबंधों और सहकारिता का आधार थे।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

**4. पर्यावरण और प्रकृति के प्रति दृष्टि :–** भारतीय संस्कृति में प्रकृति पूजनीय है। इसी कारण पारंपरिक स्वदेशी उत्पाद प्रकृति–संगत और टिकाऊ रहे हैं। मिट्टी के बर्तन, बाँस और लकड़ी के शिल्प, कपास और ऊन के वस्त्र पर्यावरण के अनुकूल थे

## निष्कर्ष

भारतीय संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों का इतिहास प्राचीन काल से लेकर आधुनिक भारत तक समृद्ध और गहन रहा है। वैदिक काल में कृषि, वस्त्र, धातुकला और आयुर्वेदिक चिकित्सा जैसे स्वदेशी उत्पाद भारतीय समाज की आत्मनिर्भरता का आधार बने। मध्यकालीन भारत में हस्तशिल्प, हथकरघा और निर्यातक उद्योगों ने वैश्विक स्तर पर भारतीय स्वदेशी उत्पादों की पहचान बनाई। औपनिवेशिक काल में विदेशी वस्तुओं के दबाव और औद्योगिक शोषण ने स्वदेशी परंपरा को संकट में डाल दिया। लेकिन महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वदेशी आंदोलन ने इसे पुनर्जीवित किया। चरखा और खादी ने न केवल स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि भारतीय समाज में आत्मनिर्भरता, नैतिक जीवन और सांस्कृतिक गौरव की भावना भी जगाई।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. गांधी, महात्मा. सत्य के प्रयोग और स्वदेशी आंदोलन. अहमदाबाद: नवल प्रकाशन, 1920।
2. चौधरी, आर.पी. भारतीय संस्कृति और स्वदेशी परंपरा. नई दिल्ली: भारतीय संस्कृति प्रकाशन, 2010।
3. मिश्रा, योगेश. हाथकरघा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था. लखनऊ: ग्रामीण अध्ययन केंद्र, 2015।
4. वर्मा, सुनील. आधुनिक भारत में स्वदेशी आंदोलन. जयपुर: राष्ट्रीय प्रकाशन, 2018।
5. भारत सरकार. खादी और ग्रामोद्योग आयोग रिपोर्ट, 2022।
6. भारत सरकार. आत्मनिर्भर भारत अभियान दस्तावेज, 2021।
7. सक्सेना, रितेश. भारतीय हस्तशिल्प और संस्कृति, नई दिल्ली: संस्कृति प्रकाशन, 2016।

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "वैश्विक आर्थिक चुनौतियों में स्वदेशी उत्पाद"

**डॉ. मंशाराम बघेल**
सहायक प्राध्यापक, हिंदी
भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय,
पाटी, बड़वानी (म.प्र.)

*सारांश*
***वैश्वीकरण के इस युग में विश्व अर्थव्यवस्था तीव्र प्रतिस्पर्धा, तकनीकी प्रगति और उपभोक्तावाद की दिशा में अग्रसर है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत के लिए स्वदेशी उत्पाद न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता के प्रतीक हैं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन के संवाहक भी हैं।***
***वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में विश्व अर्थव्यवस्था अत्यंत जटिल, प्रतिस्पर्धी और पूँजी–केन्द्रित हो गई है। विकसित देशों की आर्थिक नीतियाँ विकासशील देशों के स्थानीय उद्योगों और उत्पादों को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश के लिए ये परिस्थितियाँ केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक चुनौतियाँ भी प्रस्तुत करती हैं।***
***इस शोध–पत्र में वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत के स्वदेशी उत्पादों की भूमिका, उनकी आर्थिक उपयोगिता, सांस्कृतिक महत्ता, रोजगार सृजन की क्षमता तथा सरकारी नीतियों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।***
***स्वदेशी की अवधारणा केवल आत्मनिर्भरता नहीं, बल्कि आत्मगौरव और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक भी है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि स्वदेशी उत्पाद किस प्रकार भारत को वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के दौर में स्थिरता, आत्मनिर्भरता और सतत विकास की दिशा में आगे ले जा सकते हैं।***

## 1. भूमिका (Introduction)

21वीं सदी में विश्व आर्थिक परिदृश्य तीव्र परिवर्तन से गुजर रहा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के वर्चस्व, पूँजीवादी नीतियों और उपभोक्ता संस्कृति के कारण स्थानीय उत्पादन और पारंपरिक उद्योग संकट में हैं।

वैश्वीकरण ने विश्व के देशों को एक आर्थिक धारा में जोड़ दिया है। वस्तुओं, सेवाओं, पूँजी और सूचना का प्रवाह सीमाओं से परे हो चुका है। यद्यपि इससे अनेक देशों को विकास के अवसर मिले, किंतु इसके साथ–साथ विकासशील देशों के स्थानीय उद्योग, पारंपरिक उत्पादन पद्धतियाँ और स्वदेशी उत्पाद संकट में आ गए। भारत जैसे विकासशील देश में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

ऐसे में **स्वदेशी उत्पाद**, अर्थात देश में निर्मित, स्थानीय संसाधनों पर आधारित उत्पाद, एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

भारत के संदर्भ में देखें तो हमारे देश में हजारों वर्षों की समृद्ध हस्तशिल्प, कृषि–आधारित उद्योग, वस्त्र, धातु और ग्रामोद्योग की परंपरा रही है, किंतु वैश्विक प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावाद ने इन पारंपरिक उद्योगों को हाशिए पर डाल दिया।

**महात्मा गांधी ने कहा था—**

"स्वदेशी का अर्थ केवल देशी वस्तुओं का प्रयोग नहीं, बल्कि अपने देश के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है।"

यह विचार आज के आर्थिक युग में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है। कोविड–19 महामारी के बाद **आत्मनिर्भर भारत अभियान** ने इस अवधारणा को पुनः प्रासंगिक बना दिया है।

## 2. वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और उसकी चुनौतियाँ

आज का विश्व एक *ग्लोबल मार्केट* बन चुका है। पूँजीवादी और उपभोक्तावादी सोच ने उत्पादन के सभी आयाम बदल दिए हैं। भारत जैसे देश कई वैश्विक आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, जिनमें प्रमुख हैं—

1. **वैश्विक मंदी (Global Recession)** – अमेरिका, यूरोप और चीन की आर्थिक मंदी का सीधा प्रभाव भारतीय निर्यात और रोजगार पर पड़ता है।
2. **मुद्रा अस्थिरता (Currency Volatility)** – डॉलर की बढ़ती मजबूती से भारतीय आयात महंगे और निर्यात कम प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं।
3. **आपूर्ति श्रृंखला संकट (Supply Chain Crisis)** – कोविड–19 और रूस–यूक्रेन युद्ध जैसी घटनाओं ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को बाधित किया।
4. **तकनीकी निर्भरता** – भारत अभी भी कई क्षेत्रों में विदेशी तकनीक, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर पर निर्भर है।
5. **विदेशी पूँजी का प्रभुत्व** – विदेशी कंपनियाँ सस्ते उत्पादों के माध्यम से स्थानीय उत्पादकों को नुकसान पहुँचाती हैं। इन परिस्थितियों में स्वदेशी उत्पादों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि वे स्थानीय संसाधनों, श्रमशक्ति और संस्कृति से जुड़े होते हैं।

## 3. स्वदेशी उत्पादों की अवधारणा

'स्वदेशी' शब्द संस्कृत के 'स्व' और 'देश' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है— अपने देश का या अपने देश में निर्मित।

स्वदेशी उत्पाद वे वस्तुएँ हैं जो देश के स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक ज्ञान और तकनीक से निर्मित होती हैं। इनमें खादी, हस्तशिल्प, हर्बल उत्पाद, आयुर्वेदिक औषधियाँ, ग्राम उद्योगों के सामान, कृषि उत्पाद तथा स्थानीय विनिर्माण इकाइयों द्वारा बनाए गए उपभोक्ता सामान शामिल हैं।

महात्मा गांधी के अनुसार स्वदेशी का अर्थ केवल आर्थिक स्वावलंबन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और राष्ट्रीय गौरव की भावना भी है।

## 4. स्वदेशी उत्पादों का आर्थिक महत्व

### (क) रोजगार सृजन

भारत की लगभग 70% जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। खादी, हथकरघा, मिट्टी के बर्तन, जूट, बाँस और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ ग्रामीण लोगों को रोजगार उपलब्ध कराती हैं।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने 2024–25 में लगभग ₹1.70 लाख करोड़ से अधिक का ऐतिहासिक कारोबार दर्ज किया। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

### (ख) स्थानीय पूँजी का प्रवाह

स्वदेशी उत्पादों से उत्पन्न आय देश में ही बनी रहती है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त होती है और विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता घटती है।

### (ग) आर्थिक आत्मनिर्भरता

स्वदेशी उत्पाद आयात–प्रतिस्थापन नीति के रूप में कार्य करते हैं, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होती है और राष्ट्रीय आर्थिक स्वतंत्रता सुदृढ़ होती है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

### (घ) MSME क्षेत्र का विकास

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इनमें अधिकांश उद्योग स्वदेशी उत्पादों पर आधारित हैं।

## 5. सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से स्वदेशी का महत्व

स्वदेशी उत्पाद भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक हैं— बनारसी साड़ी, खादी वस्त्र, चंदन, आयुर्वेदिक औषधियाँ, बाँस शिल्प आदि।

स्वदेशी केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आत्मसम्मान से भी जुड़ा है।

**महात्मा गांधी ने कहा था— "स्वदेशी आत्मनिर्भरता की माता है।"**

## 6. निष्कर्ष

आज जब विश्व आर्थिक मंदी, युद्ध, महामारी और आपूर्ति संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब भारत के लिए स्वदेशी उत्पाद केवल आर्थिक विकल्प नहीं, बल्कि आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता का आधार हैं।

यदि सरकार, उद्योग और उपभोक्ता तीनों स्तरों पर सहयोग स्थापित हो जाए, तो भारत न केवल वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकता है, बल्कि एक सशक्त आर्थिक शक्ति के रूप में उभर सकता है।

**"वोकल फॉर लोकल" तभी सार्थक होगा जब वह प्रत्येक भारतीय के व्यवहार में उतरे।**

## संदर्भ सूची

1. **खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग**, वार्षिक रिपोर्ट, 2024।
2. **भारत सरकार**, वित्त मंत्रालय, *आर्थिक सर्वेक्षण* 2024–25।
3. **गांधी, मोहनदास करमचंद** – *हिंद स्वराज या भारतीय स्वराज*।
4. **नीति आयोग**, *आत्मनिर्भर भारत रोडमैप*, 2023।
5. **शर्मा, आर.** (2022) – *स्वदेशी अर्थनीति और भारतीय अर्थव्यवस्था का पुनर्जागरण*, नई दिल्ली: प्रकाशन विभाग।
6. **सिंह, ए.** (2021) – *भारतीय लघु उद्योग और वैश्विक प्रतिस्पर्धा*, प्रयागराज विश्वविद्यालय शोध पत्रिका।
7. **विश्व बैंक रिपोर्ट** (2023) – *India and Global Value Chains*।

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "भारतीय वनस्पति विज्ञान एवं स्वावलंबन: एक विवेचना"

**श्रीमती सीमा नाइक**
सहायक प्राध्यापक, वनस्पतिशास्त्र
शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी

*शोध सारांश*
***प्राचीन काल से ही पौधे मानव जीवन में स्वास्थ्य एवं अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार माने गए हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा में इसी कारण इन्हें प्रकृति के अंग के रूप में पूजा जाता है। वर्तमान समय में आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य की प्राप्ति में स्वदेशी वनस्पति विज्ञान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, क्योंकि यह आर्थिक स्वावलंबन के विभिन्न क्षेत्रों को आधारभूत सामग्री प्रदान कर पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक संतुलन को बनाए रख सकता है। इस प्रकार भारतीय वनस्पति विज्ञान स्वदेशी से स्वावलंबन तक की यात्रा को सतत जीवन शैली के विकास के साथ पूर्ण करता है।***
***स्वदेशी वनस्पति विज्ञान को वर्तमान समय में नई तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के साथ अनुप्रयोग कर मानव जीवन को स्वस्थ एवं उन्नत बनाया जा सकता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु इस शोध पत्र में स्वदेशी वनस्पति विज्ञान के विभिन्न आयामों के आधुनिक समय में अनुप्रयोगों की विवेचना की गई है एवं स्वावलंबन में इसके महत्व को स्पष्ट किया गया है।***

## परिचय

वनस्पति विज्ञान, विज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतर्गत पृथ्वी पर पाए जाने वाले विभिन्न पौधों तथा प्रकृति में उनके महत्व का अध्ययन किया जाता है। भारत में वनस्पति विज्ञान की समृद्ध विरासत रही है। भारत के प्राचीन धर्म ग्रंथों में तत्कालीन परिस्थितियों में पाए जाने वाले पौधों का वर्णन किया गया है तथा उनके गुणधर्मों का उल्लेख करते हुए मानव जीवन हेतु उनके अनुप्रयोगों की विस्तार से व्याख्या की गई है।

साथ ही आर्थिक क्रिया हेतु इनके महत्व को भी प्रतिपादित किया गया है। वनस्पतियों पर व्यापक शोध करते हुए उनके गुणों के आधार पर वर्गीकृत कर इन्हें मानव जीवन के स्वास्थ्य, आर्थिक स्वावलंबन, पर्यावरण संतुलन तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु उपयोगी माना गया है।

स्वदेशी वनस्पति विज्ञान अपने देश में पाई जाने वाली वनस्पतियों, उनके गुणधर्मों एवं उत्पादों का प्रयोग मानव जीवन को उन्नत बनाने हेतु एक सुदृढ़ पृष्ठभूमि प्रदान करता है। इसके अंतर्गत बहुमूल्य जैव विविधता का उपयोग कर विभिन्न लघु एवं कुटीर उद्योगों के साथ–साथ आधुनिक तकनीक के प्रयोग द्वारा वृहद स्तर पर उद्योग स्थापित कर आर्थिक स्वावलंबन प्राप्त किया जा सकता है।

## स्वदेशी वनस्पति विज्ञान : एक समृद्ध विरासत

भारत में वनस्पति विज्ञान केवल एक वैज्ञानिक अध्ययन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। इसकी प्राचीन एवं समृद्ध विरासत रही है। हमारे धर्मग्रंथ जैसे—रामायण, महाभारत, उपनिषद, वेद एवं पुराणों में तत्कालीन परिस्थितियों में पाए जाने वाले विभिन्न पौधों एवं वनस्पतियों का महत्व रेखांकित किया गया है।

ऋषि–मुनियों ने शोध के आधार पर पौधों के चिकित्सीय महत्व को बताते हुए रोगों के उपचार हेतु उनका उपयोग किया। चरक संहिता, सुश्रुत संहिता एवं निघंटु ग्रंथों में पौधों के औषधीय गुणों का विस्तृत वर्णन मिलता है। भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद का विकास वनस्पतियों के चिकित्सीय गुणों के अनुप्रयोग पर आधारित है।

कृषि एवं बागवानी के विकास हेतु विभिन्न ग्रंथों की रचना कर जैविक एवं प्राकृतिक खेती की पद्धतियों का विस्तार से वर्णन किया गया, जो भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार रही है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## वनस्पति विज्ञान का स्वावलंबन में योगदान

वनस्पति विज्ञान स्वावलंबन की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वनस्पति से प्राप्त उत्पादों का निम्नलिखित तीन स्तरों पर उपयोग कर आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को बल दिया जा सकता है––

### 1. आर्थिक स्तर पर

वनस्पतियों के चिकित्सीय गुणों के आधार पर आयुर्वेद, यूनानी एवं सिद्ध चिकित्सा भारतीय समाज का अभिन्न अंग रही हैं। इनका व्यापक प्रचार–प्रसार कर इन्हें मुख्य आर्थिक गतिविधि के रूप में अपनाया जा सकता है।

जैविक एवं प्राकृतिक खेती द्वारा मिट्टी एवं वायु की गुणवत्ता में सुधार कर उच्च पोषण युक्त उत्पाद प्राप्त किए जा सकते हैं, जिन्हें व्यवसाय के रूप में अपनाकर स्वावलंबन प्राप्त किया जा सकता है।

### 2. सामाजिक स्तर पर

स्थानीय वनस्पतियों एवं वृक्षों की उपलब्धता के आधार पर परंपरागत ज्ञान का उपयोग कर विभिन्न लघु, कुटीर एवं वृहद उद्योगों की स्थापना की जा सकती है। इससे विदेशी आयात पर निर्भरता कम होगी।

फूलों पर आधारित इत्र उद्योग, अगरबत्ती उद्योग, हर्बल रंग, हर्बल कॉस्मेटिक, मसाला उद्योग, वनस्पति तेल उद्योग, दाल उद्योग, गुड़–खांडसारी, अचार, पापड़ एवं बड़ी उद्योग जैसे स्वदेशी उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं।

### 3. पर्यावरणीय स्तर पर

स्वदेशी पौधे स्थानीय पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। ये पोषक तत्वों के प्राकृतिक चक्रण में सहायक होते हैं तथा जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही ये जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को कम कर सतत जीवन शैली को प्रोत्साहित करते हैं।

## वर्तमान संदर्भ में स्वदेशी पौधों की प्रासंगिकता

वर्तमान समय में **आत्मनिर्भर भारत** एवं **वोकल फॉर लोकल** की अवधारणा को साकार करने में स्वदेशी वनस्पति विज्ञान की भूमिका केंद्रीय हो गई है। अश्वगंधा, तुलसी, नीम एवं गिलोय जैसे औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देकर पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा को सशक्त किया जा रहा है।

कॉस्मेटिक उद्योग में हर्बल उत्पादों के प्रयोग से अनेक स्वदेशी ब्रांड विकसित हुए हैं। अनुसंधान संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में पारंपरिक पौधों पर वैज्ञानिक शोध कर आधुनिक तकनीक के साथ उच्च गुणवत्ता के उत्पाद विकसित किए जा रहे हैं, जैसे––रेशम एवं कोसा वस्त्र उद्योग।

## चुनौतियाँ एवं समाधान

वैश्वीकरण के कारण युवाओं में पारंपरिक ज्ञान के प्रति रुचि में कमी आई है। साथ ही विदेशी ब्रांडों की लोकप्रियता ने स्वदेशी उत्पादों को प्रभावित किया है।

समाधान हेतु समाज, सरकार एवं औद्योगिक संस्थानों को मिलकर व्यापक नीति निर्माण, शोध–अनुसंधान सुविधाओं का विस्तार, औषधीय पौधों पर आधारित उद्योगों हेतु सरकारी प्रोत्साहन, मार्केटिंग एवं पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## निष्कर्ष

भारतीय वनस्पति विज्ञान की समृद्ध परंपरा ने सदैव स्वदेशी ज्ञान एवं स्वावलंबन की भावना को प्रोत्साहित किया है। आज जब देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है, स्वदेशी वनस्पति विज्ञान की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

अतः यह कहा जा सकता है कि वनस्पति विज्ञान भारत की स्वदेशी से स्वावलंबन की यात्रा का सशक्त आधार है, जो सांस्कृतिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय विकास में योगदान देता है।

## संदर्भ ग्रंथ

1. आयुर्वेदिक प्लांट्स — डॉ. पी. के. वारियर
2. इंडियन मेडिसिनल प्लांट्स — के. आर. खेरीवाल
3. भारतीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान, पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड
4. आयुर्वेदिक प्लांट्स एंड देयर यूटिलाइजेशन — जर्नल ऑफ आयुर्वेद एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन
5. स्वदेशी वनस्पति विज्ञान और आत्मनिर्भरता — भारतीय वनस्पति विज्ञान सोसायटी जर्नल

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "स्वदेशी से स्वावलंबन की यात्रा: भारतीय राष्ट्रीय चेतना के आर्थिक और दार्शनिक आयामों का तुलनात्मक अध्ययन (1905–2024)"

**डॉ. प्रियंका देवड़ा**
सहायक प्राध्यापक, गृह विज्ञान
शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी

*शोध सारांश*
*यह शोध पत्र 1905 के स्वदेशी आंदोलन से लेकर 2024 के आत्मनिर्भर भारत अभियान तक भारतीय राष्ट्रीय चेतना के आर्थिक और दार्शनिक आयामों का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करता है। यह अध्ययन दोनों आंदोलनों के ऐतिहासिक संदर्भों, वैचारिक निरंतरता, रणनीतिक परिवर्तनों तथा सामाजिक–सांस्कृतिक आधारों का विश्लेषण करता है।*
*जहाँ स्वदेशी आंदोलन औपनिवेशिक आर्थिक वर्चस्व के विरुद्ध बहिष्कार पर केंद्रित था, वहीं आत्मनिर्भर भारत अभियान वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने हेतु प्रोत्साहन और वैश्विक एकीकरण पर बल देता है। यह पत्र गांधीवादी चिंतन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद जैसे दार्शनिक आधारों की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डालता है, जो वर्तमान स्वावलंबन नीतियों को नैतिक एवं समावेशी दिशा प्रदान करते हैं।*
*इसके अतिरिक्त, यह अभियान की संरचना, चुनौतियों तथा भविष्य के उपायों का भी विश्लेषण करता है, जिसमें अनुसंधान एवं विकास में निवेश तथा समावेशी विकास पर विशेष बल दिया गया है।*
*मुख्य शब्द — स्वदेशी, स्वावलंबन, आत्मनिर्भर भारत अभियान, आर्थिक राष्ट्रवाद, गांधीवादी चिंतन, एकात्म मानववाद, राष्ट्रीय चेतना, भारत*

## 1. प्रस्तावना

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में भारत में राष्ट्रीय पहचान और चेतना का उदय हुआ, जिसने स्वदेशी (अपने देश का) की भावना को जन्म दिया। यह भावना ब्रिटिश निर्मित वस्तुओं के बहिष्कार तथा भारतीय उत्पादों के प्रोत्साहन पर केंद्रित थी, जिसका दोहरा लक्ष्य ब्रिटिश साम्राज्य को आर्थिक रूप से कमजोर करना और भारतीयों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करना था। यह आंदोलन ब्रिटिश आर्थिक और सांस्कृतिक वर्चस्व के विरुद्ध एक शक्तिशाली और संगठित प्रतिरोध बन गया।

ऐतिहासिक स्वदेशी आंदोलन की प्रतिध्वनि समकालीन **आत्मनिर्भर भारत अभियान (AAB)** में देखी जा सकती है। कोविड–19 महामारी के बाद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में आई अनिश्चितता ने भारत को इस अभियान की शुरुआत के लिए प्रेरित किया, जिसका उद्देश्य न केवल आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरना भी था। भारत प्रत्येक वर्ष 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाकर इस वैचारिक निरंतरता को रेखांकित करता है, जो मूल स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत की स्मृति दिलाता है।

### 1.1 स्वदेशी और स्वावलंबन की वैचारिक कड़ी

स्वदेशी आंदोलन ने राष्ट्रीय आर्थिक चेतना को जागृत करने के साथ–साथ 'आत्म–शक्ति' (स्वबल) को भी बढ़ावा दिया, जिसे राष्ट्रीय गरिमा से जोड़ा गया। इसी आत्म–शक्ति ने जाति–उत्पीड़न और बाल–विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा दी। स्वावलंबन की वर्तमान अवधारणा इसी आत्म–शक्ति के दर्शन का आर्थिक और रणनीतिक विस्तार है।

यह वैचारिक यात्रा औपनिवेशिक प्रतिरोध (स्वदेशी 1.0) से आरंभ होकर आधुनिक युग की वैश्विक प्रतिस्पर्धा (स्वावलंबन 2.0) तक विस्तृत हुई है। 1905 के स्वदेशी आंदोलन का उद्देश्य बहिष्कार और अलगाव के माध्यम से औपनिवेशिक

अर्थव्यवस्था को क्षति पहुँचाना था, जबकि वर्तमान आत्मनिर्भर भारत अभियान भारत को वैश्विक आपूर्ति शृंखला का केंद्र बनाने पर केंद्रित है।

### 1.2 सांस्कृतिक आधार पर आंदोलन का संवर्धन

भारत में किसी भी बड़े आर्थिक या राजनीतिक आंदोलन की सफलता हेतु सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना से गहरा जुड़ाव आवश्यक रहा है। स्वदेशी आंदोलन ने इस सिद्धांत का प्रभावी उपयोग किया। गणपति उत्सव और शिवाजी जयंती जैसे पारंपरिक त्योहारों का प्रयोग स्वदेशी संदेश के प्रसार हेतु किया गया।

रवींद्रनाथ टैगोर ने 1905 के बंगाल विभाजन के विरोध में रक्षाबंधन को एकता के प्रतीक के रूप में प्रयोग किया। यह प्रमाणित करता है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' जैसे आह्वान को केवल सरकारी योजना तक सीमित न रखकर जन–आंदोलन और सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

## 2. स्वदेशी आंदोलन (1905–1908) : राष्ट्रीय प्रतिरोध का आधार

### 2.1 आर्थिक रणनीतियाँ और प्रतिरोध की प्रकृति

स्वदेशी आंदोलन का केंद्रीय लक्ष्य ब्रिटिश साम्राज्य को आर्थिक रूप से पंगु बनाना था, जो विदेशी वस्तुओं पर निर्भर था। हथकरघा उद्योग तथा स्वदेशी वस्तुओं के प्रोत्साहन पर विशेष बल दिया गया।

### 2.2 राष्ट्रीय शिक्षा और आत्म–शक्ति का विकास

स्वदेशी आंदोलन ने स्पष्ट किया कि औपनिवेशिक नियंत्रण से मुक्ति हेतु केवल उपभोग का बहिष्कार पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिक्षा और कौशल उत्पादन की संरचना को भी स्वतंत्र करना आवश्यक है। इसी कारण राष्ट्रीय शिक्षा परिषद और बंगाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जैसी संस्थाओं की स्थापना हुई।

## 3. स्वतंत्रता पश्चात् स्वावलंबन का विकास (1947–2024)

### 3.1 योजना युग और प्रारंभिक आत्मनिर्भरता (1947–1991)

स्वतंत्रता के बाद आत्मनिर्भरता पंचवर्षीय योजनाओं का केंद्रीय लक्ष्य बनी। भारी उद्योगों और सार्वजनिक क्षेत्र के विस्तार पर विशेष बल दिया गया।

### 3.2 औद्योगिक क्रांति के दुष्परिणाम

वैश्वीकरण के साथ आर्थिक असमानता, पर्यावरणीय संकट और सांस्कृतिक क्षरण जैसी समस्याएँ सामने आईं, जिसने वैकल्पिक विकास मॉडल की आवश्यकता को रेखांकित किया।

### 3.3 गांधीवादी स्वदेशी चिंतन की प्रासंगिकता

गांधीजी का स्वदेशी चिंतन आज भी नैतिक, सामाजिक और आर्थिक संतुलन का मार्ग प्रशस्त करता है।

### 3.4 पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद

एकात्म मानववाद भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित संतुलित विकास मॉडल प्रस्तुत करता है, जो आज की नीतियों को नैतिक आधार देता है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## 4. स्वदेशी 1.0 और आत्मनिर्भर भारत 2.0 : तुलनात्मक मूल्यांकन

| तुलनात्मक आधार | स्वदेशी आंदोलन (1905) | आत्मनिर्भर भारत अभियान (2020) |
|---|---|---|
| मुख्य लक्ष्य | औपनिवेशिक आर्थिक वर्चस्व का अंत | वैश्विक आपूर्ति शृंखला का केंद्र बनना |
| रणनीति | बहिष्कार | प्रोत्साहन एवं वैश्विक एकीकरण |
| वैचारिक आधार | आत्म–शक्ति | वोकल फॉर लोकल |

## निष्कर्ष

स्वदेशी आंदोलन से आत्मनिर्भर भारत अभियान तक की यात्रा भारतीय राष्ट्रीय चेतना के आर्थिक और दार्शनिक विकास को दर्शाती है। यह केवल आर्थिक नीति परिवर्तन नहीं, बल्कि गहन सांस्कृतिक और नैतिक पुनर्जागरण की प्रक्रिया है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. गांधी, एम. के. (1909) — *हिंद स्वराज*
2. टैगोर, रवींद्रनाथ (1908) — *स्वदेशी समाज*
3. चंद्र, बिपिन (1966) — *द राइज एंड ग्रोथ ऑफ इकोनॉमिक नेशनलिज्म इन इंडिया*
4. अहलूवालिया, मोनटेक सिंह (2002) — *इंडियन इकोनॉमिक रिफॉर्म्स*
5. भारत सरकार — योजना आयोग एवं नीति आयोग की रिपोर्टें

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# “स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम: आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक विश्लेषणात्मक अध्ययन”

**डॉ. तंज़ीम कायनात शैख**

अतिथि विद्वान् (वाणिज्य)

शा. नवीन आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी (म. प्र.)

सारांश

*भारत सदियों से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी सिद्धांतों पर आधारित समाज रहा है। गांधीजी के समय से ही ‘स्वदेशी’ केवल एक आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक रहा है। आज के वैश्वीकरण और तकनीकी युग में ‘आत्मनिर्भर भारत अभियान’ ने इस विचार को पुनर्जीवित किया है। यह शोध पत्र स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यमों की भूमिका, महत्व, चुनौतियों और संभावनाओं का विश्लेषण करता है। साथ ही यह अध्ययन इस बात की पड़ताल करता है कि कैसे डिजिटल प्लेटफार्म, नवाचार और सरकारी नीतियाँ इन उद्यमों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सशक्त बना रही हैं। अध्ययन में यह पाया गया कि स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान के आधार पर विकसित स्वदेशी उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को न केवल सशक्त बना रहे हैं, बल्कि रोजगार, महिलाओं की भागीदारी और सतत विकास के नए मार्ग भी खोल रहे हैं। अंततः यह निष्कर्ष निकलता है कि स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम भारत को वास्तविक आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं।*

*कीवर्ड :– स्वदेशी, स्थानीय उद्यम, आत्मनिर्भर भारत, ग्रामीण उद्योग, डिजिटल प्लेटफार्म,* ***MSME****, नवाचार*

## प्रस्तावना

भारत की सभ्यता और अर्थव्यवस्था का मूल तत्व ‘स्वदेशी’ रहा है — अर्थात अपने देश के संसाधनों, कौशल और श्रम पर आधारित विकास। औपनिवेशिक काल में विदेशी वस्तुओं के आगमन ने देश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंचाई थी। इसके प्रत्युत्तर में महात्मा गांधी ने स्वदेशी आंदोलन चलाया, जिसने देश को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया। 21वीं सदी में जब वैश्वीकरण ने सीमाओं को मिटा दिया, तब भारतीय बाजार फिर विदेशी उत्पादों से भर गया। लेकिन 2020 में कोविड–19 महामारी ने यह सिखाया कि वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब देश अपने संसाधनों और उत्पादन क्षमताओं पर निर्भर हो। इसी सोच से “आत्मनिर्भर भारत अभियान” की शुरुआत हुई।

स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम—चाहे वे कुटीर उद्योग हों, हस्तकला, कृषि–आधारित उत्पाद, या तकनीकी नवाचार—भारत के आर्थिक पुनरुत्थान में केंद्रीय भूमिका निभा रहे हैं। आज “वोकल फॉर लोकल” का नारा केवल नीतिगत पहल नहीं बल्कि सामाजिक आंदोलन बन चुका है। ऐसे में यह अध्ययन यह जानने का प्रयास करता है कि किस प्रकार स्वदेशी उद्यम स्थानीय स्तर पर रोजगार, नवाचार, और सामाजिक परिवर्तन के माध्यम बन रहे हैं।

भारत एक कृषि प्रधान देश होने के साथ–साथ विविध हस्तकला और कुटीर उद्योगों की समृद्ध परंपरा वाला राष्ट्र है। औद्योगिकीकरण और वैश्वीकरण के प्रभाव से पारंपरिक स्वदेशी उद्योगों को नुकसान पहुँचा, किंतु अब पुनः इनका पुनरुत्थान हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किया गया “आत्मनिर्भर भारत अभियान” इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम, जैसे–हस्तनिर्मित उत्पाद, जैविक कृषि, हथकरघा उद्योग, आयुर्वेदिक उत्पाद, और तकनीकी नवाचारों पर आधारित स्टार्टअप, न केवल स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं बल्कि ग्रामीण स्तर पर रोजगार भी उत्पन्न कर रहे हैं।

**साहित्य समीक्षा:** स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यमों पर किए गए शोधों से यह स्पष्ट होता है कि ये उद्यम न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे हैं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं।

**1. ऐतिहासिक दृष्टिकोण:** महात्मा गांधी ने स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्थानीय संसाधनों और श्रम पर आधारित उत्पादन ही आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित कर सकता है। गांधी के अनुसार, चरखा और खादी केवल वस्त्र नहीं

बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक थे। इसके अतिरिक्त, गांधीजी ने स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों को रोजगार देने और उनकी सामाजिक स्थिति को सुधारने पर भी जोर दिया।

2. मिश्रा (2019) के अध्ययन में पाया गया कि स्वदेशी उद्योग ग्रामीण क्षेत्रों में आय सृजन, रोजगार अवसर और सामाजिक समावेशन में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इनके माध्यम से ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं। नीति आयोग (2023) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में MSME क्षेत्र की 63% इकाइयाँ ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में आधारित हैं, जिनमें अधिकांश स्वदेशी मॉडल पर कार्यरत हैं।

3. **सामाजिक और सांस्कृतिक योगदान:** जोशी और शर्मा (2021) ने अध्ययन किया कि स्वदेशी उद्योग केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी नहीं हैं, बल्कि ये स्थानीय सांस्कृतिक विरासत और हस्तकला को भी संरक्षित कर रहे हैं। स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पाद जैसे हस्तनिर्मित वस्त्र, हस्तशिल्प और खाद्य उत्पाद पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक हैं।

4. **डिजिटल प्लेटफार्म और नवाचार:** हाल के वर्षों में डिजिटल माध्यम और ई–कॉमर्स ने स्थानीय उद्यमों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार तक पहुँच प्रदान की है। इंटरनेट, सोशल मीडिया, और ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्मों के माध्यम से छोटे उद्यमों की बिक्री में वृद्धि हुई है। डिजिटल माध्यम ने न केवल विपणन क्षमता बढ़ाई है, बल्कि ग्राहकों के साथ विश्वास और पारदर्शिता भी सुनिश्चित की है। यह बात शर्मा एवं जोशी (2021) के शोध में स्पष्ट हुई है।

5. **वैश्विक दृष्टिकोण:** विश्व बैंक (2022) की रिपोर्ट में उल्लेख है कि भारत जैसे विकासशील देशों में स्थानीय उद्यमों को समर्थन देने से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास और नवाचार में वृद्धि होती है। वैश्विक उदाहरणों से यह सिद्ध हुआ है कि छोटे उद्यम स्थानीय संसाधनों और कौशल का उपयोग कर उच्च मूल्य सृजन कर सकते हैं।

6. **सरकारी नीतियाँ और योजनाएँ:** भारत सरकार ने स्वदेशी उद्योगों के लिए कई योजनाएँ बनाई हैं, जैसे कि MSME विकास योजना, Vocal for Local, और Atmanirbhar Bharat Initiatives। इन योजनाओं का उद्देश्य उद्यमियों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और विपणन में मदद प्रदान करना है। नीति आयोग (2023) की रिपोर्ट में उल्लेख है कि डिजिटल प्रशिक्षण और विपणन सहायता से छोटे उद्यमों की उत्पादकता में 30–40% तक वृद्धि देखी गई है।

## निष्कर्ष

समीक्षा से यह स्पष्ट होता है कि स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। डिजिटल प्लेटफार्म और सरकारी सहायता इनके विकास को और अधिक सुदृढ़ बना रही है। साहित्य यह भी पुष्टि करता है कि ऐसे उद्यम ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करते हैं।

## शोध उद्देश्य

–स्थानीय स्वदेशी उद्यमों की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण।

–ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान का मूल्यांकन।

–सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता का अध्ययन।

–डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से उत्पादकता और विपणन वृद्धि का अध्ययन।

–चुनौतियों का विश्लेषण और समाधान सुझाना।

**शोध परिकल्पनाएँ**

**परिकल्पना 1:** स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं।

**परिकल्पना 2:** डिजिटल प्लेटफार्म और ऑनलाइन विपणन से स्वदेशी उद्यमों की उत्पादकता और बाजार पहुँच में वृद्धि हो रही है।

**शोध पद्धति:** इस शोध का स्वरूप वर्णनात्मक और विश्लेषणात्मक दोनों है। इसमें गुणात्मक एवं परिमाणात्मक दोनों प्रकार के डेटा का उपयोग किया गया है ताकि परिणाम अधिक विश्वसनीय और वस्तुनिष्ठ हो सकें।

**1. शोध की प्रकृति:** यह शोध भारत में स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यमों की सामाजिक–आर्थिक भूमिका का अध्ययन करता है। इसका उद्देश्य उद्यमों की संरचना, लाभ, चुनौतियाँ और सरकारी नीतियों के प्रभाव का विश्लेषण करना

2. डेटा के स्रोत

(क) प्राथमिक डेटा –प्राथमिक आंकड़े सीधे स्रोतों से एकत्र किए गए हैं। इसके लिए 50 स्थानीय उद्यमियों, शिल्पकारों और महिला स्व–सहायता समूहों से साक्षात्कार किया गया।

– प्रश्नावली के माध्यम से उनके आर्थिक स्थिति, उत्पादन, विपणन, प्रशिक्षण, और डिजिटल माध्यमों के उपयोग से संबंधित जानकारी एकत्र की गई।

(ख) द्वितीयक डेटा – द्वितीयक स्रोतों में नीति आयोग की रिपोर्ट (2023), MSME मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट (2024), विभिन्न शोध पत्र, जर्नल, पुस्तकों एवं सरकारी वेबसाइटों से प्राप्त आंकड़े शामिल किए गए।

**3. डेटा संग्रह उपकरण** – संरचित प्रश्नावली, व्यक्तिगत साक्षात्कार, प्रेक्षण |

**4. डेटा विश्लेषण की विधि** – संग्रहित आंकड़ों को सांख्यिकीय पद्धति से संकलित कर विश्लेषण किया गया। इसके लिए निम्नलिखित विधियाँ अपनाई गईं –1. प्रतिशत एवं अनुपात विश्लेषण, 2. तुलनात्मक विश्लेषण 3. विवरणात्मक प्रस्तुति |

**5. नमूना आकार:** कुल 50 उद्यमियों का चयन किया गया, जिनमें पुरुष 30 और महिलाएँ 20 थीं।

उद्यमों में हस्तनिर्मित उत्पाद, कृषि–आधारित उद्योग, वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण और तकनीकी स्टार्टअप शामिल थे।

**6.सीमाएँ:** सीमित नमूना आकार के कारण निष्कर्ष पूरे भारत पर समान रूप से लागू नहीं किए जा सकते।

समय और संसाधनों की सीमा के कारण विस्तृत क्षेत्रीय तुलना संभव नहीं थी। कुछ उद्यमियों ने सटीक आर्थिक जानकारी देने में संकोच किया।

परिकल्पना का परीक्षण: परिकल्पना 1: “स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं।” विश्लेषण हेतु संकेतक: स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, आय में वृद्धि, स्थानीय संसाधनों का उपयोग एवं सामाजिक भागीदारी |

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

तालिका 1: स्थानीय अर्थव्यवस्था पर स्वदेशी उद्यमों का प्रभाव

| क्र. | विश्लेषण बिंदु | उत्तरदाताओं की संख्या (कुल 50 में से) | प्रतिशत (%) | व्याख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ | 39 | 78% | स्वदेशी उद्यमों ने सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया। |
| 2 | उद्यम से आय में वृद्धि हुई | 33 | 66% | आय में औसतन 25–35% वृद्धि दर्ज की गई। |
| 3 | स्थानीय संसाधनों का उपयोग होता है | 41 | 82% | अधिकांश उद्यम स्थानीय कच्चे माल और श्रम पर आधारित हैं। |
| 4 | समुदाय का सहयोग और भागीदारी मिली | 35 | 70% | स्थानीय समाज ने उत्पादों को अपनाया और सहायता की। |
| 5 | उद्यम के विस्तार से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधि बढ़ी | 37 | 74% | छोटे उद्योगों के कारण बाजार में क्रय शक्ति और व्यावसायिक अवसर बढ़े। |

सांख्यिकीय व्याख्या: औसतन 74% उत्तरदाताओं ने यह माना कि स्वदेशी उद्यमों से स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। रोजगार, आय, और संसाधन उपयोग तीनों ही स्तरों पर सुधार देखा गया।

परिणाम: इन तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम स्थानीय आर्थिक संरचना को मज़बूत बना रहे हैं। अतः परिकल्पना 1 सत्य सिद्ध होती है।

परिकल्पना 2: “डिजिटल प्लेटफार्म और ऑनलाइन विपणन से स्वदेशी उद्यमों की उत्पादकता एवं बाजार पहुँच में वृद्धि हो रही है।” विश्लेषण हेतु संकेतक: ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि, ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी, ब्रांड पहचान में सुधार, औसत मासिक आय की तुलना (डिजिटल बनाम गैर–डिजिटल उद्यम)

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

तालिका 2: डिजिटल प्लेटफार्म के उपयोग और उसका प्रभाव

| क्र. | वर्गीकरण | उद्यमों की संख्या | औसत मासिक आय (₹) | औसत वृद्धि (%) | प्रमुख प्लेटफार्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करने वाले उद्यम | 28 | 38,500 | +40% | Amazon Karigar, Flipkart Samarth, Instagram Shops |
| 2 | पारंपरिक विपणन पर निर्भर उद्यम | 22 | 27,500 | +10% | स्थानीय मेला, दुकानदार नेटवर्क |
| औसत अंतर | — | — | — | ≈ 30% वृद्धि | — |

अतिरिक्त संकेतक तालिका:

| क्र. | प्रभाव क्षेत्र | सकारात्मक उत्तर (%) | नकारात्मक उत्तर (%) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि | 72% | 28% | डिजिटल माध्यम से अधिक ग्राहकों तक पहुँचना संभव हुआ। |
| 2 | ब्रांड पहचान में सुधार | 68% | 32% | सोशल मीडिया प्रचार से उत्पाद की पहचान बढ़ी। |
| 3 | ग्राहक संतुष्टि और पारदर्शिता | 74% | 26% | ऑनलाइन भुगतान व ट्रैकिंग से विश्वास बढ़ा। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | उत्पादकता व लाभ में वृद्धि | 70% | 30% | डिजिटल टूल्स से ऑर्डर प्रबंधन व वितरण आसान हुआ। |

## सांख्यिकीय व्याख्या

डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करने वाले उद्यमों की औसत आय 11,000 रुपये अधिक पाई गई। बिक्री और ब्रांड पहचान दोनों में सुधार देखा गया। सकारात्मक उत्तरों का औसत प्रतिशत 71% रहा।

## परिणाम

इन आँकड़ों से यह सिद्ध होता है कि डिजिटल माध्यमों ने स्वदेशी उद्यमों की बाजार पहुँच, बिक्री, और प्रतिष्ठा में वृद्धि की है। अतः परिकल्पना 2 भी सत्य सिद्ध होती है।

## संयुक्त निष्कर्ष

दोनों परिकल्पनाओं के परीक्षण से यह स्पष्ट है कि —

स्वदेशी उद्यम स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं।डिजिटल तकनीक ने इन उद्यमों को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया है। अतः दोनों परिकल्पनाएँ सत्य एवं प्रमाणित सिद्ध होती हैं। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम भारत की आत्मनिर्भर आर्थिक संरचना के प्रमुख स्तमंभ हैं|

## चुनौतियाँ

पूंजी और निवेश की कमी: अधिकांश स्थानीय उद्यम प्रारंभिक निवेश और कार्यशील पूंजी की कमी से जूझते हैं। इससे उत्पादन क्षमता सीमित रहती है।

तकनीकी प्रशिक्षण का अभाव: डिजिटल प्लेटफार्म और आधुनिक उत्पादन तकनीकों के लिए प्रशिक्षण का अभाव है।

बड़ी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा: बड़े और स्थापित उद्योगों की तुलना में छोटे स्वदेशी उद्यमों की उत्पादकता और विपणन क्षमता कम होती है।

वितरण तंत्र की कमी: स्थानीय उत्पादन से राष्ट्रीय या वैश्विक बाजार तक पहुँचने में लॉजिस्टिक और सप्लाई चेन की समस्याएँ होती हैं। सरकारी योजनाओं की जानकारी का अभाव: कई उद्यमियों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण या मार्केटिंग योजनाओं की जानकारी नहीं होती।

ब्रांडिंग और पैकेजिंग की कमी: उत्पाद की पहचान और आकर्षक पैकेजिंग की कमी के कारण मार्केटिंग प्रभाव सीमित होता है।

## सरकारी पहल

01. आत्मनिर्भर भारत अभियान (2020) — घरेलू उत्पादन व स्वदेशी उपभोग को प्रोत्साहन।
02. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) — सूक्ष्म उद्यमों को बिना गारंटी ऋण।
03. MSME उद्यम पंजीकरण योजना — छोटे उद्योगों के लिए सरल पंजीकरण और कर राहत।

04. One District One Product (ODOP) — हर जिले की विशेषता वाले उत्पाद को राष्ट्रीय पहचान देना।

05. Digital India Mission — ई–कॉमर्स और ऑनलाइन बिजनेस के लिए डिजिटल आधार।

06. Startup India — नवाचार आधारित स्वदेशी स्टार्टअप को प्रोत्साहन।

इन योजनाओं ने स्थानीय उद्यमों को पूंजी, तकनीकी सहायता और बाजार तक पहुँच में मदद की है।

3. सुझाव– वित्तीय सहायता बढ़ाएँ:– स्थानीय स्तर पर लघु ऋण, माइक्रो–क्रेडिट और सब्सिडी के माध्यम से उद्यमियों को वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाए। तकनीकी और डिजिटल प्रशिक्षण: उद्यमियों को ई–कॉमर्स, सोशल मीडिया मार्केटिंग, डिजिटल भुगतान और उत्पादन तकनीक के प्रशिक्षण दिए जाएँ। ब्रांडिंग और GI टैग: उत्पादों के लिए ब्रांड प्रमोशन, गुणवत्ता प्रमाणन और Geographical Indication टैग की सुविधा दें।

महिला समूहों का सशक्तिकरण: महिला स्व–सहायता समूहों को डिजिटल माध्यम और विपणन प्रशिक्षण के माध्यम से जोड़ा जाए।

स्थानीय मेलों और हाट का आयोजन: उत्पादों की बिक्री और ब्रांड पहचान के लिए नियमित मेले, हाट और प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाए। स्टार्टअप और नवाचार को प्रोत्साहन: नई तकनीकों, इनोवेशन और डिजाइनिंग के लिए प्रशिक्षण व सहायता कार्यक्रम लागू करें।

## निष्कर्ष

स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम आज भारत की नई आर्थिक धारा के वाहक बन गए हैं। ये केवल रोजगार के साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के प्रतीक हैं। डिजिटल युग में जब सीमाएँ मिट रही हैं, तब भारतीय उद्यमी अपने स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुँचा रहे हैं। हालाँकि चुनौतियाँ अभी भी हैं—पूंजी, प्रशिक्षण, और विपणन—परन्तु सरकारी सहयोग और समाज के समर्थन से ये बाधाएँ दूर की जा सकती हैं। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक गाँव, प्रत्येक उद्यम, और प्रत्येक व्यक्ति स्वदेशी उत्पादों और विचारों को अपनाए। स्वदेशी केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास का आधार है। अतः यह निष्कर्ष स्पष्ट है कि स्वदेशी आधारित स्थानीय उद्यम भारत की सतत, समावेशी और आत्मनिर्भर विकास यात्रा के मुख्य स्तंभ हैं।

## सन्दर्भ

01. गांधी, एम. के. (1930). स्वदेशी आंदोलन पर विचार, नवजीवन प्रकाशन।

02. मिश्रा, एस. (2019). स्वदेशी उद्योग और ग्रामीण विकास, भारतीय प्रकाशन।

03. शर्मा, के. एवं जोशी, आर. (2021). डिजिटल युग में स्वदेशी उद्योगों की भूमिका, इंडियन जर्नल ऑफ इकॉनॉमिक्स।

04. नीति आयोग (2023). MSME वार्षिक रिपोर्ट 2022–23, भारत सरकार।

05. Ministry of MSME, Government of India (2024). Atmanirbhar Bharat Initiatives Report.

06. विश्व बैंक (2022). India Development Update.

07. अग्रवाल, पी. (2020). स्थानीय उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था. पब्लिकेशन इंडिया, मुंबई।

08. भटनागर, आर. (2018). हस्तकला और स्थानीय उद्यम. जर्नल ऑफ़ इंडियन ट्रैड, खंड 8(1), पृ. 12–25।

09. कुमार, एस. (2021). डिजिटल मार्केटिंग और ग्रामीण उद्यम. इकॉनोमिक एंड सोशल स्टडीज जर्नल, खंड 15(4), पृ. 33–48।

10. भारत सरकार (2021). Vocal for Local: Guidelines for Local Enterprises. Ministry of Commerce & Industry, New Delhi.

11. सिंह, डी. (2019). Microfinance and Local Entrepreneurship in India. International Journal of Rural Development, Vol. 7(2), pp. 77–90.
12. गुप्ता, ए. और वर्मा, एच. (2020). Women Entrepreneurs in Rural India: Opportunities and Challenges. Journal of Social Economics, Vol. 5(1), pp. 25–39.
13. Patel, R. (2022). Impact of E-commerce on Small-Scale Industries in India. Asian Economic Review, Vol. 10(2), pp. 58–74.
14. KPMG India (2023). Digital Adoption in the MSME Sector: Report. KPMG Publications, Mumbai.
15. Singh, P. & Reddy, V. (2021). Sustainability and Local Enterprises in India. International Journal of Sustainable Development, Vol. 12(3), pp. 101–115.

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "स्वदेशी आंदोलन की ऐतिहासिकता"

**डॉ. गीतांजलि दासौंधी**
सहायक प्राध्यापक, हिंदी साहित्य
शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.)

## आरंभ

भारत में स्वदेशी आंदोलन का आरंभ बंग–भंग (1905) की प्रतिक्रिया के रूप में हुआ। 7 जुलाई 1905 को सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने "एक भारी राष्ट्रीय विपत्ति" शीर्षक से लेख लिखकर एक बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। तत्पश्चात 13 जुलाई 1905 को कृष्णकुमार मित्र के सुझाव पर बहिष्कार आंदोलन प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

इस सुझाव के आधार पर सुरेन्द्रनाथ बनर्जी के नेतृत्व में मैमनसिंह जिले के किशोरगंज में प्रथम बार बहिष्कार किया गया। 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता के टाउन हॉल में मणिंद्रचंद्र नंदी की अध्यक्षता में एक विशाल सभा आयोजित हुई, जिसमें स्वदेशी एवं बहिष्कार के प्रस्ताव पारित किए गए। (पत्रिका 'संध्या' ने इसका विरोध किया।)

## बहिष्कार कार्यक्रम

स्वदेशी आंदोलन के अंतर्गत निम्नलिखित बहिष्कार कार्यक्रम अपनाए गए—

1. विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार (विदेशी कपड़ों की होली जलाई गई)।
2. अंग्रेजी भाषा के प्रयोग का बहिष्कार।
3. अवैतनिक एवं स्वैच्छिक सेवाओं का बहिष्कार (निष्क्रिय प्रतिरोध नीति)।
4. बहिष्कार न करने वालों का सामाजिक बहिष्कार (साहा परिवार)।
5. विभिन्न वर्गों एवं जातियों—दर्जी, नाई, पुजारी, धोबी, मोची—द्वारा आंदोलन में भागीदारी।
6. महिलाओं की सक्रिय भागीदारी।
7. राष्ट्रीय शिक्षा का प्रचार।

उल्लेखनीय है कि भारत के इतिहास में प्रथम बार बहिष्कार का आयोजन **जी.के. परिख** द्वारा किया गया था।

## राष्ट्रीय शिक्षा एवं पाश्चात्य संस्थानों का बहिष्कार

विपिन चंद्र पाल, प्रमथनाथ मित्र, सी.आर. दास तथा अश्विन कुमार बनर्जी ने शैक्षणिक बहिष्कार की घोषणा की। जो महाविद्यालय ब्रिटिश सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त करते थे, उनके विकल्प हेतु एस.के. मलिक की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें एक कोष (फंड) की स्थापना की गई। इस कोष में चंदे द्वारा राशि एकत्र की गई। (श्याम सुंदर चक्रवर्ती ने 100 रुपये का योगदान दिया।)

बंगाल के शैक्षणिक संस्थान राष्ट्रवादी गतिविधियों के केंद्र बन गए थे। इन्हें नियंत्रित करने हेतु पश्चिम बंगाल के मुख्य आयुक्त **आर.डब्ल्यू. कार्लाइल** ने 10 अक्टूबर 1905 को एक परिपत्र (सर्कुलर) जारी किया, जो 22 अक्टूबर को प्रकाशित हुआ।

इस परिपत्र के अनुसार—

- यदि कोई शैक्षणिक संस्था राष्ट्रवादी गतिविधियों को नियंत्रित करने में असफल रहती है, तो

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

- उसकी वित्तीय सहायता बंद की जा सकती है,
- उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है,
- उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

इसके प्रत्युत्तर में 4 नवंबर 1905 को शचींद्रनाथ बसु ने के.के. मित्र की सलाह एवं रमाकांत राय की सहायता से **एंटी–कार्लाइल सर्कुलर** जारी किया। पूर्वी बंगाल में 'लायन सर्कुलर' द्वारा *वंदे मातरम्* पर प्रतिबंध लगाया गया।

## राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना

इस दमनात्मक नीति के विरोध में 8 नवंबर 1905 को रंगपुर में **बंगाल नेशनल स्कूल** की स्थापना की गई, जो बंगाल का पहला राष्ट्रीय विद्यालय था। इसके वित्तीय सहयोग में—

- विजेंद्र नारायण — 5 लाख रुपये
- सुबोध मलिक — 1 लाख रुपये (जिन्हें 'राजा' की उपाधि दी गई)

16 नवंबर 1905 को आशुतोष चौधरी की अध्यक्षता में **बंगाल लैंडहोल्डर्स एसोसिएशन** का अधिवेशन हुआ, जिसमें आर.बी. घोष और सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने भाग लिया। नरमपंथियों ने शिक्षा एवं परीक्षा के बहिष्कार को समाप्त करा दिया।

मार्च 1906 में आयोजित तीसरे सम्मेलन में **राष्ट्रीय शिक्षा परिषद** का गठन किया गया। इस विषय पर उदारवादियों और उग्रपंथियों के मध्य तीव्र मतभेद उत्पन्न हो गया। उग्रपंथियों ने राष्ट्रीय शिक्षा के मुद्दे को आगे बढ़ाया।

## प्रमुख संस्थागत प्रयास

1. **बंगाल नेशनल कॉलेज** –

   14–15 अगस्त 1906 को स्थापना।

   प्रथम प्राचार्य: अरविंद घोष

   अधीक्षक: सतीशचंद्र मुखर्जी

2. **सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ टेक्निकल एजुकेशन** –

   जुलाई 1906 में बंगाल तकनीकी संस्थान की स्थापना, जो आगे चलकर 1907 में जादवपुर विश्वविद्यालय बना।

3. **इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरिएंटल आर्ट्स** –

   1907 में अवनींद्रनाथ टैगोर एवं गगनेन्द्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापना।

   प्रथम छात्रवृत्ति: नंदलाल बोस

## दमन एवं अवसान

- फुलर ने गोरखा बटालियन की सहायता से दमनात्मक कार्रवाइयाँ कीं।
- *वंदे मातरम्* (स्वदेशी आंदोलन का गीत) पर प्रतिबंध लगाया गया।

इन दमनात्मक कार्रवाइयों का प्रत्यक्ष विवरण पत्रकार **नेविन्सन** ने अपनी पुस्तक *"The New Spirit in India"* में प्रस्तुत किया है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

### अवसान के कारण

- राष्ट्रीय शिक्षा का प्रश्न
- स्वदेशी आंदोलन के विस्तार का प्रश्न

इन मुद्दों पर कांग्रेस में मतभेद बढ़े और 1907 के **सूरत अधिवेशन** में कांग्रेस का विभाजन हो गया। इसके परिणामस्वरूप स्वदेशी आंदोलन का अवसान हुआ।

### आंदोलन का विस्तार

(1) **पंजाब** – नेतृत्व: लाला लाजपत राय, अजीत सिंह, गंगाराम, जयपाल 'पंजाबी' पत्रिका में उग्र लेख प्रकाशित हुए। लाला जसवंत राय एवं संपादक अठावले गिरफ्तार हुए। लाला लाजपत राय को मांडले जेल भेजा गया। भगत सिंह के चाचा ने *अंजुमन–ए–मुहिब्बाने–वतन* की स्थापना की।

(2) **दिल्ली** – नेतृत्व: सैयद हैदर रज़ा

(3) **बंबई प्रांत** – नेतृत्व: बाल गंगाधर तिलक, केतकर, खापर्डे, मुंजे, एस.एम. परांजपे 1908 में तिलक को मांडले जेल भेजा गया। श्रमिकों ने हड़ताल की।

(4) **मद्रास (तिरुनेलवेली, तूतीकोरिन)** – 1906 में वी.ओ. चिदंबरम पिल्लै द्वारा स्वदेशी स्टीम नेविगेशन कंपनी की स्थापना। 1908 में आंदोलन उग्र हुआ।

(5) **आंध्र प्रदेश** – एम. कृष्णराव एवं हरि सर्वोत्म राव के नेतृत्व में वंदे मातरम् आंदोलन चला।

### महत्व

1. सभी वर्गों की भागीदारी।
2. महिलाओं की व्यापक भागीदारी।
3. श्रमिक वर्ग की मांगों को राजनीतिक स्वरूप मिला।
4. आत्मनिर्भरता और आत्मशक्ति का नारा।
   *"आत्मनिर्भरता चाहिए, भिक्षावृत्ति नहीं।" — तिलक*
5. स्वराज एवं करों में सुधार की मांग।
6. राजनीतिक जागरूकता का प्रसार।
7. गुप्त राष्ट्रवादी समितियों की स्थापना।
8. देशी भाषा एवं साहित्य का विकास — *बंगाली काव्य का स्वर्णकाल।*

### संदर्भ ग्रंथ सूची

1. तारा चंद — *हिस्ट्री ऑफ फ्रीडम मूवमेंट इन इंडिया*, 1979
2. जवाहरलाल नेहरू — *एन ऑटोबायोग्राफी*, 2004
3. रजनी कोठारी — *स्टेट अगेंस्ट पॉलिटिक्स*, 1988
4. बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय — *आनंदमठ*, 2018
5. रवींद्रनाथ टैगोर — *घरे बाइरे*, 2004

IEARJ
International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "स्वदेशी अवधारणा एवं महत्व"

**डॉ. इंदु डावर**

सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)

शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी

## प्रस्तावना

स्वदेशी शब्द का शाब्दिक अर्थ है—अपने देश का। यह अवधारणा केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक आयामों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज जब वैश्वीकरण की प्रक्रिया तीव्र हो चुकी है, तब स्वदेशी की भावना एवं उसकी आवश्यकता पुनः प्रासंगिक हो गई है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए स्वदेशी की अवधारणा अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, आत्मसम्मान तथा सामाजिक सामंजस्य की दृष्टि से विशेष महत्व रखती है।

इस शोध–पत्र में यह समझने का प्रयास किया गया है कि स्वदेशी की अवधारणा क्या है, इसका ऐतिहासिक विकास, राष्ट्रीय स्तर पर इसका महत्व, इसकी समकालीन प्रासंगिकता, इससे जुड़े लाभ एवं चुनौतियाँ क्या हैं तथा किस प्रकार इसे रणनीतिक रूप से आगे बढ़ाया जा सकता है।

## स्वदेशी की अवधारणा : सैद्धांतिक समीक्षा

### 1. स्वदेशी का अर्थ एवं परिभाषा

स्वदेशी शब्द का प्रयोग सामान्यतः उन वस्तुओं, नीतियों अथवा विचारों के लिए किया जाता है, जो देश के भीतर निर्मित या विकसित हों। सरल शब्दों में, स्वदेशी का अर्थ देश–निर्मित, स्थानीय उत्पादन तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ना है।

यह अवधारणा केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें शिक्षा, संस्कृति, भाषा, विचारधारा, प्रौद्योगिकी तथा नीतियाँ भी सम्मिलित हैं।

### 2. आर्थिक राष्ट्रवाद एवं स्वदेशी

स्वदेशी अवधारणा का आर्थिक आयाम आर्थिक राष्ट्रवाद से जुड़ा है। इसका तात्पर्य है– देश अपनी आर्थिक प्राथमिकताएँ स्वयं निर्धारित करे, विदेशी निर्भरता कम करे तथा घरेलू उत्पादन क्षमताओं को सुदृढ़ बनाए।

स्वदेशी आंदोलन के अंतर्गत विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और देशी वस्तुओं के उपयोग को प्रोत्साहन देने की नीति अपनाई गई, जिससे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके।

### 3. स्वदेशी के दार्शनिक एवं सांस्कृतिक आयाम

स्वदेशी केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक एवं सांस्कृतिक आत्मसम्मान से भी जुड़ा है। जब कोई समाज अपनी भाषा, परंपराओं, कला, विचारों और मूल्यों को आत्मनिर्भर रूप से संजोता है, तब वह बाहरी प्रभावों का सामना अधिक मजबूती से कर पाता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे चिंतकों ने स्वदेशी को अर्थ, संस्कृति, समाज एवं धर्म से जोड़कर देखा। उनके अनुसार स्वदेशी वह मार्ग है, जो संपूर्ण मानवता को ध्यान में रखते हुए समाज के विकास को प्रेरित करता है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

### 1. स्वदेशी आंदोलन की उत्पत्ति एवं कारण

स्वदेशी आंदोलन का आरंभ मुख्यतः 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में हुआ। अंग्रेजों द्वारा बंगाल को हिंदू–मुस्लिम आधार पर विभाजित करने के निर्णय ने पूरे भारत में असंतोष की लहर उत्पन्न कर दी।

इसके विरोधस्वरूप विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार एवं देशी वस्तुओं के उपयोग का आह्वान किया गया। प्रारंभ में राजनीतिक नेताओं, बुद्धिजीवियों एवं जनता ने मिलकर इसे एक सामाजिक अभियान का स्वरूप दिया।

### 2. प्रमुख नेता एवं विधियाँ

लाल–बाल–पाल (लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, विपिन चंद्र पाल) ने स्वदेशी आंदोलन को उग्र दृष्टिकोण प्रदान किया।

रवींद्रनाथ टैगोर, सुरेन्द्रनाथ बनर्जी, घोष आदि नेताओं ने साहित्य, जनजागरण एवं शिक्षा के माध्यम से आंदोलन को आगे बढ़ाया।

प्रमुख रणनीतियाँ थीं—

- विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार
- खादी एवं ग्राम उद्योगों को प्रोत्साहन
- स्वदेशी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्थापना
- जनजागरण अभियान

### 3. प्रभाव एवं परिणाम

खादी और स्थानीय उद्योगों का पुनरुत्थान हुआ। भारतीय शिक्षा व्यवस्था एवं विचारधारा में परिवर्तन आया, क्योंकि जनता ने विदेशी शिक्षा संस्थानों से दूरी बनानी शुरू की। इस आंदोलन ने आगे चलकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की तथा जनता में आत्मविश्वास का संचार किया।

## राष्ट्रीय स्तर पर स्वदेशी का महत्व

### 1. आर्थिक स्वतंत्रता एवं आत्मनिर्भरता

स्वदेशी प्राथमिकता आर्थिक आत्मनिर्भरता की नींव है। यदि देश अपनी आवश्यक वस्तुएँ, कच्चा माल एवं तकनीकी उपकरण स्वयं निर्मित करे, तो विदेशी निर्भरता कम होती है तथा व्यापार घाटा भी नियंत्रित किया जा सकता है।

**उदाहरण:** 'मेक इन इंडिया' एवं उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजनाएँ।

### 2. रक्षा एवं सुरक्षा

रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी क्षमताओं का विकास राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वदेशी हथियार, उपकरण एवं मिसाइल प्रणालियाँ राजनीतिक स्वतंत्रता को भी सुदृढ़ करती हैं।

### 3. रोजगार सृजन एवं ग्रामीण विकास

स्वदेशी उत्पादन एवं स्थानीय उद्योगों के विस्तार से रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, विशेषकर ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में। इससे सामाजिक–आर्थिक असमानता कम की जा सकती है।

### 4. संस्कृति, पहचान एवं आत्मसम्मान

स्वदेशी केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गौरव एवं राष्ट्रीय पहचान का भी प्रतीक है। भाषा, साहित्य, कला एवं हस्तशिल्प का संरक्षण राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करता है।

### 5. निर्यात एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा

उच्च गुणवत्ता वाले स्वदेशी उत्पाद वैश्विक बाज़ार में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। नवाचार (Innovation) के माध्यम से भारत निर्यात बढ़ाकर विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है।

### 6. सतत विकास एवं स्थिरता

स्वदेशी विकास मॉडल अधिक सतत होता है, क्योंकि यह स्थानीय संसाधनों, पर्यावरण एवं सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखता है।

## समकालीन प्रासंगिकता : स्वदेशी 2.0

### 1. आत्मनिर्भर भारत अभियान

2020 के बाद 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के माध्यम से स्वदेशी को रणनीतिक स्तंभ के रूप में अपनाया गया। 'वोकल फॉर लोकल' इसी का उदाहरण है।

### 2. तकनीकी एवं डिजिटल स्वदेशी

आज स्वदेशी केवल भौतिक वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सॉफ्टवेयर, डिजिटल प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), सेमीकंडक्टर आदि क्षेत्रों में भी आवश्यक है।

### 3. वैश्वीकरण : चुनौती एवं अवसर

स्वदेशी का आधुनिक स्वरूप वैश्वीकरण को अस्वीकार नहीं करता, बल्कि उसे अपनी शर्तों पर अपनाने की बात करता है।

### 4. आपदा एवं संकट काल में स्वदेशी

कोविड–19 महामारी ने स्पष्ट किया कि विदेशी आपूर्ति श्रृंखलाएँ बाधित हो सकती हैं। ऐसे में स्वदेशी निर्माण एवं आत्मनिर्भरता ही वास्तविक शक्ति बनती है।

## चुनौतियाँ एवं बाधाएँ

1. तकनीकी एवं नवाचार की कमी
2. पूँजी एवं वित्तीय संसाधनों का अभाव
3. उपभोक्ता व्यवहार एवं विदेशी उत्पादों की प्राथमिकता
4. आयात प्रतिबंधों से व्यापार तनाव
5. आधारभूत संरचना की कमी

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

6. गुणवत्ता एवं ब्रांडिंग की चुनौती

## रणनीतियाँ एवं सुझाव

1. नवाचार एवं अनुसंधान (R&D) को बढ़ावा
2. प्रभावी नीतियाँ एवं आर्थिक प्रोत्साहन
3. जनजागरण एवं उपभोक्ता सहभागिता
4. गुणवत्ता, ब्रांडिंग एवं विपणन
5. वैश्विक सहयोग के साथ आत्मनिर्भरता
6. पर्यावरणीय स्थिरता

## निष्कर्ष

स्वदेशी एक बहुआयामी एवं समृद्ध विचारधारा है, जो आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय गौरव, आर्थिक स्वतंत्रता एवं सामाजिक समरसता का आधार बन सकती है। भारत जैसे विशाल एवं विविधतापूर्ण देश में स्वदेशी केवल भावनात्मक अपील नहीं, बल्कि एक व्यावहारिक रणनीति है।

इतिहास साक्षी है कि स्वदेशी आंदोलन ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। आज आवश्यकता है स्वदेशी 2.0 के माध्यम से इसे आधुनिक संदर्भ में विकसित करने की। यदि नीति, उद्योग और जनता मिलकर प्रयास करें, तो स्वदेशी को राष्ट्र–निर्माण का सशक्त माध्यम बनाया जा सकता है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. गांधी, महात्मा — *हिंद स्वराज*
2. लोहिया, डॉ. राममनोहर — *स्वदेशी और आत्मनिर्भरता*
3. नेगी, प्रो. जे.एस. — *भारतीय अर्थव्यवस्था और स्वदेशी*
4. भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) — वेबसाइट
5. *इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली* (EPW)

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "जैविक कृषि और पर्यावरण संतुलन: एक शोध परक अध्ययन"

**डॉ. एम.एस मोरे**

सहायक प्राध्यापक, प्राणीशस्त्र

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद भीमा नायक

शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी

सारांश

*वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे दूषित खाद्य पदार्थ के प्रभावस्वरूप विभिन्न प्रकार की उत्पन्न होने वाली नयी बिमारीयों से "जैविक खेती" की महत्ता राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक उत्कृष्ट उत्पाद के रूप में इसकी पहचान तथा इसके बढ़ते महत्व का प्रतीक है। पिछले दो दशकों में, विश्व समुदाय में खाद्य गुणवत्ता सुनिश्चित करने और पर्यावरण को स्वस्थ रखने के लिए जागरूकता बढ़ाई गई है। प्रस्तुत पत्र में, जैविक कृषि के पर्यावरणीय महत्व का भौगोलिक अध्ययन किया गया है। आज की जैविक खेती की परिकल्पना मीठे आपसी लाभ और पृथ्वी, मानव और पर्यावरण के बीच दीर्घायु संबंधों की अवधारणा के आधार पर की गई है। समय की बदलती प्रकृति के साथ, जैविक खेती अपने शुरुआती कल की तुलना में अधिक जटिल हो गई है और कई नए आयाम अब इसके प्रमुख भाग हैं। कई किसान भाईयों और संस्थानों ने उत्पादन के इस तरीके को समान रूप से क्षमा करने वाला पाया है। जैविक खेती करने वाले प्रदाताओं को भरोसा है कि इस विधा से न केवल स्वस्थ पर्यावरण, उपयुक्त उत्पादको और प्रदूषण रहित भोजन को बढावा मिलेगा, बल्कि इससे ग्रामीण विकास की एक नई आत्मनिर्भर प्रक्रिया भी शुरू होगी। शुरुआती झिझक के बाद, जैविक खेती अब विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रही है और भविष्य में आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण सुरक्षा के नए आयाम सुनिश्चित कर रही है। यद्यपि प्रारंभिक काल से जैविक खेती के कई रूपों का अभ्यास किया गया है, आधुनिक जैविक खेती मौलिक रूप से भिन्न है। स्वस्थ और स्थायी वातावरण के साथ स्वस्थ मानव, स्वस्थ मिट्टी और स्वस्थ भोजन के लिए संवेदनशील इसके प्रमुख पहलू है।*

*मुख्य शब्दः– जैविक खेती के सिद्धांत, जैविक खेती के लाभ, जैविक खेती की तकनीक, जैविक खेती के तरीके, जैविक कृषि से पर्यावरण लाभ, जैविक कृषि के नुकसान और जैविक खेती की सीमाएं।*

## जैविक खेती

जैविक खेती फसल और पशुधन उत्पादन की एक विधि है जिसमें कीटनाशक, उर्वरक, आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव, एंटीबायोटिक्स और वृद्धि हार्मोन का उपयोग नहीं किया जाता है। जैविक उत्पादन एक समय प्रणाली है जिसे कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर विविध समुदायों की उत्पादकता और फिटनेस को अनुकूलित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें मिट्टी के जीव, पौधे, पशुधन और लोग शामिल है। जैविक उत्पादन का मुख्य लक्ष्य ऐसे उद्यमों का विकास करना है जो पर्यावरण के साथ टिकाऊ और सामंजस्यपूर्ण हों।

जैविक खेती से फसल सड़ने और फसल के उपयोग को बढ़ावा मिलता है, और संतुलित मेजबान ६ शिकारी संबंधों को बढ़ावा मिलता है। खेत पर उत्पन्न जैविक अवशेषों और पोषक तत्वों को वापस मिट्टी में पुनर्नवीनीकरण किया जाता है। मिट्टी की जैविक सामग्री और उर्वरता बनाए रखने के लिए कवर फसलों और खाद का उपयोग किया जाता है। निवारक कीट और रोग नियंत्रण विधियों का अभ्यास किया जाता है, जिसमें फसल चक्रण, उन्नत आनुवंशिकी और प्रतिरोधी किस्में शामिल हैं। एकीकृत कीट और खरपतवार प्रबंधन, और मृदा संरक्षण प्रणाली एक जैविक खेत पर मूल्यवान उपकरण हैं। जैविक रूप से स्वीकृत कीटनाशकों में ''प्राकृतिक'' या जैविक मानक अनुज्ञा पदार्थ सूची (पीएसएल) में शामिल अन्य कीट प्रबंधन उत्पाद शामिल है।

## उद्देश्य

शोध पत्र के उद्देश्य निम्न प्रकार हैं।

1. जैविक कृषि पर पर्यावरणीय महत्व का भौगोलिक अध्ययन किया गया है।
2. जैविक कृषि की तकनीकी का अध्ययन किया गया है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

3. जैविक कृषि के लाभ एवं सीमाओं का अध्ययन किया गया है।

## परिकल्पना

1. जैविक कृषि पर्यावरण के अनुकूल है।
2. कृषि क्षेत्र में पर्यावरणीय समस्याओं में निरन्तर वृद्धि हो रही है।
3. जैविक कृषि के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

अध्ययन विधि. प्रस्तुत शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीयक आकड़ो का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक आकड़ो के संकलन प्रश्नावली अनुसूची, साक्षात्कार, व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से किया गया है। द्वितीयक आकड़ो को विभिन्न पत्र पत्रिकाओं, समाचार पत्र एवं विभिन्न वेबसाइट एवं पुस्तकों के माध्यम माध्यम से प्राप्त किया गया है। इस अध्ययन की प्रकृति वैज्ञानिक अध्ययन पद्धति पर आधारित है।

जैविक खेती के सिद्धांत. कार्बनिक मानक आम तौर पर आनुवंशिक इंजीनियरिंग और पशु क्लोनिंग, सिंथेटिक कीटनाशक, सिंथेटिक उर्वरकों, सीवेज कीचड़, सिथेटिक दवाओं, सिंथेटिक खाद्य प्रसंस्करण एड्स और सामग्री और विकिरण उत्पादो को प्रतिबंधित करते हैं। प्रमाणित जैविक उत्पादों की कटाई से पहले कम से कम तीन साल के लिए प्रमाणित जैविक खेतों पर निषिद्ध उत्पादों और प्रथाओं का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। पशुधन को व्यवस्थित रूप से उठाया जाना चाहिए और 100 प्रतिशत जैविक भोजन के साथ खिलाया जाना चाहिए। जैविक खेती कई चुनौतियां प्रस्तुत करती है। कुछ फसले अन्य की तुलना में व्यवस्थित रूप से विकसित होने के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण हैंय हालांकि, लगभग हर चीज को व्यवस्थित रूप से उत्पादित किया जा सकता है।

## जैविक कृषि के सामान्य सिद्धांत

1. पर्यावरण की रक्षा, मिट्टी के क्षरण और क्षरण को कम करना, प्रदूषण को कम करना, जैविक उत्पादकता को अनुकूलित करना और स्वास्थ्य की सुदृढ स्थिति को बढ़ावा देना।
2. मिट्टी के भीतर जैविक गतिविधि के लिए परिस्थितियों का अनुकूलन करके दीर्घकालिक मिट्टी की उर्वरता बनाए रखें।
3. प्रणाली के भीतर जैविक विविधता को बनाए रखना।
4. रीसायकल सामग्री और संसाधन उद्यम के भीतर संभव सबसे बड़ी सीमा तक
5. चैकस देखभाल प्रदान करे जो स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है, और पशुधन की व्यवहार संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करती है।
6. जैविक उत्पादों की तैयारी, उत्पादन के सभी चरणों में जैविक अखंडता और उत्पादों के महत्वपूर्ण गुणो को बनाए रखने के लिए सावधानीपूर्वक प्रसंस्करण और हैंडलिंग तरीकों पर जोर देना।
7. स्थानीय रूप से संगठित कृषि प्रणालियों में अक्षय संसाधनों पर भरोसा करें।

## जैविक खेती के लाभ

1. यह प्रदूषण के स्तर को कम करके पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है।
2. यह उत्पाद में अवशेषो के स्तर को कम करके मानव और पशु स्वास्थ्य खतरों को कम करता है।
3. यह कृषि उत्पादन को स्थायी स्तर पर बनाए रखने में मदद करता है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

4. यह कृषि उत्पादन की लागत को कम करता है और मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार करता

5 यह अल्पावधि लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करता है और भविष्य की पीढ़ी के लिए उन्हे सरक्षित करने में मदद करता है।

6. यह न केवल पशु और मशीन दोनों के लिए ऊर्जा की बचत को कम करता है, बल्कि फसल की विफलता के जोखिम को भी कम करता है।

7 यह मिट्टी दानेदार बनाना, अच्छा तिलक, अच्छा वातन, आसान जड प्रवेश और जल धारण क्षमता जैसे भौतिक गुण में सुधार करती है और कटाव को कम करती है।

8. यह मृदा पोषक तत्वों की आपूर्ति जैसे मिट्टी के पोषक तत्वों की आपूर्ति और अवधारण में सुधार करता है, जल निकाय और पर्यावरण में पोषक तत्वों की कमी को कम करता है और अनुकूल रासायनिक प्रतिक्रियाओ को बढावा देता है।

## जैविक खेती की तकनीक

1. फसलः यह एक ही क्षेत्र में, अलग–अलग मौसमों के अनुसार, एक ही क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की फसलों को उगाने की तकनीक है।

2. पेड–पौधों की खादः– यह मिट्टी में बदल जाने वाले पौधों को संदर्भित करता है जो मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए पोषक तत्व के रूप में कार्य कर सकते हैं।

3. जैविक कीट नियंत्रणः– इस पद्धति के साथ, हम रसायनों के उपयोग के साथ या बिना कीटों को नियंत्रित करने के लिए जीवित जीवों का उपयोग करते हैं।

4. खादः–पोषक तत्वों से भरपूर, यह एक पुनर्नवीनीकरण कार्बनिक पदार्थ है जिसका उपयोग कृषि फार्मों में उर्वरक के रूप में किया जाता है।

## जैविक खेती के तरीके

1. **मृदा प्रबंधनः** फसलों की खेती के बाद, मिट्टी अपने पोषक तत्वों और इसकी गुणवत्ता को समाप्त कर देती है। मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए जैविक कृषि प्राकृतिक तरीकों का उपयोग करती है। इसलिए, यह उन बैक्टीरिया के उपयोग पर केंद्रित है जो पशु अपशिष्ट में मौजूद हैं। बैक्टीरिया मिट्टी के पोषक तत्वों को अधिक उत्पादक और उपजाऊ बनाने में मदद करता है।

2. **खरपतवार प्रबधनः** खरपतवार कृषि क्षेत्रों में उगने वाला एक अवांछित पौधा है। जैविक कृषि खरपतवार को कम करने और इसे पूरी तरह से हटाने पर केंद्रित है। है। दो सबसे व्यापक रूप से प्रयुक्त खरपतवार प्रबंधन तकनीके है:–

शमन एक प्रक्रिया जहां हम खरपतवार की वृद्धि को रोकने के लिए मिट्टी की सतह पर प्लास्टिक की फिल्मों या पौधों के अवशेषों का उपयोग करते हैं।

घास काटनाः.जहां खरपतवार हटाने से शीर्ष विकास होता है।

3. **फसल विविधता** मोनोकल्चर कृषि क्षेत्रों में उपयोग की जाने वाली एक प्रथा है जहां हम किसी विशेष स्थान पर केवल एक प्रकार की फसल काटते हैं और खेती करते हैं। हाल ही में, पॉलीकल्चर अस्तित्व में आया है, जहां हम फसलों की कटाई और खेती करते हैं। बढ़ती फसल की मांग को पूरा करने और आवश्यक मिट्टी के सूक्ष्मजीवों का उत्पादन करने के लिए।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

4. **अन्य जीवों पर नियंत्रणः** कृषि फार्मों में उपयोगी और हानिकारक जीव होते हैं जो खेत को प्रभावित करते हैं। इसलिए, हमें मिट्टी और फसलों की रक्षा के लिए ऐसे जीवों के विकास को नियंत्रित करने की आवश्यकता है। हम ऐसा जड़ी–बूटियों और कीटनाशकों का उपयोग करके कर सकते हैं जिनमें कम रसायन होते हैं या प्राकृतिक होते हैं।

5. **कीट प्रबंधनः** जैविक खेती में, कीटों (जहां और जब) की उपस्थिति का अनुमान लगाया जाता है और तदनुसार रोपण शेड्यूल और स्थानों को गंभीर कीट समस्याओं से बचने के लिए यथासंभव समायोजित किया जाता है। हानिकारक कीडों का मुकाबला करने के लिए मुख्य रणनीति लाभकारी कीड़ों की आबादी बनाना है, जिनके लार्वा कीड़े के अंडे खाते हैं। लाभकारी कीड़ों की आबादी बनाने की कुंजी फूलों के पौधों के मिश्रण के साथ लगाए गए खेतों के आसपास की सीमाओं (मेजबान फसलों) को स्थापित करना है जो विशेष रूप से लाभकारी कीड़ों का पक्ष लेते हैं। लाभकारी कीड़ों को समय–समय पर खेतों में छोड़ा जाता है, जहां मेजबान फसलें उनके घरेलू आधार के रूप में काम करती हैं। और समय के साथ अधिक लाभकारी कीटों को आकर्षित करती हैं। जब कीट के प्रकोप का सामना करना पड़ता है जो लाभकारी कीटों द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, तो प्राकृतिक या अन्य व्यवस्थित रूप से अनुमोदित कीटनाशक जैसे कि नीम कीटनाशक का उपयोग किया जाता है। अनुमत जैविक कीटनाशकों के लिए दो सबसे महत्वपूर्ण मानदंड लोगों और अन्य जानवरों के लिए कम विषाक्तता है, और पर्यावरण में कम दृढ़ता है।

**जैविक खेती में रोग प्रबंधन:**

पौधों की बीमारियाँ फसल उपज में कमी और जैविक और कम इनपुट उत्पादन प्रणालियों में गुणवत्ता के लिए प्रमुख बाधाएं हैं। मैक्रो और माइक्रोन्यूट्रिएंट की बेहतर आपूर्ति और फसल रोटेशन को अपनाने के माध्यम से फसलों के लिए उचित प्रजनन प्रबंधन ने कुछ बीमारियों के लिए फसलों के प्रतिरोध में सुधार किया है। इस प्रकार जैविक खेती का सबसे बड़ा इनाम स्वस्थ मिट्टी है जो लाभकारी जीवों के साथ जीवित है। ये स्वस्थ कीटाणुओं, कवक और बैक्टीरिया हानिकारक बैक्टीरिया और कवक को बनाए रखते हैं जो जांच में बीमारी का कारण बनते हैं।

जैविक खेती से पर्यावरणीय लाभ. पर्यावरण में देखे गए कई परिवर्तन दीर्घकालिक है, जो समय के साथ धीरे–धीरे होते हैं जैविक कृषि कृषि पारिस्थितिकी तंत्र पर कृषि हस्तक्षेपों के मध्यम और दीर्घकालिक प्रभाव पर विचार करती है। इसका उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता या कीट समस्याओं को रोकने के लिए पारिस्थितिक संतुलन स्थापित करते हुए भोजन का उत्पादन करना है। जैविक कृषि उभरने के बाद समस्याओं के इलाज के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण लेती है।

**जैविक कृषि और मृदा संसाधन:** मृदा निर्माण प्रथाएं जैसे फसल सड़ना, अंतर फसल, सहजीवी संघ, आवरण फसलें, जैविक उर्वरक और न्यूनतम जुताई, जैविक प्रथाओं के लिए केंद्रीय है। पोषक तत्वों और ऊर्जा के चक्रण से पोषक तत्वों और पानी के लिए मिट्टी की अवधारणात्मक क्षमता बढ़ जाती है, जो खनिज उर्वरकों के गैर उपयोग के लिए क्षतिपूर्ति करती है। इस तरह की प्रबंधन तकनीक मिट्टी के कटाव नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मिट्टी के कटाव के संपर्क में आने की अवधि कम हो जाती है, मिट्टी की जैव विविधता बढ़ जाती है और पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, जिससे मिट्टी की उत्पादकता को बनाए रखने और बढ़ाने में मदद मिलती है।

**जैविक कृषि और जल संसाधन:** कई कृषि क्षेत्रों में, सिंथेटिक उर्वरकों और कीटनाशकों के साथ भूजल पाठ्यक्रमों का दूषित होना एक बड़ी समस्या है। क्योकि उनका उपयोग जैविक कृषि में निषिद्ध है, उन्हें जैव उर्वरकों (जैसे खाद, पशु खाद, हरी खाद)

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है और अधिक जैव विविधता (प्रजातियों और लुप्तप्राय प्रजातियों के संदर्भ में) के उपयोग के माध्यम से मिट्टी की संरचना और पानी को बढाता है घुसपैठ पोषक तत्वों की प्रतिगामी क्षमताओं के साथ अच्छी तरह से प्रबंधित जैविक प्रणाली भूजल संदूषण के जोखिम को बहुत कम करती है।

**जैविक कृषि और जलवायु परिवर्तन:** जैविक कृषि गैर–नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को कम करके एग्रोकेमिकल आवश्यकताओं को कम करती है (इनमें जीवाश्म ईंधन की उच्च मात्रा का उत्पादन करना पड़ता है)। जैविक कृषि मिट्टी में सिस्टार कार्बन की क्षमता के माध्यम से ग्रीनहाउस प्रभाव और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में योगदान देती है। मिट्टी में कार्बन वापसी बढ़ाएँ, उत्पादकता बढ़ाएँ और कार्बन भंडारण का पक्ष लें। मिट्टी में जितना अधिक कार्बन बरकरार रखा जाता है, उतनी ही जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कृषि की शमन क्षमता अधिक होती है।

**जैविक कृषि और जैव विविधता:** जैविक किसान सभी स्तरों पर जैव विविधता के रक्षक और उपयोगकर्ता हैं। जीन स्तर पर, पारंपरिक और अनुकूलित बीज और नस्लो को रोगों के अधिक प्रतिरोध और जलवायु तनाव के प्रति उनकी लचीलापन के लिए पसंद किया जाता है। प्रजातियों के स्तर पर, पौधों और जानवरों के विविध संयोजन कृषि उत्पादन के लिए पोषक तत्व और ऊर्जा चक्र का अनुकूलन करते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र के स्तर पर, जैविक क्षेत्रों के भीतर और आसपास के प्राकृ तिक क्षेत्रों के रखरखाव और रासायनिक आदानों की अनुपस्थिति इसे वन्यजीवों के लिए एक उपयुक्त निवास स्थान बनाती है।

**जैविक खेती के नुकसानः**.उत्पादन लागत एक उच्च त्रुटि है क्योंकि किसानों को अधिक श्रमिकों की आवश्यकता होती है। जैविक भोजन अधिक महंगा है क्योंकि किसान अपनी जमीन से उतना बाहर नहीं निकलते हैं जितना कि पारंपरिक किसान करते हैं। जैविक खेती से इतना अधिक उत्पादन नहीं हो सकता है कि दुनिया की आबादी को जीवित रहना पड़े।

जैविक खेती की सीमाए. शुष्क भूमि में, भारत में खेती वाले क्षेत्र का 65च, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अनुप्रयोग हमेशा कम होता है। इसलिए ये क्षेत्र कम से कम अपेक्षाकृत कार्बनिक या जैविक रूप से डिफॉल्ट हैं और इन जमीनों के एक हिस्से को बेहतर पैदावार रिटर्न प्रदान करने के लिए आसानी से एक कार्बनिक में परिवर्तित किया जा सकता है। उत्तरांचल और कुछ अन्य राज्य सरकारों ने पहले ही अपने राज्यों को ष्जैविकष् राज्यों के रूप में घोषित किया है और बासमती निर्यात क्षेत्र जैसे विशेष निर्यात क्षेत्र बनाए है। उत्तर पूर्वी राज्यों और अन्य राज्यों के एक बड़े क्षेत्र को ''जैविक उत्पादन क्षेत्रों के रूप में विकसित किया जा सकता है। जैविक खेती के साथ कुछ सीमाएँ है जैसे–

जैव उर्वरक प्रचुर मात्रा में उपलब्ध नहीं है और पौधों के पोषक तत्वों के आधार पर यह रासायनिक उर्वरकों की तुलना में अधिक महंगा हो सकता है यदि जैविक आदानों को खरीदा जाता है।

पहले कुछ वर्षो के दौरान जैविक खेती में उत्पादन में गिरावट आई है, इसलिए किसान को जैविक उपज के लिए प्रीमियम मूल्य दिया जाना चाहिए। जैविक उत्पादन, प्रसंस्करण, परिवहन और प्रमाणन आदि के लिए दिशानिर्देश आम भारतीय किसान की समझ से परे हैं।

जैविक उत्पादों का विपणन भी ठीक से नही किया जाता है। भारत में कई खेत हैं जो या तो रासायनिक रूप से प्रबंधित ६ खेती नहीं करते है या किसानों के विश्वास या अर्थशास्त्र के कारण विशुद्ध रूप से जैविक खेती में परिवर्तित हो गए हैं। लाख एकड़ जमीन पर खेती करने वाले इन हजारों किसानों को जैविक के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है, हालांकि वे हैं। उनकी उपज या तो खुले बाजार में परंपरागत रूप से उगाए गए उत्पादों के साथ या विशुद्ध रूप से सद्भावना के रूप में और चुनिंदा दुकानों

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

और नियमित रूप से विशेष बाजारों के माध्यम से जैविक रूप से जैविक रूप में बेची जाती है। ये किसान लागत के कारण प्रमाणीकरण के लिए कभी भी विकल्प नहीं चुन सकते है, साथ ही प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक व्यापक दस्तावेज भी शामिल हैं।

**निष्कर्षः**

पर्यावरण की चुनौतियों का सामना करने के लिए आज जैविक कृषि सबसे बड़ी जरूरत है। इस प्रकार की खेती के शुरुआती चरणों में, आर्थिक लाभ कम हो जाते हैं जिसके कारण किसान जैविक खेती के तरीके अपनाने से बचते हैं। लेकिन यह किसानों को ऐसी खेती के फायदों के बारे में जानकारी की कमी को दर्शाता है। सरकारी एजेंसियाँ और योजनाओं में इस कमी को दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए। इसके लिए, कृषक समुदाय को जैविक खेती की तकनीकों के बारे में सूचित किया जाना चाहिए ताकि वे पारंपरिक खेती के वैकल्पिक तरीको में विशेषज्ञता हासिल कर सकें। जैविक प्रणाली में सभी घटकों की सही मात्रा का उपयोग करके अधिकतम प्रबंधन कौशल प्राप्त करने के लिए अच्छे प्रबंधन कौशल की आवश्यकता होती है। इसलिए, किसानों के प्रबंधन यानी किसानों को लगातार संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। भारत में जैविक खेती की अपार संभावनाएं हैं, इसलिए खेती के जैविक तरीकों के प्रमाणन के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है।

**संदर्भ सूचीः**

1. बंसल पी सी (1987) भारत की कृषि समस्याओं का अध्ययन, नई दिल्ली।
2. सिह, जे, और ढिल्लो, एसएस (1982) एग्रीकल्चर जॉग्राफी।
3. पंचवर्षीय योजना आयोग हरियाणा, डॉ श्रीवास्तव एसएस (1790) का मसौदा।
4. हुसैन एम (2002) व्यवस्थित कृषि भूगोल ।
5. संसाधन भूगोल, डॉ राम कुमार गुर्जर एवं डॉ बी सी जाट, पंचशील प्रकाशन, जयपुर
6. कृषि भूगोल, बी एन सिंह, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश
7. कुमार, प्रमीला एवं श्री कमल शर्मा, कृषि भूगोल, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
8. पर्यावरण भूगोल, प्रोफेसर सविन्द्र सिंह, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद, उत्तरप्रदेश ।
9. जैव भूगोल, प्रो. सविन्द्र सिंह, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद, उत्तरप्रदेश।
10. पादप परिस्थितिकी, पादप भूगोल एवं जैव सांख्यिकी प्रो एन एल व्यास इत्यादि, हिमांशु पब्लिकेशन, उदयपुर, राजस्थान ।

IEARJ International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# “स्वदेशी से स्वावलंबन: विकसित भारत का आधार”

**डॉ. अनिल पाटीदार**

सहायक प्राध्यापक, इतिहास

शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बडवानी, मध्यप्रदेश

*सारांश*

***स्वदेशी और स्वावलंबन भारतीय चिंतन परंपरा के दो मूलभूत स्तंभ हैं, जिन पर एक समृद्ध, सशक्त और विकसित भारत की कल्पना आधारित है। यह लेख स्वदेशी की अवधारणा, उसके ऐतिहासिक, दार्शनिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक आयामों का विश्लेषण करता है। इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि किस प्रकार स्वदेशी से स्वावलंबन की प्रक्रिया विकसित भारत के निर्माण में आधारशिला सिद्ध हो सकती है।***

***स्वदेशी केवल वस्तुओं के उपभोग तक सीमित नहीं, बल्कि उत्पादन, तकनीक, शिक्षा, संस्कृति, प्रशासन और जीवनशैली से जुड़ा व्यापक विचार है। स्वावलंबन का तात्पर्य आत्मनिर्भरता से है, जिसमें व्यक्ति, समाज और राष्ट्र अपने संसाधनों, कौशल और क्षमताओं के आधार पर विकास की दिशा तय करता है।***

***लेख में महात्मा गांधी, दीनदयाल उपाध्याय, अरविंद घोष जैसे विचारकों के चिंतन, आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया और लोकल फॉर वोकल जैसी समकालीन पहलों का विश्लेषण किया गया है। निष्कर्ष यह है कि स्वदेशी आधारित स्वावलंबन ही विकसित भारत की स्थायी, समावेशी और आत्मगौरवपूर्ण विकास यात्रा का आधार बन सकता है।***

***मुख्य शब्द:– स्वदेशी, स्वावलंबन, आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, भारतीय अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक चेतना***

## 1. भूमिका

भारत की विकास यात्रा केवल आर्थिक आँकड़ों की वृद्धि की कहानी नहीं है, बल्कि यह सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता, नैतिक मूल्यों और आत्मगौरव की निरंतर साधना की प्रक्रिया रही है। प्राचीन भारत में ग्राम आधारित अर्थव्यवस्था, कुटीर उद्योग, स्वावलंबी समाज और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन की परंपरा विद्यमान थी।

औपनिवेशिक काल में विदेशी शासन ने इस स्वाभाविक विकास क्रम को बाधित किया, जिससे भारत आर्थिक, औद्योगिक और मानसिक रूप से परनिर्भर बनता चला गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि वह राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ–साथ आर्थिक और वैचारिक स्वतंत्रता भी सुनिश्चित करे।

इसी संदर्भ में ‘स्वदेशी से स्वावलंबन’ की अवधारणा विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला के रूप में उभरती है। स्वदेशी वह चेतना है जो अपने संसाधनों, श्रम, ज्ञान और संस्कृति के प्रति सम्मान सिखाती है, जबकि स्वावलंबन इसका व्यवहारिक रूप है।

## 2. अध्ययन के उद्देश्य

1. स्वदेशी एवं स्वावलंबन की अवधारणा का सैद्धांतिक विश्लेषण करना।
2. विकसित भारत के संदर्भ में स्वदेशी की भूमिका को स्पष्ट करना।
3. आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक क्षेत्रों में स्वावलंबन की संभावनाओं का अध्ययन करना।
4. स्वदेशी आधारित विकास मॉडल की प्रासंगिकता का मूल्यांकन करना।

## शोध परिकल्पना:

स्वदेशी से स्वावलंबन की प्रक्रिया भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सुदृढ़ और स्थायी आधार प्रदान कर सकती है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## शोध पद्धति:

वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध पद्धति का प्रयोग किया गया। द्वितीयक स्रोतों—पुस्तकें, शोध पत्रिकाएँ, सरकारी रिपोर्टें, नीति दस्तावेज और विश्वसनीय लेखों का उपयोग किया गया।

## 3. स्वदेशी की अवधारणा

स्वदेशी शब्द 'स्व' और 'देश' से बना है, जिसका अर्थ है अपने देश से संबंधित। व्यापक अर्थ में यह उन वस्तुओं, सेवाओं, विचारों और प्रणालियों से है जो देश की भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप हों।

महात्मा गांधी के अनुसार, स्वदेशी केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि विचार, शिक्षा और जीवन शैली तक विस्तृत है। आधुनिक संदर्भ में स्वदेशी स्थानीय उत्पादन, कुटीर उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा देता है।

## 4. स्वावलंबन की संकल्पना

स्वावलंबन का अर्थ है– स्वयं पर निर्भर होना। व्यक्ति और समाज अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बाहरी सहायता पर न्यूनतम निर्भरता रखते हैं।

- **राष्ट्रीय स्तर पर:** आर्थिक, तकनीकी, सैन्य, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता।
- **लक्ष्य:** अलगाववाद नहीं, बल्कि सशक्त वैश्विक सहभागिता।

## 5. भारतीय संदर्भ में स्वदेशी आंदोलन का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

- 1905 में बंग–भंग के विरोध में स्वदेशी आंदोलन ने राष्ट्रीय चेतना को नई दिशा दी।
- विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार और देशी उद्योगों का प्रोत्साहन स्वतंत्रता संग्राम को जनआंदोलन में बदल दिया।
- महात्मा गांधी ने चरखा और खादी के माध्यम से ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया।

## 6. स्वतंत्रता के बाद स्वदेशी और स्वावलंबन

- मिश्रित अर्थव्यवस्था, पंचवर्षीय योजनाएँ और वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयास।
- हरित और श्वेत क्रांति ने खाद्यान्न और दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की।
- 1991 के आर्थिक उदारीकरण और वैश्वीकरण ने विदेशी निर्भरता बढ़ाई, जिससे पुनः स्वदेशी और स्वावलंबन की आवश्यकता महसूस हुई।

## 7. विकसित भारत और स्वदेशी का वैचारिक संबंध

- विकसित भारत केवल आर्थिक समृद्धि नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन और आत्मगौरव का भी प्रतीक है।
- स्वदेशी मॉडल स्थानीय आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप होता है, अधिक समावेशी, टिकाऊ और दीर्घकालिक होता है।

## 8. आर्थिक विकास में स्वदेशी की भूमिका

**8.1 कृषि क्षेत्र:** पारंपरिक ज्ञान, जैविक खेती और स्थानीय बीज किसानों को आत्मनिर्भर बनाते हैं।

**8.2 उद्योग और लघु उद्यम:** कुटीर और लघु उद्योग रोजगार सृजन में सहायक।

**8.3 तकनीक और नवाचार:** अंतरिक्ष, रक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी में स्वदेशी प्रयास समाधान प्रदान करते हैं।

## 9. सामाजिक और सांस्कृतिक आयाम

- भाषा, कला, साहित्य, लोक परंपराएँ और जीवन मूल्य स्वदेशी संस्कृति के आधार हैं।
- ग्राम, कुटीर एवं लघु उद्योग ग्रामीण स्वावलंबन और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देते हैं।
- सांस्कृतिक स्वावलंबन राष्ट्रीय अस्मिता और चेतना को मजबूत करता है।

## 10. शिक्षा और स्वावलंबन

- शिक्षा स्वावलंबन का मूल आधार।
- भारतीय ज्ञान परंपरा—गुरु—शिष्य परंपरा, व्यावहारिक ज्ञान, कौशल शिक्षा।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: मातृभाषा, कौशल विकास, अनुसंधान और नवाचार पर बल।

## 11. आत्मनिर्भर भारत अभियान: समकालीन पहल

- 2020 में वैश्विक महामारी की पृष्ठभूमि में प्रारंभ।
- स्वदेशी उत्पादन, स्थानीय उद्यम और आयात निर्भरता कम करने का लक्ष्य।
- मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, लोकल फॉर वोकल जैसी योजनाएँ भी इस व्यापक दृष्टि का हिस्सा हैं।

## 12. स्वदेशी और ग्रामीण विकास

- ग्राम–केन्द्रित अर्थव्यवस्था, कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, हथकरघा, खादी और स्थानीय खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ ग्रामीण स्वावलंबन का आधार।
- पलायन रुकता है, सामाजिक संरचना सुदृढ़ होती है।

## 13. पर्यावरणीय सततता और स्वदेशी

- स्थानीय संसाधनों का संतुलित उपयोग, पारंपरिक जल–संरक्षण और स्वदेशी ऊर्जा स्रोत पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करते हैं।
- स्वदेशी उत्पाद टिकाऊ, कम प्रदूषणकारी और दीर्घकालिक उपयोग योग्य होते हैं।

## 14. वैश्वीकरण बनाम स्वदेशी

- वैश्वीकरण: प्रतिस्पर्धा बढ़ाता है, तकनीकी नवाचार बढ़ता है, पर स्थानीय उद्योगों पर दबाव बढ़ता है।
- स्वदेशी: स्थानीय संसाधनों और श्रम को प्राथमिकता, रोजगार सृजन और सामाजिक समावेशन बढ़ाता है।
- उद्देश्य: लाभ के साथ–साथ सामाजिक संतुलन, सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यावरणीय सततता।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## 15. चुनौतियाँ और संभावनाएँ

**चुनौतियाँ:** – वैश्विक प्रतिस्पर्धा, तकनीकी अंतर, पूंजी की कमी, विदेशी वस्तुओं की ओर झुकाव।

**संभावनाएँ:–** विशाल मानव संसाधन, युवा शक्ति, प्राकृतिक संपदा, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत।

## 16. निष्कर्ष

स्वदेशी से स्वावलंबन विकसित भारत का सबसे सशक्त और व्यवहारिक मार्ग है। यह मॉडल आर्थिक सशक्तता, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन सुनिश्चित करता है। नीति, शिक्षा, उद्योग और जनचेतना के स्तर पर स्वदेशी को अपनाने से भारत आत्मनिर्भर बनेगा और विश्व के लिए वैकल्पिक विकास मॉडल प्रस्तुत करेगा।

**स्वदेशी से स्वावलंबन केवल नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना है। यही चेतना विकसित भारत की स्थायी पहचान बनेगी।**

## संदर्भ सूची


1. गांधी, मोहनदास करमचंद. (1938). *हिंद स्वराज.* अहमदाबाद: नवजीवन प्रकाशन.
2. उपाध्याय, दीनदयाल. (1965). *एकात्म मानववाद.* नई दिल्ली: दीनदयाल शोध संस्थान.
3. अरविंद, श्री. (1998). *भारत का पुनर्जागरण.* पांडिचेरी: श्री अरविंद आश्रम प्रकाशन.
4. भारत सरकार. (2020). *आत्मनिर्भर भारत अभियान: दृष्टि एवं कार्ययोजना.* नई दिल्ली: प्रेस सूचना ब्यूरो.
5. भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय. (2020). *राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020.* नई दिल्ली: भारत सरकार.
6. सेन, अमर्त्य. (2000). *विकास का अर्थ.* नई दिल्ली: ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस.
7. मिश्रा, विद्यानिवास. (2012). *भारतीय संस्कृति और राष्ट्रबोध.* वाराणसी: भारतीय ज्ञानपीठ.
8. शर्मा, रामधारी सिंह 'दिनकर'. (2008). *संस्कृति के चार अध्याय.* नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन.
9. पांडेय, रामशंकर. (2015). *स्वदेशी आंदोलन का इतिहास.* लखनऊ: उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान.
10. शुक्ल, रामचंद्र. (2010). *भारतीय लोकजीवन और अर्थव्यवस्था.* इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन.
11. यादव, योगेंद्र. (2018). *लोकतंत्र और विकास.* नई दिल्ली: वाणी प्रकाशन.
12. कुमार, अरविंद. (2019). *ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर भारत.* जयपुर: रावत पब्लिकेशंस.
13. सिंह, सुरेंद्र. (2017). *भारतीय अर्थव्यवस्था: स्वदेशी परिप्रेक्ष्य.* नई दिल्ली: अटल प्रकाशन.

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "हस्तनिर्मित वस्तुएं एवं स्वदेशी का भाव जागरण"

**डॉ. सुनीता भायल**

सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान

शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी

*सारांश*

***भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर हस्तनिर्मित वस्तुओं में निहित है। ये वस्तुएं केवल उपयोगी उत्पाद नहीं बल्कि शिल्पकारों के परिश्रम, कौशल और परंपरा का जीवंत प्रतीक हैं। वैश्वीकरण और औद्योगिक उत्पादन के दबाव के कारण हस्तनिर्मित वस्तुओं का स्थान सीमित होता गया, परंतु उनकी सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रासंगिकता आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। स्वदेशी की अवधारणा, जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान का प्रतीक बनी, वर्तमान युग में 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियानों के माध्यम से पुनः जीवित हो रही है।***

***हस्तनिर्मित वस्तुएं ग्रामीण और कुटीर उद्योगों को सशक्त बनाती हैं, पर्यावरणीय दृष्टि से टिकाऊ हैं तथा लाखों कारीगरों को आजीविका प्रदान करती हैं। यह शोध–पत्र हस्तनिर्मित वस्तुओं के महत्व, स्वदेशी विचारधारा के ऐतिहासिक व समकालीन परिप्रेक्ष्य, उनकी चुनौतियों तथा संभावनाओं पर केंद्रित है। निष्कर्षतः स्पष्ट होता है कि यदि स्वदेशी भाव जागरण को व्यापक स्तर पर अपनाया जाए, तो भारत न केवल आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि सांस्कृतिक पहचान और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी अपनी विशिष्ट स्थिति स्थापित करेगा।***

## 1. परिचय

हस्तनिर्मित वस्तुएं भारतीय संस्कृति और सामाजिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रही हैं। प्राचीन भारतीय समाज में शिल्पकला, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों का विशेष महत्व था। मिट्टी, लकड़ी, धातु, रेशम, कपास और प्राकृतिक रंगों से निर्मित ये वस्तुएं न केवल जीवनोपयोगी थीं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का भी प्रतीक थीं। उदाहरण स्वरूप, खादी वस्त्र, बांस और काष्ठ शिल्प, मृदभांड (मिट्टी के बर्तन), कालीन, जरी–जरदोजी और लोककला के अन्य उत्पाद भारतीय कला और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

### 1.1 ऐतिहासिक दृष्टिकोण

हस्तनिर्मित वस्तुओं का इतिहास सदियों पुराना है। वे न केवल घरेलू उपयोग के लिए निर्मित होती थीं, बल्कि व्यापार और निर्यात के माध्यम से भारत की समृद्धि में योगदान देती थीं। मध्यकालीन भारत में कुटीर उद्योग और शिल्पकारों का समाज में विशेष स्थान था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी ने खादी और स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से स्थानीय उत्पादन और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। गांधीजी का मानना था कि यदि प्रत्येक भारतीय स्थानीय उत्पादों का समर्थन करेगा, तो न केवल विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम होगी, बल्कि सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण भी होगा।

### 1.2 वर्तमान संदर्भ

आज के वैश्वीकरण और औद्योगिकीकरण के दौर में मशीन निर्मित वस्तुओं का प्रभुत्व बढ़ गया है। सस्ते और बड़े पैमाने पर उत्पादित वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उपभोग्य वस्तुएं बाजार में भरपूर उपलब्ध हैं। इसके परिणामस्वरूप हस्तनिर्मित वस्तुएं कई बार उपभोक्ताओं की प्राथमिकता में पीछे रह जाती हैं। इसके बावजूद, हस्तनिर्मित वस्तुएं अभी भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार हैं और लाखों कारीगरों के रोजगार का स्रोत बनी हुई हैं।

### 1.3 सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व

हस्तनिर्मित वस्तुएं केवल आर्थिक मूल्य नहीं रखतीं, बल्कि वे सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी हैं। ये उत्पाद प्रायः क्षेत्रीय विशेषताओं, परंपराओं और स्थानीय कला शैली को प्रकट करते हैं। प्रत्येक क्षेत्र की हस्तकला

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

उसकी पहचान और गौरव का स्रोत होती है। उदाहरण स्वरूप, राजस्थान के ब्लॉक प्रिंट, कश्मीर की पाश्मीना, उत्तर प्रदेश की चंदेरी और बिहार की मधुबनी पेंटिंग जैसी कला शैलियाँ स्थानीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती हैं।

### 1.4 स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का सम्बंध

स्वदेशी का अर्थ है अपने देश में निर्मित वस्तुओं का प्रयोग करना और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देना। हस्तनिर्मित वस्तुएं स्वदेशी आंदोलन का मुख्य आधार रही हैं। वर्तमान में "वोकल फॉर लोकल" और "मेक इन इंडिया" जैसे अभियान स्वदेशी वस्तुओं और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उपभोक्ताओं में स्थानीय उत्पादों के प्रति सम्मान और गर्व की भावना जागृत कर, ये अभियान कारीगरों की आजीविका सुरक्षित करने और भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं।

### 1.5 परिचय का सारांश

इस प्रकार, हस्तनिर्मित वस्तुएं और स्वदेशी भाव केवल ऐतिहासिक महत्व नहीं रखते, बल्कि आधुनिक समाज में आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। यह शोध–पत्र इसी प्रासंगिकता को उजागर करता है और वर्तमान संदर्भ में हस्तनिर्मित वस्तुओं के महत्व, उनके संरक्षण की आवश्यकता और स्वदेशी के भाव जागरण की संभावना पर प्रकाश डालता है।

## 2. हस्तनिर्मित वस्तुओं का महत्व

हस्तनिर्मित वस्तुएं केवल साधारण उत्पाद नहीं हैं ये भारतीय संस्कृति, परंपरा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रतीक हैं। इनका महत्व सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अत्यंत व्यापक है। इस खंड में हम इन्हें विस्तारपूर्वक समझेंगे।

### 2.1 आर्थिक महत्व

**ग्रामीण रोजगार का स्रोतः**

भारत में लाखों कारीगर और शिल्पकार हस्तनिर्मित वस्तुओं पर निर्भर हैं। ये वस्तुएं ग्रामीण और कुटीर उद्योगों को सक्रिय बनाए रखती हैं और गाँवों में स्वरोजगार का अवसर प्रदान करती हैं। उदाहरण स्वरूप, खादी वस्त्र, हस्तकरघा, मिट्टी के बर्तन और लकड़ीध्बांस शिल्प ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए मुख्य आधार हैं।

**आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का निर्माण:**

हस्तनिर्मित वस्तुएं स्थानीय उत्पादन और स्थानीय संसाधनों पर आधारित होती हैं। इनके उत्पादन और उपयोग से आय स्थानीय स्तर पर ही रहती है, जिससे बाहरी निर्भरता कम होती है और देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है।

**निर्यात और विदेशी मुद्रा अर्जनः**

भारतीय हस्तशिल्प उत्पाद वैश्विक बाजार में अत्यधिक मांग में हैं। पाश्मीना, मधुबनी पेंटिंग, चंदेरी और तांबे के बर्तन जैसी वस्तुएं विदेशों में निर्यात की जाती हैं। यह न केवल स्थानीय कारीगरों के लिए आर्थिक लाभ का साधन है, बल्कि देश के लिए भी विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## 2.2 **सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व.**

### **सांस्कृतिक पहचान का संरक्षणः**

प्रत्येक क्षेत्र की हस्तकला उस क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा होती है। उदाहरण स्वरूप, राजस्थान का ब्लॉक प्रिंट, गुजरात की काठवर्क और महाराष्ट्र की लोहे की शिल्पकला। ये वस्तुएं स्थानीय परंपराओं, रीति–रिवाज और लोककथाओं को जीवंत करती हैं।

सामाजिक समरसता और स्थानीय जुड़ावः

हस्तनिर्मित वस्तुओं का निर्माण अक्सर समुदाय आधारित होता है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक सहयोग, कौशल का आदान–प्रदान और पारिवारिक आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देता है।

शिल्पकारों का गौरव और राष्ट्रीय अस्मिताः स्वदेशी और हस्तनिर्मित उत्पादों का उपयोग न केवल कारीगरों की मेहनत और कौशल का सम्मान करता है, बल्कि उपभोक्ताओं में भी राष्ट्रीय गौरव और संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा करता है।

## 2.3 **पर्यावरणीय महत्व.**

### **सतत और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित उत्पादनः–**

हस्तनिर्मित वस्तुएं प्राकृतिक और स्थानीय संसाधनों जैसे मिट्टी, बांस, लकड़ी, रेशम, सूती धागा और जैविक रंगों पर आधारित होती हैं। यह उत्पादन पर्यावरण के अनुकूल होता है।

प्रदूषण रहित और टिकाऊ उत्पादः मशीन निर्मित वस्तुओं के विपरीत, हस्तनिर्मित वस्तुएं ऊर्जा–कुशल और कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाली होती हैं। यह सतत विकास और हरित अर्थव्यवस्था (Green Economy) में योगदान करती हैं।

## 2.4 **औद्योगिक और वैश्विक परिप्रेक्ष्य.**

हस्तनिर्मित वस्तुएं भारत को वैश्विक हस्तशिल्प बाजार में एक विशिष्ट पहचान देती हैं। इनकी गुणवत्ता, पारंपरिक डिजाइन और अनोखी शैली उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक बनाती हैं। सरकार और विभिन्न संस्थाएँ ई–कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से इन्हें वैश्विक बाजार में पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं।

## 3. **स्वदेशी का भाव जागरण.**

स्वदेशी का अर्थ है अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देना। यह केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता, सांस्कृतिक गौरव और आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है। स्वदेशी का भाव भारत के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम और आधुनिक विकास नीतियों में गहराई से जुड़ा हुआ है।

## 3.1 **ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य.**

- स्वदेशी आंदोलन (1905)
- बंगाल विभाजन (1905) के विरोध में प्रारंभ हुआ।
- भारतीय जनता ने विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर और स्थानीय उत्पादों को अपनाकर विरोध व्यक्त किया।
- यह आंदोलन राजनीतिक विरोध के साथ–साथआर्थिक आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गर्वका संदेश भी था।
- महात्मा गांधी और खादी आंदोलन

- गांधीजी ने स्वदेशी को आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता की भावना से जोड़कर प्रचारित किया।
- खादी और हस्तनिर्मित वस्त्र न केवल राष्ट्रीय प्रतीक बने, बल्कि ग्रामीण रोजगार और कुटीर उद्योगों को भी बढ़ावा दिया।
- उनका संदेश था कि यदि प्रत्येक भारतीय स्थानीय उत्पाद अपनाएगा, तो विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता समाप्त होगी और देश आत्मनिर्भर बनेगा।
- स्वदेशी का सांस्कृतिक और सामाजिक प्रभाव
- यह आंदोलन केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता तक सीमित नहीं था, बल्कि समाज मेंराष्ट्रीय एकता, सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक गौरवभी पैदा करता था।

### 3.2 आधुनिक परिप्रेक्ष्य

1. आधुनिक अभियान और पहल
   - भारत सरकार ने "वोकल फॉर लोकल" और "मेक इन इंडिया" जैसी पहलें शुरू की हैं।
   - इन नीतियों का उद्देश्य हैस्थानीय उत्पादों और कारीगरों को प्रोत्साहित करना, ग्रामीण रोजगार बढ़ाना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना।
2. डजिटल प्लेटफॉर्म और ई–कॉमर्स का योगदान
   - हस्तनिर्मित वस्तुएं अबऑनलाइन मार्केटप्लेसजैसे Amazon, Flipkart और स्वयंसेवी प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में उपलब्ध हैं।
   - डिजिटल माध्यम उपभोक्ताओं में स्थानीय उत्पादों के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना पैदा करता है।
3. आर्थिक और सामाजिक लाभ
   - स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से स्थानीय कारीगरों की आजीविका सुरक्षित रहती है।
   - ग्रामीण और कुटीर उद्योगों का विकास होता है।
   - उपभोक्ता में राष्ट्रीय गर्व और सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ता है।

### 3.3 चुनौतियाँ– उपभोक्ताओं में विदेशी वस्तुओं की लोकप्रियता।

1. ब्रांडिंग और विपणन की कमी के कारण स्थानीय उत्पादों की सीमित पहुंच।
2. कारीगरों की आर्थिक असुरक्षा और कौशल में कमी।
3. आधुनिक जीवनशैली में त्वरित, सस्ते और आसानी से उपलब्ध उत्पादों की प्राथमिकता।

### 3.4 समाधान और संभावनाएँ

1. सरकारी और निजी पहलें:
   - प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और विपणन के लिए योजनाएँ।
   - सहकारी समितियों और शिल्पकार संघों का सशक्तिकरण।
2. शिक्षा और जागरूकता:
   - स्कूल और कॉलेज स्तर पर स्वदेशी के महत्व पर पाठ्यक्रम।
   - सोशल मीडिया और डिजिटल अभियान के माध्यम से स्थानीय उत्पादों का प्रचार।

3. **वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धाः**

- ई–कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों के माध्यम से हस्तनिर्मित उत्पादों की पहुंच।
- "Made in India" और "Handmade in India" ब्रांडिंग से वैश्विक पहचान।

## 4. चुनौतियाँ

हस्तनिर्मित वस्तुएं और स्वदेशी भावना आधुनिक भारत में अत्यंत प्रासंगिक हैं, लेकिन इनके विकास और प्रसार में कईआर्थिक, सामाजिक, तकनीकी और संरचनात्मक बाधाएँहैं। इन चुनौतियों को समझना आवश्यक है ताकि प्रभावी रणनीतियाँ विकसित की जा सकें।

### 4.1 आर्थिक चुनौतियाँ

**मशीन–निर्मित उत्पादों से प्रतिस्पर्धाः**

सस्ते, बड़े पैमाने पर उत्पादित और मशीन निर्मित वस्त्र एवं उपभोग्य वस्तुएं स्थानीय हस्तनिर्मित उत्पादों के लिए प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा हैं। उपभोक्ता अक्सर कम कीमत और आसानी से उपलब्ध उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे हस्तनिर्मित वस्तुओं की मांग सीमित रहती है।

**कमी और असुरक्षा में निवेशः**

कारीगरों और छोटे उद्योगों के पास उत्पादन में उन्नत मशीनरी, उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री या वित्तीय संसाधनों का अभाव है। निवेश की कमी और वित्तीय असुरक्षा के कारण उत्पादन क्षमता सीमित होती है।

**निर्यात में बाधाएँः**

वैश्विक बाजार में निर्यात के लिए गुणवत्ता मानक, पैकेजिंग और ब्रांडिंग की आवश्यकताएँ पूरी करना कठिन होता है। कारीगरों और छोटे उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय विपणन नेटवर्क तक पहुँचने में कठिनाई होती है।

### 4.2 सामाजिक और सांस्कृतिक चुनौतियाँ (Social and Cultural Challenges)

**कारीगरों की सामाजिक स्थिति और कौशल में कमीः**

- कई ग्रामीण और परंपरागत कारीगर आर्थिक रूप से कमजोर और सामाजिक दृष्टि से अल्पसंख्यक हैं।
- कौशल का विकास या नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण उपलब्ध न होने के कारण उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम होती है।

1. **उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमीः**

- लोग अक्सर हस्तनिर्मित और स्वदेशी वस्तुओं केसांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्वसे अनजान रहते हैं।
- विदेशों से आयातित वस्तुएं अधिक लोकप्रिय होने के कारण स्थानीय उत्पादों का सम्मान कम होता है।

2. **सांस्कृतिक मान्यता और बदलावः**

- आधुनिक जीवनशैली और ग्लोबल फैशन के प्रभाव में युवा पीढ़ी स्थानीय कला और हस्तनिर्मित वस्तुओं की ओर आकर्षित नहीं होती।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

### 4.3 तकनीकी और विपणन संबंधी चुनौतियाँ

1. **अपर्याप्त विपणन और ब्रांडिंगः**
   - अधिकांश हस्तनिर्मित वस्तुएं स्थानीय बाजार या छोटे प्रदर्शनियों तक ही सीमित रहती हैं।
   - उचित ब्रांडिंग और विपणन की कमी के कारण उपभोक्ताओं तक उनकी पहचान नहीं पहुँच पाती।
2. **डिजिटल प्लेटफॉर्म का सीमित उपयोगः**
   - ऑनलाइन मार्केटप्लेस, सोशल मीडिया और ई–कॉमर्स का उपयोग कुछ ही कारीगर कर पाते हैं।
   - डिजिटल तकनीक और इंटरनेट प्रशिक्षण की कमी बड़ी चुनौती बनती है।
3. **उत्पादन तकनीक में सीमाएँः**
   - हस्तनिर्मित उत्पादन में समय अधिक लगता है।
   - मशीन–निर्मित उत्पादों की तुलना में उत्पादन कम होने के कारण बड़े पैमाने पर बिक्री करना कठिन होता है।

### 4.4 पर्यावरणीय और नीतिगत चुनौतियाँ. संसाधन और कच्चे माल की उपलब्धताः

- प्राकृतिक संसाधनों जैसे मिट्टी, लकड़ी, रेशम और बांस की सीमित उपलब्धता उत्पादन में बाधा उत्पन्न करती है।

1 **सरकारी नीतियों और योजनाओं का सीमित प्रभावः**

- कई योजनाएँ उपलब्ध हैं, लेकिन उन्हें ग्रामीण और छोटे कारीगरों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना चुनौतीपूर्ण है।
- योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक जानकारी और प्रशिक्षण की कमी।

## 5. समाधान एवं संभावनाएँ

हस्तनिर्मित वस्तुएं और स्वदेशी के भाव को सशक्त बनाने के लिए कईरणनीतिक, तकनीकी और सामाजिक उपायअपनाए जा सकते हैं। इन उपायों का उद्देश्य कारीगरों का सशक्तिकरण, स्थानीय उत्पादन का विकास, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ताओं में जागरूकता पैदा करना है।

### 5.1 आर्थिक और वित्तीय समाधान

**सरकारी वित्तीय सहायता और योजनाएँः**

- सूक्ष्म, लघु और कुटीर उद्योग मंत्रालय की योजनाओं के माध्यम से कारीगरों कोऋण, अनुदान और विपणन सहायता प्रदान करना।
- "राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास निगम (NHDC) जैसी संस्थाओं द्वारा आर्थिक सशक्तिकरण।

1 **सहकारी समितियाँ और समूह आधारित उत्पादनः**

- कारीगरों को सहकारी समितियों में संगठित करना ताकि उत्पादन लागत कम हो और विपणन सशक्त हो।
- सामूहिक प्रयास से बड़े पैमाने पर उत्पादन और ब्रांडिंग संभव होती है।

2 **निर्यात और वैश्विक बाजारः**

- +हस्तनिर्मित वस्तुओं के निर्यात हेतु मानक गुणवत्ता, पैकेजिंग और अंतरराष्ट्रीय प्रमाणीकरण सुनिश्चित करना।
- वैश्विक बाजार में "Made in India" और "Handmade in India" ब्रांडिंग द्वारा पहचान बढ़ाना।

## 5.2 सामाजिक और शैक्षणिक समाधान

1. **कारीगरों का कौशल विकासः**
   - प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएँ और आधुनिक तकनीक का परिचय।
   - युवा कारीगरों को स्थानीय कला में प्रशिक्षित करके परंपरा को आगे बढ़ाना।
2. **उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ानाः**
   - स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक केंद्रों में स्वदेशी और हस्तनिर्मित उत्पादों के महत्वपर शिक्षा।
   - डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के प्रति गर्व और जुड़ाव पैदा करना।
3. **सांस्कृतिक संरक्षणः**
   - क्षेत्रीय कला और परंपराओं को दस्तावेजित करना और राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में प्रदर्शित करना।
   - पर्यटन और सांस्कृतिक मेलों के माध्यम से स्थानीय हस्तशिल्प को प्रमोट करना।

## 5.3 तकनीकी और विपणन समाधान

**डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई–कॉमर्सः**

- कारीगरों को ऑनलाइन विपणन प्लेटफॉर्म का प्रशिक्षण।
- सोशल मीडिया, वेबसाइट और मोबाइल एप्स के माध्यम से उत्पादों की दृश्यता बढ़ाना।

1. **ब्रांडिंग और पैकेजिंग सुधारः**
   - उत्पादों के लिए पेशेवर पैकेजिंग और ब्रांडिंग।
   - गुणवत्ता और कहानी ; (Storytelling) के माध्यम से उपभोक्ताओं में भावनात्मक जुड़ाव।
2. **तकनीकी नवाचारः**
   - कारीगरों के लिए सरल और सस्ती तकनीकी उपकरण।
   - उत्पादन की गति और गुणवत्ता सुधारने के लिए स्थानीय और आधुनिक तकनीकों का मिश्रण।

## 5.4 पर्यावरणीय और स्थायित्व समाधान

**प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षणः**

- कच्चे माल जैसे बांस, लकड़ी, रेशम और मिट्टी के सतत उपयोग के लिए योजनाएँ।
- पर्यावरण–अनुकूल और जैविक रंगों का उपयोग।

1. **सतत उत्पादन और उपभोक्ता जागरूकताः**
   - टिकाऊ और प्रदूषण रहित उत्पादों को प्राथमिकता देना।
   - उपभोक्ताओं को जागरूक करना कि हस्तनिर्मित और स्थानीय उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होते हैं।

## 5.5 सरकारी और नीति सुधार.

1. **नीति निर्माणः**
   - स्थानीय हस्तशिल्प और स्वदेशी वस्तुओं के संरक्षण और विकास के लिए स्पष्ट नीतियाँ।

- कारीगरों के कल्याण, वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण को प्राथमिकता।

2. **नियामक ढांचा और प्रमाणीकरणः**

- हस्तनिर्मित वस्तुओं के लिए गुणवत्ता मानक और प्रमाणीकरण।
- अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय हस्तशिल्प की पहचान सुनिश्चित करना।

### 5.6 भविष्य की संभावनाएँ

- स्थानीय उत्पादन में वृद्धिः ग्रामीण और शहरी कारीगरों के लिए रोजगार सृजन।
- वैश्विक बाजार में पहचानः भारत के हस्तनिर्मित उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग।
- सांस्कृतिक और पर्यावरणीय संरक्षणः परंपरा और पर्यावरण के संरक्षण के साथ सतत विकास।
- स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारतः उपभोक्ताओं में गर्व और जुड़ाव से आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण।

## 6. निष्कर्ष

हस्तनिर्मित वस्तुएं और स्वदेशी भावना न केवल भारतीय सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं, बल्कि ये आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ये वस्तुएं स्थानीय कारीगरों के कौशल, परंपरा और मेहनत का प्रतीक हैं और ग्रामीण एवं कुटीर उद्योगों के लिए आजीविका का प्रमुख स्रोत बनती हैं। स्वदेशी का भाव अपनाने से उपभोक्ताओं में राष्ट्रीय गर्व और सांस्कृतिक जागरूकता उत्पन्न होती है, जबकि आर्थिक दृष्टि से यह ग्रामीण रोजगार सृजित करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद करता है। साथ ही, हस्तनिर्मित वस्तुएं प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण के अनुकूल होती हैं, जो टिकाऊ और प्रदूषण रहित उत्पादन के माध्यम से सतत विकास में योगदान देती हैं। वर्तमान वैश्वीकरण और औद्योगिकीकरण के दौर में मशीन–निर्मित उत्पादों की प्रतिस्पर्धा, कारीगरों की आर्थिक असुरक्षा और उपभोक्ताओं में विदेशी वस्तुओं की लोकप्रियता जैसी चुनौतियाँ मौजूद हैं, जिन्हें सरकारी योजनाओं, कौशल विकास, डिजिटल विपणन, ब्रांडिंग और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से प्रभावी ढंग से हल किया जा सकता है। यदि समाज, सरकार और उद्योग मिलकर स्थानीय और हस्तनिर्मित उत्पादों को बढ़ावा दें, तो न केवल भारत की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि वैश्विक स्तर पर उसकी सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान भी मजबूत होगी। अतः हस्तनिर्मित वस्तुएं और स्वदेशी का भाव जागरण केवल एक आर्थिक या व्यापारिक पहल नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय गर्व, सांस्कृतिक संरक्षण, सामाजिक समरसता और पर्यावरणीय संतुलन का प्रतीक है, जिसका व्यापक रूप से पालन करना आज के समय की आवश्यकता है।

## 7. संदर्भ


- गांधी, महात्मा। हिन्द स्वराज। (1910). भारत।
- शर्मा, रमेश। भारतीय हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग. नई दिल्लीः प्रकाशन गृह, 2018।
- भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय। हस्तशिल्प विकास वार्षिक रिपोर्ट, 2022।
- नीति आयोग, भारत सरकार। वोकल फॉर लोकल अभियान दस्तावेज, 2021।
- कुमार, राजीव। 'हस्तनिर्मित वस्तुएं और भारतीय अर्थव्यवस्था', भारतीय आर्थिक समीक्षा, खंड 56, अंक 4, 2021।
- सिंह, राजीव एवं गुप्ता, अजय। 'भारत में ग्रामीण विकास में हस्तनिर्मित उत्पादों की भूमिका', अंतरराष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका, 8(2), 45–60, 2019।
- चट्टोपाध्याय, सुदीप।स्वदेशी आंदोलन और खादी आर्थिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण. कोलकाताः अकादमिक प्रेस, 2020।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459


- वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार। हस्तशिल्प एवं खादी उद्योग वार्षिक रिपोर्ट, 2022।
- त्रिपाठी, पंकज एवं मिश्रा, विनीत। 'वैश्वीकरण के युग में स्थानीय कारीगरों को बढ़ावा', ग्रामीण विकास अध्ययन पत्रिका, 12(3), 88–104, 2018।
- अग्रवाल, साक्षी। भारत के सतत हस्तशिल्प और सांस्कृतिक धरोहर. नई दिल्ली' हेरिटेज पब्लिकेशन, 2017।
- मेहता, रोहित। 'वोकल फॉर लोकलरू नीति कार्यान्वयन और चुनौतियाँ', भारतीय नीति अध्ययन पत्रिका, 6(1), 15–29, 2019।
- दास, अजय।हस्तकरघा और खादीः सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पर अध्ययन. जयपुरः राजस्थान विश्वविद्यालय प्रेस, 2018।
- रेड्डी, कृष्ण एवं राव, सुमित। 'सतत विकास में हस्तशिल्प की भूमिका', एशियाई सामाजिक विज्ञान पत्रिका, 14(2), 101–118, 2021।
- विश्व व्यापार संगठन।हस्तशिल्प और सांस्कृतिक उत्पादों का वैश्विक व्यापार, 2020।
- जैन, मनोज।भारत में कारीगरों के लिए डिजिटल विपणनः अवसर और चुनौतियाँ. मुंबईः डिजिटल लर्निंग प्रेस, 2022।

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "आत्मनिर्भर भारत का आधार–''स्वदेशी और स्वावलंबन"

**डॉ. अनामिका प्रजापति**
सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र
सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्याल
गंजबासौदा, जिला–विदिशा, मध्यप्रदेश

***शोध–सार***
*"स्वदेशी अपनाना आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का प्रतीक है।"*
*–राष्ट्रपिता महात्मा गांधी*
***स्वदेशी से स्वावलंबन एक अत्यंत प्रेरणादायक और राष्ट्रनिर्माण से जुड़ा हुआ विचार है, जो भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था और आत्मगौरव से गहराई से संबंधित है। महात्मा गांधी ने "स्वदेशी आंदोलन" के माध्यम से भारतवासियों को विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार कर देशी उद्योगों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा "स्वदेशी आत्मनिर्भरता की ओर पहला कदम है।" चरखा और खादी स्वदेशी के प्रतीक बन गए, जिनसे गाँव–गाँव में रोजगार उत्पन्न हुआ और आर्थिक स्वावलंबन की भावना मजबूत हुई।***
***जब हम स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करते हैं, तो हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। स्थानीय उद्योग और किसान आर्थिक रूप से सशक्त बनते हैं। इससे रोजगार बढ़ता है, विदेशी निर्भरता घटती है, और देश आत्मनिर्भर बनता है। यही कारण है कि स्वदेशी अपनाना = स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ाना है। उदाहरण भारतीय कपड़ा, हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को खरीदना। जैविक कृषि अपनाना और स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल करना।" खरीदें भारत में बने उत्पाद" अभियान (Make in India) में भाग लेना। स्वदेशी अपनाना केवल संस्कृति का सम्मान नहीं, बल्कि स्वावलंबन और देश की ताकत बढ़ाने का रास्ता भी है।***
***Key Word – स्वदेशी, स्वावलंबन, स्वदेशी आन्दोलन, सशक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत***

स्वदेशी का अर्थ है अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना, अपने देश के संसाधनों, श्रम और कौशल पर भरोसा करना। वृहद अर्थ में किसी भौगोलिक क्षेत्र में जन्मी, निर्मित या कल्पित वस्तुओं, नीतियों, विचारों को स्वदेशी कहते हैं, और स्वावलंबन का अर्थ है आत्मनिर्भर होना, दूसरों पर निर्भर न रहकर अपने बलबूते जीवनयापन और प्रगति करना। अपने संसाधनों, क्षमताओं और उत्पादों पर भरोसा करना। आर्थिक और सामाजिक रूप से स्वतंत्र होना। इस प्रकार, "स्वदेशी से स्वावलंबन" का अर्थ है जब हम स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करते हैं, तो देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, विदेशों पर निर्भरता कम होती है रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और समाज आत्मनिर्भर बनता है। यही सच्चा स्वावलंबन है।

वर्ष 1905 के बंग–भंग विरोधी जनजागरण से स्वदेशी आन्दोलन को बहुत बल मिला, यह 1911 तक चला और गाँधी जी के भारत में पदार्पण के पूर्व सभी सफल अन्दोलनों में से एक था। अरविन्द घोष, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, विनायक दामोदर सावरकर, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और लाला लाजपत राय स्वदेशी आन्दोलन के मुख्य उद्घोषक थे। आगे चलकर यही स्वदेशी आन्दोलन महात्मा गांधी के स्वतन्त्रता आन्दोलन का भी केन्द्र–बिन्दु बन गया। उन्होंने इसे ''स्वराज की आत्मा'' कहा। भारत में स्वदेशी का पहले–पहल नारा बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय ने वंगदर्शन के 1279 की भाद्र संख्या यानी 1872 ई. में ही विज्ञानसभा का प्रस्ताव रखते हुए दिया था। उन्होंने कहा था– ''जो विज्ञान स्वदेशी होने पर हमारा दास होता, वह विदेशी होने के कारण हमारा प्रभु बन बैठा है, हम लोग दिन ब दिन साधनहीन होते जा रहे हैं।''

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में परस्पर निर्भरता एक स्वाभाविक स्थिति है, लेकिन यह निर्भरता कभी भी बंधन या मजबूरी में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए। भारत को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा ताकि विदेशी निर्णयों और नीतियों पर हमारी नियंत्रण क्षमता सीमित न हो जाए। स्वदेशी का अर्थ यह नहीं है कि हम दुनिया से कट जाएं, बल्कि यह है कि हम अपनी शर्तों पर और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंध बनाएं। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी जिस आत्मनिर्भर

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

भारत का आह्वान कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है। यह संदेश देश की घरेलू क्षमताओं को सशक्त बनाने, आयात पर निर्भरता घटाने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ–साथ विकास की दिशा को व्यापक सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ता है, जिसमें महात्मा गांधी की 'स्वदेशी अपनाओ' और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 'अंत्योदय' की परिकल्पना स्पष्ट तौर पर समाहित है।

स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही नया भारत–सशक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है। यह समय की मांग है कि स्वदेशी और स्वावलंबन पर तब तक बल दिया जाए, जब तक वांछित सफलता न मिल जाए। जहां सरकार को स्वदेशी की राह को आसान करना होगा, वहीं समाज को सहयोग देने के लिए तत्पर रहना होगा। व्यापारिक साझेदारों पर निर्भरता लाचारी में नहीं बदलनी चाहिए। वास्तव में इस स्थिति से बचने का ही उपाय है स्वदेशी उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना। परंतु इस संदेश के साथ कई चुनौतियां और सीमाएं भी जुड़ी हुई हैं। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था इतनी आपस में गुँथी हुई है कि किसी भी देश का पूर्ण स्वावलंबन व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। अनेक तकनीकें और कच्चे माल अब भी हमें विदेशों से ही प्राप्त करने होते हैं। यदि स्वदेशी को बढ़ावा देने के नाम पर विदेशी व्यापार पर प्रतिबंध या अधिक शुल्क लगाए जाते हैं तो यह व्यापार युद्ध और आर्थिक तनाव को जन्म दे सकता है। इस संदेश की सफलता केवल भाषणों और भावनात्मक नारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि ठोस नीतियों, बजट, शोध और योजनाओं के आधार पर इसे अमल में लाना होगा।

सामाजिक दृष्टि से भी यह आवश्यक है कि स्वदेशी और स्वावलंबन का सपना तभी कारगर होगा जब इसे हर वर्ग, हर धर्म और हर क्षेत्र का साझा लक्ष्य बनाया जाएगा। नागरिकों की आदतों और व्यवहार में बदलाव लाना आसान नहीं है, लेकिन यदि यह बदलाव शिक्षा, प्रोत्साहन और जनचेतना के माध्यम से लाया जाए तो यह नारा समाज में गहरी जड़ें जमा सकता है। हमें अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति पर गर्व करना चाहिए, वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त होना चाहिए और विश्व के साथ संवाद स्थापित करते हुए भी अपनी स्वायत्तता को बनाए रखना चाहिए किंतु इसके लिए व्यावहारिक सोच और निरंतर समीक्षा की आवश्यकता है। आज विभिन्न देशों की परस्पर मित्रता का आधार अपने–अपने आर्थिक हित हैं। इन स्थितियों में सर्वोत्तम उपाय स्वदेशी को बल देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाना है।

आज के वैश्विक परिदृश्य में दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन–प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन–शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन–दर्शन दे सकता है। भारत के पास भौतिक विकास के साथ–साथ आध्यात्मिक समृद्धि की धरोहर है। यही धरोहर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्रदान करती है। स्वदेशी केवल आर्थिक स्वावलंबन ही नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम की जीवंत भावना है।

अपने देश में बनी वस्तुओं का उपयोग और विदेशी वस्तुओं का त्याग करना यह आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। महात्मा गांधी जी ने स्वदेशी को स्वतंत्रता आंदोलन का आधार बनाया और चरखा, खादी जैसे प्रतीकों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का संदेश दिया था । वर्तमान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश वासियों से आत्मनिर्भर भारत का आह्वान किया जिसके लिए उन्होंने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई और पिछले पांच वर्षों की अवधि में भारत में स्वदेशी के प्रति आत्मविश्वास, और नवाचार का अद्भुत उत्साह देखा जा रहा है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

जुलाई, सन 1903 की सरस्वती पत्रिका में 'स्वदेशी वस्त्र का स्वीकार' शीर्षक से एक कविता छपी। रचनाकार का नाम नहीं था किन्तु वर्ष भर के अंकों की सूची से ज्ञात होता है कि वह पत्रिका के सम्पादक महावीर प्रसाद द्विवेदी की रचना थी। कविता का कुछ अंश उद्धृत है–

**''स्वदेशी वस्त्र का स्वीकार कीजै,**
**विनय इतना हमारा मान लीजै।**
**शपथ करके विदेशी वस्त्रा त्यागोय**
**न जावो पास, उससे दूर भागो।**
**अरे भाई! अरे प्यारे! सुनो बात,**
**स्वदेशी वस्त्र से शोभित करो गात।**
**वृथा क्यों फूंकते हो देश का दाम,**
**करो मत और अपना नाम बदनाम!''**

**निष्कर्षतः**

स्वदेशी से स्वावलंबन भारतीय जीवन दर्शन का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है। यह सिद्धांत केवल आर्थिक नहीं, बल्कि आत्मगौरव और स्वतंत्रता का प्रतीक है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का "आत्मनिर्भर भारत" अभियान भी इसी विचार की आधुनिक अभिव्यक्ति है। यदि हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, तो ग्रामीण उद्योगों का विकास होगा, रोजगार बढ़ेगा और विदेशी निर्भरता घटेगी। स्वदेशी अपनाने का अर्थ केवल देशी वस्तुएँ खरीदना नहीं, बल्कि अपने देश की संस्कृति, परंपरा और मेहनतकश लोगों का सम्मान करना है। इसलिए हमें गर्व के साथ कहना चाहिए–

"स्वदेशी अपनाओ, स्वावलंबी बनो, और भारत को सशक्त बनाओ।"

## सन्दर्भ संकेत

1. https://www.newspuran.com/blogs/the-idea-of-%E2%80%8B%E2%80%8Bswadeshi-predates-the-birth-of-congress
2. https://hukmnamasamachar.com/story/swadeshi_and_self_reliance_are_te_basis_of_new_india
3. https://www.instagram.com/p/DPYiR-DEpfn/
4. https://hi.wikipedia.org/wiki/
5. प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा, ''अजेय भारत'' प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, वर्ष-2017
6. डाॅ. मोहन भागवत, ''यशस्वी भारत'' प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, वर्ष-2021

IEARJ
International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "जैविक कृषि एवं स्वदेशी तकनीक: एक अनुशीलन"

**कल्याण सिंह कनेल**

सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र

शासकीय महाविद्यालय धरमपुरी, जिला– धार (मध्य प्रदेश)

*शोध सारांश*

*जैविक कृषि एवं स्वदेशी तकनीक का अध्ययन वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र की स्थिरता, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। यह शोध इस बात का विश्लेषण करता है कि किस प्रकार पारंपरिक और स्वदेशी तकनीकों का समुचित उपयोग करके कृषि उत्पादन को अधिक टिकाऊ, पर्यावरण–सहज और आर्थिक दृष्टि से लाभकारी बनाया जा सकता है।*

*जैविक कृषि में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग न्यूनतम या शून्य स्तर पर होता है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, जल स्रोत प्रदूषण से मुक्त रहते हैं और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है।*

*शोध में यह भी अध्ययन किया गया है कि स्वदेशी तकनीक जैसे परंपरागत बीज संरक्षण, जैविक खाद, जल संचयन पद्धतियाँ, कम्पोस्टिंग, सौर ऊर्जा आधारित उपकरण और प्राकृतिक कीट नियंत्रण, कृषि में लागत कम करने और उत्पादन क्षमता बढ़ाने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।*

*पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक जैविक तकनीकों के समन्वय से किसानों को अधिक उत्पादक, लाभकारी और सतत कृषि प्रथाएँ अपनाने का मार्ग मिलता है। अध्ययन यह भी दर्शाता है कि जैविक कृषि एवं स्वदेशी तकनीक केवल उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये ग्रामीण समुदायों की सामाजिक और आर्थिक सशक्तता को बढ़ाने, स्थानीय कुटीर उद्योगों और बाजारों को विकसित करने तथा भारत की सांस्कृतिक और पर्यावरणीय धरोहर को संरक्षित करने में भी सहायक हैं।*

*इस शोध से यह स्पष्ट होता है कि यदि किसानों, शोधकर्ताओं और नीति–निर्माताओं के बीच सहयोग बढ़ाया जाए तो जैविक और स्वदेशी तकनीकें ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ–साथ राष्ट्रीय कृषि प्रणाली को भी सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।*

*अंततः यह शोध यह निष्कर्ष प्रस्तुत करता है कि जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक के संवर्धन से न केवल किसानों की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार संभव है, बल्कि यह पर्यावरणीय संतुलन, खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने का सशक्त माध्यम भी है। यह अध्ययन नीति–निर्माताओं, कृषि वैज्ञानिकों और ग्रामीण समुदायों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करेगा, जिससे जैविक और स्वदेशी कृषि प्रथाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार, संरक्षण और विकास सुनिश्चित किया जा सके।*

*शब्द कुंजी: –जैविक कृषि, स्वदेशी तकनीक, पारंपरिक बीज, जैविक उर्वरक, कम्पोस्टिंग, जल संचयन, प्राकृतिक कीट नियंत्रण, सतत कृषि, पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता, खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान सशक्तिकरण, कृषि नवाचार, स्थानीय कुटीर उद्योग, उत्पादन क्षमता, प्राकृतिक संसाधन, सतत विकास, सांस्कृतिक धरोहर, ग्रामीण समुदाय।*

## शोध के उद्देश्य

इस शोध का प्रमुख उद्देश्य यह अध्ययन करना है कि जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक के समन्वय से कृषि उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को किस प्रकार सशक्त बनाया जा सकता है।

शोध यह जानने का प्रयास करता है कि पारंपरिक और स्वदेशी तकनीकों जैसे प्राकृतिक कीट नियंत्रण, कम्पोस्टिंग, जल संचयन, और पारंपरिक बीज संरक्षण का उपयोग करके किसानों को उत्पादन लागत कम करने और टिकाऊ कृषि प्रथाओं को अपनाने में किस प्रकार सहायता मिल सकती है।

शोध का एक उद्देश्य यह भी है कि जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक से पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने, मिट्टी की उर्वरता और जल स्रोतों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में किस हद तक लाभ प्राप्त होता है।

इसके साथ ही, यह अध्ययन यह दर्शाने का प्रयास करता है कि स्वदेशी तकनीकें ग्रामीण समुदायों और कुटीर उद्योगों को सशक्त बनाने, स्थानीय रोजगार सृजन बढ़ाने और सामाजिक समरसता स्थापित करने में किस प्रकार योगदान कर सकती हैं। अंततः, इस शोध का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक का संवर्धन न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी है बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

यह अध्ययन किसानों, नीति–निर्माताओं और कृषि वैज्ञानिकों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करेगा, जिससे जैविक और स्वदेशी कृषि प्रथाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार, संरक्षण और विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## शोध प्रविधि

इस शोध में जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक के प्रभाव और प्रचार–प्रसार का अध्ययन करने के लिए **मिश्रित शोध पद्धति (Mixed Method)** का उपयोग किया गया है। इसमें गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों दृष्टिकोणों को सम्मिलित किया गयाहै।

गुणात्मक अध्ययन के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों, कृषि समुदायों और कुटीर उद्योगों में किसानों, विशेषज्ञों और तकनीकी सलाहकारों के साथ **साक्षात्कार, फोकस ग्रुप चर्चा और क्षेत्रीय निरीक्षण** किया गया, जिससे जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक के वास्तविक उपयोग, समस्याएँ और लाभों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

मात्रात्मक अध्ययन में **सर्वेक्षण प्रश्नावली, आँकड़ों का संग्रह और विश्लेषण**, तथा सरकारी और गैर–सरकारी रिपोर्टों के माध्यम से किसानों की उत्पादन क्षमता, आय, लागत और पर्यावरणीय प्रभाव का आंकलन किया गया। इसके अतिरिक्त, डिजिटल और प्रिंट माध्यमों पर प्रकाशित शोध पत्रों, पुस्तकों और सांस्कृतिक तथा कृषि सम्बन्धी दस्तावेजों का साहित्यिक विश्लेषण किया गया, जिससे जैविक और स्वदेशी तकनीक की ऐतिहासिक, सामाजिक और आर्थिक प्रासंगिकता का मूल्यांकन संभव हुआ।

शोध में सांख्यिकीय उपकरणों और डेटा विश्लेषण तकनीकों का उपयोग करके आंकड़ों का व्याख्यात्मक और तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। इस पद्धति के माध्यम से शोध ने जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक के वर्तमान प्रयोग, चुनौतियाँ और भविष्य की संभावनाओं का समग्र चित्र प्रस्तुत किया, जिससे नीति–निर्माताओं, कृषि वैज्ञानिकों और ग्रामीण समुदायों के लिए व्यावहारिक और सैद्धांतिक मार्गदर्शन सुनिश्चित किया जा सके।

## जैविक कृषि एवं स्वदेशी तकनीक

1. **जैविक कृषि की परिभाषा** – जैविक कृषि वह कृषि पद्धति है जिसमें रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और पेट्रोलियम आधारित उत्पादों का न्यूनतम या कोई उपयोग नहीं होता। यह मिट्टी, जल और पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखते हुए उत्पादन को सुरक्षित और स्वस्थ बनाती है।
2. **स्वदेशी तकनीक की परिभाषा** – स्वदेशी तकनीक पारंपरिक और स्थानीय ज्ञान पर आधारित कृषि तकनीकें हैं, जिन्हें लंबे समय से किसान अपने अनुभव और पर्यावरण अनुकूल तरीकों के माध्यम से विकसित करते आए हैं। इसमें प्राकृतिक बीज, कम्पोस्टिंग, जल संचयन और स्थानीय उपकरणों का उपयोग शामिल है।
3. **प्राकृतिक उर्वरक और कम्पोस्टिंग** – जैविक कृषि में गोबर, पत्तियों और अन्य जैविक अपशिष्ट से बनी खाद का उपयोग होता है। कम्पोस्टिंग मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, पोषण संतुलन बनाए रखने और रासायनिक प्रदूषण से बचाने में मदद करती है।
4. **स्वदेशी बीज और बीज संरक्षण** – पारंपरिक बीजों का चयन और संरक्षण स्वदेशी तकनीक का महत्वपूर्ण अंग है। ये बीज स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुसार अनुकूल होते हैं, रोग–प्रतिरोधक क्षमता रखते हैं और जैविक उत्पादन के लिए उपयुक्त होते हैं।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

5. **प्राकृतिक कीट नियंत्रण** – स्वदेशी तकनीकों में रासायनिक कीटनाशकों के बजाय नीम, हल्दी, लहसुन और स्थानीय हर्बल उपायों का प्रयोग किया जाता है। यह मिट्टी और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए फसलों को कीटों से बचाता है।

6. **जल संचयन तकनीक** – बरसाती पानी, तालाब और झरनों के जल का संचयन, ड्रिप इरिगेशन और पारंपरिक जल संग्रहण पद्धतियाँ जैविक और स्वदेशी कृषि में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। यह पानी की बचत और सूखे के समय फसल संरक्षण में मदद करती हैं।

7. **प्राकृतिक सहायक तकनीकें** – सौर ऊर्जा आधारित पंप, हाथ या पारंपरिक कृषि उपकरण और प्राकृतिक मल–जल मिश्रण जैसे उपाय किसानों के उत्पादन और लागत में सुधार करते हैं।

8. **पर्यावरणीय लाभ** – जैविक और स्वदेशी तकनीक मिट्टी, जल स्रोत और जैव विविधता की रक्षा करती है, रासायनिक प्रदूषण कम करती है और सतत कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देती है।

9. **आर्थिक और सामाजिक लाभ** – इन तकनीकों से लागत कम होती है, उत्पादन सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण होता है, ग्रामीण रोजगार सृजन में वृद्धि होती है और किसान आत्मनिर्भर बनते हैं।

10. **सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व** – स्वदेशी तकनीकें भारतीय कृषि परंपरा और सांस्कृतिक ज्ञान का प्रतीक हैं। इनके उपयोग से स्थानीय परंपराओं का संरक्षण होता है और ग्रामीण समुदायों में सामाजिक समरसता बनी रहती है।

11. **चुनौतियाँ और संभावनाएँ** – तकनीकी ज्ञान की कमी, वित्तीय संसाधनों की कमी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा जैसी समस्याओं के बावजूद, प्रशिक्षण, डिजिटल तकनीक और नीति सहयोग से जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीकों के प्रसार और संवर्धन की असीम संभावनाएँ हैं।

**जैविक कृषि एवं स्वदेशी तकनीक के समक्ष समस्याएँ**

1. **तकनीकी ज्ञान की कमी** – कई किसान स्वदेशी तकनीक और जैविक कृषि के आधुनिक तरीकों के बारे में पर्याप्त जानकारी या प्रशिक्षण नहीं रखते।

2. **प्रारंभिक निवेश की उच्च लागत** – जैविक उर्वरक, कम्पोस्टिंग उपकरण और जल संचयन प्रणाली स्थापित करने में प्रारंभिक निवेश अपेक्षाकृत अधिक होता है।

3. **उत्पादन में अस्थिरता** – जैविक और स्वदेशी तकनीक पर आधारित फसल उत्पादन मौसम, मिट्टी और कीट नियंत्रण पर निर्भर होने के कारण कभी–कभी अस्थिर हो सकता है।

4. **बाजार और विपणन की कमी** – जैविक उत्पादों के लिए उचित मूल्य, वितरण चैनल और बाजार की कमी किसानों को आर्थिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण स्थिति में डालती है।

5. **सरकारी सहायता और नीति की सीमाएँ** – कई क्षेत्रों में जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देने वाली योजनाओं और नीतियों का पर्याप्त क्रियान्वयन नहीं हो पाता।

6. **डिजिटल और तकनीकी पहुँच की कमी** – ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों की पहुँच सीमित होने के कारण उत्पादकों को प्रशिक्षण और विपणन में कठिनाई आती है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

7. **प्राकृतिक आपदाओं का प्रभाव** – जैविक और स्वदेशी तकनीक पर आधारित खेती अधिक प्राकृतिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है, जिससे सूखा, बाढ़ या अन्य आपदाओं का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

8. **गुणवत्ता मानकीकरण की चुनौती** – जैविक उत्पादों की गुणवत्ता और प्रमाणन के लिए मानकीकरण की कमी उपभोक्ता के विश्वास को प्रभावित कर सकती है।

9. **रोग और कीट प्रबंधन में कठिनाई** – रासायनिक कीटनाशकों का कम उपयोग होने के कारण रोग और कीट नियंत्रण में समय और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

10. **जागरूकता और प्रचार की कमी** – उपभोक्ताओं और किसानों में जैविक और स्वदेशी तकनीक के लाभ और महत्व के प्रति पर्याप्त जागरूकता का अभाव है।

## शोध पत्र से लाभ

जैविक कृषि एवं स्वदेशी तकनीक पर यह शोध पत्र किसानों, नीति–निर्माताओं और शोधकर्ताओं के लिए बहुप्रासंगिक और लाभकारी सिद्ध होता है।

सबसे पहले, यह अध्ययन किसानों को जैविक और स्वदेशी तकनीकों के सही उपयोग, उत्पादन में सुधार और लागत में कमी लाने के तरीकों के बारे में स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करता है। इसके माध्यम से किसान मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हुए टिकाऊ और पर्यावरण–सहज कृषि प्रथाओं को अपनाने में सक्षम हो सकते हैं।

दूसरा लाभ यह है कि यह ग्रामीण समुदायों और कुटीर उद्योगों की आर्थिक सशक्तता को बढ़ाने में सहायक है। जैविक और स्वदेशी तकनीक के उपयोग से उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार होता है, ग्रामीण रोजगार सृजन होता है और स्थानीय बाजारों में उत्पादों की मांग बढ़ती है।

इसके साथ ही, यह अध्ययन नीति–निर्माताओं और सामाजिक संस्थाओं को पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण के लिए प्रभावी रणनीतियाँ विकसित करने में मार्गदर्शन प्रदान करता है।

अंततः, यह शोध पत्र जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक के महत्व को उजागर करता है और दर्शाता है कि इनके प्रभावी प्रयोग से न केवल आर्थिक लाभ होता है, बल्कि यह पर्यावरणीय संतुलन, खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी योगदान देता है।

इस प्रकार, यह अध्ययन किसानों, शोधकर्ताओं और नीति–निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ और मार्गदर्शक का कार्य करता है, जिससे जैविक और स्वदेशी कृषि प्रथाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार, संरक्षण और संवर्धन संभव हो सके।

## निष्कर्ष

जैविक कृषि एवं स्वदेशी तकनीक पर किए गए अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि ये दोनों पद्धतियाँ न केवल कृषि उत्पादन में सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक सशक्तिकरण में भी अहम भूमिका निभाती हैं।

शोध से यह निष्कर्ष निकाला गया कि पारंपरिक और स्वदेशी तकनीकों का समुचित उपयोग किसानों को टिकाऊ, लागत–कुशल और पर्यावरण–संवेदनशील कृषि प्रथाओं को अपनाने में सक्षम बनाता है।

अध्ययन यह भी दर्शाता है कि जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता, जल संसाधनों की सुरक्षा और जैव विविधता की रक्षा की जा सकती है। इसके अलावा, ग्रामीण रोजगार सृजन, स्थानीय कुटीर उद्योगों का विकास और किसान की आय में वृद्धि जैसी आर्थिक संभावनाएँ भी इस पद्धति के माध्यम से सुनिश्चित की जा सकती हैं।

हालांकि, तकनीकी ज्ञान की कमी, वित्तीय संसाधनों का अभाव, बाजार की सीमाएँ और प्राकृतिक आपदाएँ जैसी चुनौतियाँ मौजूद हैं। इसके बावजूद, प्रशिक्षण, डिजिटल तकनीक, सरकारी योजनाओं और नीति सहयोग के माध्यम से इन समस्याओं का समाधान संभव है।

अंततः, यह शोध स्पष्ट करता है कि जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक का संवर्धन आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से लाभकारी है और यह सतत विकास, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण सशक्तिकरण के लिए प्रभावी माध्यम साबित होता है।

## भविष्य में संभावनाएँ

जैविक कृषि एवं स्वदेशी तकनीक के क्षेत्र में भविष्य में असीम संभावनाएँ मौजूद हैं। सबसे पहले, आधुनिक तकनीक, डिजिटल प्रशिक्षण और ई–मार्केटिंग के माध्यम से किसानों को जैविक और स्वदेशी तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है, जिससे उत्पादन क्षमता और आय में सुधार संभव होगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से उत्पादकों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सीधे पहुँच मिल सकती है, जिससे उनके उत्पादों की पहचान और मूल्य बढ़ेगा।

भविष्य में स्वदेशी तकनीक और जैविक कृषि के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संसाधनों का सतत उपयोग और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने की संभावनाएँ और अधिक मजबूत होंगी। पारंपरिक बीज संरक्षण, कम्पोस्टिंग, प्राकृतिक कीट नियंत्रण और जल संचयन जैसी तकनीकें पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में मदद करेंगी और सतत कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देंगी। इसके अलावा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कुटीर उद्योग और स्थानीय रोजगार सृजन को जैविक और स्वदेशी तकनीकों के माध्यम से बढ़ावा देने की संभावना है।

सरकार, शोध संस्थान और सामाजिक संगठन मिलकर प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और नीति सहयोग प्रदान कर किसानों को सशक्त बना सकते हैं। यह न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी है, बल्कि भारतीय कृषि परंपरा, सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक समरसता को संरक्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस प्रकार, भविष्य में जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक किसानों, समाज और पर्यावरण के लिए समग्र और दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित कर सकती हैं।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. शर्मा, रामकृष्ण। *जैविक कृषि और स्वदेशी तकनीक।* दिल्ली: कृषि ज्ञान प्रकाशन, 2019, पृ. 45–90।
2. सिंह, अर्जुन। *परंपरागत कृषि और ग्रामीण विकास।* जयपुर: लोकसंस्कृति पब्लिकेशन, 2018, पृ. 70–120।
3. मिश्र, संजय। *स्वदेशी तकनीक और सतत कृषि।* इन्दौर: आधुनिक कृषि अध्ययन संस्थान, 2020, पृ. 35–85।
4. वर्मा, प्रिया। *जैविक उर्वरक और प्राकृतिक कीट नियंत्रण।* मुंबई: पर्यावरण अध्ययन प्रकाशन, 2021, पृ. 50–95।
5. पटेल, वी.के. *जल संचयन और पारंपरिक कृषि तकनीक।* अहमदाबाद: ग्रामीण विकास अकादमी, 2019, पृ. 60–110।
6. देशपांडे, सुमित। *कृषि नवाचार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था।* पुणे: कृषि विज्ञान प्रकाशन, 2022, पृ. 40–100।

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "भारतीय अर्थव्यवस्था में स्वदेशी उत्पादन का आर्थिक विकास में योगदान"

**डॉ. सुनीता सोलंकी**
सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र)
शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी (म.प्र.)

*सारांश*

***स्वदेशी उत्पादन भारतीय अर्थव्यवस्था की आत्मनिर्भरता और टिकाऊ विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह शोधपत्र भारत में स्वदेशी उत्पादन की वर्तमान स्थिति, उसकी चुनौतियाँ, संभावनाएँ और आर्थिक विकास में उसके योगदान का विश्लेषण करता है। शोध के दौरान यह पाया गया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (MSME), कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, खादी, कृषि आधारित लघु उद्योग तथा आधुनिक स्टार्टअप्स भारतीय आर्थिक संरचना का मजबूत आधार बनते जा रहे हैं। इन उद्योगों ने न केवल रोजगार के अवसर सृजित किए हैं, बल्कि राष्ट्रीय आय, निर्यात और स्थानीय बाजारों के विकास में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत सरकार द्वारा चलाए गए अभियानों जैसे "मेक इन इंडिया", "आत्मनिर्भर भारत", और "वोकल फॉर लोकल" ने स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही, इन पहलों ने नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी विकास को बढ़ावा दिया है, जिससे देश की आर्थिक गति को नया आयाम मिला है। हालांकि, उत्पादन में गुणवत्ता, विपणन, ब्रांडिंग और वैश्विक प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियाँ भी सामने आई हैं, जिन्हें रणनीतिक नीति निर्माण और निवेश द्वारा दूर किया जा सकता है।***

***अंततः, स्वदेशी उत्पादन न केवल भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता को सशक्त करता है, बल्कि सामाजिक समावेशन, ग्रामीण विकास, और पर्यावरणीय संतुलन में भी योगदान देता है। यह शोध इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि यदि स्वदेशी उत्पादन को नीति, प्रौद्योगिकी और निवेश से पूर्ण समर्थन दिया जाए, तो यह भारत को एक वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित कर सकता है।***

## 1. प्रस्तावना (Introduction)

भारत एक प्राचीन सभ्यता और विविध संसाधनों वाला देश है। इतिहास गवाह है कि भारत विश्व का प्रमुख उत्पादक और निर्यातक रहा है। उपनिवेशी काल में विदेशी उत्पादों ने भारत की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को कमजोर किया। स्वतंत्रता के पश्चात पुनः भारत ने स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया। वर्तमान समय में "आत्मनिर्भर भारत", "मेक इन इंडिया", और "वोकल फॉर लोकल" जैसे अभियानों ने स्वदेशी उत्पादन को राष्ट्रीय एजेंडे में प्रमुख स्थान दिया है। इस शोध पत्र का उद्देश्य यह विश्लेषण करना है कि स्वदेशी उत्पादन भारत के आर्थिक विकास में किस प्रकार योगदान देता है।

## 2. शोध की आवश्यकता एवं उद्देश्य (Need & Objectives)

**आवश्यकता**: वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाओं के चलते स्थानीय उत्पादन की महत्ता बढ़ी है। आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन की आवश्यकता।

**उद्देश्य:** स्वदेशी उत्पादन की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करना। इसका आर्थिक विकास पर प्रभाव समझना नीतिगत सुझाव प्रस्तुत करना।

## 3. शोध की विधि (Research Methodology):

**प्रकार**: वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक।

**डेटा स्रोत:** माध्यमिक स्रोत (सरकारी रिपोर्टें, नीति दस्तावेज, NITI Aayog, RBI रिपोर्ट, अखबार, पत्र–पत्रिकाएँ)।

**अवधि:** 2016 – 2024 के बीच की आर्थिक गतिविधियों का अध्ययन।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

**4. स्वदेशी उत्पादन की अवधारणा (Concept of Indigenous Production):**

स्वदेशी उत्पादन का तात्पर्य है – ऐसे उत्पादों और सेवाओं का निर्माण जो स्थानीय संसाधनों, श्रमिकों, तकनीकों और उद्यमिता के माध्यम से भारत में ही किया गया हो। इसका मुख्य उद्देश्य आत्मनिर्भरता, स्थानीय विकास और विदेशी निर्भरता में कमी लाना है।

**5. आर्थिक विकास पर प्रभाव (Impact on Economic Development):**

**5.1 रोजगार सृजन** स्वदेशी उत्पादन विशेषकर MSME, कृषि आधारित उद्योग, कुटीर उद्योग, और स्टार्टअप क्षेत्रों में रोजगार के बड़े अवसर उत्पन्न करता है। यह क्षेत्र GDP में लगभग 30% योगदान करता है और 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देता है।

**5.2 राष्ट्रीय आय में वृद्धि–** देश में उत्पादन बढ़ने से GDP में सीधा योगदान होता है। स्वदेशी उत्पादों की खपत और निर्यात दोनों से आय में वृद्धि होती है।

**5.3 आयात पर निर्भरता में कमी–** स्थानीय उत्पादों को अपनाने से विदेशी उत्पादों की माँग घटती है, जिससे आयात बिल में कटौती होती है और व्यापार घाटा कम होता है।

**5.4 ग्रामीण और क्षेत्रीय विकास–** ग्रामीण क्षेत्रों में आधारित उद्योग जैसे खादी, हथकरघा, जैविक कृषि आदि क्षेत्रीय असमानताओं को घटाकर समावेशी विकास को बढ़ावा देते हैं।

**5.5 नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति को बल–** भारत में स्वदेशी तकनीक आधारित स्टार्टअप जैसे Zerodha, boAt, और Patanjali ने वैश्विक बाज़ार में भारत की उपस्थिति दर्ज कराई है।

**6. सरकारी पहलें (Government Initiatives): योजना का नाम** – आत्मनिर्भर भारत

उद्देश्य – भारत को आत्मनिर्भर बनाना, मेक इन इंडिया निर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन, स्टार्टअप इंडिया नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना लघु उद्यमों को वित्तीय सहायता, ODOP योजना जिलावार विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक बनाना |

**7. चुनौतियाँ (Challenges):** उत्पादन की गुणवत्ता और मानकों की कमी, सीमित तकनीकी नवाचार, विपणन और ब्रांडिंग में पिछड़ापन, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, पूंजी और प्रशिक्षण की कमी

**8. सुझाव (Suggestions):** स्थानीय उद्योगों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान की जाए, स्वदेशी उत्पादों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार खोले जाएं, स्किल डेवलपमेंट और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाए, गुणवत्ता और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**भारत से सर्वाधिक निर्यातित उत्पाद**

10 में भारत से सबसे अधिक निर्यात किए जाने वाले शीर्ष 2025 उत्पाद कौन से हैं? 2025 में वैश्विक बाजारों में दस सबसे वांछनीय उत्पाद यहां दिए गए हैं:

**1. चमड़ा और उसके उत्पाद–** वैश्विक स्तर पर कई प्राप्तकर्ता बाज़ारों के साथ, जिनमें शामिल हैं इटली, चीन, कोरिया और हॉगकॉग पिछले कुछ वर्षों में भारतीय चमड़े की मांग बढ़ती जा रही है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

भारतीय चमड़े की वस्तुओं जैसे पर्स, कोट, क्रिकेट बॉल, जूते, जैकेट आदि की भारी माँग है। कई मामलों में, कच्चा माल, यानी चमड़ा, उपलब्ध कराने के बजाय, वस्तुओं का निर्माण भारत में ही किया जाता है और सीधे दूसरे देशों को निर्यात किया जाता है। दुनिया भर में कई लक्जरी ब्रांड भारत से चमड़ा आयात करते हैं; विशेष रूप से अमेरिका और यूरोप से।

2. **पेट्रोलियम उत्पाद–** में से एक उच्च मांग वाले उत्पाद निर्यात के लिए, पेट्रोलियम दुनिया की ईंधन और ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए एक प्रमुख वस्तु है। विश्व स्तर पर दूसरे स्थान पर, भारत का पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिष्कृत पेट्रोलियम से लेकर पेट्रोकेमिकल्स तक के विविध पोर्टफोलियो के साथ, भारत ने विभिन्न देशों के लिए एक विश्वसनीय ऊर्जा भागीदार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। पेट्रोल, डीज़ल, गैसोलीन, जेट ईंधन और एलपीजी जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की अमेरिका, चीन और नीदरलैंड जैसे देशों में भारी मांग है। इस बढ़ती मांग के कारण, भारत से इन उत्पादों का निर्यात भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ रहा है।

3. **रत्न और आभूषण–** सोना, हीरे, मोती, रत्न और अन्य प्रकार के आभूषणों की अपनी प्राकृतिक संपदा के कारण, भारत ऐसी सामग्रियों का दुनिया का पाँचवाँ सबसे बड़ा निर्यातक है। वैश्विक निर्यात में भारत की लगभग 6% हिस्सेदारी है। अक्टूबर 2024 में रत्न और आभूषण क्षेत्र में निर्यात कुल मूल्य लगभग 2998.04 मिलियन अमरीकी डॉलरभारत से निर्यात किए जाने वाले उत्पादों में कटे और पॉलिश किए हुए हीरे, कच्चे हीरे, प्रयोगशाला में उगाए गए हीरे, सादे और जड़े हुए सोने के आभूषण, रत्न और पत्थर शामिल हैं। भारत में सोने और हीरे का खनन मुख्यतः गुजरात, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश में होता है। जैसे देशों के साथ वैश्विक बाजार भारत के आभूषण निर्यात से आकर्षित हुआ है US, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, स्विट्ज़रलैंड, और UK इन आश्चर्यजनक टुकड़ों के लिए प्रमुख गंतव्य होना।

4. **ऑटोमोबाइल, उपकरण पार्ट्स और इलेक्ट्रॉनिक सामान –**भारत का मज़बूत विनिर्माण क्षेत्र इसे ऑटोमोबाइल और उनके पुर्जों, तथा इलेक्ट्रॉनिक सामानों का एक प्रमुख निर्यातक बनाता है। अकेले ऑटो उद्योग के 18 के अंत तक 2025 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचने का अनुमान है। प्रमुख निर्यातों में इलेक्ट्रिक मशीनरी, डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण के लिए औद्योगिक मशीनरी, मोबाइल, लैपटॉप और पीसी शामिल हैं। अमेरिका और यूएई प्रमुख आयातक हैं, और इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। भारत में लौह और इस्पात का विशाल भंडार है। इसी वजह से, भारत मशीनरी और उसके पुर्जों, और सबसे महत्वपूर्ण, ऑटोमोबाइल के शीर्ष निर्यातकों में से एक है। भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग ने छुआ 10.22 लाख करोड़ रुपये मूल्य वित्त वर्ष 2023–24 में उत्पादन में 19% की भारी वृद्धि दर्ज की गई। इसी अवधि में दोपहिया वाहनों सहित वाहनों के उत्पादन में 10% की वृद्धि देखी गई। भारत के इंजीनियरिंग निर्यात में 2.13% की वृद्धि हुई (109.3 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुँचना) 2023–24 में, विद्युत मशीनरी और उपकरणों ने उच्चतम निर्यात मूल्य बनाए रखा, इसके बाद डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण और वस्त्र के लिए औद्योगिक मशीनरी का स्थान रहा।

ऑटोमोबाइल और मशीनरी के साथ–साथ मोबाइल, लैपटॉप, पीसी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मांग लगातार बढ़ रही है और भारत काफी समय से कई देशों की इस जरूरत को पूरा कर रहा है। ऑटोमोबाइल, उपकरण पार्ट्स और इलेक्ट्रॉनिक सामान उद्योग से भारतीय उत्पादों के कुछ शीर्ष निर्यातक यहां दिए गए हैं:

फरवरी 2024 तक, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात भारत के इलेक्ट्रॉनिक सामान निर्यात के लिए शीर्ष बाजार बनकर उभरे। अकेले अमेरिका ने भारत के लगभग 35% इलेक्ट्रॉनिक सामान का आयात किया, जिसकी कीमत लगभग 8.7 बिलियन

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

अमेरिकी डॉलर थी। इसके ठीक बाद, संयुक्त अरब अमीरात से लगभग 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात हुआ, जो भारत के इलेक्ट्रॉनिक सामान निर्यात का लगभग 12% है।

इस अवधि के दौरान भारत के इलेक्ट्रॉनिक सामान निर्यात में नीदरलैंड और यूके की हिस्सेदारी लगभग 5% थी। इससे भारत के इलेक्ट्रॉनिक सामानों के महत्व तथा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत के निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देने में इन बाजारों के महत्व पर प्रकाश पड़ता है।

5. **फार्मास्युटिकल उत्पाद** –भारतीय दवा उद्योग मात्रा के हिसाब से तीसरे सबसे बड़े और मूल्य के हिसाब से चौदहवें स्थान पर है। वर्ष 2024 में दवा निर्यात लगभग पहुँच गया। यूएस $ 27.9 अरबसक्रिय अवयवों, बायोफार्मास्युटिकल्स और तैयार दवाओं सहित, इस उद्योग में तेज़ी से प्रगति हो रही है और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो रही है, इसलिए आने वाले वर्षों में भारत के दवा निर्यात में और भी वृद्धि होने की संभावना है।

6. **कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन**– 2024 में अप्रैल–सितंबर तक, भारत लगभग निर्यात करेगा यूएस $ 14.09 अरब पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष जैविक और अकार्बनिक रसायनों का निर्यात काफी अधिक रहा। जैविक और अकार्बनिक रसायनों का निर्यात अप्रैल 2.14 के 2023 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर XNUMX में XNUMX अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। अप्रैल 2.50 में 2024 बिलियन अमेरिकी डॉलर. इसी समय, भारतीय दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स निर्यात में 7.36% की वृद्धि हुई, जो अप्रैल 2.26 में 2023 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर अप्रैल 2.43 में 2024 बिलियन अमेरिकी डॉलर. कार्बनिक रसायन, जिनकी आणविक संरचना में कार्बन होता है, व्यापक उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं। कुछ दवा और चिकित्सा अनुप्रयोगों में महत्वपूर्ण हैं, जबकि अन्य प्लास्टिक उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत द्वारा निर्यात किए जाने वाले कार्बनिक रसायनों के उदाहरणों में एसिटिक एसिड, एसीटोन, फिनोल, फॉर्मेल्डिहाइड और साइट्रिक एसिड शामिल हैं। इसके अलावा, अकार्बनिक रसायनों में कार्बन या उसके व्युत्पन्न मुख्य तत्व के रूप में नहीं होते। इनका उपयोग पेंट, ऑटोमोटिव, कागज़ और सफाई के घोल जैसे उद्योगों में होता है। भारत द्वारा निर्यात किए जाने वाले कुछ अकार्बनिक रसायनों में सोडा ऐश, तरल क्लोरीन, कास्टिक सोडा, लाल फॉस्फोरस और कैल्शियम कार्बाइड शामिल हैं।

भारतीय रसायनों के प्रमुख ग्राहकों में अमेरिका, चीन, शामिल हैं। ब्राज़िल, जर्मनी, और संयुक्त अरब अमीरातयह भारत के रासायनिक निर्यात की वैश्विक मांग पर प्रकाश डालता है। निर्यात में यह वृद्धि रासायनिक उद्योग में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता और मजबूती को रेखांकित करती है, जो देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

7. **डेयरी उत्पाद**– भारत मुख्यतः एक कृषि प्रधान राज्य है, यही कारण है कि भारत में डेयरी और कृषि निर्यात विश्व स्तर पर लोकप्रिय हैं। कई पश्चिमी देशों में देशी मवेशियों द्वारा उत्पादित दूध की भारी मांग है। दूध, घी और पनीर जैसी चीज़ों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारी मांग है, जो दर्शाता है कि भारत के कृषि निर्यात कितने विविध हैं। लोग विशेष रूप से देशी मवेशियों के दूध को उसकी उच्च गुणवत्ता और पोषण मूल्य के कारण पसंद करते हैं। हाल के वर्षों में भारत के डेयरी उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में, देश ने लगभग 63,738.47 मीट्रिक टन डेयरी उत्पादों का निर्यात किया। मूल्य 2,260.94 करोड़ रुपये (लगभग 272.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर)। भारत में डेयरी फार्मिंग का एक लंबा इतिहास रहा है, और यह डेयरी उत्पादों के लिए वैश्विक उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने में उत्कृष्ट है। विकल्पों की इतनी विस्तृत श्रृंखला और उच्च गुणवत्ता की प्रतिष्ठा

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

के साथ, भारत वैश्विक डेयरी उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी बना हुआ है। इससे न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को विकास में मदद मिलती है, बल्कि दुनिया भर के लोगों द्वारा पसंद किए जाने वाले खाद्य पदार्थों की विविधता भी बढ़ती है।

8. **हथकरघा और सूती धागे–** भारत दूसरा सबसे बड़ा कपास उत्पादक देश है जो वैश्विक कपास मांग का 23% से अधिक उत्पादन करता है। भारत का कपड़ा क्षेत्र अपने मजबूत कपास उत्पादन पर फलता–फूलता है, जिससे सूती धागे जैसे उत्पादों की विश्व स्तर पर अत्यधिक मांग होती है। ये धागे विभिन्न प्रकार की वस्तुएं बनाने के लिए आवश्यक हैं और भारत के निर्यात राजस्व और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता हैं।

अपने प्रचुर कपास संसाधनों और कुशल कार्यबल के साथ, भारत कपड़ा सामग्री की वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है। भारत का सूती धागा निर्यात 11.7 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक का मूल्यसूती धागे का निर्यात न केवल भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देता है, बल्कि रोज़गार के बहुमूल्य अवसर भी पैदा करता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ कपास उगाया और संसाधित किया जाता है। यह अंतर्राष्ट्रीय कपड़ा बाज़ार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को और मज़बूत करता है।

कपास उत्पादन और कपड़ा विनिर्माण में अपनी ताकत का लाभ उठाकर, भारत अपने स्वयं के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने और कई लोगों के लिए आजीविका प्रदान करते हुए वैश्विक कपड़ा उद्योग को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

9. **कपड़ा और परिधान** –वस्त्र उद्योग में भारत का समृद्ध इतिहास, कुशल कार्यबल और विविध प्रकार के कपड़ों व डिज़ाइनों के साथ, इसे वैश्विक वस्त्र और परिधान बाज़ार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। भारतीय वस्त्र उद्योग तेज़ी से विस्तार कर रहा है और इसके 2020 के शिखर तक पहुँचने की उम्मीद है। 65–2025 तक 26 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा. ब्रिटेन, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई अन्य देशों को वस्त्र निर्यात से भारतीय अर्थव्यवस्था को काफ़ी फ़ायदा होता है। भारत टी–शर्ट, जींस, जैकेट, सूट और अन्य परिधानों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक और कृत्रिम रेशों का निर्यात देश के बाहर करता है। इसके अलावा, सब्यसाची, एलन सॉली और पीटर इंग्लैंड जैसे भारतीय ब्रांड दुनिया भर में अग्रणी परिधान कंपनियों में शामिल हो गए हैं।

10 **अनाज–** चीन और यूक्रेन की तरह, भारत भी गेहूं और मैदा के प्रचुर मात्रा में उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

भारत अन्य देशों को चावल, गेहूँ, मक्का और बाजरा जैसे विभिन्न अनाज बेचता है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, नेपाल, तथा बांग्लादेश भारतीय अनाज पसंद है. वे इन स्थानों पर स्थानीय पाक कला और संस्कृति का एक बड़ा हिस्सा हैं, इसलिए उनकी हमेशा उच्च मांग रहती है। चाहे वह बिरयानी के लिए चावल हो, रोटी के लिए गेहूं हो, या कॉर्नमील के लिए मक्का हो, भारतीय अनाज इन देशों की रसोई और परंपराओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भारत अनाज उत्पादन का एक महाशक्ति है। दुनिया का सबसे बड़ा बाजरा उत्पादक, वैश्विक उत्पादन में 38.40% का योगदान देता हैचावल और गेहूँ की बात करें तो भारत इस सूची में दूसरे स्थान पर है, जहाँ विश्व की आपूर्ति का क्रमशः 25.27% और 13.33% उत्पादन होता है। और मक्के के मामले में, हमारा देश पाँचवें स्थान पर है, जहाँ वैश्विक उत्पादन में 2.9% की वृद्धि होती है। चावल और अन्य खाद्य पदार्थों का उत्पादन भी इस मांग के अनुरूप रहता है। सरकार भारत को अनाज का प्रमुख निर्यातक बनने में मदद करने के लिए कृषि उत्पादन क्षेत्रों को बढ़ाने के लिए भी काम कर रही है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## 9. निष्कर्ष (Conclusion):

स्वदेशी उत्पादन भारत को आत्मनिर्भर, आर्थिक रूप से सशक्त और सामाजिक रूप से समावेशी राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण साधन है। यह न केवल आर्थिक विकास को गति देता है, बल्कि रोजगार, नवाचार और संतुलित क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा देता है। यदि उचित नीतिगत दिशा और संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ, तो स्वदेशी उत्पादन भारत को एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बना सकता है।

भारत डेयरी उत्पादों, वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स और पेट्रोलियम जैसे विभिन्न उद्योगों में प्रचुर निर्यात अवसरों वाला देश है। अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में संभावनाएं तलाशने के इच्छुक कोई भी व्यवसाय उपरोक्त शीर्ष 10 निर्यात उत्पादों से शुरुआत कर सकता है, जिनमें आने वाले वर्षों में अपार विकास की संभावनाएँ हैं। माँग की सही समझ, नियमों के अनुपालन और शिपरॉकेट जैसे विश्वसनीय और अनुभवी लॉजिस्टिक्स प्रदाताओं के साथ साझेदारी के साथ, व्यवसाय उत्पादों के निर्यात और दुनिया भर के ग्राहकों तक पहुँचने में सफलता पा सकते हैं।

## संदर्भ (References):


1. NITI Aayog Reports
2. MSME Ministry Annual Report (2023-24)
3. RBI Statistical Data
4. आत्मनिर्भर भारत अभियान नीति दस्तावेज
5. Economic Times, Business Standard, LiveMint
6. www.makeinindia.com
7. www.msme.gov.in
8. सिंह, मनमोहन (1964). भारत के निर्यात रुझान, लंदन: ऑक्सफोर्ड प्रेस.
9. https://wits.worldbank.org/CountryProfile/en/Country/IND/Year/1990/Summarytext
10. मैक्रोट्रेंड्स https://www.macrotrends.net/global-metrics/countries/IND/india/ exports
11. https://ibm.gov.in/writereaddata/files/11202017155305Trade%20and%20amp%20Export%20Prospects.pdf
12. https://commerce.gov.in/wp-content/uploads/2020/02/MOC_635567636562814678_Report_India_Russia_Joint_Study_Group_10_9_2007.pdf
13. https://icar.org.in/sites/default/files/2023-02/Indian-Agriculture-after-Independence.pdf

IEARJ International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था"

**हेमलता पारस**

सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय

आगर मालवा म.प्र.

***शोध सार***

***भूमंडलीकरण ने विश्व अर्थव्यवस्था को गहराई से प्रभावित किया है। इस प्रक्रिया ने उत्पादन, व्यापार, निवेश और तकनीकी आदान–प्रदान को वैश्विक स्तर पर जोड़ दिया है। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह अवसरों के साथ–साथ चुनौतियाँ भी लेकर आया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय जिस स्वदेशी अर्थव्यवस्था की परिकल्पना की गई थी, उसका मूल उद्देश्य आत्मनिर्भरता, स्थानीय उत्पादन, रोजगार सृजन और विदेशी निर्भरता से मुक्ति था। महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित स्वदेशी दर्शन आज भी भारत की आर्थिक नीतियों में मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में विद्यमान है।***

***भूमंडलीकरण के वर्तमान दौर में, जब बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ और विदेशी उत्पाद भारतीय बाजार पर हावी हैं, तब स्वदेशी अर्थ व्यवस्था की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। सरकार द्वारा आरंभ किए गए कार्यक्रम जैसे आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल स्वदेशी विचारधारा को आधुनिक रूप प्रदान करते हैं। यह शोध पत्र इस बात का विश्लेषण करता है कि भारत कैसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भाग लेते हुए अपनी स्थानीय उद्योगों, परंपरागत ज्ञान और संसाधनों की रक्षा कर सकता है।***

***स्वदेशी मॉडल न केवल आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक है, बल्कि यह सतत विकास, सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त बनाता है। अतः भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था का पुनरुत्थान भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम है।***

***Key–words– वैश्वीकरण, स्वदेशी, भूमंडलीकरण, आत्मनिर्भरता, आर्थिक–नीति, स्वदेशी विकास, आत्मनिर्भर भारत ,आर्थिक नीतियाँ, विदेशी निवेश , मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया***

## 1. प्रस्तावना (Introduction)

भारत में 1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद भूमंडलीकरण ने तीव्र गति प्राप्त की, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में नए अवसर उत्पन्न हुए, लेकिन साथ ही स्वदेशी उद्योगों के सामने कई चुनौतियाँ भी खड़ी हुईं। आर्थिक उदारीकरण, विदेशी निवेश और तकनीकी सहयोग ने भारत को वैश्विक बाजार से जोड़ा और नई आर्थिक संभावनाओं को जन्म दिया। इसके परिणामस्वरूप देश में औद्योगिक उत्पादन, सेवाओं का विस्तार, निर्यात और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हुए।

स्वदेशी अर्थव्यवस्था का विचार भारत के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा है। महात्मा गांधी और लोकमान्य तिलक जैसे नेताओं ने स्वदेशी को केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक माना। जिसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देना और रोजगार सृजन सुनिश्चित करना था। गांधी जी के अनुसार, यदि भारत ग्रामीण उद्योगों और स्थानीय संसाधनों पर आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करता है, तो विदेशी निर्भरता कम होगी और सामाजिक न्याय भी स्थापित होगा। आज जब भारत वैश्विक बाजार का हिस्सा बन चुका है, तब स्वदेशी की भावना को नए दृष्टिकोण से समझना आवश्यक है। वर्तमान में स्वदेशी अर्थव्यवस्था का महत्व और भी बढ़ गया है क्योंकि वैश्विक कंपनियों और विदेशी उत्पादों की प्रतिस्पर्धा स्थानीय उद्योगों के लिए चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। ऐसे में सरकार द्वारा लागू किए गए नीतिगत उपाय जैसे "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" अभियान स्वदेशी अर्थव्यवस्था के लिए नई दिशा प्रदान करते हैं।

## 2. अध्ययन के उद्देश्य (Objectives of the Study)

1. भूमंडलीकरण के प्रभावों का अध्ययन करना।
2. स्वदेशी अर्थव्यवस्था की अवधारणा और उसकी प्रासंगिकता को समझना।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

3. वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में स्वदेशी मॉडल की संभावनाओं का विश्लेषण करना।
4. भारत के स्थानीय उद्योगों और अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण के प्रभाव का विश्लेषण करना।
5. आधुनिक संदर्भ में स्वदेशी मॉडल के सिद्धांतों और प्रासंगिकता को समझना।
6. स्वदेशी मूल्यों को वैश्विक आर्थिक रुझानों के साथ एकीकृत करने के तरीकों की पहचान करना।
7. स्वदेशी उत्पादन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली सरकारी पहलों का मूल्यांकन करना।

## 3. **अनुसंधान पद्धति (Research Methodology)**

यह शोध गुणात्मक (Qualitative) और वर्णनात्मक (Descriptive) पद्धति पर आधारित है।जानकारी विभिन्न द्वितीयक स्रोतों जैसे सरकारी रिपोर्ट, आर्थिक सर्वेक्षण, शोध पत्रिकाओं, समाचार पत्रों और ऑनलाइन संसाधनों से संकलित की गई है।

## 4. **भूमंडलीकरण की अवधारणा और उसका प्रभाव (Concept of Globalization and Its Impact)**

भूमंडलीकरण  वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से विश्व की अर्थव्यवस्थाएँ, समाज और संस्कृति आपस में जुड़ते जा रहे हैं। इसने विश्व को एक वैश्विक गाँव में बदल दिया है जहाँ वस्तुओं, सेवाओं, पूँजी और विचारों का आदान–प्रदान बिना बाधा के हो रहा है। भारत में भूमंडलीकरण 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद प्रमुखता से शुरू हुआ, जब व्यापार बाधाओं को कम किया गया और विदेशी निवेश को प्रोत्साहित किया गया,तकनीकी साझेदारी और व्यापार में वृद्धि हुई।

इसके परिणाम स्वरूप:

- औद्योगिक क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ी।
- बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) का विस्तार
- सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों (IT, बैंकिंग, दूरसंचार) में तीव्र विकास हुआ।
- विदेशी वस्तुओं की उपलब्धता आसान हुई।
- निर्यात और आयात में वृद्धि।
- वैश्विक प्रतिस्पर्धा का जोखिम।

परंतु इसके साथ कुछ नकारात्मक प्रभाव भी सामने आए:

- छोटे और कुटीर उद्योगों को भारी नुकसान हुआ।
- स्थानीय उत्पादन और रोजगार घटे।
- विदेशी ब्रांडों ने घरेलू बाजार पर प्रभुत्व जमा लिया।
- उपभोक्ताओं की रुचि विदेशी वस्तुओं की ओर बढ़ी।
- विदेशी तकनीकों और उत्पादों पर अत्यधिक निर्भरता बढ़ी।
- सांस्कृतिक एकरूपता और पारंपरिक कौशल का ह्रास हुआ।
- आर्थिक असमानता का विस्तार हुआ।

इस प्रकार, भूमंडलीकरण ने अवसर तो पैदा किए, लेकिन भारतीय स्वदेशी अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियाँ भी पैदा कीं। भूमंडलीकरण के प्रभावों को हम मुख्य रूप से दो भागों यथा आर्थिक प्रभाव और सामाजिक प्रभाव में बांट सकते है–

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

आर्थिक प्रभाव भूमंडलीकरण के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में कई सकारात्मक बदलाव हुए हैं। विदेशी निवेश और तकनीकी सहयोग के चलते देश में विनिर्माण उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, सेवा क्षेत्र और निर्यात व्यवसायों का विकास हुआ। उदाहरण के लिए, 1991 के बाद IT सेक्टर में तेजी से विकास हुआ, जिससे न केवल विदेशी मुद्रा अर्जित हुई, बल्कि लाखों लोगों को रोजगार भी मिला। हालांकि, भूमंडलीकरण ने घरेलू उद्योगों पर दबाव भी डाला। छोटे और मध्यम उद्योग (MSME) प्रतिस्पर्धा में कमजोर पड़े। विदेशी उत्पादों की उपलब्धता और बहुराष्ट्रीय कंपनियों की मार्केट हावी होने की वजह से स्थानीय उत्पादों की बिक्री में कमी आई।

GDP वृद्धि दर (1991–2024) में देखा जा सकता है कि आर्थिक सुधार और उदारीकरण के वर्षों में वृद्धि दर में उछाल आया, जबकि वैश्विक मंदी और कोविड–19 महामारी के दौरान यह गिरावट का सामना कर चुकी है। सामाजिक प्रभाव भूमंडलीकरण के सामाजिक प्रभाव भी स्पष्ट हैं। ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं, विशेषकर MSME क्षेत्र और डिजिटल उद्योगों में। महिलाओं और पिछड़े वर्गों के लिए स्वरोजगार के अवसर उत्पन्न हुए हैं।

इसके बावजूद, कुछ सामाजिक असमानताएँ भी उत्पन्न हुईं। बड़े शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास का अंतर बना रहा। युवाओं को उच्च कौशल की आवश्यकता बढ़ी, और शिक्षा एवं प्रशिक्षण के अभाव में कई लोग इन अवसरों से वंचित रह गए।

## 5. स्वदेशी अर्थव्यवस्था की अवधारणा (Concept of Swadeshi Economy)

स्वदेशी आंदोलन न केवल राजनीतिक, बल्कि एक आर्थिक क्रांति भी था।स्वदेशी का अर्थ है — अपने देश में निर्मित वस्तुओं का प्रयोग और विदेशी निर्भरता से मुक्ति।महात्मा गांधी ने कहा था, “स्वदेशी का अर्थ है अपने आसपास के संसाधनों से अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करना।”

स्वदेशी अर्थव्यवस्था के प्रमुख सिद्धांत हैं —

- स्थानीय उत्पादन और स्वदेशी वस्तुओं के उपभोग को बढ़ावा देना।
- ग्रामीण उद्योगों, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों का संरक्षण।
- रोजगार सृजन के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता।
- प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग।
- विदेशी आर्थिक प्रभुत्व से सुरक्षा।

आधुनिक भारत में, इस दर्शन को "मेक इन इंडिया", "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत अभियान" जैसे अभियानों के माध्यम से पुनर्जीवित किया जा रहा है।

## 6. भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी की प्रासंगिकता (Relevance of Swadeshi in the Era of Globalization)

आज भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा है, परंतु स्वदेशी की भावना अब भी उतनी ही आवश्यक है।स्वदेशी अब अलगाव नहीं, बल्कि संतुलन का प्रतीक है – जहाँ हम वैश्विक व्यापार में भाग लेते हुए अपनी स्थानीय पहचान को बनाए रखें। आज की परस्पर जुड़ी हुई दुनिया में, अलगाव संभव नहीं है। लेकिन स्वदेशी को समावेशी विकास की रणनीति के रूप में पुनर्व्याख्यायित किया जा सकता है।

वैश्वीकरण को अस्वीकार करने के बजाय, भारत वैश्विक भागीदारी को स्थानीय शक्ति के साथ जोड़ सकता है।जैसे कि–

- स्वदेशी तकनीक का उपयोग करने वाले भारतीय स्टार्टअप और एमएसएमई को बढ़ावा देना।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

• आयुर्वेद, खादी और हस्तशिल्प जैसी भारतीय पारंपरिक वस्तुओं का निर्यात।

• आयात पर निर्भरता कम करने के लिए स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं का विकास।

• भारतीय ऐप्स और नवाचारों के माध्यम से डिजिटल आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन।

7. **स्वदेशी मॉडल का समर्थन करने वाली सरकारी नीतियाँ** (**Government Policies Supporting the Swadeshi Model**)

1. मेक इन इंडिया (2014) – भारत में विनिर्माण को प्रोत्साहित करता है। मेक इन इंडिया अभियान का उद्देश्य देश को विनिर्माण केंद्र बनाना है। इस नीति के माध्यम से विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया गया और स्वदेशी उत्पादों का उत्पादन एवं निर्यात बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए गए।

2.आत्मनिर्भर भारत अभियान (2020) - आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करता है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश की आर्थिक नीतियों में स्वदेशी उत्पादन और स्थानीय उद्योगों के विकास को मुख्य स्थान दिया। इसके तहत MSMEs, स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमिता को विशेष प्रोत्साहन दिया गया।

3. डिजिटल इंडिया मिशन(2015) – इसका मुख्य उद्देश्य देश के नागरिकों को ऑनलाइन बुनियादी ढाँचा और सेवाएँ उपलब्ध कराकर उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाना था.

4. स्टार्ट–अप इंडिया (2016)– स्वदेशी उद्यमिता का समर्थन करता है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में नवाचार, उद्यमिता और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इसके तहत एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए विभिन्न योजनाएँ और सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं, ताकि नए विचारों को साकार किया जा सके और बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर पैदा किए जा सकें।

5. एक ज़िला एक उत्पाद (ओडीओपी) (2018)– पारंपरिक शिल्प और उद्योगों को पुनर्जीवित करता है। एक जिला एक उत्पाद  पहल का उद्देश्य देश के सभी जिलों में संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है।

6. वोकल फॉर लोकल पहल (2024) - वोकल फॉर लोकल का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ाना और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खड़ा करना है। यह नीति विशेष रूप से ग्रामीण उद्योगों और कुटीर उद्योगों के लिए लाभकारी है।

ये नीतियाँ स्वदेशी के एक आधुनिक रूप को दर्शाती हैं जो स्थानीय पहचान को बनाए रखते हुए वैश्विक प्रतिस्पर्धा के साथ तालमेल बिठाती हैं।

8. **चुनौतियाँ और अवसर** ( **Challenges and Opportunity**)

8.1 स्वदेशी अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ

1. वैश्विक प्रतिस्पर्धा और विदेशी उत्पादों का दबाव

o भूमंडलीकरण के कारण विदेशी कंपनियाँ भारतीय बाजार में प्रवेश कर गई हैं। इनकी प्रतिस्पर्धा में अक्सर स्थानीय उद्योग पीछे रह जाते हैं, क्योंकि विदेशी उत्पाद उच्च गुणवत्ता या कम लागत वाले होते हैं।

o उदाहरण: इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान और खाद्य उत्पादों में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रभुत्व।

o इससे छोटे उद्योगों और ग्रामीण उद्यमियों को अपना व्यवसाय बनाए रखना मुश्किल होता है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

2. MSME क्षेत्र में वित्तीय और तकनीकी बाधाएँ भारत के MSME (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग) को आज भी पूँजी और कर्ज़ प्राप्त करने में कठिनाई होती है।

o तकनीकी दक्षता और उत्पादन क्षमता सीमित होने के कारण ये उद्योग वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते। डिजिटल मार्केटिंग और ई–कॉमर्स प्लेटफार्म का उपयोग सीमित होने के कारण उनका विस्तार धीमा है।

3. कौशल और शिक्षा का अंतर

o ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में तकनीकी और प्रबंधन कौशल की कमी है।

o युवाओं को नए उद्योगों और डिजिटल अर्थव्यवस्था में अवसरों का लाभ लेने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता

o कौशल विकास में कमी से बेरोजगारी और अधूरा स्वरोजगार एक बड़ी चुनौती है।

4. सांस्कृतिक और सामाजिक बाधाएँ

o स्वदेशी उत्पादों के प्रति ग्राहकों में जागरूकता कम है।

o शहरी क्षेत्रों में विदेशी उत्पादों की लोकप्रियता के कारण स्थानीय उत्पादों की मांग सीमित रहती है।

o सामाजिक दृष्टिकोण और परंपरागत व्यवसायों के प्रति नजरिए में बदलाव की आवश्यकता है।

8.2 स्वदेशी अर्थव्यवस्था के समक्ष अवसर

1. डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई–कॉमर्स का उपयोग

o इंटरनेट और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से छोटे उद्योग अपने उत्पाद सीधे ग्राहकों तक पहुँचा सकते हैं।

o डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया और ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म स्थानीय उद्योगों को वैश्विक बाजार तक पहुँच प्रदान करते हैं।

o उदाहरण: ग्रामीण हस्तशिल्प और ऑर्गेनिक उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि।

2. स्वरोजगार और स्टार्टअप्स का विकास

o सरकार के स्टार्टअप इंडिया और MSME प्रोत्साहन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर मिल रहे हैं।

o विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार बढ़ाने के लिए स्वरोजगार प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा सकता है।

3. पर्यावरण अनुकूल और सतत उत्पादन

o स्वदेशी उद्योगों को पर्यावरण अनुकूल तकनीकों और टिकाऊ उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

o जैविक कृषि, हस्तशिल्प, री–सायकलिंग उद्योग और सोलर उत्पाद इसके उदाहरण हैं।

o इससे न केवल पर्यावरण सुरक्षा होती है, बल्कि स्थानीय उत्पादों की विश्वसनीयता और मांग भी बढ़ती

4. स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करना

o स्वदेशी उत्पादन से देश की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत का संरक्षण होता है।

o हस्तशिल्प, पारंपरिक कपड़े, लोक कला और स्थानीय खाद्य पदार्थ वैश्विक बाजार में पहचान बना सकते

o इससे सामाजिक और आर्थिक विकास दोनों को बढ़ावा मिलता है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

5. सरकारी नीतियों का लाभ उठाना

o "मेक इन इंडिया", "आत्मनिर्भर भारत" और "वोकल फॉर लोकल" जैसी योजनाएँ स्थानीय उद्योगों को आर्थिक सहायता, कर प्रोत्साहन और विपणन सहायता देती हैं।

o ये नीतियाँ उद्योगों को तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय मदद और बाजार उपलब्धता में सहयोग करती हैं।

## 9. भविष्य की संभावनाएं (Future Prospects)

- चुनौतियाँ मुख्य रूप से वैश्विक प्रतिस्पर्धा, तकनीकी और वित्तीय सीमाएँ, कौशल अंतर, और सामाजिक दृष्टिकोण से उत्पन्न होती हैं।
- संभावनाएँ डिजिटल प्लेटफॉर्म, स्वरोजगार, सतत उत्पादन, सांस्कृतिक पहचान और सरकारी नीतियों के माध्यम से पूरी की जा सकती हैं।
- यदि इन अवसरों का सही उपयोग किया जाए, तो स्वदेशी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है और स्थानीय उद्योग वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।
- भारत का विशाल घरेलू बाज़ार स्थानीय उद्योगों को सहयोग दे सकता है।
- स्थायित्व के प्रति बढ़ती जागरूकता पर्यावरण–अनुकूल भारतीय वस्तुओं को बढ़ावा दे सकती है।
- डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म छोटे उत्पादकों को वैश्विक बाज़ारों तक पहुँचने में सक्षम बनाते हैं।
- सांस्कृतिक पहचान और विरासत–आधारित उत्पादों में निर्यात की संभावनाएँ हैं।
- पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ एकीकृत करने से नवाचार को बढ़ावा मिल सकता है।

इस प्रकार, भारत की स्वदेशी अर्थव्यवस्था का भविष्य एक संतुलित दृष्टिकोण में निहित है – स्थानीय आधार को मज़बूत करते हुए वैश्विक भागीदारी।

## 10. निष्कर्ष (Conclusion)

भूमंडलीकरण के युग में, स्वदेशी अर्थव्यवस्था अलगाव की नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और संतुलन की है। भारत को वैश्विक अवसरों को स्वीकार करते हुए स्वदेशी उत्पादन, सतत उपभोग और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देनी चाहिए। भूमंडलीकरण ने भारतीय अर्थव्यवस्था में नए अवसर पैदा किए हैं, लेकिन इसके साथ चुनौतियाँ भी आई हैं। स्वदेशी अर्थव्यवस्था का महत्व अब पहले से अधिक बढ़ गया है। स्थानीय उद्योगों, MSMEs और ग्रामीण उत्पादन को बढ़ावा देना आवश्यक है। सरकार द्वारा लागू किए गए नीतिगत उपाय जैसे "मेक इन इंडिया", "आत्मनिर्भर भारत" और "वोकल फॉर लोकल" स्वदेशी अर्थव्यवस्था के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। यदि स्थानीय उद्योगों और युवा उद्यमियों को सही अवसर और समर्थन दिया जाए, तो भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी सफलता प्राप्त कर सकता है।स्वदेशी अर्थव्यवस्था केवल आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, रोजगार सृजन और सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त बनाती है। अतः भारत के लिए यह रणनीति भविष्य में स्थिर और समृद्ध विकास सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य है।

आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना, मूलतः, स्वदेशी दर्शन का एक आधुनिक प्रतिबिंब है – जहाँ भारत अपनी शर्तों पर दुनिया के साथ जुड़ता है और अपनी आर्थिक और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखता है।

IEARJ International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## संदर्भ (References)

1. गांधी, एम. के. (1945). हिन्द स्वराज या भारतीय स्वराज. नवजीवन प्रकाशन।
2. भारत सरकार. (2020). आत्मनिर्भर भारत अभियान दस्तावेज़. नई दिल्ली: प्रेस सूचना ब्यूरो।
3. नीति आयोग. (2023). भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में नीति रूपरेखा. नई दिल्ली।
4. सेन, अमर्त्य. (2019). भारतीय अर्थव्यवस्था और वैश्वीकरण. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।
5. विश्व बैंक. (2024). भारत आर्थिक परिदृश्य: ग्लोबलाइजेशन और विकास.
6. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय। (2022)। वार्षिक रिपोर्ट 2021–22। नई दिल्ली: भारत सरकार।

IEARJ
International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# “ऐतिहासिक दृष्टि से स्वदेशी आंदोलन”

**प्रो.सोनी सोलंकी**

सहायक प्राध्यापक हिन्दी विभाग

स्वामी अमूर्तानंद शास.महाविद्यालय अंजड़

जिला–बड़वानी मध्यप्रदेश

*सारांश (Abstract)*

***स्वदेशी आंदोलन (1905–1911के आसपास प्रबल),भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष का एक महत्वपूर्ण चरण था जिसने आर्थिक आत्मनिर्भरता,राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को प्रोत्साहित किया।यह आन्दोलन खासतौर से बंगाल विभाजन(1905)के विरोध में फलित हुआ परन्तु इसका प्रभाव पुरे देश में फेला।इस शोध पत्र में स्वदेशी आंदोलन के ऐतिहासिक कारण,घटक,कार्यप्रणाली,प्रमुख नेता,सामाजिक आर्थिक प्रभाव,सांस्कृतिक आयाम और दीर्घकालिक विरासत का विश्लेषण किया गया है। विधिव्यहार रूप में ऐतिहासिक–सांस्कृतिक विश्लेषण व द्वितीयक स्रोतों पर आधारित साहित्य समीक्षा का प्रयोग किया गया है। नतीजा यह है कि स्वदेशी आंदोलन ने भारतीय समाज में सामुहिक राजनीतिक सक्रिता,विदेश वस्तुओं का बहिष्कार और घरेलु उद्योगों के उत्थान के रूप में दीर्घकालिक परिवर्तन उत्पन्न किए।***

## प्रस्तावना (Introduction)

‘स्वदेशी’शब्द का अर्थ केवल‘ देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग’नही था बल्कि इसमें आत्मनिर्भरता, आत्मगौरव और स्वाधीनता की भावना निहित थी।

स्वदेशी आंदोलन भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का वह चरण है जिसने ‘‘देशी’’और‘‘विदेशी’’ के आर्थिक और सांस्कृतिक विभाजन को राजनैतिक संघर्ष का माध्यम बनाया।19वीं शताब्दी के उŸारार्ध व 20वीं शताब्दी के आरम्भ मंे ब्रिटिस राज की नीतियाँ–आर्थिक शोषण,प्रशासनिक और सांस्कृतिक उपेक्षा–ने भारतीय समाज में असंतोष उत्पन्न किया।1905 में लॉर्ड कर्जन द्वारा बंगाल के विभाजन की घोषणा ने इस असंतोष को जोडकर एक संगठित रुप दे दिया।स्वदेशी आंदोलन ने विदेशी वस्तुओं के बहिस्कार और देशी वस्तुओं को अपनाने पर जोर दिया,इसका उद्देश्य न केवल आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करना था बल्कि भारतीय आत्म–सम्मान व राष्ट्रीय चेतना को भी जगाना भी था।भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में स्वदेशी आंदोलन का स्थान अत्यन्त महत्वपुर्ण है। यह केवल एक आर्थिक आंदोलन था,बल्कि यह भारतीय समाज की राष्ट्रीय चेतना,आत्मीयगौरव और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का भी प्रतीक था। ब्रिटिश शासन के आर्थिक और राजनीतिक शोषण से उत्पन्न असंतोष चरम पर पहुॅचा,भारतवासीयों ने पहली बार संगठित होकर विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार और देशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लिया है। यह आत्मनिर्भरता की दिशा पहला ठोस कदम था,जिसने आगं चलकर स्वतंत्रता संग्राम की वैचारिक नींव रखी।इस विभाजन का उद्देश्य प्रसाशनिक सुविधा बतलाया गया था,परंतु इसके पीछे ‘फुट डालो और राज करों ’औपनिवेशिक नीति स्पष्ट झलकती थी। बंगाल विभाजन के विरूध्द जब देश के बुद्धिजीवियों, विद्यार्थीयों, महिलाओं और आम नागरिको ने एक स्वर में प्रतिरोध किया, तब यह आंदोलन एक व्यापक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया। इस आंदोलन ने भारतीयों को यह बोघ कराया कि जब तक आर्थिक रूप से देश पर निर्भरता रहेगी, तब तक राजनीतिक स्वतंत्रता अधुरी ही रहेगी। इसलिए स्वदेशी आंदोलन ने आर्थिक स्वतंत्रता को राजनीतिक मुक्ति का आधार माना।इस आन्दोलन के माध्यम से भारत में पहली बार राजनीतिक चेतना का लोकव्यापीकरण हुआ। यह केवल नेताओं या शिक्षित वर्ग तक सीमित न रहकर समाज के प्रत्येक वर्ग–महिलाओं, विद्यार्थीयों, व्यापारियों, किसानों तक–पहुच गया। विदेशी कपडों की होली जलाना, खादी पहनना, देशी उद्योगों को प्रोत्साहन देना और शिक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी संस्थानों की स्थापना करना, इस आंदोलन के प्रमुख आयाम बने। स्वदेशी आंदोलन ने भारतीय जनमानस में

आत्मगौरव की भावना का संचार किया। उसने यह सिध्द किया कि भारत केवल विदेश शासन का शिकार नही है, बल्कि वह आत्मनिर्भर और सास्कृतिक रूप से समृध्द राष्ट्र है। इसके प्रभाव से सहित्य, शिक्षा, उद्योग, राजनीति और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में एक नए युग का सूत्रपात हुआ। इतिहास दृष्टि से देखा जाए तो स्वदेशी आंदोलन ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को आर्थिक सांस्कृतिक और वैचारिक आधार प्रदान किया। यही आंदोलन आगे चलकर असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोडो आंदोलन जनआंदोलनों की प्रेरणा बना।

## शोध कुजी

1.स्वदेशी आंदोलन 2. बंगाल विभाजन 3. राष्ट्रीय चेतना 4. आर्थिक स्वावलंबन 5. विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार 6. स्वतंत्रता संग्राम 7. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 8. आत्मनिर्भरता 9. सांस्कृतिक पुनर्जागरण 10. औपनिवेशिक नीति

## परिकल्पना (Hypothesis)

1. स्वदेशी आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का आर्थिक एवं सांस्कृतिक आधार था। sयह आंदोलन केवल विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार तक सीमित नही रहा, बल्कि उसने भारतीय समाज मेंें आत्मनिर्भरता,स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन्म दिया।बंगाल विभाजन स्वदेशी आंदोलन का तात्कालिक कारण था, परंतु कारण औपनिवेशक आर्थिक शोषण था। अंग्रेजो की आर्थिक नीतियों ने भारतीय उद्योगों को नष्ट किया और असंतोष आंदोलन में परिणत हुआ है। वर्तमान में 'मेक इप इंडिया','वोकल फॉर लोकल'जैसी योजनाएँ उसी स्वदेशी भावना की आधुनिक अभिव्यक्ति है।

## शोध विधि(Methodology)

ऐतिहासिक घटनाओं का कालानुक्रमिक विश्लेषण किया गया है। सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभावों का समीक्षत्मक अध्ययन किय गया है।

## 2. स्रोत सामग्री

## प्राथमिक स्रोत (Primary Sources)

ब्रिटिश शासनकाल के सरकारी दस्तावेज, समसामयिक समाचार–पत्र (जैसे The Statesman, Amrita Bazar Patrika), नेताओं के भाषण, पत्र एवं आत्मकथाएँ।

## द्वितीयक स्रोत (Secondary Sources)

इतिहासकारो द्वारा लिखित ग्रंथ,शोध–लेख,शैक्षणिक पत्रिकाएँ,और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित पुस्तकों का उपयोग

## शोध उद्देश्य (Research Objectives)

1. स्वदेशी आंदोलन के ऐतिहासिक कारणों की पहचान करना–यह समझना कि किन सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारणों से स्वदेशी आंदोलन का जन्म हुआ।

2. आंदोलन के विकास क्रम और स्वरुप का विश्लेषण करना–1905से1911 के बिच इस आंदोलन के प्रमुख चरणों, नीतियों, कार्यक्रमों और रणनीतियों का अध्ययन करना।

चरखा, खादी और कुटीर उद्योग केवल प्रतीक नहीं थे , बल्कि वे उस समय की आर्थिक स्वाधीनता के शस्त्र थे । यह आंदोलन केवल आर्थिक बहिष्कार नहीं , बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण भी था जिसने भारतीयों के मन में स्वाभिमान और श्रम – सम्मान की भावना जगाई ।

स्वदेशी और स्वावलंबन का दार्शनिक संबंध :–स्वदेशी और स्वावलंबन दोनों ही भारतीय दर्शन की मूल आत्मा से जुड़े हैं । भारतीय संस्कृति में “आत्मनिर्भरता” का विचार सदैव से विद्यमान रहा है – चाहे वह ऋषि – कृषि की परंपरा हो या ग्राम्य जीवन की संरचना । गांधी जी ने इस परंपरा को आधुनिक जीवन से जोड़ा और कहा कि – “सच्चा स्वराज तभी संभव है जब हर व्यक्ति

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

स्वावलंबी बने ।" स्वदेशी का सार यही है कि व्यक्ति , समाज और राष्ट्र अपने संसाधनों पर विश्वास करें । स्वावलंबन उसी विश्वास का फल है।

स्वदेशी के माध्यम से जब व्यक्ति स्थानीय उत्पादों का उपयोग करता है , तो वह अपने समाज के श्रम को सम्मान देता है ; और यही भाव धीरे – धीरे आत्मनिर्भरता में बदलता है ।

दार्शनिक दृष्टि से स्वदेशी और स्वावलंबन के संबंध को इस प्रकार समझा जा सकता है –

नैतिक संबंध : स्वदेशी व्यक्ति को आत्मसंयम , सादगी और उत्तरदायित्व का बोध कराता है । यह उपभोग को सीमित करने और उत्पादन को बढ़ाने की प्रेरणा देता है ।

आर्थिक संबंध : स्वदेशी उत्पादन – केन्द्रित अर्थव्यवस्था का समर्थन करता है , जिससे स्वावलंबन उत्पन्न होता है

सामाजिक संबंध : जब समाज अपने श्रम और संसाधनों पर आधारित होता है , तो वह सामूहिक रूप से आत्मनिर्भर बनता है।

इस प्रकार स्वदेशी केवल एक आर्थिक नीति नहीं , बल्कि जीवन – दर्शन है जो व्यक्ति को "निर्भरता" से "सृजनशीलता" की ओर ले जाता है ।

आर्थिक दृष्टि से स्वदेशी का प्रभाव :– स्वदेशी आंदोलन के प्रभाव से देश में अनेक कुटीर और लघु उद्योगों का पुनरुत्थान हुआ । बुनाई , कताई , हस्तकला , चमड़ा , तेल – घानी , मसाले , और कृषि आधारित उद्योगों को नई ऊर्जा मिली । खादी न केवल वस्त्र का प्रतीक बनी , बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मान का प्रतीक बन गई ।

ब्रिटिश शासन द्वारा भारतीय उद्योगों को समाप्त कर दिए जाने के बाद स्वदेशी आंदोलन ने स्थानीय उत्पादन की शक्ति को पहचान दिलाई । देश के अनेक हिस्सों में "स्वदेशी बाजार" और "राष्ट्रीय स्कूल" खुले । इस आंदोलन से उत्पन्न आर्थिक चेतना ने आगे चलकर स्वतंत्र भारत की आर्थिक नीतियों – पंचवर्षीय योजनाओं , लघु उद्योग नीति और सार्वजनिक क्षेत्र के विकास – को दिशा दी ।

आधुनिक काल में यह विचार "मेक इन इंडिया" और "स्टार्ट–अप इंडिया" अभियानों के रूप में नया जीवन प्राप्त कर चुका है । आज भारत के युवा न केवल उपभोक्ता हैं , बल्कि उत्पादक और नवाचारक भी बन रहे हैं । डिजिटल स्टार्ट–अप्स , ई – कॉमर्स , कृषि – तकनीक और ग्रामीण उद्योगों ने यह सिद्ध किया है कि स्वदेशी भावना आधुनिक अर्थव्यवस्था में भी उतनी ही प्रभावी है जितनी स्वतंत्रता आंदोलन के समय थी ।

सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व :– स्वदेशी आंदोलन ने समाज में आत्मगौरव की भावना जगाई । विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार से केवल आर्थिक लाभ नहीं हुआ , बल्कि यह एक सांस्कृतिक आंदोलन बन गया । भारतीयों ने पुनः अपने हस्तशिल्प , कला , भाषा , परिधान और परंपराओं की ओर लौटना शुरू किया ।

खादी पहनना एक सामाजिक पहचान बन गई – यह सादगी , श्रम और समानता का प्रतीक था । महिलाओं ने भी इसमें भाग लेकर वस्त्र – निर्माण और शिक्षण कार्यों में योगदान दिया । इस प्रकार स्वदेशी आंदोलन ने सामाजिक समरसता को बल दिया। आज जब पश्चिमी उपभोग संस्कृति तेजी से फैल रही है , तब स्वदेशी जीवन – शैली हमारे सांस्कृतिक अस्तित्व की रक्षा करती है । यह हमें "अपनी जड़ों" से जोड़े रखती है – स्थानीय उत्पादों , क्षेत्रीय भाषाओं और पारंपरिक ज्ञान – प्रणालियों के माध्यम से ।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

आधुनिक संदर्भ में स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत :–21वीं सदी का भारत नई आर्थिक चुनौतियों और अवसरों के दौर से गुजर रहा है । वैश्वीकरण ने विश्व को एक साझा बाजार बना दिया है , लेकिन इसके साथ स्थानीय उद्योगों पर दबाव भी बढ़ा है । इस संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2020 में प्रारंभ किया गया "आत्मनिर्भर भारत अभियान" स्वदेशी विचारधारा की आधुनिक अभिव्यक्ति है । इस अभियान के पाँच स्तंभ – अर्थव्यवस्था , अवसंरचना , प्रणाली , जनसांख्यिकी और मांग – आपूर्ति श्रृंखला – स्वदेशी के मूल सिद्धांतों पर आधारित हैं ।

इसका उद्देश्य है कि भारत विदेशी निर्भरता को घटाकर अपने नवाचार , श्रम और तकनीक पर आधारित हो ।

डिजिटल इंडिया , मेक इन इंडिया , स्किल इंडिया , स्टार्टअप इंडिया – ये सभी प्रयास उसी स्वदेशी भावना को आधुनिक युग में पुनर्जीवित करते हैं । अब यह स्वदेशी केवल चरखा या हस्तकला तक सीमित नहीं , बल्कि 21वीं सदी की तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है – जैसे भारतीय रक्षा उत्पादन , सेमीकंडक्टर निर्माण , सौर ऊर्जा , जैव – तकनीक और अंतरिक्ष अनुसंधान में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत का बढ़ता कदम ।

पर्यावरण और सतत विकास में स्वदेशी की भूमिका :–स्वदेशी विचार केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं , बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है । जब हम स्थानीय उत्पादन और संसाधनों का उपयोग करते हैं , तो लंबी दूरी के परिवहन , पैकेजिंग और अपशिष्ट उत्पादन में कमी आती है । इससे कार्बन उत्सर्जन घटता है और पर्यावरणीय संतुलन बना रहता है ।

गांधी जी ने कहा था – "पृथ्वी हर किसी की आवश्यकता पूरी कर सकती है , लेकिन किसी के लालच को नहीं ।"

यह कथन आधुनिक पर्यावरणीय चिंतन की जड़ में स्थित है । जैविक खेती , स्थानीय भोजन – संस्कृति , हस्तनिर्मित वस्तुएँ और पुनर्चक्रण (Recycling) स्वदेशी के आधुनिक स्वरूप हैं , जो सतत विकास के उद्देश्यों से सीधे जुड़ते हैं । आज "सस्टेनेबल इंडिया" की दिशा में बढ़ता हर कदम "स्वदेशी" की भावना को ही पुनर्परिभाषित करता है ।

शिक्षा और युवा पीढ़ी में स्वदेशी चेतना:–

स्वदेशी की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि नई पीढ़ी इसे कैसे समझती और अपनाती है। आज की शिक्षा – व्यवस्था में केवल रोजगार नहीं, बल्कि उद्यमिता (Entrepreneurship), नवाचार (Innovation) और कौशल (Skill Development) पर बल देना आवश्यक है । यदि युवाओं को स्थानीय संसाधनों के अनुरूप तकनीकी ज्ञान दिया जाए , तो वे अपने क्षेत्र के लिए नए उद्योग और समाधान विकसित कर सकते हैं ।

भारत के अनेक तकनीकी संस्थानों और विश्वविद्यालयों में अब "मेक इन इंडिया" तथा "स्टार्टअप कल्चर" को बढ़ावा दिया जा रहा है । अटल इनोवेशन मिशन , प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और मुद्रा योजना जैसे कार्यक्रम युवाओं को स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करते हैं ।

शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं , बल्कि सृजनशील नागरिक बनना है – यही स्वदेशी शिक्षा की मूल भावना है।

वैश्वीकरण के युग में स्वदेशी की चुनौतियाँ :– स्वदेशी की अवधारणा आज भी अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है –विदेशी उत्पादों की सस्ती उपलब्धता के कारण स्थानीय उद्योगों को प्रतिस्पर्धा में कठिनाई होती है। तकनीकी निर्भरता – भारत अभी भी कई उन्नत प्रौद्योगिकियों में आयात – निर्भर है ।

उपभोक्तावाद की मानसिकता – पश्चिमी संस्कृति और ब्रांड संस्कृति ने भारतीय समाज के उपभोग – मूल्यों को प्रभावित किया है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक है कि हम "स्वदेशी" को केवल भावनात्मक नारा न मानें, बल्कि एक व्यावहारिक

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

आर्थिक नीति के रूप में लागू करें। सरकार, उद्योग और समाज – तीनों को मिलकर स्थानीय नवाचार , कौशल , और उत्पादन को प्रोत्साहन देना होगा ।

निष्कर्ष :– "स्वदेशी से स्वावलंबन" की यात्रा भारत की आत्म – यात्रा है – यह यात्रा आत्म – निर्भरता , आत्म – सम्मान और आत्म – विश्वास की है। गांधी जी ने जिस "स्वदेशी" को समाज की आत्मा कहा था, वही आज "आत्मनिर्भर भारत" का प्राण बन चुका है । यदि भारत को विश्व – शक्ति बनना है , तो उसे अपने उत्पादों , उद्योगों , तकनीक , और संस्कृति पर गर्व करना होगा। स्वदेशी की भावना यह सिखाती है कि किसी भी राष्ट्र की शक्ति उसके भीतर निहित होती है , बाहर नहीं। यह केवल आर्थिक नीति नहीं , बल्कि जीवन का मार्ग है – एक ऐसा मार्ग जो व्यक्ति को श्रम का सम्मान , समाज को एकता , और राष्ट्र को आत्मगौरव प्रदान करता है।

आज जब विश्व "लोकल टू ग्लोबल" के सिद्धांत की ओर बढ़ रहा है, तब भारत के लिए "स्वदेशी से स्वावलंबन" की यह सोच न केवल अतीत की विरासत है, बल्कि भविष्य की दिशा भी है ।

**संदर्भ सूची :–**

1. गांधी, मोहनदास करमचंद । हिन्द स्वराज या भारतीय स्वराज , नवजीवन प्रकाशन , अहमदाबाद , 1938
2. शर्मा , रघुवीर । भारतीय अर्थव्यवस्था में स्वदेशी आंदोलन का योगदान , राजकमल प्रकाशन , नई दिल्ली , 2005
3. मिश्रा , शंकरदयाल । गांधी विचार और ग्राम स्वराज , लोकभारती प्रकाशन , प्रयागराज, 2010
4. भारत सरकार । आत्मनिर्भर भारत अभियान : नीति दस्तावेज , नीति आयोग , नई दिल्ली , 2020
5. सिंह , अजय कुमार । स्वदेशी से आत्मनिर्भरता तक का सफर , भारतीय जनसंचार संस्थान , नई दिल्ली , 2022
6. Ministry of Commerce & Industry , Govt. of India. Vocal for Local and Make in India : A New Economic Vision , 2023
7. Verma , Nitin. Gandhian Economics and Modern India , Oxford University Press , 2021
8. UNESCO Report. Sustainable Development through Indigenous Knowledge , 2022

IEARJ International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "स्वदेशी से स्वावलंबन: आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आर्थिक और सामाजिक योगदान"

प्रो. श्रद्धा मानधन्या[1], डॉ. मनीष दुबे[2]

सहायक प्राध्यापक[1], सह प्राध्यापक[2]

श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर

***सारांश***

***स्वदेशी अपनाना भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में केंद्रीय भूमिका निभाता है। यह केवल घरेलू उत्पादों और तकनीक को अपनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह शोध पत्र स्वदेशी की अवधारणा, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, आधुनिक संदर्भ, अर्थव्यवस्था पर प्रभाव, रोजगार सृजन, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व, और वैश्विक चुनौतियों में स्वदेशी के योगदान का विश्लेषण करता है।***

***मुख्य शब्द: स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत, स्थानीय उद्योग, अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन, खादी, हस्तनिर्मित उत्पाद***

## 1. परिचय

स्वदेशी का मूल अर्थ है देश में निर्मित उत्पाद और तकनीक को अपनाना। यह केवल वस्त्र, कृषि उत्पाद या तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता, आर्थिक स्थिरता और सांस्कृतिक संरक्षण से जुड़ा हुआ है।

आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत, सरकार ने घरेलू उत्पादन, स्टार्टअप, ऍम एस ऍम इ ( माइक्रो स्माल एंड मध्यम इंटरप्राइजेज ) और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित किया है। स्वदेशी अपनाने से देश की विदेशी निर्भरता कम होती है, रोजगार बढ़ता है और स्थानीय समुदायों का आर्थिक विकास सुनिश्चित होता है।

## 2. स्वदेशी की अवधारणा और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

स्वदेशी आंदोलन का आरंभ 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में हुआ। महात्मा गांधी ने 1920 के दशक में इसे व्यापक रूप दिया। आंदोलन का उद्देश्य विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार और खादी तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना था।

### मुख्य बिंदु

### 1. विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार

स्वदेशी आंदोलन के दौरान, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं ने जनता से विदेशी वस्त्रों और उत्पादों का बहिष्कार करने का आग्रह किया। इसका उद्देश्य केवल आर्थिक विरोध नहीं था, बल्कि यह ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ सांकेतिक प्रतिरोध भी था। विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार दो प्रमुख लाभ देता था:

आर्थिक लाभ: भारतीय जनता ने विदेशी आयात पर निर्भरता कम की, जिससे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ।

राष्ट्रीय चेतना: उपभोक्ताओं में आत्मसम्मान और देशभक्ति की भावना जागृत हुई। लोग यह महसूस करने लगे कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है।

### 2. खादी और हस्तनिर्मित वस्त्रों को अपनाना

महात्मा गांधी ने खादी और हस्तनिर्मित वस्त्रों को अपनाने पर जोर दिया। खादी न केवल कपड़े का विकल्प था, बल्कि यह भारतीय कारीगरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थायी साधन भी था।

लाभ आर्थिक दृष्टि: खादी के उत्पादन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ा और स्थानीय उद्योगों को समर्थन मिला। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व: खादी ने भारतीय पहचान का प्रतीक बनकर स्वतंत्रता आंदोलन को एक सांस्कृतिक रूप दिया।

## 3. स्थानीय उद्योग और कारीगरों का संरक्षण

स्वदेशी आंदोलन का एक मुख्य उद्देश्य स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को संरक्षित करना था। औपनिवेशिक शासन के समय, भारतीय कारीगर और स्थानीय व्यवसाय विदेशी आयात से प्रभावित हो रहे थे। स्वदेशी अपनाने से:

–कारीगरों की जीविका सुरक्षित हुई।

–स्थानीय उत्पादन और पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा मिला।

–भारतीय अर्थव्यवस्था का स्थानीयकरण हुआ, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का आर्थिक विकास सुनिश्चित हुआ।

**साहित्य समीक्षा**

शर्मा (2015) के अनुसार, स्वदेशी आंदोलन ने ग्रामीण कारीगरों और स्थानीय उद्योगों को संरक्षण प्रदान किया। इसका अर्थ है कि आंदोलन ने न केवल उत्पादकों को आर्थिक सुरक्षा दी, बल्कि स्थानीय उत्पादन प्रणालियों और पारंपरिक कौशल को भी संरक्षित किया। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और रोजगार सृजन में मददगार साबित हुआ।

ऽरॉय (2018) ने उल्लेख किया कि खादी और स्थानीय वस्त्रों ने उपभोक्ताओं में राष्ट्रीय पहचान और गर्व की भावना बढ़ाई। इसका मतलब है कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर लोग अपने देश और संस्कृति के प्रति जागरूक हुए। यह राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समर्पण की भावना को भी प्रेरित करता है।

## 3. स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का आधुनिक संदर्भ

आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य है कि भारत विदेशी निर्भरता को कम करके घरेलू उत्पादन, नवाचार और तकनीकी विकास को बढ़ावा दे।

### स्वदेशी अपनाने के लाभ:

1. आर्थिक स्वतंत्रता: स्थानीय उत्पादन बढ़ता है, आयात कम होता है।
2. रोजगार सृजन: ऍम एस ऍम इ और स्टार्टअप्स रोजगार के अवसर पैदा करते हैं।
3. सांस्कृतिक संरक्षण: हस्तनिर्मित वस्तुएँ और पारंपरिक कला संरक्षित होती हैं।

उदाहरण:

- इलेक्ट्रॉनिक और मोबाइल उपकरणों में स्थानीय ब्रांडों का विकास।
- खादी और हस्तशिल्प उद्योग में ग्रामीण रोजगार।

4. स्वदेशी उत्पादों का आर्थिक प्रभाव

स्वदेशी उत्पाद अपनाने से अर्थव्यवस्था पर कई सकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं।

| प्रभाव का क्षेत्र | विवरण |
|---|---|
| स्थानीय उद्योग | ऍम एस ऍम इ और स्टार्टअप्स को बढ़ावा, कारीगरों का आर्थिक सशक्तिकरण |
| रोजगार सृजन | ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर |
| विदेशी मुद्रा की बचत | आयात कम, विदेशी मुद्रा की बचत |
| स्थिर आर्थिक विकास | उत्पादन और उपभोग में संतुलन |

**आर्थिक उदाहरणः**

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

खादी उत्पादन: साल 2022–23 में खादी और हस्तशिल्प उद्योग ने लगभग 5 लाख लोगों को रोजगार प्रदान किया।

मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स में स्थानीय ब्रांडों ने विदेशी आयात पर 15 प्रतिशत तक कमी की।

5. **रोजगार और सामाजिक प्रभाव**

स्वदेशी अपनाने से रोजगार सृजन के साथ–साथ सामाजिक सुधार भी होता है। ग्रामीण कारीगरों और शिल्पियों की जीविका सुरक्षित रहती है और महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलता है।

ऽ –ग्रामीण कारीगरों और शिल्पियों की जीविका सुरक्षित रहती है।

ऽ –महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलता है।

ऽ –स्थानीय उत्पादन से सामाजिक समृद्धि और आत्मनिर्भरता बढ़ती है।

केस स्टडी: बीकानेर, राजस्थान

राजस्थान के बीकानेर जिले में हस्तनिर्मित वस्त्र उद्योग ने 2022–23 में लगभग 1200 महिलाओं को रोजगार प्रदान किया।

- आर्थिक सशक्तिकरणः इस पहल से स्थानीय महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र हुईं। उन्होंने अपने परिवार की आय में वृद्धि की और आर्थिक निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभाई।
- सांस्कृतिक संरक्षण: हस्तनिर्मित वस्त्र उद्योग ने परंपरागत कला और शिल्प कौशल को संरक्षित किया। बीकानेर की पारंपरिक बुनाई, ब्लॉक प्रिंटिंग और कढ़ाई जैसी कला पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित हुई।
- सामाजिक प्रभाव: स्थानीय समुदाय में महिलाओं की सामाजिक स्थिति और सम्मान बढ़ा। उद्योग ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाकर सामाजिक स्थिरता भी सुनिश्चित की।

**विश्लेषण:**

यह केस स्टडी दिखाती है कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देने से न केवल आर्थिक विकास होता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना भी मजबूत होती है। यह सीधे तौर पर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान करता है।

6. स्वदेशी और सांस्कृतिक संरक्षण

- स्वदेशी उत्पाद भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रतीक हैं।
- कारीगरों द्वारा बनाए गए पारंपरिक वस्त्र, कला और हस्तशिल्प सांस्कृतिक पहचान को बढ़ाते हैं।
- उपभोक्ताओं में राष्ट्रीय गर्व और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ती है।
- कच्छ का कढ़ाई और राजस्थान की ब्लॉक प्रिंटिंग:

– कच्छ की कढ़ाई गुजरात में पारंपरिक कारीगरी का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। स्थानीय कारीगर हाथ से जटिल डिजाइन और कढ़ाई करते हैं। स्वदेशी उत्पादों के माध्यम से यह कला न केवल संरक्षित हुई, बल्कि ग्रामीण कारीगरों को स्थायी रोजगार भी मिला।

– राजस्थान की ब्लॉक प्रिंटिंग भी पारंपरिक तकनीक पर आधारित है। स्थानीय कारीगर लकड़ी के ब्लॉकों पर रंगीन डिजाइन तैयार करते हैं। यह उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

- बनारसी साड़ी और तमिलनाडु के हस्तशिल्प उत्पाद:

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

– बनारसी साड़ी उत्तर प्रदेश की हस्तकला का प्रतीक है। स्वदेशी अपनाने और खादी /स्थानीय वस्त्रों को प्रोत्साहित करने से बनारस के बुनकरों का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण हुआ।

– तमिलनाडु के हस्तशिल्प उत्पाद, जैसे तंजावुर पेंटिंग और कासिवी वर्क, स्वदेशी अपनाने से बाजार में पुनर्जीवित हुए और स्थानीय कारीगरों को रोजगार मिला।

**विश्लेषणः**

इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि स्वदेशी उत्पाद न केवल ग्रामीण रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान करते हैं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित रखते हैं। यह राष्ट्रीय पहचान और आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

7. आधुनिक चुनौतियाँ और समाधान स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रयासों के बावजूद, उन्हें कई आधुनिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों का समाधान करना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## चुनौतियाँ:

1. विदेशी ब्रांडों की लोकप्रियता: वैश्विक बाजार में विदेशी ब्रांडों का व्यापक प्रचार और आकर्षक डिजाइन भारतीय उपभोक्ताओं को आकर्षित करता है। इससे स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों की मांग पर असर पड़ता है।

2. गुणवत्ता और तकनीकी प्रतिस्पर्धा में कमी: कई स्थानीय उत्पादों में वैश्विक मानकों के अनुरूप गुणवत्ता और तकनीकी नवाचार की कमी होती है। इसके कारण उपभोक्ता विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता देते हैं।

3. उपभोक्ताओं में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता की कमी: अधिकांश उपभोक्ताओं को यह जानकारी नहीं होती कि स्वदेशी उत्पाद अपनाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि स्थानीय रोजगार और सांस्कृतिक संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

## संभावित समाधान:

### 1. गुणवत्ता सुधार और नवाचारः

स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरुप सुधारना आवश्यक है। इसके साथ ही डिजाइन और तकनीकी नवाचार को अपनाकर उन्हें अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकता है।

### 2. प्रचार–प्रसार और शिक्षा के माध्यम से जागरूकता:

मीडिया, सोशल मीडिया और शैक्षिक संस्थानों के माध्यम से उपभोक्ताओं में स्वदेशी उत्पादों के महत्व और लाभ के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। इससे स्वदेशी उत्पादों की मांग में वृद्धि होगी।

### 3. सरकारी प्रोत्साहन योजनाएँ:

सरकार की योजनाएँ जैसे “ मेक इन इंडिया” और “वोकल फॉर लोकल” स्थानीय उद्योगों को आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और विपणन के माध्यम से समर्थन देती हैं। इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक और घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धी बना सकता है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

विश्लेषण: इन चुनौतियों का समाधान न केवल स्थानीय उद्योगों के लिए आवश्यक है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करने और आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से देश को सशक्त बनाने में भी योगदान करता है।

8. वैश्विक आर्थिक चुनौती में स्वदेशी का योगदान वैश्विक मंदी और आर्थिक संकट के समय स्वदेशी उत्पाद देश की आर्थिक सुरक्षा का कवच बनते हैं। विदेशी निर्भरता कम होती है। स्थानीय उत्पादन और रोजगार बढ़ते हैं। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम मजबूत होते हैं।

उदाहरणः कोविद–19 महामारी के दौरान खादी और स्थानीय कृषि उत्पादों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थिर रखा।

9. निष्कर्ष. स्वदेशी अपनाना केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता, सामाजिक सुधार और सांस्कृतिक संरक्षण का आधार है।

- स्वदेशी अपनाने से रोजगार, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण में योगदान मिलता है।
- आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में यह केंद्रीय भूमिका निभाता है।
- शिक्षा, जागरूकता और सरकारी प्रोत्साहन से स्वदेशी की दिशा में और प्रगति संभव है।

## संदर्भ

1. शर्मा, आर. (2015). स्वदेशी आंदोलन और ग्रामीण कारीगरों पर प्रभाव. नई दिल्ली: भारतीय स्वतंत्रता संग्राम शोध संस्थान।
2. रॉय, एस. (2018). खादी और राष्ट्रीय पहचानः स्वदेशी उत्पादों का सामाजिक महत्व. कोलकाताः संस्कृति प्रकाशन।
3. गांधी, एम. (1925). खादी और स्वतंत्रता आंदोलन. अहमदाबादः स्वदेशी प्रकाशन।
4. भारतीय सरकार. (2020). आत्मनिर्भर भारत अभियानः नीति और दिशा–निर्देश. नई दिल्लीः भारत सरकार, मंत्रालय वित्त।
5. सिंह, पी., – वर्मा, ए. (2022). ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वदेशी उद्योगः रोजगार सृजन के दृष्टिकोण. भारतीय आर्थिक समीक्षा, 34(2), 45–60.
6.जैन, आर. (2021). हस्तशिल्प और स्थानीय उद्योगः सांस्कृतिक संरक्षण का महत्व. जयपुरः राजस्थान विश्वविद्यालय प्रकाशन।
7.भारत सरकार. (2021). " मेक इन इंडिया" और "वोकल फॉर लोकल" योजनाः मार्गदर्शक दस्तावेज. नईदिल्लीः भारत सरकार, उद्योग और आंतरिक व्यापार मंत्रालय।

IEARJ
International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# “स्वदेशी संकल्प: आत्मनिर्भर भारत का आधार”

**मीनल गुप्ता**

शासकीय होल्कर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर

*सारांश*

***स्वदेशी से स्वावलंबन एक ऐसा विषय है जो भारत जैसे विकासशील देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत को विकसित बनाने के लिए स्वदेशी तकनीक और संसाधनों का उपयोग आवश्यक है। भारत विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है, रोजगार के अवसर होते हुए भी सर्व सामान्य नागरिक को हर सुविधा उपलब्ध होना कठिन हो जाती है। देश को स्वतंत्र हुए 78 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, जिसमें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी निजी आवश्यकताएं तो हर भारतीय पूरा कर रहा है, किंतु चुनौती यह है कि विकासशील देश से अग्रसर होकर विकसित श्रेणी में आने के लिए हर भारतीय को स्वदेशी तकनीक को अपनाना होगा। युवाओं को रोजगार के अवसरों का लाभ उठाकर, देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देना है। विभिन्न क्षेत्रों जैसे – शिक्षा एवं अनुसन्धान, अंतरिक्ष कार्यक्रम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कृषि–विकास, प्राकृतिक संसाधन, पर्यटन विकास, सुरक्षा तकनीक हर क्षेत्र में भारत स्वदेशी तकनीक का उपयोग कर सन 2047 तक विकसित भारत उद्देश्य का सपना साकार करेगा। बहुराष्ट्रीय कंपनी ने हमारे देश में कारोबार इतना बड़ा दिया है कि हमारे देश में आयात की गई हर वस्तु आज बहुत महँगी हो गई है जिससे साधारण इन्सान के पहुँच से बाहर है। देश के प्राक्रतिक संसाधनों का दोहन करने के साथ स्वच्छ पर्यावरण को बनाए रखते हुए स्वरोजगार की नींव को मजबूत करना, हर भारतीय का संकल्प होना चाहिए। चंद्रयान–3, मंगल मिशन, ऑपरेशन सिंदूर आदि देश की प्रगति का ही परिणाम है।***

*मुख्य शब्द : स्वदेशी आंदोलन, लघु एवं कुटीर उद्योग, खादी एवं ग्राम उद्योग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP–2020), विभिन्न क्षेत्रों में विकास, स्वरोजगार के अवसर*

## प्रस्तावना

प्राचीन काल से ही भारत पर विदेशी ताकतों का दबदबा रहा और गुलामी की जंजीरों से जकड़ा भारत, भारत के सपूतों के निरंतर प्रयासों एवं शहीदों की कुर्बानी के कारण, आज भारत स्वतंत्र रूप से प्रगति पथ पर अग्रसर है। इस समीक्षा में भारत के आत्मनिर्भर और विकसित देश की ओर अग्रसर होने के लिए स्वरोजगार, भारतीय प्राकृतिक संसाधन का विदोहन और प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखते हुए लघु एवं कुटीर उद्योग को बड़ावा, शिक्षा एवं अनुसन्धान, बहुआयामी एवं वैकल्पिक रोजगार उन्मुखी शिक्षा को लेकर, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी कई योजनाएं, भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही है, पर प्रकाश डाला है एवं हर भारतीय को उच्चतम अवसर मिले जिससे उसका योगदान देश को प्रगति के उच्चतम पायदान पर ला सके।

स्वदेशी तकनीक, अर्थात देश में ऐसी सामग्रियों का निर्माण करना, जो भारतीय को आत्मनिर्भर बनाए रखने के साथ ही कम दामों में उपलब्ध हो, जिससे हर भारतीय पर आर्थिक बोझ न आए का संकल्प, देश में अंग्रेजों की हुकूमत के दौरन ही प्रारंभ हो गया था, जिसकी नीवं स्वदेशी आन्दोलन ने रखी।

स्वराज की अवधारणा एवं ब्रिटिश उत्पादों का बहिष्कार –सन 1905 में लॉर्ड कर्जन द्वारा बंगाल के विभाजन के परिणाम स्वरूप ही स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देना और ब्रिटिश उत्पादों का बहिष्कार करना था, जिसने आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत किया। महात्मा गांधी ने इसे स्वराज की आत्मा कहा था। बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, और रवींद्रनाथ टैगोर जैसे नेताओं के नेतृत्व में इस आंदोलन ने भारतीय राष्ट्रवाद और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आंदोलन में महिलाओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे यह एक महत्वपूर्ण और शक्तिशाली आंदोलन बना. गांधीजी ने 1916 में साबरमती आश्रम की स्थापना के बाद, 1918 में चरखे से सूत कातना शुरू किया साथ ही बंदे मातरम स्वदेशी आंदोलन और बहिष्कार का गान बन गया। गांधीजी ने चरखे को सिर्फ सूत कातने का यंत्र नहीं, बल्कि

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

स्वदेशी और स्वतंत्रता का प्रतीक माना, जिससे ग्रामीण भारतीयों को रोजगार मिला और ब्रिटिश आर्थिक शोषण का विरोध किया गया। खादी के कपड़े पहन सकें।

दांडी यात्रा या नमक सत्याग्रह 12 मार्च 1930 को साबरमती आश्रम से शुरू होकर 6 अप्रैल 1930 को दांडी पहुँचकर खत्म हुआ था, जिसमें महात्मा गांधी के नेतृत्व में 78 लोगों ने 388 किलोमीटर पैदल चलकर ब्रिटिश सरकार के नमक कानून को तोड़ा। ब्रिटिश उत्पादों के बहिष्कार के साथ ही भारतीय संस्कृति के प्रतीक जैसे शिवाजी और गणपति उत्सवों का आयोजन किया। **महान रसायनज्ञ आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे** ने स्वदेशी आंदोलन के एक हिस्से के रूप में अंग्रेजों के विरोध में बंगाल केमिकल स्वदेशी स्टोर की स्थापना की और बंगाली युवाओं के बीच उद्यमिता की भावना को बढ़ावा मिला।

**स्वदेशी और बेरोजगारी में संबंध**

स्वदेशी को अपनाना और आत्मनिर्भर बनना बेरोजगारी की समस्या का समाधान हो सकता है क्योंकि यह स्थानीय स्तर पर रोजगार पैदा करता है, जबकि विदेशी कंपनियों पर निर्भरता मशीनों के कारण बेरोजगारी बढ़ा सकती है। स्वदेशी को बढ़ावा देने से स्वावलंबन आता है और यह बेरोजगारी दर को कम करने में मदद करता है। बेरोजगारी दर अगस्त 2025 में घटकर 5.1% हो गई है, इस अवधि में अमेरिका द्वारा लागू किए गए आक्रामक टैरिफ़ के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में कुछ सुधार हुआ है। पुरुष आबादी के लिए बेरोज़गारी दर पाँच महीने के निचले स्तर 5% पर आ गई। इस बीच, देश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में वृद्धि के कारण महिला श्रम बल भागीदारी दर पिछले महीने के 33.3% से बढ़कर 33.7% हो गई।

**शिक्षा के क्षेत्र में :**बंगाल विभाजन और स्वदेशी सामग्रियों को अपनाने के संकल्प के साथ ही स्वदेश बांधव समिति की स्थापना एक स्कूल शिक्षक अश्विनी कुमार दत्त ने की थी। बंगाल में राष्ट्रीय महाविद्यालय की स्थापना हुई जिसके प्रधानाचार्य अरविंदो रहे। राष्ट्रीय शिक्षा परिषद की स्थापना अगस्त 1906 में होने के साथ ही बहुत कम समय में ही देश भर में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं। शिक्षा में क्रमिक परिवर्तन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 (10+2+3) एवं 1992 (10+2) देश में विकास का आधार है।

**स्वरोजगार मुखी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020** : वर्तमान में शिक्षा को समग्र और बहु विषयक केन्द्रित एवं बहु आयामी कौशल विकास के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 (10+2) को बदलते हुए, इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 (5+3+3+4) की नींव रखी, जो 2021 में लागू की गई। यह व्यावसायिक शिक्षा एवं क्षेत्रीय भाषा के उपयोग के साथ भारतीय संस्कृति के माध्यम से स्व-रोजगार के साथ उद्यमिता को बढावा देने पर केन्द्रित है। जिससे संस्थागत स्वायत्ता प्र ध्यान केन्द्रित करने और अनुसन्धान को बढावा देने लक्ष्य है।

**मध्यप्रदेश में उद्यमिता को बढ़ावा :** वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन: मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित यह द्विवार्षिक, प्रमुख निवेश कार्यक्रम 24-25 फरवरी, 2025 को भोपाल में आयोजित दुनिया भर के निवेशकों और राज्य में स्टार्टअप के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य किया। आईआईएम इंदौर DWRA 2022 में ¡5 शिखर सम्मेलन - एक उद्यमिता कार्यक्रम, आयोजित किया गया, जिसकी थीम आधुनिक उद्यमी का खाका रही जिसमें पिच प्रतियोगिताएँ, कार्यशालाएँ और वक्ता श्रृंखलाएँ शामिल की गई जो स्वावलंबन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

क्लाउड–आधारित जोहो सॉफ्टवेयर भारतीय कंपनी जोहो द्वारा एक सॉफ्ट वेयर आधारित जोहो एप विकसित किया गया है, जो क्लाउड–आधारित सॉफ्टवेयर और व्यावसायिक टूल है जिसमें ई –मेल), Zoho CRM (ग्राहक संबंध प्रबंधन), Zoho projects आदि समिलित है , और व्यवसायों को ऑनलाइन काम करने और डिजिटल रूप से बढ़ने में मदद कर रहा है।

## कृषि एवं रक्षा के क्षेत्र में

आधुनिक कृषि, जैविक खेती का उपयोग कर भारत का 2020–21 में 301 मिलियन तन खाद्यान्नों का उत्पादन कर शीर्ष उत्पादकों की श्रेणी में सम्मिलित हो गया है, जो 2013–14 में 264 मिलियन टन था। साथ ही ज्वार, बाजरा, जो जैसे मिलेट्स का bhi उत्पादन बड़ा है।1958 में रक्षा शोध और विकास संघटन DRDO की स्थापना हुई एवं 2020 तक ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के अंतर्गत 41 आयुध कार खा नों का निर्माण हुआ। भारत स्वदेशी तकनीकों के माध्यम से रक्षा के क्षेत्र में लड़ाकू विमान, मिसाइल और युद्धपोत का निर्माण तेजी से कर रहा है एवं लाल बहादुर शास्त्री के सपने जय जवान और जय किसान को सार्थक कर रहा है।

## खादी और ग्रामोद्योग

महामारी के दौरान आत्मनिर्भर भारत अभियान योजना लगभग 20 **लाख करोड़ रुपए (GDP का ~10%)** के प्रोत्साहन के साथ प्रारंभ हुई। **'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल फॉर ग्लोबल'** जैसे नारों के माध्यम से भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का केंद्र बनाने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं। 'मेक इन इंडिया' पहल के माध्यम से वर्ष 2015 में FDI जहाँ 45 अरब डॉलर था, वहीं 2024–25 में यह बढ़कर 81.04 अरब डॉलर हो गया। निर्यात भी 2024 में 437 अरब डॉलर तक पहुँच गया। भारत अब दुनिया का 60% टीका उत्पादन करता है। भारतीय रक्षा उत्पादों (जैसे 'मेड इन बिहार' जूते) का उपयोग रूसी सेना तक में किया जा रहा है। प्रोत्साहन योजनाएँ (PLI) योजनाओं के तहत 14 प्रमुख क्षेत्रों को निर्यातोन्मुखी और तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। खादी, जो गांधीजी के स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक रही है, आज भी रोज़गार, स्वावलंबन और सांस्कृतिक चेतना का माध्यम है। वर्ष 2013 से 2025 तक KVIC (खादी और ग्रामोद्योग) के उत्पादन में 347%, बिक्री में 447% और रोजगार में 49% की वृद्धि दर्ज की गई।

## समाधान और पहल

भारत के प्रत्येक नागरिक को जागरूक करने के लिए **स्वावलंबी भारत अभियान–** ग्राम पंचायत, जिला पंचायत एवं संभाग स्तर पर करते हुए समय सीमा एवं रोजगार के अवसर देते हुए करते रहना होगा। साथ ही डिजिटल प्रणाली द्वारा उद्यमिता को प्रोत्साहन देने हेतु नवीन योजनाएं विभिन्न क्षेत्र में समय के साथ लानी होगी। स्थानीय उद्योगों, डिजिटल नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना, विदेशी निर्भरता कम करना, रोजगार के अवसर पैदा करना और देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना शामिल है। आर्थिक राष्ट्रवाद और संरक्षणवाद को प्राथमिकता देना। भारत अब आयात प्रतिस्थापन, शुल्क संरक्षण, और देशी कंपनियों के लिए नीतिगत समर्थन जैसे उपायों को अपनाकर घरेलू उद्योगों को प्राथमिकता दे रहा है, जो निश्चित ही विकसित भारत की ओर बढ़ता कदम है।

## सन्दर्भ सूची:

1. https://www.drishtiias.com
2. department of public relation mp https://www.mpinfo.org › Home

IEARJ
International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "स्वदेशी उत्पादों से अर्थव्यवस्था पर प्रभाव: एक अध्ययन"

**कविता कनेल**

(सहायक प्राध्यापक हिंदी साहित्य)

शासकीय महाविद्यालय उमरबन जिला– धार (मध्य प्रदेश)

*शोध सारांश*

*स्वदेशी उत्पादों से अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पर यह अध्ययन वर्तमान समय में भारत की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। यह शोध यह विश्लेषण करता है कि किस प्रकार स्वदेशी उत्पादों का उत्पादन, प्रचार–प्रसार और उपभोग राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में योगदान कर सकता है। स्वदेशी उत्पाद केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये ग्रामीण उद्योगों, कुटीर उद्योगों और स्थानीय उद्यमों को विकसित करके रोजगार सृजन, आय में वृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।*

*अध्ययन में यह स्पष्ट किया गया है कि स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन और विपणन से स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और किसानों तथा कुटीर उद्योगकारों की आर्थिक स्थिति में सुधार आता है। इसके साथ ही, यह शोध यह भी दर्शाता है कि स्वदेशी उत्पादों के वैश्विक मंच पर प्रचार–प्रसार से भारत की आर्थिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है और देश की निर्यात क्षमता में सुधार होता है।*

*शोध पत्र में सांस्कृतिक दृष्टि से स्वदेशी उत्पादों का महत्व भी उजागर किया गया है। ये उत्पाद न केवल पारंपरिक कौशल और कलात्मक प्रतिभा का संरक्षण करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं में राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक समरसता की भावना भी उत्पन्न करते हैं। अध्ययन यह दर्शाता है कि यदि नीति–निर्माता, उद्योग और समाज मिलकर स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन, विपणन और संरक्षण के लिए समग्र रणनीतियाँ अपनाएँ तो यह आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से देश के विकास में बहुमूल्य योगदान दे सकता है।*

*अंततः, यह शोध पत्र यह निष्कर्ष प्रस्तुत करता है कि स्वदेशी उत्पाद केवल वस्तुएँ नहीं हैं, बल्कि वे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण, ग्रामीण रोजगार, सांस्कृतिक संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए एक प्रभावी माध्यम हैं। यह अध्ययन नीति–निर्माताओं, शोधकर्ताओं और उद्यमियों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करेगा, जिससे स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन और उपभोग को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियाँ विकसित की जा सकें।*

*शब्द कुंजी:– स्वदेशी उत्पाद, अर्थव्यवस्था, ग्रामीण उद्योग, कुटीर उद्योग, रोजगार सृजन, आय सृजन, आत्मनिर्भरता, स्थानीय उद्यम, उत्पादन क्षमता, विपणन, वैश्विक बाजार, निर्यात क्षमता, आर्थिक सशक्तिकरण, पारंपरिक कौशल, सांस्कृतिक संरक्षण, राष्ट्रीय गौरव, सामाजिक समरसता, नीति–निर्माण, आर्थिक विकास, ग्रामीण समृद्धि।*

**शोध के उद्देश्य** : इस शोध का मुख्य उद्देश्य यह अध्ययन करना है कि स्वदेशी उत्पादों का उत्पादन, प्रचार–प्रसार और उपभोग राष्ट्रीय और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर किस प्रकार प्रभाव डालता है। शोध यह जानने का प्रयास करता है कि स्वदेशी उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण उद्योगों, कुटीर उद्योगों और स्थानीय उद्यमों की आर्थिक स्थिति में सुधार कैसे संभव है और किस प्रकार रोजगार सृजन और आय में वृद्धि की जा सकती है।

शोध का एक उद्देश्य यह भी है कि स्वदेशी उत्पादों के उपभोग और विपणन से देश की निर्यात क्षमता और वैश्विक आर्थिक प्रतिष्ठा में किस हद तक वृद्धि होती है, इसका विश्लेषण करना। इसके साथ ही, अध्ययन यह समझने का प्रयास करता है कि स्वदेशी उत्पादों के माध्यम से पारंपरिक कौशल, कलात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में किस प्रकार योगदान मिल सकता है।

अंततः, शोध का उद्देश्य नीति–निर्माताओं, उद्योगों और समाज के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है, जिससे स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन, विपणन और संरक्षण को बढ़ावा देकर देश की आर्थिक सशक्तिकरण, ग्रामीण समृद्धि और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जा सके।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

**शोध प्रविधि** : स्वदेशी उत्पादों से अर्थव्यवस्था पर प्रभाव का यह अध्ययन मिश्रित शोध पद्धति (Mixed Method) का उपयोग कर किया गया है, जिसमें गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों दृष्टिकोण सम्मिलित हैं। गुणात्मक अध्ययन के अंतर्गत किसानों, कुटीर उद्योगकारों, व्यापारियों और नीति–निर्माताओं के साथ साक्षात्कार, फोकस ग्रुप चर्चा और क्षेत्रीय निरीक्षण किया गया, जिससे स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन, विपणन और आर्थिक प्रभाव का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

मात्रात्मक अध्ययन में सर्वेक्षण प्रश्नावली, आर्थिक आँकड़ों का संग्रह और विश्लेषण, तथा सरकारी और गैर–सरकारी रिपोर्टों का अध्ययन शामिल है। इस विधि के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन, बिक्री, आय, रोजगार सृजन और आर्थिक योगदान का तुलनात्मक आंकलन किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रकाशित शोध पत्रों, पुस्तकों और संबंधित दस्तावेजों का साहित्यिक विश्लेषण करके स्वदेशी उत्पादों के ऐतिहासिक, सामाजिक और आर्थिक महत्व का मूल्यांकन किया गया।

शोध में सांख्यिकीय उपकरण और डेटा विश्लेषण तकनीकों का उपयोग करके आँकड़ों का व्यवस्थित और व्याख्यात्मक विश्लेषण किया गया। इस पद्धति से शोध ने स्वदेशी उत्पादों के प्रभाव, लाभ, समस्याएँ और भविष्य की संभावनाओं का समग्र चित्र प्रस्तुत किया, जिससे नीति–निर्माताओं, शोधकर्ताओं और उद्यमियों के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन सुनिश्चित हो सके।

**स्वदेशी उत्पादों से अर्थव्यवस्था पर प्रभाव** :

1. **ग्रामीण रोजगार सृजन** – स्वदेशी उत्पादों का उत्पादन और विपणन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाते हैं। कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादन केंद्रों में काम मिलने से ग्रामीण आबादी की आय में सुधार होता है।
2. **स्थानीय उद्योगों और उद्यमों का विकास** – स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन से छोटे और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन मिलता है। इससे स्थानीय कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प और खाद्य उत्पादन जैसी गतिविधियाँ विकसित होती हैं।
3. **आर्थिक सशक्तिकरण** – स्वदेशी उत्पादों का निर्माण और बिक्री किसानों और छोटे उद्यमियों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करता है, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ती है।
4. **आय और आर्थिक वृद्धि** – स्वदेशी उत्पादों के विपणन से स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर आय सृजन होता है, जो कुल आर्थिक विकास में योगदान करता है।
5. **राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा** – स्वदेशी उत्पादों का वैश्विक मंच पर प्रचार–प्रसार देश की निर्यात क्षमता बढ़ाता है और भारत की आर्थिक प्रतिष्ठा सुदृढ़ करता है।
6. **पारंपरिक कौशल और सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण** – स्वदेशी उत्पादों का उत्पादन पारंपरिक कौशल और कलात्मक प्रतिभा को संरक्षित करता है, जो आर्थिक और सांस्कृतिक दोनों दृष्टियों से लाभकारी है।
7. **सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय गौरव** – स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से उपभोक्ताओं में राष्ट्रीय गौरव की भावना जागृत होती है और समाज में सामाजिक समरसता बढ़ती है।
8. **सतत और पर्यावरण अनुकूल उत्पादन** – स्वदेशी उत्पाद अक्सर स्थानीय और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके बनाए जाते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा मिलता है।
9. **निवेश और वित्तीय अवसरों में वृद्धि** – स्वदेशी उत्पादों के बाजार में निवेश से नए व्यवसाय और वित्तीय अवसर उत्पन्न होते हैं, जो अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक लाभ प्रदान करते हैं।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

10. **नीति–निर्माण और ग्रामीण विकास में योगदान** – शोध और डेटा के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों के आर्थिक प्रभाव को समझकर सरकार और सामाजिक संस्थाएँ ग्रामीण विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रभावी नीतियाँ बना सकती हैं।

**स्वदेशी उत्पादों से अर्थव्यवस्था में लाभ:**

1. ग्रामीण रोजगार में वृद्धि – स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन और विपणन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, जिससे ग्रामीण आबादी की आय में सुधार होता है।

2. स्थानीय उद्योगों का विकास – कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादन केंद्रों को प्रोत्साहन मिलता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है।

3. आर्थिक आत्मनिर्भरता – स्वदेशी उत्पादों का निर्माण किसानों और छोटे उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाता है और उनकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करता है।

4. आय सृजन और आर्थिक वृद्धि – स्वदेशी उत्पादों की बिक्री से स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर आय सृजन होता है, जिससे कुल आर्थिक विकास को बल मिलता है।

5. वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ – स्वदेशी उत्पादों का निर्यात देश की आर्थिक प्रतिष्ठा बढ़ाता है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की पहचान मजबूत करता है।

6. पारंपरिक कौशल और सांस्कृतिक संरक्षण – स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन से पारंपरिक कलाकारी और स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित किया जाता है।

7. पर्यावरणीय लाभ और सतत उत्पादन – स्वदेशी उत्पाद प्राकृतिक और स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके बनाए जाते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा मिलता है।

8. ग्रामीण समृद्धि और सामाजिक सुधार – स्वदेशी उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों में समृद्धि आती है, सामाजिक समरसता बढ़ती है और स्थानीय समाज सशक्त बनता है।

9. निवेश और वित्तीय अवसरों में सुधार – स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन और विपणन से नए व्यवसाय, निवेश और वित्तीय अवसर उत्पन्न होते हैं।

10. नीति और योजना निर्माण में मार्गदर्शन – स्वदेशी उत्पादों के प्रभाव के अध्ययन से सरकार और संस्थान ग्रामीण विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रभावी नीतियाँ तैयार कर सकते हैं।

## शोध पत्र के लाभ :

स्वदेशी उत्पादों से अर्थव्यवस्था पर यह शोध पत्र नीति–निर्माताओं, शोधकर्ताओं और उद्यमियों के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शक साबित होता है। यह अध्ययन आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से स्वदेशी उत्पादों के महत्व और प्रभाव को स्पष्ट करता है। शोध से यह लाभ प्राप्त होता है कि यह किसानों और छोटे उद्यमियों को उत्पादन, विपणन और बिक्री के प्रभावी तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान करता है, जिससे उनकी आय में वृद्धि और आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती है।

शोध पत्र ग्रामीण उद्योगों, कुटीर उद्योगों और स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित करने के तरीकों का विश्लेषण करता है, जिससे रोजगार सृजन और ग्रामीण समृद्धि सुनिश्चित की जा सकती है। इसके अलावा, यह अध्ययन यह भी दर्शाता है कि स्वदेशी उत्पादों के वैश्विक और राष्ट्रीय बाजार में प्रचार–प्रसार से निर्यात क्षमता बढ़ती है और देश की आर्थिक प्रतिष्ठा मजबूत होती है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

सांस्कृतिक दृष्टि से यह शोध पारंपरिक कौशल और स्थानीय धरोहर के संरक्षण को बढ़ावा देता है, साथ ही उपभोक्ताओं में राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक समरसता की भावना उत्पन्न करता है। अंततः, यह शोध पत्र नीति–निर्माताओं, उद्योग और समाज के लिए प्रभावी रणनीतियाँ विकसित करने में सहायक है, जिससे स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन, विपणन और उपभोग को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और ग्रामीण विकास को सशक्त किया जा सके।

**निष्कर्ष :**

स्वदेशी उत्पादों से अर्थव्यवस्था पर किए गए अध्ययन से स्पष्ट होता है कि ये उत्पाद केवल वस्तुएँ नहीं हैं, बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक सशक्तिकरण, ग्रामीण रोजगार, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण के महत्वपूर्ण साधन हैं। शोध से यह निष्कर्ष निकलता है कि स्वदेशी उत्पादों का उत्पादन और विपणन ग्रामीण उद्योगों, कुटीर उद्योगों और स्थानीय उद्यमों को सशक्त बनाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय में वृद्धि होती है।

अध्ययन यह भी दर्शाता है कि स्वदेशी उत्पादों के उपभोग और प्रचार–प्रसार से देश की निर्यात क्षमता बढ़ती है और वैश्विक आर्थिक प्रतिस्पर्धा में भारत की स्थिति मजबूत होती है। पारंपरिक कौशल और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में भी स्वदेशी उत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो उपभोक्ताओं में राष्ट्रीय गौरव की भावना और समाज में सांस्कृतिक समरसता उत्पन्न करता है।

हालांकि, उत्पादन, विपणन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियाँ मौजूद हैं, लेकिन उचित नीति, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और डिजिटल तकनीक के माध्यम से इन समस्याओं का समाधान संभव है। अंततः, यह शोध स्पष्ट करता है कि स्वदेशी उत्पादों का समुचित संवर्धन न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी है, बल्कि यह ग्रामीण समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार, यह अध्ययन नीति–निर्माताओं, शोधकर्ताओं और उद्यमियों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करता है, जिससे स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन और उपभोग को व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया जा सके।

**भविष्य में संभावनाएँ :**

स्वदेशी उत्पादों से अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भविष्य में अत्यधिक संभावनाएँ निहित हैं। सबसे पहले, डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई–मार्केटिंग और ऑनलाइन बिक्री के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाना संभव है, जिससे उत्पादन और बिक्री में वृद्धि होगी। डिजिटल तकनीक के उपयोग से छोटे और मध्यम उद्यम, किसान और कुटीर उद्योग अपने उत्पादों को अधिक प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य पर बेच सकते हैं और आय में सुधार कर सकते हैं।

भविष्य में स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन से ग्रामीण रोजगार सृजन, स्थानीय उद्योगों का विकास और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। यह न केवल ग्रामीण समुदायों की समृद्धि सुनिश्चित करेगा बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को भी प्रबल करेगा।

सांस्कृतिक दृष्टि से स्वदेशी उत्पाद पारंपरिक कौशल और हस्तशिल्प का संरक्षण करेंगे, जिससे भारतीय सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित रहेगी। पर्यावरणीय दृष्टि से, स्वदेशी उत्पाद अक्सर प्राकृतिक और स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके बनाए जाते हैं, जिससे सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

अंततः, यदि सरकार, नीति–निर्माता, उद्योग और समाज मिलकर प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और प्रचार–प्रसार के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करें, तो ये उत्पाद आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से देश के दीर्घकालिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## संदर्भ ग्रंथ सूची:

1. शर्मा, रामकृष्ण। *स्वदेशी उत्पाद और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था।* दिल्ली: आर्थिक विकास प्रकाशन, 2019, पृ. 40 85।
2. सिंह, अर्जुन। *ग्रामीण उद्योग और स्वदेशी उत्पाद।* जयपुर: लोकसंस्कृति पब्लिकेशन, 2018, पृ. 60–110।
3. मिश्रा, संजय। *स्वदेशी उत्पादों का वैश्विक प्रभाव।* इन्दौर: आधुनिक अर्थशास्त्र संस्थान, 2020, पृ. 35–75।
4. वर्मा, प्रिया। *स्वदेशी उद्योग और रोजगार सृजन।* मुंबई: सामाजिक अध्ययन प्रकाशन, 2021, पृ. 50–95।
5. पटेल, वी.के. *राष्ट्रीय आर्थिक सशक्तिकरण और स्वदेशी उत्पाद।* अहमदाबाद: ग्रामीण विकास अकादमी, 2019, पृ. 55–100।
6. देशपांडे, सुभाष। *भारतीय कुटीर उद्योग और सांस्कृतिक संरक्षण।* पुणे: संस्कृति शोध संस्थान, 2020, पृ. 70–120।
7. अग्रवाल, राकेश। *स्वदेशी उत्पाद: चुनौतियाँ और संभावनाएँ।* कोलकाता: ग्लोबल इंडिया पब्लिकेशन, 2021, पृ. 80–130।
8. सरकार, भारत। *राष्ट्रीय स्वदेशी उत्पाद रिपोर्ट।* नई दिल्ली: भारत सरकार, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय, 2022, पृ. 10–60।
9. जोशी, अंशुल। *स्थानीय उद्योग और स्वदेशी उत्पाद।* इन्दौर: लोकसंस्कृति शोध संस्थान, 2021, पृ. 45–85।
10. गांधी, महात्मा। *स्वदेशी और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था।* दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, 2018, पृ. 50–95।

IEARJ
International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# “भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था: चुनौतियाँ एवं अवसर”

**डॉ. (श्रीमती) कृष्णा सोलंकी**

राजनीति विज्ञान (विभागाध्यक्ष)

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नीलकण्ठेश्वर

शा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय खण्डवा (म.प्र.)

*शोध–सारांश*

*भूमंडलीकरण एक ऐसी बहुआयामी ऐतिहासिक प्रक्रिया है जिसने समकालीन विश्व के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को गहराई से प्रभावित किया है। इस प्रक्रिया ने राष्ट्र–राज्यों की सीमाओं को पार कर वैश्विक बाजारों के एकीकरण पर जोर दिया है। ऐसे में, "स्वदेशी अर्थव्यवस्था" की अवधारणा, जो स्थानीय संसाधनों, परंपरागत ज्ञान, सामुदायिक स्वामित्व और स्थायित्व पर आधारित है, एक गंभीर चुनौती और पुनर्विचार के दौर से गुजर रही है। यह शोध पत्र इसी जटिल अंतरसंबंध को समझने का एक प्रयास है। इसका उद्देश्य भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न हुई प्रमुख चुनौतियों, जैसे बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रभुत्व, स्थानीय उद्योगों का ह्रास, पारंपरिक ज्ञान का अवमूल्यन और पारिस्थितिकीय दबाव, का विश्लेषण करना है। साथ ही, यह पत्र उन अवसरों की भी पड़ताल करता है जो भूमंडलीकरण ने स्वदेशी अर्थव्यवस्था के लिए उत्पन्न किए हैं, जिनमें वैश्विक बाजारों तक पहुँच, डिजिटल प्रौद्योगिकी का लाभ और 'ग्लोकल' रणनीतियों का उदय शामिल है। अंततः, यह शोध एक समन्वयात्मक मॉडल की वकालत करता है जहाँ स्वदेशी अर्थव्यवस्था की मूलभूत शक्तियों को बनाए रखते हुए उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक सशक्त, न्यायसंगत और टिकाऊ हिस्सा बनाया जा सके। निष्कर्ष के रूप में, यह तर्क प्रस्तुत किया गया है कि भविष्य की अर्थव्यवस्था की दिशा वैश्विक एकीकरण और स्थानीय लचीलेपन के बीच सामंजस्य स्थापित करने में निहित है।*

***कीवर्ड (Keywords):–** भूमंडलीकरण, स्वदेशी अर्थव्यवस्था, स्थानीयकरण, बहुराष्ट्रीय निगम, पारंपरिक ज्ञान, स्थायित्व, सामुदायिक विकास, ग्लोकलाइजेशन, डिजिटल अर्थव्यवस्था।*

## प्रस्तावना (Introduction)

बीसवीं सदी के उत्तरार्ध और इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ में भूमंडलीकरण (Globalization) सर्वाधिक चर्चित और प्रभावशाली अवधारणाओं में से एक रही है। इसे सरल शब्दों में दुनिया के विभिन्न देशों के बीच बढ़ती आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी अंतर्निर्भरता के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। इस प्रक्रिया ने वस्तुओं, सेवाओं, पूंजी, प्रौद्योगिकी और विचारों के अबाध प्रवाह को बढ़ावा दिया है। भूमंडलीकरण के पक्षधर इसे आर्थिक विकास, गरीबी उन्मूलन और जीवन स्तर में सुधार का एक शक्तिशाली उपकरण मानते हैं। वहीं, इसके आलोचक इसे आर्थिक असमानता, सांस्कृतिक एकरूपता और पर्यावरणीय क्षति के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं।

इस वैश्विक परिदृश्य में "स्वदेशी अर्थव्यवस्था" (Indigenous Economy) की अवधारणा अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है। स्वदेशी अर्थव्यवस्था से तात्पर्य ऐसी आर्थिक प्रणाली से है जो मुख्य रूप से स्थानीय संसाधनों, स्थानीय श्रम, स्थानीय पूंजी और स्थानीय बाजारों पर आधारित होती है। इसका लक्ष्य आत्मनिर्भरता, सामुदायिक कल्याण और पारिस्थितिकीय संतुलन होता है। भारत के संदर्भ में, यह अवधारणा महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज्य' और 'अर्थशास्त्र' के दर्शन से गहराई से जुड़ी हुई है, जिसमें स्थानीय ग्रामीण इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया गया था।

यह शोध पत्र इस मौलिक प्रश्न का उत्तर खोजने का प्रयास करता है: ***क्या भूमंडलीकरण के दबाव में स्वदेशी अर्थव्यवस्था का अस्तित्व संकट में है, अथवा उसे इस युग में पुनर्परिभाषित और सशक्त होने का एक नया अवसर प्राप्त हुआ है?*** इस प्रश्न के समाधान हेतु, हम स्वदेशी अर्थव्यवस्था पर भूमंडलीकरण के प्रभावों का एक सर्वांगीण विश्लेषण प्रस्तुत करेंगे।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

**स्वदेशी अर्थव्यवस्था: अवधारणा एवं विशेषताएँ (Indigenous Economy: Concept and Characteristics)**

स्वदेशी अर्थव्यवस्था को समझने के लिए इसकी मूलभूत विशेषताओं को समझना आवश्यक है:

***स्थानीय संसाधनों पर निर्भरता:–** यह अर्थव्यवस्था स्थानीय रूप से उपलब्ध कच्चे माल, ऊर्जा स्रोतों और मानव संसाधनों का उपयोग करती है, जिससे परिवहन लागत कम होती है और संसाधनों का स्थायी दोहन संभव होता है।

***छोटे पैमाने का उद्यमिता ढाँचा:–** इसमें कुटीर उद्योग, लघु उद्योग, कृषि–आधारित व्यवसाय और स्थानीय हस्तशिल्प जैसे छोटे पैमाने के उद्यम शामिल होते हैं। इनका स्वामित्व स्थानीय परिवारों या समुदायों के पास होता है।

***पारंपरिक ज्ञान एवं कौशल:–** स्वदेशी अर्थव्यवस्था पीढ़ी–दर–पीढ़ी हस्तांतरित होने वाले पारंपरिक ज्ञान, कौशल और तकनीकों पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए, हथकरघा बुनाई, प्राकृतिक रंगाई तकनीक, जैविक खेती की पद्धतियाँ आदि।

***सामुदायिक भागीदारी एवं सहयोग:–** इसमें आर्थिक गतिविधियाँ अक्सर सामुदायिक सहयोग और साझेदारी पर टिकी होती हैं, जैसे सहकारी समितियाँ।

***स्थायित्व एवं पर्यावरण संरक्षण:–** स्थानीय संसाधनों पर निर्भरता स्वतः ही पर्यावरण के प्रति एक जिम्मेदार रवैया पैदा करती है। इसमें अपशिष्ट को कम करने और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने पर जोर दिया जाता है।

***आत्मनिर्भरता का लक्ष्य:–** इसका अंतिम लक्ष्य बाहरी बाजारों पर निर्भरता को कम करते हुए स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना है।

***भूमंडलीकरण का स्वदेशी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव: चुनौतियाँ (Impact of Globalization on Indigenous Economy: Challenges)**

भूमंडलीकरण ने स्वदेशी अर्थव्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ उत्पन्न की हैं, जिन्हें निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से समझा जा सकता है:–

***बहुराष्ट्रीय कंपनियों (MNCs) का प्रभुत्व एवं प्रतिस्पर्धा का दबाव:–** भूमंडलीकरण ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए दुनिया के हर कोने में अपने व्यापार का विस्तार करना आसान बना दिया है। इन कंपनियों के पास पैमाने की अर्थव्यवस्था (Economies of Scale), विपणन की विशाल शक्ति, और उन्नत प्रौद्योगिकी जैसे लाभ हैं। इनके सामने स्थानीय, छोटे उद्यम अपनी उत्पादन लागत, गुणवत्ता और कीमत में प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ हो जाते हैं। उदाहरण के लिए, एक स्थानीय हथकरघा बुनकर का सामना बड़े टेक्सटाइल मिल्स या सस्ते आयातित मशीनी कपड़ों से होता है, जिससे उसकी आजीविका संकट में पड़ जाती है।

***स्थानीय उद्योगों का ह्रास एवं बेरोजगारी:–** वैश्विक बाजार में खुली प्रतिस्पर्धा के कारण अनेक पारंपरिक और लघु उद्योग बंद हो गए हैं या संकटग्रस्त हैं। खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, लघु औद्योगिक इकाइयाँ आदि इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इस industrial decay का सीधा प्रभाव स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी के रूप में दिखाई देता है। लोग रोजगार की तलाश में गाँवों से शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर होते हैं, जिससे सामाजिक संरचना भी प्रभावित होती है।

*** पारंपरिक ज्ञान का अवमूल्यन एवं सांस्कृतिक क्षरण:–** भूमंडलीकरण ने एक 'वैश्विक संस्कृति' को बढ़ावा दिया है, जिसमें स्थानीय परंपराएँ और ज्ञान हाशिए पर चले गए हैं। युवा पीढ़ी पारंपरिक पेशों और कौशलों से दूर होकर वैश्विक रोजगार बाजार की ओर आकर्षित हो रही है। इससे औषधीय पौधों का ज्ञान, पारंपरिक कृषि पद्धतियाँ, लोक कलाएँ आदि विलुप्त होने के कगार पर हैं। यह एक प्रकार का सांस्कृतिक और बौद्धिक सम्पदा का क्षरण है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

* **संसाधनों पर दबाव एवं पर्यावरणीय प्रभावः–** वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर उत्पादन ने स्थानीय संसाधनों पर अत्यधिक दबाव डाला है। वनों की कटाई, जल संसाधनों का अत्यधिक दोहन और प्रदूषण में वृद्धि हुई है। स्वदेशी अर्थव्यवस्था जो प्रकृति के साथ सामंजस्य में काम करती थी, उसके स्थान पर एक ऐसी अर्थव्यवस्था ने ले ली है जिसकी प्राथमिकताओं में पर्यावरण का स्थान गौण है।

***बाजार अर्थव्यवस्था का प्रभावः–** भूमंडलीकरण ने बाजार–केंद्रित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया है, जहाँ लाभ अर्जन सर्वोपरि है। इसने सामुदायिक मूल्यों, सहयोग और आपसी सहायता की भावना को कमजोर किया है। स्थानीय अर्थव्यवस्थाएँ अब सामाजिक संबंधों के बजाय मुद्रा और बाजार के नियमों से अधिक नियंत्रित होने लगी हैं।

***भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था के अवसर (Opportunities for Indigenous Economy in the Era of Globalization)***

यद्यपि चुनौतियाँ गंभीर हैं, तथापि भूमंडलीकरण ने स्वदेशी अर्थव्यवस्था के लिए कुछ नए द्वार भी खोले हैं:

* **वैश्विक बाजार तक पहुँचः–** डिजिटल प्रौद्योगिकी और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स (जैसे Amazon, Etsy, या भारतीय प्लेटफॉर्म जैसे Flipkart, Meesho) ने एक स्थानीय कारीगर या उद्यमी के लिए दुनिया भर के ग्राहकों तक सीधे पहुँचना संभव बना दिया है। एक छोटे गाँव में बैठा हुआ हस्तशिल्पी अब अपने उत्पादों को वैश्विक बाजार में बेच सकता है, जिससे उसकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

* **'ग्लोकल' रणनीति का उदयः–** ग्लोबल (Global) शब्द ग्लोबल और लोकल के संयोग से बना है। इस रणनीति के तहत, स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मानकों, पैकेजिंग और विपणन के साथ प्रस्तुत किया जाता है। उदाहरण के लिए, पारंपरिक आयुर्वेदिक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरते हुए वैश्विक स्वास्थ्य बाजार में पेश किया जा रहा है। यह स्वदेशी अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का एक शक्तिशाली तरीका है।

* **जैविक एवं स्थायी उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांगः–** वैश्विक स्तर पर उपभोक्ता जागरूकता बढ़ी है। लोग अब जैविक (ऑर्गेनिक) खाद्य पदार्थ, पर्यावरण–अनुकूल उत्पाद, और नैतिक रूप से निर्मित वस्तुओं की मांग कर रहे हैं। यह रुझान स्वदेशी अर्थव्यवस्था के लिए एक सुनहरा अवसर है, क्योंकि यह पहले से ही स्थायित्व और प्रकृति–अनुकूल पद्धतियों पर आधारित है। खादी, हथकरघा, जैविक कृषि उत्पाद आदि के लिए एक प्रीमियम वैश्विक बाजार तैयार हो रहा है।

* **सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचारः–** इंटरनेट और मोबाइल प्रौद्योगिकी ने स्थानीय उद्यमियों को न केवल विपणन, बल्कि उत्पादन, वित्त और ज्ञान तक पहुँचने में भी सक्षम बनाया है। ऑनलाइन कोर्सेज के माध्यम से कौशल विकास, कृषि के लिए मौसम संबंधी जानकारी, और डिजिटल भुगतान प्रणालियों ने स्वदेशी आर्थिक गतिविधियों को सुगम और अधिक कुशल बनाया है।

* **सरकारी नीतियों एवं अंतरराष्ट्रीय समर्थनः–** भूमंडलीकरण के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्ट–अप इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा दे रही हैं। इसी प्रकार, **UNESCO Report. Sustainable** जैसी संस्थाएँ सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण के लिए कार्य कर रही हैं।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

*** भूमंडलीकरण एवं स्वदेशी अर्थव्यवस्था एक समन्वयात्मक मॉडल***

यह स्पष्ट है कि भूमंडलीकरण एक अनिवार्य वास्तविकता है और स्वदेशी अर्थव्यवस्था एक मूल्यवान विरासत। दोनों के बीच टकराव के बजाय समन्वय की आवश्यकता है। भविष्य का मार्ग एक ऐसे समन्वयात्मक मॉडल में निहित है जो दोनों प्रणालियों के सर्वोत्तम पहलुओं को समाहित करे:

*** ग्लोकलाइजेशन को अपनाना:–** स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार की जरूरतों के अनुरूप ढालना होगा। इसके लिए गुणवत्ता नियंत्रण, मानकीकरण, ब्रांडिंग और डिजिटल विपणन पर जोर देना होगा। उदाहरण के लिए, एक स्थानीय कारीगर को अपने उत्पाद की कहानी (Storytelling) को प्रभावी ढंग से वैश्विक ग्राहकों तक पहुँचाने की आवश्यकता है।

*** सहकारिता एवं क्लस्टर विकास:–** अकेले छोटे उद्यमों के लिए वैश्विक बाजार में टिके रहना कठिन है। इसलिए, सहकारी समितियों (Co–operatives) और क्लस्टर विकास के मॉडल को बढ़ावा देना चाहिए। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, लागत कम होगी और सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति मिलेगी। अमूल डेयरी इसका एक शानदार उदाहरण है।

*** पारंपरिक ज्ञान का व्यावसायीकरण एवं IPR संरक्षण:–** पारंपरिक ज्ञान को केवल संरक्षित ही नहीं, बल्कि उसका व्यावसायीकरण करना होगा। साथ ही, बौद्धिक संपदा अधिकारों (Intellectual Property Rights – IPR) के माध्यम से इस ज्ञान की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी ताकि उसका अनुचित दोहन न हो सके।

*** नीति निर्माण में एकीकरण:–** सरकारी नीतियों को इस प्रकार बनाना चाहिए कि वे भूमंडलीकरण के लाभों को अधिकतम करते हुए उसके नकारात्मक प्रभावों को कम कर सकें। इसमें स्थानीय उद्योगों के लिए वित्तीय सहायता, तकनीकी उन्नयन, और बुनियादी ढाँचे के विकास पर जोर शामिल होना चाहिए।

*** शिक्षा एवं कौशल विकास:–** युवाओं को पारंपरिक कौशल के साथ–साथ आधुनिक प्रबंधन, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता का प्रशिक्षण देना आवश्यक है। इससे वे स्वदेशी आर्थिक गतिविधियों को एक आधुनिक और लाभकारी व्यवसाय के रूप में देख सकेंगे।

*** निष्कर्ष (Cunclusion)***

भूमंडलीकरण और स्वदेशी अर्थव्यवस्था के बीच का संबंध एक शून्य–योग खेल (Zero–Sum Game) नहीं है, जहाँ एक की सफलता दूसरे की विफलता पर निर्भर करती हो। बल्कि, यह एक जटिल और गतिशील अंतर्संबंध है जिसमें संघर्ष और सहयोग दोनों की संभावनाएँ निहित हैं। भूमंडलीकरण ने निस्संदेह स्वदेशी अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व चुनौतियाँ प्रदान की हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बहुराष्ट्रीय कंपनियों का दबाव, पारंपरिक ज्ञान का क्षरण और स्थानीय उद्योगों का संकट वास्तविक और गंभीर मुद्दे हैं।

किंतु, इसी के साथ, इस नए युग ने स्वदेशी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित और पुनर्परिभाषित करने के अवसर भी खोले हैं। वैश्विक बाजार तक पहुँच, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, और स्थायी उत्पादों की बढ़ती मांग ने इसे एक नई गति और पहचान दी है। चुनौती इन अवसरों का सही ढंग से दोहन करने में निहित है।

अंततः, एक टिकाऊ और न्यायसंगत भविष्य का निर्माण तभी संभव है जब हम वैश्विक एकीकरण और स्थानीय स्वायत्तता के बीच एक संतुलन स्थापित कर सकें। हमें एक ऐसी आर्थिक प्रणाली की ओर अग्रसर होना चाहिए जो वैश्विक नवाचार और दक्षता के साथ–साथ स्थानीय सामुदायिक मूल्यों, सांस्कृतिक विविधता और पारिस्थितिकीय स्थायित्व को समान महत्व दे।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

भूमंडलीकरण के युग में स्वदेशी अर्थव्यवस्था की सफलता इसी समन्वय में निहित है – वैश्विक होते हुए भी स्थानीय बने रहना, और स्थानीय रहते हुए भी वैश्विक प्रासंगिकता अर्जित करना।

***ग्रन्थसूची**:–


1. गांधी, एम. के. (१९०९). **हिंद स्वराज.** नवजीवन प्रकाशन मंदिर.
2. कुमार, अ. (२०१८). **भूमंडलीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था.** हिंदी पॉकेट बुक्स.
3. शर्मा, आर. (२०२०). **आत्मनिर्भर भारत: संकल्प और संभावनाएं.** राजकमल प्रकाशन.
4. Scumacher, E.F. (1973) **Small is Beautiful: A Study of Economics as if People Mattere.** Blond & Briggs.
5. Stiglitz, J. E. (2002). **Globaliztion and Its Discontents.** W. W. Norton & Company.

IEARJ
International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के संदर्भ में स्वदेशी उत्पाद: मूल्य, गुणवत्ता और ब्रांडिंग पर आधारित उपभोक्ता व्यवहार का अध्ययन"

**डॉ. अर्चना चौबे**

सहायक प्राध्यापक,

हवाबाग कॉलेज, जबलपुर

*सारांश*

***वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में प्रत्येक देश अपने उत्पादन, रोजगार और व्यापार को सुरक्षित रखने की दिशा में कार्य कर रहा है। भारत भी "आत्मनिर्भर भारत" और "वोकल फॉर लोकल" जैसे अभियानों द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दे रहा है। इस शोध–पत्र में उपभोक्ता व्यवहार को समझने हेतु दो परिकल्पनाओं का परीक्षण किया गया है – 1. उपभोक्ता आर्थिक तर्क (किफायती मूल्य और गुणवत्ता) को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी उत्पादों को स्वीकार करते हैं। 2. यदि स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता, वितरण प्रणाली और ब्रांडिंग सुदृढ़ हो जाए, तो उपभोक्ता उनका चयन करने की प्रवृत्ति अधिक बढ़ा देंगे। सर्वेक्षण, आँकड़ों और केस स्टडी के आधार पर यह सिद्ध हुआ कि उपभोक्ता केवल भावनात्मक कारणों से नहीं बल्कि मूल्य, गुणवत्ता और ब्रांडिंग को देखकर ही निर्णय लेते हैं।***

## भूमिका

विश्व अर्थव्यवस्था आज अनेक चुनौतियों से जूझ रही है। कोविड–19 महामारी, रूस–यूक्रेन युद्ध, ऊर्जा संकट और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं ने आयात–निर्यात पर सीधा प्रभाव डाला है। भारत जैसे बड़े देश के लिए यह आवश्यक है कि वह विदेशी वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता को कम करे और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा दे। "मेक इन इंडिया", "स्टार्टअप इंडिया", "आत्मनिर्भर भारत अभियान" और "वोकल फॉर लोकल" जैसे कार्यक्रम इसी दिशा में सरकार की पहल को दर्शाते हैं। किंतु प्रश्न यह उठता है कि क्या केवल सरकारी नीतियाँ पर्याप्त हैं? असल में उपभोक्ताओं का व्यवहार ही यह तय करेगा कि स्वदेशी उत्पादों की सफलता कितनी होगी।

## अध्ययन के उद्देश्य

1. यह जानना कि उपभोक्ता स्वदेशी उत्पादों को स्वीकार करने के लिए किन कारकों को प्राथमिकता देते हैं।
2. परिकल्पना 1 और 2 का परीक्षण कर यह सिद्ध करना कि उपभोक्ता का निर्णय मूल्य, गुणवत्ता और ब्रांडिंग जैसे व्यावहारिक आधारों पर ही होता है।
3. स्वदेशी उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के उपाय सुझाना।

परिकल्पना 1 उपभोक्ता आर्थिक तर्क (जैसे किफायती मूल्य और उपयुक्त गुणवत्ता) को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी उत्पादों को स्वीकार करते हैं।

परीक्षण और प्रमाण

सर्वेक्षण में शामिल 500 उपभोक्ताओं से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर:

– 86% उपभोक्ताओं ने कहा कि यदि स्वदेशी उत्पाद का मूल्य विदेशी उत्पाद से कम हो और गुणवत्ता लगभग समान हो तो वे स्वदेशी चुनेंगे।

– 82% ने माना कि वे केवल भावनाओं या विज्ञापनों से प्रभावित नहीं होते, बल्कि टिकाऊपन और वास्तविक उपयोगिता देखकर ही निर्णय लेते हैं।

– 80% ने कहा कि विदेशी ब्रांड महँगे होने पर वे देशी विकल्प लेना पसंद करेंगे।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

विश्लेषण इन परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि उपभोक्ता का निर्णय "वैल्यू फॉर मनी" पर आधारित है। केवल स्वदेशी होने का भावनात्मक कारण उत्पाद की सफलता की गारंटी नहीं है। अतः परिकल्पना 1 सिद्ध है।

परिकल्पना 2 यदि स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता, वितरण प्रणाली और ब्रांडिंग सुदृढ़ हो जाए, तो उपभोक्ता उनका चयन करने की प्रवृत्ति अधिक बढ़ा देंगे।

परीक्षण और प्रमाण

– अमूल: इसने गुणवत्ता और विशाल वितरण नेटवर्क के बल पर पूरे भारत में FMCG क्षेत्र में वर्चस्व स्थापित किया।

– पतंजलि: प्रारंभ में केवल भावनात्मक अपील से प्रसिद्ध हुआ, परंतु जैसे ही उत्पाद की गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था मजबूत हुई, इसका बाजार हिस्सा तेजी से बढ़ा।

– खादी: पहले केवल देशभक्ति से जुड़ा ब्रांड माना जाता था, लेकिन हाल में आधुनिक डिजाइन और ऑनलाइन उपलब्धतासे इसका बाजार पुनः बढ़ने लगा।

सर्वेक्षण परिणाम:

– 88% उपभोक्ताओं ने कहा कि यदि स्वदेशी उत्पाद की गुणवत्ता विदेशी जैसी हो तो वे तुरंत उसे अपनाएँगे।

– 84% ने कहा कि आसानी से उपलब्ध होने पर स्वदेशी उत्पाद चुनना सरल होगा।

– 80% उपभोक्ता मानते हैं कि आकर्षक पैकेजिंग और ब्रांड नाम से विश्वास बढ़ता है।

विश्लेषण स्पष्ट है कि गुणवत्ता, वितरण और ब्रांडिंग उपभोक्ता के निर्णय पर गहरा असर डालते हैं। केवल सस्ता या देशभक्ति आधारित उत्पाद उपभोक्ता को लंबे समय तक आकर्षित नहीं कर सकता। परिकल्पना 2 भी पूरी तरह सिद्ध है।

समग्र चर्चा दोनों परिकल्पनाओं के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि:

– उपभोक्ता अब भावनाओं के साथ–साथ तर्कसंगतता और व्यावहारिक लाभ को महत्व देते हैं।

– स्वदेशी उत्पाद तभी सफल होंगे जब वे गुणवत्ता में विदेशी ब्रांडों की बराबरी करें और मूल्य में उपभोक्ता को लाभ दें।

– मजबूत वितरण और प्रभावी ब्रांडिंग उपभोक्ता के विश्वास और चयन को स्थायी बना सकते हैं।

नीति सुझाव

1. गुणवत्ता नियंत्रण: सभी स्वदेशी उत्पादों पर BIS और ISO मानकों को अनिवार्य करना।
2. ब्रांडिंग अभियान: "मेड इन इंडिया" को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विश्वसनीय पहचान बनाना।
3. वितरण प्रणाली: ग्रामीण से शहरी तक मजबूत नेटवर्क और ई–कॉमर्स प्लेटफार्म का अधिकतम उपयोग।
4. अनुसंधान और नवाचार: आधुनिक तकनीक व डिज़ाइन से स्वदेशी उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकताबढ़ाना।
5. सरकारी प्रोत्साहन: MSME, स्टार्टअप और लघु उद्योगों के लिए कर छूट और वित्तीय सहयोग।

## निष्कर्ष

इस शोध में यह सिद्ध हुआ कि स्वदेशी उत्पादों की सफलता केवल भावनात्मक कारणों सेसंभवनहींहै।

– परिकल्पना 1 ने सिद्ध किया कि उपभोक्ता मूल्य और गुणवत्ता को देखकर ही स्वदेशी उत्पाद अपनातेहैं।

– परिकल्पना 2 ने सिद्ध किया कि यदि स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता, वितरण और ब्रांडिंग मजबूत हो तो उपभोक्ता बड़े पैमाने

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

पर विदेशी उत्पादों को छोड़कर उन्हें अपनाएँगे। अतः भारत को चाहिए कि वह स्वदेशी उत्पादों में गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ बनाए। तभी भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का सामना कर आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा कर सकेगा।

## संदर्भ सूची

1. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार – भारत का विदेशी व्यापार पर वार्षिक प्रतिवेदन, 2024–25
2. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) – वार्षिक प्रतिवेदन, 2025
3. Economic Times (2025) – Govt. to unveil 100 import substitution products
4. FICCI Report (2024) – Indian FMCG Sector Growth and Consumer Trends
5. CII (2024) – India's Consumer Market and Self–reliance Report
6. Raut, S. & Sinha, P. (2022) – Consumer Ethnocentrism and Swadeshi Products
7. Sharma, N. (2023) – Swadeshi vs Global Brands: Self–reliance Invocation in India
8. Case Studies – अमूल (GCMMF), पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड, खादी ग्रामोद्योग आयोग (KVIC)
9. Press Information Bureau (PIB, Govt. of India, 2024–25) – Atmanirbhar Bharat and Vocal for Local Initiatives
10. विश्व व्यापार संगठन (WTO, 2024) – World Trade Statistical Review

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "ऐतिहासिक दृष्टि से स्वदेशी आन्दोलन"

**डॉ. धुलसिंह खरत**
सहा. प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग
शा.आदर्श स्ना. महाविद्यालय झाबुआ (म.प्र.)

वर्तमान में भारत के बाजार में अधिकांश वस्तुए विदेशी हैं जैसे– चीन, जर्मनी, अमेरिका, रूस, कोरिया, जापान इत्यादि देशों की वस्तुए भारतीय बाजार में हमें दिखाई देती हैं। और यह वस्तुए में तुलनात्मक रूप से कम कीमत में मिलती हैं तथा कुछ विदेशी वस्तुए जैसे–आई–फोन व हूण्डई की गाड़ीया इत्यादि गुणवत्ता में प्राप्त होती हैं, इसी वजह से यह वस्तुए भारत के बाजार में जगह बनाई हुई हैं। भारतीय वस्तुओं की तुलना में विदेशी वस्तुओं की अधिक माग भारतीय बाजार में कैसे हुई ? जबकि प्राचीन काल से आधुनिक काल तक भारतीय वस्तुओं का पूरी दुनिया में माग थी!

आईये इस शोध पत्र के माध्यम से स्वदेशी वस्तुओं/आन्दोलनों को गहराई से समझने का प्रयास करें। अपने देश का या अपने देश में निर्मित तथा किसी भौगोलिक क्षेत्र में उपजी/निर्मित या कल्पित विचारों, नीतियों, वस्तुओं को स्वदेशी कहते हैं। भारत एक विशाल देश हैं इसे उपमहाद्वीप भी कहा जाता हैं, भारत में हिमालय पर्वत, पहाड़, मैदान, मरूस्थल, पठार नदिया एवं प्रायद्वीप तट इत्यादि है। इसमें मसाले, सेब, केसर, चाय, रेशम, मलमल, नील हाथी दांत, किमती पत्थर, कपास तथा धातुओं में सोना, चादी, लोहा, ताबा, हिरा, एल्यूमिनीयम, कोयला, चूना पत्थर, मैग्निश्यिम, डोलामाइट इत्यादि एवं जंगल की जड़ी–बूटिया, लकड़ी, शहद, पर्यावरण आदि एवं भारत की भूमि से उत्पादित अन्न इत्यादि पाए जाते है।

प्राचीन काल के प्रागैतिहासिक, हड़प्पा सभ्यता व वैदिक काल में वस्तुओं का निर्माण स्वयं मानव के द्वारा किया जाता और उपभोग भी। तत्कालीन समय में समाज में वस्तु विनिमय पद्धति प्रचलित थी। पश्चात् मौर्योत्तर काल में मुद्रा का चलन हुआ। रोमन लेखक प्लिनी कहते हैं कि 'भारत के मसालों, मलमल व रेशम इत्यादि के लिए भारत में सोना आता ही आता हैं।' तात्पर्य यह हैं कि भारतीय वस्तुओं का दुनिया के देशों में बहुत कीमत थी व माग भी थी और उन वस्तुओं की कीमत सोने में होती थी। इसी वजह से भारत आर्थिक रूप से समर्द्ध था और भारत में सोना अधिक होने की वजह से भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था।

मध्यकाल में भी स्वदेशी वस्तुओं का ही निर्माण, उपयोग व निर्यात होता रहा। भारत के भौतिक संसाधन और वस्तुओ से आकर्षित होकर यूरोपीय कम्पनिया भारत में व्यापार करने हेतु आई थी। यूरोपीय कम्पनीयों ने भारत की वस्तुओं को विदेशों में बेचकर अत्यधिक धन अर्जित किया। धीरे–धीरे ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने हमारे कच्चे माल से वस्तुओं का निर्माण कर भारत के बाजार में बेचना प्रारम्भ किया। साथ ही ब्रिटिश सरकार ने भारतीय कुटीर उद्योगों (ददनी प्रथा) को समाप्त किया ताकि भारतीय बाजार में केवल ब्रिटिश सामान ही ब्रिकी हेतु उपलब्ध रहे। इस प्रकार ब्रिटिश कम्पनी ने भारत के संसाधनों का दोहन कर अत्यधिक लाभ अर्जित किया। पश्चात् दादाभाई नौरोजी (पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया) व महादेव गोविंद रानाडे के द्वारा धन निष्कासन सिद्धांत के माध्यम से भारतीय लोगों को जागरूक किया कि, किस प्रकार से भारत का धन ब्रिटेन जा रहा हैं ? भारतीयों को ब्रिटिश सरकार की नीतियों की जानकारी हुई तो भारतीयों ने विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करते हुए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर जोर दिया। ब्रिटिश सत्ता को उखाड़ फेकने के लिए स्वराज्य की माग करने लगे।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

भारत के गवर्नर लार्ड कर्जन के द्वारा 1905 ई. में बंगाल विभाजन किया तो उसके विरोध में स्वदेशी आन्दोलन प्रारम्भ हुआ। बंगाल विभाजन को खत्म करवाना, स्वदेशी शिक्षा को बढ़ावा देना, स्वराज्य की भावना पैदा करना, मातृभूमि की रक्षा के लिए स्वदेशी का व्रत, परम्परागत उद्योगों को प्रोत्साहन देना, देशभक्ति की भावना जागृत करना, ग्राम समितियों का निर्माण करना, उग्रराष्ट्रवाद को पैदा करना, भारतीय शिक्षा को बढ़ावा देना इत्यादि उद्देश्यों को पूरा करने हेतु स्वदेशी आन्दोलन प्रारम्भ हुआ। इस आन्दोलन में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार, स्वदेशी मेलो को लगाकर स्वदेश सामान का उपभोग, स्वदेशी उपवास का पालन करना, विदेशी मालिकों के खिलाफ देश के मजदूरो आन्दोलन करवाना, ब्रिटिश के यहा खाना नहीं बनाना, धोबियों, नाईयो, मोचियों के द्वारा अंग्रेजों के यहा काम नहीं करना, ग्राम समितियों की स्थापना, विदेशी दारू की दुकान पर धरना देना, स्वेदेशी संस्थों, उद्योगों की स्थापना, अंग्रेजी संस्थाओं, न्यायालयों तथा प्रशासन का बहिष्कार करना।

आधुनिक शिक्षा से मध्यवर्गीय वर्ग जागरूक हुआ, बढ़ती बेरोजगारी और गरीबी ने भारतीयों में असंतोष की भावना को जन्म दिया। कर्जन की रूढ़िवादी नीतियों से जनता में रोष उत्पन्न हुआ। कलकत्ता के टाउन हाल में बैठक का आयोजन पश्चात् स्वदेशी आन्दोलन प्रारम्भ किया गया । मेनचेस्टर के कपड़े व लिवरपूल के नमक का बहिष्कार किया गया। स्वदेशी वस्तुओ को बढ़ावा दिया गया। वंदे मातरम् का नारा दिया गया। आमार–सोनार गीत गाया गया। स्वदेशी आन्दोलन से आयात में गिरावट आई, स्वदेशी संस्थाओं की स्थापना हुई, भारतीय कुटीर उद्योग को नया जीवन मिला, मजबूत राष्ट्र निर्माण में सहयोग मिला। प्रारम्भ में स्वराज की माग फिर पूर्ण स्वराज की माग उठने लगी, स्वतंत्रता दिवस मनाने की घोषणा हुई।

महात्मा गाधी ने भी स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने हेतु चरखा चलाया और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आह्वान किया। गाधीजी के असहयोग आन्दोलन, सविनय अवज्ञा आन्दोलन व भारत छोड़ो आन्दोलनों में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार एवं स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर जोर दिया गया। हमारे देश को आजाद कराने में स्वदेशी आन्दोलन व स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की बहुत बड़ी भूमिका रही। अंततः ब्रिटिश सरकार ने देश को स्वतंत्र किया। तत्पश्चात् हमारे देश में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाते हुए उपभोग जनता के द्वारा किया गया। लम्बे समय तक हमने स्वदेशी वस्तुओं को ही अपनाया। तत्पश्चात् वेश्वीकरण, उदारीकरण, निजीकरण को पालन करते हुए सरकार ने भारत के बाजार को फिर से दुनिया के लिए खोल दिया। जिसके परिणाम स्वरूप भारत की वस्तुए तुलनात्मक रूप से कम निर्यात हुई और विदेशी वस्तुओं का आयात अधिक हो गया। भारत की गरीब जनता चीन आदि देशों की सस्ती वस्तुए खरीदने के लिए बाध्य हुए जबकि भारत की अमीर जनता अमेरिका, जापान, जर्मनी, कोरिया आदि देशों की मॅहगी चीजें खरीदने की मानसिक का विकास हुआ। वर्तमान में भारत के मध्यम वर्गीय व अमीर अपने स्टेटस की वजह से विदेशी वस्तुए खरीद लेते है।

आज भारत के नगर, शहर व गाव–गाव में विदेशी वस्तुओं का ही बोलबाला है। दूसरी तरफ हमारे देश में कुटीर व छोटे उद्योग कम होने की वजह से सस्ती वस्तुओं का निर्माण नहीं हो पाता। सरकार भी समय–समय पर विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने की बात करती हैं लेकिन कुटीर व छोटे उद्योग के स्थापना की सकारात्मक नीतियों का निर्माण नहीं कर पाती हैं। निष्कर्षतः हम विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार तब कर पाएगे जब भारत में कुटीर व छोटे–छोटे उद्योगों की स्थापना हो और वे उद्योग विदेशी वस्तुओं से भी सस्ती वस्तुए, बाजार में उपलब्ध करवा दे। साथ ही हमें ऐसी मानसिकता का त्याग करना होगा कि, 'विदेशी वस्तुओं को अपनाना एक स्टेटस या अमीरी की निशानी हैं।' हमें स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग व उपभोग को गर्व से अपनाना होगा।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## सन्दर्भ सूची–


1. डा.शर्मा श्री कमल, भारत का भूगोल, हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, संस्करण तृतीय 2021, पृष्ठ 19,80,98, 133–156
2. अहीर राजीव, आधुनिक भारत का इतिहास, स्पेक्ट्रम बुक्स प्रा.लि.नई दिल्ली पचीसवां संस्करण वर्ष 2023 पृष्ठ 24–44
3. दुबे, सत्यनारायण, इतिहास, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी खजूरी बाजार, इन्दौर, नवीन संस्करण, पृष्ठ 363 से 366
4. ग्रोवर बी.एल, मेहता अलका, यशपाल, आधुनिक भारत का इतिहास, एस.चण्द एण्ड कम्पनी लिमि.नई दिल्ली, छत्तीसवा संस्करण, वर्ष 2018 पृष्ठ 219–220
5. गौतम पी.एल., आधुनिक भारत का इतिहास एवं विरासत, एटलांटिक पब्लीशर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर नई दिल्ली, नवम् संकरण,2024, पृष्ठ 193
6. रेड्डी के.कृष्ण, भारत का इतिहास, मेग्रा हिल एजुकेशन प्रायवेट लिमि. चेन्नई, सेकण्ड रिप्रिंट 2023 पृष्ठ सी 714–सी 730
7. विपिन चन्द्र, आधुनिक भारत का इतिहास

IEARJ
International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# “जैविक खेती एवं स्वदेशी तकनीक”

**डॉ. पुष्पा चौहान**

प्राणिकी विभाग, प्रधानमंत्री कोलेज ऑफ़ एक्सीलेंस,

शहीद भीमा नायक, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.)

*सारांश*

***भारत में बढ़ती जनसंख्या के साथ भोजन के आपूर्ति के लिए मानव द्वारा खाद्य उत्पादन के लिए सभी किसानों में प्रतियोगिता चल रही है।अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए रासायनिक उर्वरकों कीटनाशकों का उपयोग हो रहा है जिससे भूमि की उर्वरक शक्ति खराब हो जाती है साथ ही वातावरण भी दूषित हो जाता है तथा मनुष्य के स्वास्थ्य में भी गिरावट आ रही है।जैविक खेती एक ऐसी कृषि पद्धति है जिसमें रासायनिक उर्वरक कीटनाशकों और विषैले तत्वों का उपयोग न करके प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग किया जाता है; जैसे गोबर खाद, हरी खाद, वर्मीकंपोस्ट, फसल चक्र, जैविक कीटनाशक और परंपरागत बीजों का प्रयोग कर मिट्टी की उर्वरकता को बढ़ाया जाता है।स्वदेशी तकनीक के प्रयास से जैविक खेती को सशक्त बनाया जा सकता है। इसमें स्थाई ज्ञान प्राकृतिक साधन और पारंपरिक कृषि विधियों का समावेश होता है; जैसे पंचगव्य, जीवामृत, बीजामृत,घृतअमृतपानी,जैविक खाद, गोमूत्र आधारित, प्राकृतिक कीट नियंत्रण बीज संरक्षण तथा जल संरक्षण के उपाय। जैविक खेती और स्वदेशी तकनीक का संयोजन न केवल मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करता है बल्कि विदेशी तकनीक और रासायनिक उर्वरकों के द्वारा होने वाले दुष्प्रभाव से भी बचाता है एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है जिससे किसान स्वयं अपने अनुभव और पारंपरिक समझ के साथ बदलाव लाते हैं संक्षेप में स्वदेशी तकनीके जैविक खेती का ही हिस्सा है जो भारतीय परिवेश में प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर की जातीहै।ये स्वदेशी और जैविक विधियां न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखती है बल्कि किसानों की आय और उत्पादकता में वृद्धि करती है साथ ही समाज को स्वस्थ रसायन मुक्त भोजन उपलब्ध कराती है।***

***शब्द कुंजी :– स्वदेशी ज्ञान, जैविक खेती, स्वदेशी तकनीकें, सतत कृषि, कृषि पारिस्थितिकी, जैव विविधता।***

## प्रस्तावना

भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहाँ की अधिकांश जनसंख्या अपनी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर करती है। आधुनिक समय में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से भूमि की उर्वरता, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इन परिस्थितियों मेंजैविक खेती (Organic Farming) और स्वदेशी तकनीकें (Indigenous Techniques) टिकाऊ कृषि का एक महत्वपूर्ण विकल्प प्रस्तुत करती हैं।

जैविक खेती की परिभाषा :– जैविक खेती वह कृषि पद्धति है जिसमें भूमि, जल, पर्यावरण और जीव–जंतुओं को सुरक्षित रखते हुए बिना रासायनिक खादों, कीटनाशकों और कृत्रिम पदार्थों के प्रयोग के प्राकृतिक संसाधनों से खेती की जाती है। इसमें गोबर की खाद, कम्पोस्ट, हरी खाद, जैव उर्वरक, नीम का तेल, जीवामृत, बीजामृत आदि का उपयोग किया जाता

जैविक खेती के प्रमुख सिद्धांत:–

मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना – प्राकृतिक खादों और जैविक उर्वरकों से।

रोग एवं कीट प्रबंधन – स्वदेशी औषधियों, नीम, गौमूत्र, दशपर्णी अर्क आदि से।

पर्यावरण संरक्षण – प्रदूषण रहित खेती द्वारा।

स्थानीय संसाधनों का उपयोग – गाँव और खेत में उपलब्ध जैविक पदार्थों का प्रयोग।

जैविक खेती की प्रमुख विधियाँ :–

हरी खाद – सन, ढैंचा, मूँग आदि फसलों को खेत में उगाकर दबाना।

कम्पोस्ट खाद – पत्तियाँ, गोबर, गोमूत्र, अवशेषों से तैयार खाद।

जीवामृत व बीजामृत – देसी गाय के गोबर, गौमूत्र, बेसन व गुड़ से बनी औषधि।

केंचुआ खाद (Vermicompost) – केंचुओं द्वारा बनाई गई उच्च गुणवत्ता वाली खाद।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

जैव कीटनाशक – नीम का तेल, दशपर्णी अर्क, लहसुन–मिर्च का घोल।

स्वदेशी तकनीकें

भारत में प्राचीन काल से ही किसानों ने ऐसी तकनीकें अपनाई हैं जो प्राकृतिक और सरल हैं–

1.जीवामृत:– गौ–आधारित खेती – गोबर, गोमूत्र,और मिट्टी से बना जैविक उर्वरक है जो मिट्टी के सुषम जीवों को बढावा देता है।

2.बीजामृत:– देशी और पारंपरिक बीजों का बचाव और प्रयोग।

3.अमृत पानी:– इसमें 21 दिनों तक घड़े में रखे गए मिश्रण से छाना हुआ अमृत पानी होता है जिसका छिडकाव कीटों को दूर रखता है और फसल की पैदावार बढाता है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

4.पंचगव्य:– यह देशी गाय के दूध दही घी गौमूत्र और गोबर से बना एक महत्वपूर्ण जैविक मिश्रण है जिसका उपयोग स्वास्थयवर्धक उत्पादों के लिए किया जाता है।




5.केंचुआ खाद:– केंचुआ द्वारा बने गई उच्च गुणवत्ता वाली खाद।

6.नियम आधारित कृषि:– कुछ स्वदेशी तकनीकों में दीमक भगाने के लिए हिंग का उपयोग भी शामिल है जिसे पानी में घोलकर खेती में छिड़का जाता है।

जैविक खेती और स्वदेशी तकनीकों के लाभ:- 1.मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनी रहती है 2.उत्पादन सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक होता ह 3.लागत कम आती है, क्योंकि अधिकांश संसाधन स्थानीय स्तर पर मिल जाते हैं।

4.पर्यावरण प्रदूषण से बचाव होता है।

5.किसानों की आत्मनिर्भरता बढ़ती है।

**चुनौतियाँ** :–

1. प्रारंभिक वर्षों में उत्पादन कम हो सकता है।
2. किसानों में जागरूकता की कमी।
3. बाज़ार और उचित मूल्य की समस्या।

4. प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता का अभाव।

**निष्कर्ष:–**

भारत में स्वदेशी ज्ञान मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, जैव विविधता को बढ़ावा देने और पारिस्थितिक लचीलेपन को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुआ है, जिससे टिकाऊ कृषि पद्धतियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। यह लेख जैविक खेती पद्धतियों और पारंपरिक कृषि ज्ञान के बीच संबंधों का अध्ययन करता है और इस बात पर ज़ोर देता है कि इन दोनों पहलुओं को कैसे जोड़ा जाये है। आधुनिक जैविक खेती उन स्थापित दिशा निर्देशों का पालन करती है जो सिंथेटिक सामग्रियों पर प्रतिबंध लगाते हैं और पारिस्थितिक स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं, जबकि स्वदेशी ज्ञान पर आधारित खेती स्थानीय रूप से अनुकूलित और समग्र प्रथाओं का उपयोग करती है जो पीढ़ियों से चली आ रही हैं। आवश्यक स्वदेशी तकनीकें, जैसे कम्पोस्ट खाद बनाना, सहवर्ती रोपण, जैविक कीट प्रबंधन और जल संरक्षण, जैविक खेती के सिद्धांतों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई हैं, जो खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीतियाँ प्रदान करती हैं। फिर भी, स्वदेशी ज्ञान के एकीकरण को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें अपर्याप्त वैज्ञानिक समर्थन और नीतिगत बाधाएँ शामिल हैं। अनुसंधान, सहायक नीतियों और किसान–नेतृत्व वाली पहलों के माध्यम से इन चुनौतियों पर काबू पाने से एक अधिक लचीली और टिकाऊ कृषि प्रणाली स्थापित करने में मदद मिल सकती है। यह लेख जैव विविधता संरक्षण, जलवायु अनुकूलनशीलता और खाद्य स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए जैविक कृषि के भीतर स्वदेशी कृषि पद्धतियों की स्वीकृति और एकीकरण को बढ़ावा देता है।

**सन्दर्भ सूची :–**

1. एस. थंबुराज, एन. सिंह (2010):– सब्जियों, कंद और मसालों की पाठ्यपुस्तक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पृष्ठ 137.

2.एच.एस. हम्माद, ए.ए.एम. अल–मंडलावी, जी.जे. हम्दी (2019):–ब्रोकोली की वृद्धि और उपज पर खाद का प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय जर्नल ऑफ वेजिटेरियन साइंसेज, 25 (4) पृष्ठ 400–406.

3.आर.के. वशिष्ठ, एस. शर्मा, सी. लैशराम (2021):– हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में प्राकृतिक खेती को अपनाने में आने वाली समस्याएँ और कारक इंड. जर्नल ऑफ इकोलॉजी, 48 (3),पृष्ठ 944–949.

4.एस. मुखर्जी, एस. सैन, एम.एन. अली, आर. गोस्वामी, ए. चक्रवर्ती, के. रे, आर. भट्टाचार्य, बी. प्रधान, एन. रविशंकर, जी. चटर्जी (2022):– बीजामृत के सूक्ष्मजीवविज्ञानी गुण, जो एक प्राचीन भारतीय पारंपरिक ज्ञान है, एक गतिशील पादप–लाभकारी सूक्ष्मजीव नेटवर्क को उजागर करते हैं। वर्ल्ड जर्नल ऑफ माइक्रोबायोलॉजी, 38, पृष्ठ 111.

5.सी.एस. औलख, एच. सिंह, एस.एस. वालिया, आर.पी. फुटेला, जी. सिंह (2013):– सूक्ष्मजीव संवर्धन (जीवामृत) तैयारी का मूल्यांकन और खेत की फसलों की उत्पादकता पर इसका प्रभाव इंडियन जे. एग्रोन., 58 (2) पृष्ठ 182–186.

6.एच.के. वीरन्ना, एच.डी. शिल्पा, एम.ई. शिल्पा, एस.के. आदर्श, ए.जी. दीपा (2023):–बारानी मूंगफली (अराचिस हाइपोगिया एल) की फली उपज और उपज घटकों पर जीवामृत और घनजीवमृत के विभिन्न स्तरों की प्रतिक्रिया आवेदन. इकोल. पर्यावरण. रेस., 21 (2), पीपी. 1219.

7.के. मेवाड़ा, बी.डी. मकवाना (2023):– विविध कृषि–पारिस्थितिकी तंत्र में सतत कृषि के लिए पादप पोषक तत्व संवर्द्धक की दक्षता जे. एग्रीकल्चर इकोलॉजी, 16, पृष्ठ 99–104.

8. आर. शर्मा, एस. चाडक (2022):– जैव–जैविक पोषक स्रोतों से प्रभावित अवशिष्ट मृदा उर्वरता, पोषक तत्वों का अवशोषण और भिंडी की उपज सामुदायिक मृदा विज्ञान पादप विश्लेषण, 53 (21),पृष्ठ 2853–2866.

9. बी.एस. सहारन, एस. त्यागी, आर. कुमार, विजय, एच. ओम, बी.एस. मंडल, जे.एस. दुहन (2023):– जीवामृत के प्रयोग से शून्य लागत वाली प्राकृतिक खेती वाले खेतों में मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है कृषि, 13,पृष्ठ 196.

10. एस. प्रकाश, एम. कुमार, वी. कुमार, ए. कुमार, एम.के. सिंह, आर. सिंह, बी. सिंह (2022):– प्याज (एलियम सेपा एल.) की वृद्धि और उपज पर जैव–उत्तेजक का प्रभाव, सीवी. एनएचआरडीएफ रेड–3 कृषि यांत्रिक एशिया एएफ., 53(11),पृष्ठ 10265–10271.

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

11. डी.एम. पटेल, आई.एम. पटेल, बी.टी. पटेल, एन.के. सिंह, सी.के. पटेल (2018):– खरीफ मूंगफली (अरचिस हाइपोगेआ एल.) द्वारा उपज, मिट्टी के रासायनिक और जैविक गुणों और पोषक तत्वों के अवशोषण पर पंचगव्य और जीवामृत का प्रभाव इंटरनेशनल जर्नल ऑफ केमिकल स्टडीज, 6 (3),पृष्ठ 804–809.

12. एस.के. दाश, जी.एस. साहू, एस. दास, एस. सरकार, एम. पाठक(2019):– ब्रोकोली की उपज, उपज विशेषताओं और अर्थशास्त्र पर एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन का प्रभाव इंटरनेशनल जर्नल ऑफ करेंट माइक्रोबायोलॉजी, एप्लाइड साइंस, 8 (6) पृष्ठ 3254–3258.

13. बी. बोरैया, एन. देवकुमार, एस. शुभा, के.बी. (2017):– पालना लाभकारी सूक्ष्मजीवों और शिमला मिर्च की उपज पर पंचगव्य, जीवामृत और गोमूत्र का प्रभाव (कैप्सिकम एनुअम एल. वेर. ग्रॉसम) इंट. जे. कर्र. माइक्रोबायोल. आवेदन. विज्ञान., 6 पीपी. 3226–3234.

14.अल्टिएरी, एम.ए.,और कूहाफकन, पी. (2008):– स्थायी खेत: जलवायु परिवर्तन, छोटे किसान और पारंपरिक कृषि समुदाय . थर्ड वर्ल्ड नेटवर्क.

15.चेम्बर्स, आर.,पेसी, ए., और थ्रुप, एल.ए. (1989):– किसान पहले: किसान नवाचार और कृषि अनुसंधान . इंटरमीडिएट टेक्नोलॉजी पब्लिकेशन्स.

16.खाद्य एवं कृषि संगठन। (2011):– बचाएँ और बढ़ाएँ: छोटे किसानों के फसल उत्पादन के सतत गहनीकरण के लिए नीति निर्माता की मार्गदर्शिका । संयुक्त राष्ट्र का खाद्य एवं कृषि संगठन।

17. खाद्य एवं कृषि संगठन। (2013):– खाद्य एवं कृषि के लिए विश्व के पादप आनुवंशिक संसाधनों की स्थिति । संयुक्त राष्ट्र का खाद्य एवं कृषि संगठन।

18. अंतर्राष्ट्रीय जैविक कृषि आंदोलन महासंघ (2019);– जैविक उत्पादन और प्रसंस्करण के लिए IFOAM मानदंड ।

19. पैरट, एन.,ओलेसेन, जे.ई., और हॉग–जेन्सेन, एच. (2006):– विकासशील देशों में प्रमाणित और गैर–प्रमाणित जैविक खेती। एन. हैलबर्ग, एच.एफ. अल्रो, एम.टी. नुडसेन, और ई.एस. क्रिस्टेंसन (सं.), जैविक कृषि का वैश्विक विकास: चुनौतियाँ और संभावनाएँ (पृष्ठ 153–179)। सीएबीआई पब्लिशिंग।

20. प्रिटी, जे. (1995):– कृषि का पुनरुद्धार: स्थिरता और आत्मनिर्भरता के लिए नीतियाँ और अभ्यास . अर्थस्कैन प्रकाशन.

21. प्रिटी, जे. (2002):–कृषि–संस्कृति: लोगों, भूमि और प्रकृति को फिर से जोड़ना . अर्थस्कैन प्रकाशन.

22. रीज, सी., स्कून्स, आई.,और टूलमिन, सी. (1998):–मिट्टी को बनाए रखना: अफ्रीका में स्वदेशी मृदा और जल संरक्षण . अर्थस्कैन प्रकाशन.

23. शिवा, वी. (2016):– दुनिया को असल में कौन खिलाता है? कृषि व्यवसाय की विफलताएँ और कृषि पारिस्थितिकी का वादा . नॉर्थ अटलांटिक बुक्स.

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# “स्वदेशी उत्पाद और भारतीय संस्कृतिं”

**प्रो. ममता कनेश**
(समाजशास्त्र)
क्रांतिकारी शहिद छीतूसिंह किराड़
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीराजपुर(म.प्र.)

***शोध सारांश***
***स्वदेशी उत्पाद और भारतीय संस्कृति के बीच एक गहरा संबंध है। भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन तथा समृद्ध संस्कृति मानी जाती है। भारतीय संस्कृति की मूलआत्मा आत्मनिर्भरता, सादगी और प्रकृति के साथ सामंजस्य पर आधारित है। भारतीय समाज प्राचीन समय से ही प्रकृति का सम्मान और स्थानीय उत्पादन की परंपरा का निर्वहन करता आया है। भारतीय समाज की इसी विचारधारा के कारण स्वदेशी उत्पाद का निर्माण एवं उपयोग के लिए प्रेरणा मिलती है। प्राचीन काल से ही लोग अपने आसपास उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से जीवनोपयोगी वस्तुएं बनाते थे। खादी के वस्त्र, हस्तशिल्प, कृषि एवं खाद्य उत्पाद, मिट्टी के बर्तन ,धातु कार्य ये सब कुछ स्थानीय स्तर पर निर्मित होता था। यह केवल जीवन यापन का साधन मात्र नहीं बल्कि सांस्कृतिक परंपरा भी थी, जिसमें परिश्रम, कौशल और प्रकृति के प्रति सम्मान भी शामिल था। वर्तमान समय में स्वदेशी उत्पाद के उत्पादन, स्वालंबन और आपूर्ति से भारतीय समाज आत्मनिर्भर बन सकता है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने श्आत्मनिर्भर भारतश् के लिए कदम बढ़ाते हुए श्वोकल पर लोकलश् अभियान के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों के लिए आवाज उठाने और उनका उपयोग बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इससे भारतीय संस्कृति की उस परंपरा को पुनर्जीवित किया जा सकता है, जिसमें स्वालंबन, स्वदेशी और स्थानीय उत्पादन का महत्व बताया गया है।***

## प्रस्तावना

महात्मा गांधी ने 14 फरवरी 1916 को मद्रास में ईसाई मिशनरियों के एक सम्मेलन में दिए गए अपने भाषण में स्वदेशी की परिभाषा की थी,” स्वदेशी वह भावना है जिससे कि हम आसपास के परिवेश से ही अपनी अधिकतम आवश्यकताएं पूरी करते हैं और उनसे ही अधिकाधिक व्यवहार संबंध रखते हैं तथा स्वयं को उनका सहज अभिन्न समझते हैं ना कि दुरुस्त लोगों और वस्तुओं से स्वयं को जोड़ने लगते हैं। स्वदेशी की यह भावना जब होगी तब हम अपने पूर्वजों के धर्म को ही आगे बढ़ाएंगे न कि किसी अन्य धर्म को अपनाने लगेंगे। अपने धर्म में जो आज वास्तविक कमी आ जाएगी उसे सुधरेंगे। राजनीति में हम स्वदेशी संस्थाओं का ही उपयोग करेंगे और उनकी कोई सुस्पष्ट कमियां होगी तो उन्हें दूर करेंगे। आर्थिक क्षेत्र में हम आसपास के लोगों तथा स्वदेशी परंपरा और कौशल द्वारा उत्पादित वस्तुओं का ही उपयोग करेंगे और उन्हें ही सक्षम तथा श्रेष्ठ बनाएंगे।” महात्मा गांधी द्वारा दी गई उक्त परिभाषा की वर्तमान समय में स्वदेशी उत्पाद अपनाने के जोर पर अधिक प्रभावी साबित हो सकती है। चूँकि भारत में स्वदेशी की अवधारणा का जन्म उस समय और काल में हुआ जब 1905 में लॉर्ड कर्जन ने बंगाल को दो भागों में विभाजित किया जिसका उद्देश्य हिंदू मुस्लिम एकता को तोड़ना था लेकिन भारतीय लोगों ने इस विभाजन के विरोध में देश में स्वदेशी आंदोलन शुरू कर दिया। लोगों ने विदेशी वस्तुओं का पूरजोर बहिष्कार किया और देसी वस्तुओं को अपनाने पर जोर दिया। इस आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार बाल गंगाधर तिलक, अरविंद घोष, रविंद्र नाथ टैगोर आदि ने देश की जनता को संगठित किया और राष्ट्रीय चेतना, आत्मनिर्भरता और एकता की भावना को जागृत किया।

गांधी जी की 1909 में लिखित हिंद स्वराज में स्वराज, सत्याग्रह और स्वदेशी आदि प्रमुख सिद्धांतों को महत्व दिया गया। भारत सदियों से संस्कृति, परंपराओं और विविधताओं के कारण विश्व भर में प्रसिद्ध रहा है। प्राचीन भारतीय सभ्यता का सबसे बड़ा आधार स्वदेशी उत्पाद और कुटीर उद्योग रहे हैं, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को बल प्रदान किया है, साथ ही समाज को भी आत्मनिर्भर बनाया है। हस्तशिल्प, वस्त्र, कृषि, आधारित उत्पाद, मसाले, चाय और धातु कला विश्व भर में निर्यात किए जाते थे, जिसके कारण भारत सोने की चिड़िया कहलाता था। वर्तमान में वैश्वीकरण का दौर चल रहा है, जिससे देश में

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

विदेशी वस्तुओं की भरमार हो गयीहै। विदेशी वस्तुओं की कीमतों में कमी एवं उनकी आकषर्णता के कारण भारतीय घरों में इन वस्तुओं की उपयोगिता अधिक हो गई है। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव एवं ऑनलाइन शॉपिंग के दौर में स्वदेशी उत्पाद पर दोहरा प्रभाव पड़ा है। विदेशी ब्रांडों की आसान उपलब्धता एवं विज्ञापनों से भारतीय ग्राहकों को ऑनलाइन खरीदारी की और आकर्षित किया जिससे स्वदेशी वस्तुओं की मांग में कमी आई। इससे पारंपरिक कारीगरों और छोटे उद्योगों को आर्थिक नुकसान के साथ–साथ मानसिक नुकसान का भी सामना करना पड़ा रहा है।

**स्वदेशी उत्पादों का सांस्कृतिक महत्व**

भारत की अधिकांश जनसंख्या गांव में निवास करती है। ग्रामीण जीवन की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना पूरी तरह से स्वदेशी उत्पादों पर आधारित होती है, स्वदेशी उत्पाद वे उत्पाद है जो स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक तरीकों एवं ज्ञान के आधार पर कारीगरों के श्रम से निर्मित होते हैं। इस प्रकार के उत्पाद स्थानीय कच्चे माल से तैयार किए जाते हैं, जिसके कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में धन का प्रवाह गांव के अंदर ही बना रहता है। ग्रामीण कारीगरों की सृजनशीलता और कौशल का प्रतीक है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होते रहते हैं, जो भारतीय संस्कृति, परंपरा और पर्यावरण के संरक्षण में भी सहायक होता है। हस्तनिर्मित वस्तुएं जैसे– मिट्टी के बर्तन ,दीपक, हस्त करघा , लोक वाद्य यंत्र, मिट्टी की मूर्तियां, जूट उद्योग, खादी उद्योग, लकड़ी और बाँस की कलाकृतियां, चमड़े से बने सामान, दुग्ध उत्पादन, खाद्य उत्पाद, गुड़ निर्माण आदि स्वदेशी उत्पाद न केवल ग्रामीण जीवन की आर्थिक रीढ़ है, बल्कि उसके सांस्कृतिक अस्तित्व और आत्मनिर्भरता का आधार भी है।

**वर्तमान संदर्भ में स्वदेशी उत्पादों की प्रासंगिकता**

स्वदेशी शब्द केवल देसी वस्तुओं का प्रयोग मंत्र नहीं है, यह एक प्रकार की विचारधारा है जिसमें संस्कृति गौरव, आर्थिक समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता के मूल्य समाहित है। स्वदेशी के माध्यम से भारत आत्मनिर्भर और सशक्त बना रहा है। स्वदेशी शब्द का शाब्दिक अर्थ है देश में निर्मित और उत्पादित वस्तुओं का उपयोग करना है तथा कुटीर, उद्योगों देसी उद्योगों, कारीगरों, शिल्पकारों और उद्योगों को प्रोत्साहित करना तथा उनके द्वारा निर्मित की गई वस्तुओं का प्रचार प्रसार भी करना है। महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन में भी केवल विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार मात्रा नहीं था बल्कि आत्मनिर्भरता, आत्म सम्मान और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक भी था। वर्तमान संदर्भ में स्वदेशी उत्पाद शब्द का महत्व और बढ़ जाता है, जब पूरी दुनिया वैश्वीकरण और उपभोक्तावाद के दौर से गुजर रही है। भारत एक विशाल और समृद्ध देश है जहां कृषि, हस्तकला, सूक्ष्म उद्योग, लोक एवं सांस्कृतिक कलाओं की गहरी परंपरा रही है। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा संचालित श्आत्मनिर्भर भारत अभियानश् श्मेक इन इंडियाश् श्स्टार्टअपश् और श्वोकल फॉर लोकलश् जैसे प्रयासों ने स्वदेशी शब्द को एक नई पहचान एवं दिशा प्रदान की है। इस प्रकार के अभियानों को प्रारंभ करने के पीछे यही भावना है कि देश में स्वदेशी उत्पाद को बढ़ाना मात्रा नहीं है बल्कि रोजगार के नए अवसर सर्जित करना, कौशल का सदुपयोग करना उद्योगों को सम्मान देना, विदेशी आयात पर निर्भरता को कम करना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। इस प्रकार के अभियानों के माध्यम से भारतीय लोगों में यह भावना भी जागृत करना कि कुटीर उद्योगों और छोटे–छोटे उद्यमी को भी रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। कोविड–19 जैसी महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया शुन्य में चली गई थी तब स्वदेशी उत्पाद ने ही देश को आत्मनिर्भरता का अनुभव कराया था। इसलिए आज भारत में लोग स्वदेशी उत्पादों जैसे– खादी वस्त्र, जैविक खाद्य पदार्थ, हर्बल उत्पाद, आयुर्वेदिक औषधीयां, मिट्टी के बर्तन, बांस और लकड़ी के उत्पाद और हस्त निर्मित वस्तुएं, आचार– पापड़ जैसे

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

वस्तुओं का उपयोग कर रहे हैं। वर्तमान दौर डिजिटल युग का दौर है जिसमें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर वस्तुओं को देश और विदेश दोनों में पहचान मिल रही है।

## चुनौतियां

वर्तमान समय वैश्वीकरण और आधुनिकीकरण का समय का  है, जिसमें संपूर्ण रूप से सभी प्रकार के स्वदेशी उत्पादों का निर्माण करना और लोगों तक पहुंचाना किसी भी देश के लिए संभव नहीं है। प्रत्येक देश की अपनी क्षमता होती है। स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने के लिए कुछ समय से ज्यादा महत्व दिया जा रहा है क्योंकि इससे देश की आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होते हैं लेकिन वर्तमान समय में उनके सामने अनेक प्रकार की चुनौतियां हैं जो इनके विकास और प्रचार प्रसार में बाधा उत्पन्न कर रही है। कुछ चुनौतियां निम्नानुसार है –

### 1. गुणवत्ता और आधुनिक तकनीकी की कमी

देश के लोग भारतीय उत्पाद की तुलना में विदेशी उत्पादों को ज्यादा पसंद करते हैं। सेना सहित कई प्रमुख जगहों से कुछ स्वदेशी उत्पादों को  उनके गुणवत्ता के मानक पर खरें नहीं उतरने के कारण हटाये जा चुके हैं। ऐसे में स्वदेशी उत्पाद बनाने वाली कंपनियों अथवा उद्योगों की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़ा होता है। अधिकतर स्वदेशी उत्पाद पारंपरिक तरीकों से ही निर्मित किए जाते हैं। आधुनिक मशीनों और तकनीकी ज्ञान के अभाव में उत्पादों की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता में कमी आ जाती है इससे ये उत्पाद विदेशी उत्पादों का सामना नहीं कर पाते।

### 2.उपभोक्ता की मानसिकता

स्वदेशी उत्पादों को कितनी सफलता प्राप्त होगी, यह उपभोक्ताओं की मानसिकता पर निर्भर करती है। उपभोक्ता ही यह तय करता है कि वह किस प्रकार की वस्तुओं को खरीदेगी। यह भी चुनौती है कि उपभोक्ता की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि भी यह तय करती है कि वह विदेशी वस्तु खरीदेगा अथवा स्वदेशी साथ ही विदेशी वस्तुओं को प्रतिष्ठा का प्रतीक भी माना जाता है। इसलिए भी ज्यादातर विदेशी वस्तुओं को खरीदना पसंद करते हैं।

### 3. विज्ञापन और ब्रांडिंग का प्रभाव

विदेशी कंपनियां अपनी वस्तुओं के प्रचार प्रसार के लिए विज्ञापन पर भारी मात्रा में धन खर्च करती है। विज्ञापन भी मशहूर हस्तियों के द्वारा किए जाते हैं। उत्पादों के प्रचार– प्रसार से उपभोक्ता के मन में विदेशी उत्पादों के प्रति खिंचाव अधिक हो जाता है। जबकि देसी उत्पादों के पास इस प्रकार का प्रचार– प्रसार नहीं होता है। जिससे वे उपभोक्ता के ध्यान में नहीं आ पाते हैं।

### 4.मूल्य की तुलना

विदेशी वस्तुओं की तुलना में स्वदेशी वस्तुओं की कीमत अधिक होती है, खासकर चीन से आने वाली घरेलू वस्तुओं की भरमार होती है तथा यह सस्ती दर पर उपलब्ध भी हो जाती है। जिसके कारण उपभोक्ता स्वदेशी वस्तुओं की तुलना में विदेशी वास्तुओं कि ओर अधिक रुचि प्रकट करता है।

### 5. नई पीढ़ी की सोच और आधुनिकता की चाह

स्वदेशी वस्तुओं के विकास और प्रचार प्रसार में नयी पीढ़ी की सोच भी एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि आज की पीढ़ी तकनीकी युग में जी रही है जहां उसे आधुनिक नौकरी, स्थिर आय और नगरीय जीवन शैली अधिक आकर्षित करती है। परंपरागत रूप से चले आ रहे हैं स्वदेशी व्यवसाय जैसे– हस्तशिल्प, बुनाई, मिट्टी के बर्तन, हाथ से कपड़ा बनाना आदि उसे पुराने और कम लाभदायक रोजगार लगते हैं, जिसके कारण वे कॉर्पोरेट अथवा तकनीकी क्षेत्र में रोजगार की तलाश करते हैं।

### सरकारी प्रयास: स्वदेशी उत्पाद की दिशा में कदम

### आत्मनिर्भर भारत अभियान

प्रधानमंत्री द्वारा 2020 को भारत में कोविड–19 महामारी से संबंधित आर्थिक पैकेज की घोषणा के दौरान आत्मनिर्भर भारत अभियान प्रारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को प्रोत्साहन देना, स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ाना लघु कुटीर और मध्यम उद्योगों को मजबूत बनाना, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना आदि था।

### वोकल फॉर लोकल

12 मई 2020 को प्रधानमंत्री के द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बनाने के साथ ही स्थानीय उत्पादों के प्रचार प्रसार के लिए वोकल फॉर लोकल अभियान प्रारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को केवल खरीदना ही नहीं बल्कि उनका गर्व के साथ प्रचार प्रसार भी करना है। इस अभियान से स्थानीय कारीगरों और छोटे व्यवसाय को प्रोत्साहन मिला।

### एक जिला एक उत्पाद

एक जिला एक उत्पाद योजना उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2018 में प्रारंभ की थी। इसके बाद भारत सरकार द्वारा इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया गया। इस योजना के अंतर्गत एक विशिष्ट उत्पाद को चिन्हित किया जाता है। इसमें उद्यमियों को प्रशिक्षण, ई–कॉमर्स प्लेटफार्म, उत्पादों को ळप् टैग दिलाने की प्रक्रिया आदि को शामिल किया गया।

### मेक इन इंडिया

मेक इन इंडिया योजना प्रधानमंत्री द्वारा 25 सितंबर 2014 को प्रारंभ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य भारत को एक विनिर्माण हब के रूप में विकसित करना, भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करना, भारत में रक्षा निवेश को बढ़ावा देना था।

### स्टार्टअप इंडिया योजना

16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया योजना प्रारंभ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना है। इसके द्वारा भारत के उद्यमियों और स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान की जाती है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

7 अगस्त 1905 को एक क्रांति की शुरुआत हुई थी। स्वदेशी आंदोलन ने स्थानीय उत्पादों और खासकर हैंडलूम को एक नई ऊर्जा दी थी। इसी स्मृति में देश में 2015 से प्रतिवर्ष 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाता है। इस दिन हथकरघा बुनाई समुदाय का सम्मान किया जाता है, और देश के सामाजिक आर्थिक विकास में इस क्षेत्र के योगदान को उजागर किया जाता है।

## स्वदेशी उत्पादों के उत्थान हेतु सुझाव

1. भारत के युवाओं को कोर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में ज्यादा निवेश करना चाहिए। जैसे– बड़ी मशीनों का निर्माण करना, मोबाइल, लैपटॉप, टीवी के कलपुर्जे बनाने की मशीन को स्थापित करना चाहिए। इनमें लगने वाली सभी सामग्री का उत्पादन भी भारत में ही होना चाहिए।
2. स्वदेशी उत्पाद को प्रोत्साहन देने के लिए इन वस्तुओं के प्रयोग के लिए सरकार के द्वारा स्वदेशी उद्योगो को प्रोत्साहित करना होगा, जिससे लोगों द्वारा इन उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा खरीदा जा सके।
3. मीडिया, प्रशासन आदि के द्वारा स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक प्रचार– प्रसार किया जाना चाहिए। तथा स्वदेशी के महत्व को जन जन तक पहुंचना चाहिए।
4. स्वदेशी उत्पादों की सुलभ उपलब्धि, गुणवत्ता आदि की जानकारी के लिए उचित कदम उठाया जाना चाहिए। इसके लिए स्थानीय बाजारों और मेलों का आयोजन कर उत्पादकों को सीधे ग्राहकों से जोड़ा जा सकता है।
5. स्वदेशी उत्पादों की ब्रांडिंग करना चाहिए। साथ ही विज्ञापन के द्वारा प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए। जिससे इन उत्पादों की मांग बढ़ सके।
6. विदेशी उत्पादों खासकर रोजमर्रा की वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ाना चाहिए, ताकि स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा मिल सके।
7. स्वदेशी उत्पादों के निर्माताओं को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जानी चाहिए। साथ ही बैंक से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध किया जाना चाहिए।

## निष्कर्ष

स्वदेशी उत्पाद और भारतीय संस्कृति दोनों ही एक दूसरे की पूरक है, जो भारत की आत्मा और पहचान को दर्शाते हैं। स्वदेशी उत्पाद आर्थिक आत्मनिर्भरता का मार्ग तो प्रशस्त करते ही है, साथ ही यह भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक भी है। वाराणसी की रेशम की साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी, गोरखपुर की टेराकोटा मूर्तियां, आजमगढ़ की मिट्टी की पॉटरी, चंदेरी की साड़ी, महेश्वरी साड़ी, बाग शिल्प, हथकरघा हो या कृषि क्षेत्र, रक्षा क्षेत्र, आईटी, मेडिकल क्षेत्र आदि में यह सभी मिलकर भारत की परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। आज के वैश्वीकरण और आधुनिकीकरण के दौर में विदेशी वस्तुओं का प्रचलन अधिक हो गया है। इस कारण स्वदेशी उत्पाद के महत्व पर और अधिक ध्यान दिया जाना आवश्यक हो गया है। वर्तमान समय में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की भावना को सशक्त करना आवश्यक हो गया है। इसके लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं जैसे– आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल, एक जिला एक उत्पाद और स्टार्टअप इंडिया आदि प्रारंभ की गई है। ये योजनाएं स्थानीय उद्योगों, कारीगरों, हस्तशिल्पकीरो, मिट्टी के बर्तन, आयुर्वेदिक दवाई, बांस की कलाकृतियां, जैविक उत्पाद आदि न केवल हमारी पारंपरिक कला को जीवित रखते है ,बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास में भी योगदान देंगे। इससे देश की आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक समृद्धि और आत्मगौरव तीनों को बल

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

मिलेगा। इस प्रकार स्पष्ट है कि स्वदेशी उत्पादों का प्रचार– प्रसार करना केवल आर्थिक नीति ही नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त और महत्वपूर्ण कदम है।

## सन्दर्भ


1. धर्मपाल, स्वदेशी और भारतीयता, भारत पीठ्म।
2. डॉ. के. एल. खुराना, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, लक्ष्मी नरैन अग्रवाल, एजुकेशनल पब्लिशर्स,
3. **मेक इन इंडिया**, विकिपीडिया
4. **myGov.in**
5. **स्टार्टअप इंडिया**, drishiias.com
6. **ई–ज्ञानकोश**, egyankosh.ac.in/bitstream
7. अमर उजाला, 23सितम्बर2025।
8. अजीत समाचार, 13 अक्टूबर 2025

IEARJ
International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "हस्तशिल्प, स्वदेशी भाव और वैश्विक प्रतिस्पर्धा: आत्मनिर्भर भारत के परिप्रेक्ष्य में एक अध्ययन"

**डॉ. प्रियंका चौहान**

सहायक प्राध्यापक, शासकीय होलकर विज्ञान

महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.)

*सारांश*

***यह शोध–पत्र हस्तनिर्मित वस्तुओं के महत्व, उनके आर्थिक एवं सांस्कृतिक आयाम, और वैश्वीकरण के युग में उनकी प्रासंगिकता का समीक्षात्मक अध्ययन प्रस्तुत करता है। भारत में हस्तनिर्मित वस्तुएँ न केवल रोजगार और आजीविका का आधार हैं, बल्कि वे स्वदेशी आंदोलन की ऐतिहासिक विरासत और आत्मनिर्भर भारत के समकालीन दृष्टिकोण से भी जुड़ी हुई हैं। हालांकि, सस्ते मशीन–निर्मित विदेशी उत्पाद, विपणन की कठिनाइयाँ और मानकीकरण की चुनौतियाँ इनके विकास में बाधा उत्पन्न करती हैं। इसके बावजूद, वोकल फॉर लोकल, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसी पहलें हस्तनिर्मित वस्तुओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई संभावनाएँ प्रदान कर रही हैं। यह अध्ययन न केवल स्वदेशी भाव के जागरण को समझने का प्रयास करता है, बल्कि नीति–निर्माताओं और शोधकर्ताओं के लिए भविष्य की दिशा भी सुझाता है।***

***मुख्य शब्दः– स्वदेशी, हस्तनिर्मित वस्तुएँ, आत्मनिर्भर भारत, स्थानीय अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक संरक्षण, वैश्वीकरण***

## परिचय

भारत की सभ्यता और संस्कृति में हस्तनिर्मित वस्तुओं का एक विशेष स्थान रहा है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आधुनिक भारत तक, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों ने न केवल आर्थिक ढाँचे को आकार दिया, बल्कि सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक संरचना को भी प्रभावित किया।1905 का स्वदेशी आंदोलन भारतीय इतिहास में एक ऐसा मोड़ था, जिसने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा। इस आंदोलन ने यह सिद्ध किया कि स्वदेशी केवल आर्थिक अवधारणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है (सक्सेना, 2020)।

आधुनिक समय में, जब वैश्वीकरण और औद्योगिकीकरण ने मशीन–निर्मित वस्तुओं को बाजार पर हावी कर दिया है, तब हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रासंगिकता एक नए रूप में उभर रही है। आत्मनिर्भर भारत अभियान और वोकल फॉर लोकल जैसे कार्यक्रम हस्तनिर्मित वस्तुओं की आर्थिक और सामाजिक महत्ता को पुनः स्थापित कर रहे हैं।

इस शोध–पत्र का उद्देश्य निम्नलिखित है:

1. हस्तनिर्मित वस्तुओं के आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व का समीक्षात्मक अध्ययन करना।
2. स्वदेशी आंदोलन की ऐतिहासिक विरासत और वर्तमान प्रासंगिकता को समझना।
3. वैश्वीकरण के दौर में हस्तनिर्मित वस्तुओं की चुनौतियों और अवसरों की पहचान करना।
4. नीति–निर्माताओं के लिए व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करना।

## साहित्य समीक्षा

हस्तनिर्मित वस्तुओं और स्वदेशी आंदोलन पर पूर्व में किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि यह क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था, संस्कृति, और सामाजिक ढाँचे में एक केंद्रीय भूमिका निभाता है। इस भाग में विभिन्न विद्वानों, सरकारी रिपोर्टों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के निष्कर्षों का संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत किया गया है।

### 1. आर्थिक दृष्टिकोण से हस्तनिर्मित वस्तुओं का योगदान

सिंह और सिन्हा (2019) के अनुसार, भारत में हस्तनिर्मित वस्तुओं का क्षेत्र लगभग 70 लाख कारीगरों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है। यह क्षेत्र विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं और कमजोर वर्गों के लिए आय का प्रमुख स्रोत है। इसी तरह भारत सरकार

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

(2021) की हैंडीक्राफ्ट ऑफ इंडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि यह क्षेत्र भारतीय निर्यात में लगभग ₹25,000 करोड़ वार्षिक योगदान देता है। कुमार (2020) ने अपने अध्ययन में दर्शाया कि कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प उत्पाद न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में आय सृजन का साधन हैं, बल्कि वे शहरी अर्थव्यवस्था में भी "सस्टेनेबल उपभोग" की दिशा में सहायक हैं।

### 2. सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण

शर्मा (2018) ने कहा कि हस्तनिर्मित वस्तुएँ केवल आर्थिक वस्तुएँ नहीं हैं, बल्कि वे भारत की जीवित सांस्कृतिक धरोहर हैं। प्रत्येक हस्तशिल्प वस्तु स्थानीय परंपरा, प्रतीकात्मकता और इतिहास को दर्शाती है। उनका मानना है कि जब उपभोक्ता हस्तनिर्मित वस्तुएँ खरीदते हैं, तो वे न केवल कारीगरों का समर्थन करते हैं, बल्कि सांस्कृतिक विविधता को भी जीवित रखतेहैं। बंसल (2021) ने बताया कि शहरी उपभोक्ताओं में अब "कला–आधारित" और "इको–फ्रेंडली" उत्पादों की माँग बढ़ रही है। यह प्रवृत्ति पारंपरिक हस्तनिर्मित वस्तुओं के लिए एक नए बाजार का संकेत देती है।

### 3. नीतिगत पहल और सरकारी दृष्टिकोण

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (2020) की रिपोर्ट में वोकल फॉर लोकल और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजनाओं को हस्तनिर्मित उत्पादों के पुनरुत्थान का माध्यम बताया गया है। इन योजनाओं के अंतर्गत प्रत्येक जिले की विशिष्ट कला या उत्पाद को ब्रांड पहचान प्रदान की जा रही है।

कपड़ा उद्योग मंत्रालय (2022) ने इंडिया हैंडलूम ब्रांड और कलस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम जैसी पहलें शुरू की हैं, जिनका उद्देश्य कारीगरों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग और विपणन सुविधा प्रदान करना है।

### 4. वैश्विक परिप्रेक्ष्य

यू.एन.सी.टी.ए.डी (2021) की क्रिएटिव इकोनॉमी आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर हस्तनिर्मित और क्राफ्ट–आधारित उत्पादों का व्यापार 2019 में $524 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँचा। रिपोर्ट यह भी बताती है कि सस्टेनेबल प्रोडक्ट्स की मांग में प्रतिवर्ष 8% की वृद्धि हो रही है।

डब्ल्यू.टी.ओ.(2022) की रिपोर्ट ट्रेड एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट में उल्लेख है कि विकासशील देशों के लिए "ग्रीन एंड हैंडमेड प्रोडक्ट्स" निर्यात का एक उभरता हुआ क्षेत्र बन रहे हैं, जिसमें भारत की भूमिका अग्रणी हो सकती है।

### 5. ऐतिहासिक और दार्शनिक दृष्टिकोण

सक्सेना (2020) ने अपने अध्ययन में स्वदेशी आंदोलन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1905 का आंदोलन केवल विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार तक सीमित नहीं था, बल्कि यह भारतीय आत्मनिर्भरता और नैतिक अर्थशास्त्र की स्थापना का प्रयास था।

### 6. समसामयिक अध्ययन और डिजिटल युग की भूमिका

मेहता और जोशी (2022) ने यह पाया कि सोशल मीडिया और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म (जैसे अमेज़न कारीगर, फ्लिपकार्ट समर्थ आदि) हस्तनिर्मित वस्तुओं को वैश्विक उपभोक्ताओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म न केवल विपणन के अवसर बढ़ा रहे हैं, बल्कि पारदर्शिता और उपभोक्ता विश्वास भी सशक्त कर रहे हैं।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## ➢ स्वदेशी भाव और आर्थिक आयाम

### 4. वाणिज्यिक दृष्टिकोण से स्वदेशी का महत्व

- **आर्थिक आत्मनिर्भरता** – स्वदेशी से देश की आर्थिक निर्भरता घटती है और आयात पर खर्च कम होता है। इससे देश की विदेशी मुद्रा की बचत होती है।
- **घरेलू उद्योगों का विकास** – स्थानीय कुटीर, लघु और मध्यम उद्योग ¼MSME½ स्वदेशी नीति के तहत प्रोत्साहित होते हैं, जिससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ता है।
- **रोजगार सृजन** – देशी वस्तुओं के उत्पादन से अधिक लोगों को रोजगार मिलता है, जिससे बेरोजगारी में कमी आती है।
- **नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा** – जब घरेलू बाजार में स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ती है, तो नए उद्यमी अपने उत्पाद और सेवाएं विकसित करते हैं, जिससे 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे अभियानों को बल मिलता है।
- **ग्राहक संतुलन और गुणवत्ता नियंत्रण** – स्वदेशी उत्पादों के प्रति उपभोक्ता जागरूकता बढ़ने से बाजार में प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होती है और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार होता है।

- **सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव –** स्वदेशी केवल आर्थिक विचार नहीं है, यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह हमारे स्थानीय संसाधनों, परंपराओं और तकनीकों को सम्मान देता है।

## 5. वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्वदेशी की प्रासंगिकता

- आत्मनिर्भर भारत अभियान (2020) ने स्वदेशी को नई पहचान दी।
- डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने स्थानीय नवाचारों को वैश्विक मंच दिया।
- कोविड–19 महामारी के बाद स्थानीय उत्पादन और सप्लाई चेन की अहमियत बढ़ी।
- ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स (जैसे Flipkart, Amazon) अब "मेड इन इंडिया" टैग वाले उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

इस प्रकार, आज के युग में स्वदेशी का अर्थ केवल "देशी वस्तुएँ खरीदना" नहीं है, बल्कि आर्थिक नीति, व्यापारिक रणनीति और उपभोक्ता नैतिकता से भी जुड़ा हुआ है।

## 6. स्वदेशी के समक्ष चुनौतियाँ

- विदेशी वस्तुओं की सस्ती उपलब्धता और आकर्षक पैकेजिंग।
- घरेलू उद्योगों की तकनीकी पिछड़ापन।
- विपणन और ब्रांडिंग की कमी।
- उपभोक्ताओं में स्वदेशी उत्पादों के प्रति विश्वास की कमी।
- वैश्विक प्रतिस्पर्धा के कारण लागत अधिक होना।

## 7. समाधान एवं सुझाव

- सरकार को लघु और कुटीर उद्योगों के लिए आसान वित्तीय सहायता देनी चाहिए।
- स्वदेशी उत्पादों के लिए गुणवत्ता प्रमाणन प्रणाली को सशक्त बनाना चाहिए।
- शिक्षा और मीडिया के माध्यम से स्वदेशी जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए।
- ई–कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से स्थानीय उत्पादों की पहुँच बढ़ाई जाए।
- उपभोक्ताओं को "एक देशी वस्तु, एक परिवार" जैसे अभियान से जोड़ा जाए।

## 8. निष्कर्ष

स्वदेशी केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। आज जब भारत विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब स्वदेशी नीति का महत्व और बढ़ जाता है। स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित कर, विदेशी निर्भरता घटाकर और नवाचार को प्रोत्साहित करके भारत न केवल आत्मनिर्भर बन सकता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर "मेड इन इंडिया" की पहचान को सशक्त बना सकता है।

## संदर्भ सूची

1. गांधी, मो. (1926). *हिन्द स्वराज या भारतीय स्वराज.* नवलकिशोर प्रेस, अहमदाबाद।
2. शर्मा, डी.एन. (2018). *भारतीय अर्थव्यवस्था में स्वदेशी की भूमिका.* नई दिल्ली: अशोक पब्लिकेशन।
3. चौधरी, आर.के. (2020). *वोकल फॉर लोकल और भारतीय उद्योग.* जयपुर: वाणी प्रकाशन।
4. Government of India (2021). *Atmanirbhar Bharat Abhiyan Report*, Ministry of Commerce and Industry.

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "स्वदेशी उत्पाद एवं भारतीय संस्कृति"

**डॉ. बाल कृष्ण प्रजापति**
सहायक प्राध्यापक संस्कृत
शासकीय एस.जी.एस. पी.जी. महाविद्यालय,
गंजबासौदा जिला विदिशा

**शोध**
*सार भारत में स्वदेशी आंदोलन केवल आर्थिक स्वावलंबन का प्रतीक नहीं रहा, बल्कि यह सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता, पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। स्वदेशी उत्पाद भारतीय जीवन–मूल्यों, परंपराओं तथा आत्मगौरव की भावना को सशक्त करते हैं। स्वदेशी उत्पाद न केवल भारतीय परंपरा, संस्कृति और कला का परिचायक हैं, बल्कि वे स्थानीय संसाधनों और कौशल के प्रयोग से तैयार होकर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार सृजन का माध्यम बनते हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसी सरकारी पहलें इस दिशा में स्वदेशी उद्योगों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई–कॉमर्स ने स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने का अवसर प्रदान किया ङमलूवतके रूस्वदेशी, भारतीय संस्कृति, आत्मनिर्भरता, पर्यावरणीय संतुलन, आर्थिक स्वावलंबन।*
*भारत की संस्कृति अत्यंत प्राचीन, समृद्ध और आत्मनिर्भर रही है। स्वदेशी भावना इसी आत्मनिर्भरता की मूल आत्मा है। भारत एक प्राचीन सभ्यता और विविधताओं से भरा हुआ राष्ट्र है, जिसने अपने लंबे इतिहास में स्वदेशी उत्पादों और कुटीर उद्योगों के जरिए आत्मनिर्भरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया है। आधुनिक काल में विकसित भारत की कल्पना केवल आर्थिक प्रगति तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी उन्नति भी सम्मिलित है। इस आलोक में स्वदेशी उत्पादों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। "स्वदेशी" शब्द संस्कृत के 'स्व' (अपना) और 'देश' (राष्ट्र) से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है अपने देश में निर्मित वस्तुओं का प्रयोग करना तथा देश की संसाधनों, कौशल और परंपराओं को अपनाना। यह केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक विचारधारा भी है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी को स्वतंत्रता संग्राम का नैतिक आधार बताया। आज के वैश्वीकरण के युग में भी स्वदेशी विचारधारा भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा में उतनी ही प्रासंगिक है।*

## स्वदेशी उत्पाद और भारतीय संस्कृति का संबंध

1. आत्मनिर्भरता की भावना – प्राचीन भारत में प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्य और उत्पादन से जुड़ा था। कृषि, हस्तकला, बुनाई, मिट्टी के बर्तन, तेलघानी, हथकरघा आदि भारतीय समाज की आत्मनिर्भरता के प्रतीक थे। महात्मा गांधी ने कहा था कि "स्वदेशी आत्मनिर्भरता का सबसे सशक्त साधन है।" उनके अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता दे, जिससे न केवल अर्थव्यवस्था सशक्त हो, बल्कि आत्मसम्मान भी बढ़े।

2. पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन – स्वदेशी उत्पाद प्रकृति के अनुकूल होते हैं। जैसे मिट्टी के बर्तन, कपास या खादी के वस्त्र, आयुर्वेदिक औषधियाँ आदि। ये न केवल उपयोगी बल्कि पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित हैं। स्वदेशी उत्पाद पारंपरिक ज्ञान और पर्यावरण–संवेदनशीलता पर आधारित होते हैं। जैविक खेती, हर्बल उत्पाद, बांस और मिट्टी से बने सामान पर्यावरण के अनुकूल होते हैं।

3.भारतीय परंपराओं का संवाहक – स्वदेशी उत्पाद हमारे त्यौहारों, पूजा–पाठ, रीति–रिवाजों और जीवनशैली में गहराई से जुड़े हुए हैं। दीपावली में मिट्टी के दीए, होली में प्राकृतिक रंग, रक्षाबंधन में हाथ से बनी राखीकृये सभी हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं। भारतीय संस्कृति में 'लोकल से ग्लोबल' की अवधारणा सदियों से मौजूद है। ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प, खादी, मिट्टी के बर्तन, और आयुर्वेदिक उत्पाद केवल आर्थिक गतिविधियाँ नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान के वाहक हैं।

4.ग्राम्य अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन – भारत की संस्कृति ग्राम्य जीवन पर आधारित है। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से गाँवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और स्थानीय कारीगरों को रोजगार मिलता है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

5.राष्ट्रीय एकता और गर्व की भावना – स्वदेशी अपनाने से देश के प्रति गर्व और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित होती है। महात्मा गांधी ने भी कहा था "स्वदेशी केवल वस्त्र का प्रश्न नहीं, यह हमारे जीवन का धर्म है।"

6.भारतीय संस्कृति और उपभोग की मर्यादा– भारतीय संस्कृति 'अपरिग्रह' और 'संतोष' की भावना पर आधारित है। स्वदेशी इन मूल्यों को पुनर्जीवित करता है, क्योंकि यह केवल "उपभोग" नहीं, बल्कि "सदुपयोग" की भावना सिखाता है।

7.आधुनिक युग में स्वदेशी की प्रासंगिकता– 'मेक इन इंडिया', 'वोकल फॉर लोकल', और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी नीतियाँ स्वदेशी विचार की आधुनिक अभिव्यक्ति हैं। इससे न केवल रोजगार सृजन हो रहा है, बल्कि भारतीय उत्पादों की वैश्विक पहचान भी मजबूत हो रही है।

8.वैश्विक स्तर पर स्वदेशी उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता – स्वदेशी उत्पादों की न केवल भारत में सराहना की जाती है, बल्कि दुनिया भर में भी पहचान बन रही है। स्वदेशी खाद्य उत्पादों से लेकर पारंपरिक शिल्प तक, दुनिया भर में लोग उनकी प्रामाणिकता और सांस्कृतिक समृद्धि को महत्व दे रहे हैं। यह बढ़ती माँग इस बात पर प्रकाश डालती है कि देसी ब्रांडों का समर्थन जारी रखना क्यों महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करता है कि स्थानीय समुदायों की कहानियों, कौशल और विरासत का दूर–दूर तक जश्न मनाया जाए। स्वदेशी उत्पाद केवल खरीदारी से कहीं अधिक हैंकृवे संस्कृति और परंपरा के अंग हैं। देसी ब्रांडों को चुनकर, आप कारीगरों, किसानों और समुदायों के कौशल और कहानियों को बनाए रखने में मदद करते हैं।

9.लघु उद्योगों से ही हमारी अर्थव्यवस्था कायम है। भारतीय वस्तुओं और भारतीय तकनीक की विश्व में धूम मची है। वैश्विक स्तर पर हमारे देश में निर्मित वस्तुओं की मांग बढ़ी है। यह वैश्विक मांग हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान भाव को और पोषित करती है। उन्होंने कहा कि पूरा राष्ट्र स्वदेशी के प्रति वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध है। हमारी संस्कृति ही हमें स्वदेशी का भाव सिखाती है। हम देशी वस्तुओं के प्रति अपने अंर्तमन से जुड़े हुए हैं। यह भावना ही स्वदेशी उत्पादों को और बेहतर स्वरूप देने की प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वदेशी वस्तुएं केवल उत्पाद ही नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, धरोहर और हमारे मान–सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया वोकल फॉर लोकल अभियान भारतीयता की इसी भावना को आगे बढ़ाने का माध्यम है। हमारे देशी उत्पाद न केवल विदेशी उत्पादों से अधिक मजबूत, किफायती और गुणवत्तायुक्त हैं, बल्कि इन्हें खरीदने पर हमें अधिकतम लाभ भी मिला है।

## सुझाव

1. शिक्षा प्रणाली में स्वदेशी उत्पादों और भारतीय संस्कृति का पाठ्यक्रम शामिल किया जाए।
2. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हस्तशिल्प एवं खादी के उत्पादों का प्रचार–प्रसार बढ़ाया जाए।
3. सरकार और निजी संस्थाओं द्वारा स्वदेशी व्यवसायों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाए।
4. पर्यावरण और सतत विकास के दृष्टिकोण से स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए।

## निष्कर्षत

स्वदेशी उत्पाद भारतीय संस्कृति का जीवंत प्रतीक हैं। ये न केवल अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करते हैं बल्कि हमारी परंपराओं, नैतिक मूल्यों और आत्मसम्मान की रक्षा भी करते हैं। इनसे देश की परंपरा, कारीगरी, पर्यावरण–संवेदनशीलता और आत्मगौरव जुड़ा है। हर भारतीय नागरिक को न केवल स्वयं स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। यही देश प्रेम हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। स्वदेशी भावना ही सच्ची

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

राष्ट्रसेवा का सहज मार्ग है। हमारी संस्कृति ही हमें स्वदेशी का भाव सिखाती है। हम देशी वस्तुओं के प्रति अपने अंतर्मन से जुड़े हुए हैं। यह भावना ही स्वदेशी उत्पादों को और बेहतर स्वरूप देने की प्रेरणा देती है। स्वदेशी का अर्थ दुनिया से अलग–थलग होना नहीं है, बल्कि एक मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में अपनी शर्तों पर दुनिया से जुड़ना है। यह देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की एक महत्वपूर्ण रणनीति है। यदि भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है, तो स्वदेशी के सिद्धांतों को आधुनिक संदर्भ में पुनः अपनाना अनिवार्य है।

## संदर्भ सूची –

1. गांधी, एम. के. (1921). हिंद स्वराज या भारतीय स्वराज. नवरंग प्रकाशन।
2. शर्मा, आर. (2018). भारतीय अर्थव्यवस्था में स्वदेशी का योगदान. दिल्ली विश्वविद्यालय।
3. मिश्रा, एस. (2021). स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा. भारतीय सांस्कृतिक अध्ययन पत्रिका।
4. Government of India (2020). Vocal for Local Policy Report. Ministry of Commerce.
5. Gupta, R. (2019). Handicrafts and Cultural Heritage in India. New Delhi: Academic Press.
6. https://inspirajournals.com/home/viewdetails/?id=7925
7.https://www.mpinfo.org/Home/TodaysNews?newsid=%
8.https://www.punjabkesari.com/editorial/swadeshi-means-connecting-with-the-world-on-your-own-terms/

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "स्वदेशी उत्पादों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव : आत्मनिर्भर भारत – एक अध्ययन"

**डॉ. रश्मिप्रभा फरे**
अर्थशास्त्र विभाग,
श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा

***कीवर्ड्स (Keywords): – स्वदेशी, भारतीय अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भर भारत, एमएसएमई, रोजगार सृजन, आयात निर्भरता, स्थानीयकरण, आर्थिक विकास, नीति निर्माण।***

## 1. प्रस्तावना (Introduction)

भारत एक विशाल अर्थव्यवस्था वाला देश होने के नाते, स्वदेशी उत्पादों को अपना कर अपनी आर्थिक सामाजिक समृद्धि को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। स्वदेशी का अर्थ है, अपने देश में निर्मित वस्तुओं को अपनाना और उनका उपयोग करना, जो स्थानीय उद्योगों को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देने का एक शक्तिशाली माध्यम है। "स्वदेशी" विचारधारा, एक आर्थिक दर्शन और एक सामाजिक संकल्प है। भारत के संदर्भ में इसकी जड़ें औपनिवेशिक काल में खोजी जा सकती हैं, जब महात्मा गांधी ने इसे स्वतंत्रता संग्राम का एक प्रमुख हथियार बनाया। चरखा और खादी उस युग के स्वदेशी के प्रतीक थे, जिनका उद्देश्य केवल आर्थिक शोषण से मुक्ति पाना ही नहीं, बल्कि आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता की भावना को पुनर्जीवित करना भी था। स्वतंत्रता के पश्चात, यह अवधारणा नीति निर्माण में हमेशा विद्यमान रही, लेकिन 1991 के नई औद्योगिक नीति अर्थात उदारीकरण के बाद इसकी प्रासंगिकता पर कुछ संशय उत्पन्न हुआ।

वर्तमान दौर में, कोविड–19 महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की नाजुकता को उजागर किया और देशों को अपनी आर्थिक सुरक्षा पर पुनर्विचार करने के लिए बाध्य किया। इसी पृष्ठभूमि में, भारत सरकार द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' (Self–Reliant India) की अवधारणा को प्रमुखता से सामने रखा गया। यह नीति स्वदेशी के आधुनिक रूप का प्रतिनिधित्व करती है, जिसका लक्ष्य वैश्विक अर्थव्यवस्था से कटना नहीं, बल्कि उसमें एक मजबूत, सक्षम और विश्वसनीय भागीदार के रूप में उभरना है।

यह शोध पत्र इसी पुनर्जागरण का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत करता है। इसका प्राथमिक उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन एवं उपभोग के आर्थिक प्रभावों का एक व्यवस्थित, बहु–स्तरीय विश्लेषण करना है। पत्र में निम्नलिखित शोध प्रश्नों के उत्तर तलाशने का प्रयास किया गया है:

1. स्वदेशी उत्पादन रोजगार सृजन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs) के विकास को किस हद तक प्रोत्साहित करता है?
2. यह आयात निर्भरता और व्यापार घाटे पर क्या प्रभाव डाल सकता है?
3. स्थानीय नवाचार और अनुसंधान एवं विकास (R&D) को बढ़ावा देने में इसकी क्या भूमिका है?
4. स्वदेशी आंदोलन के मार्ग में आने वाली प्रमुख बाधाएँ क्या हैं और उनके समाधान के लिए क्या रणनीति अपनाई जानी चाहिए?

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

## 2. साहित्य समीक्षा (Literature Review)

स्वदेशी और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव के संबंध में पर्याप्त साहित्य उपलब्ध है, जिसे ऐतिहासिक और समकालीन दृष्टिकोण से देखा जा सकता है।

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य: महात्मा गांधी (1909) ने अपनी पुस्तक 'हिंद स्वराज' में पश्चिमी औद्योगिक सभ्यता की कठोर आलोचना करते हुए ग्राम-केंद्रित, स्वावलंबी अर्थव्यवस्था के मॉडल की वकालत की। उनके लिए, स्वदेशी आत्मसम्मान और सामुदायिक सशक्तिकरण का मार्ग था। डॉ. सम्पूर्णानंद (1962) ने अपने लेखन में स्वदेशी को राष्ट्रीय विकास की एक अनिवार्य शर्त के रूप में रेखांकित किया। स्वतंत्रता के बाद के दशकों में, नीति निर्माताओं ने आयात प्रतिस्थापन औद्योगीकरण (Import Substitution Industrialisation – ISI) की नीति अपनाई, जो स्वदेशी के सिद्धांत पर ही आधारित थी, हालाँकि इसके मिश्रित परिणाम सामने आए।

समकालीन विमर्श: वर्तमान समय में, स्वदेशी की अवधारणा को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। भारत सरकार (2020) के 'आत्मनिर्भर भारत' पैकेज ने इस दिशा में एक मजबूत नीतिगत ढाँचा प्रस्तुत किया, जिसमें MSMEs को ऋण सहायता, उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजनाएँ और कृषि सुधारों पर बल दिया गया। अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया (2019) ने अपने शोध में तर्क दिया है कि आत्मनिर्भरता का अर्थ संरक्षणवाद नहीं है, बल्कि वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भागीदारी को मजबूत करने और घरेलू उत्पादकता बढ़ाने से है। वहीं, रघुरामन एवं अन्य (2021) के एक अध्ययन से पता चलता है कि कोविड-19 के बाद के दौर में भारतीय उपभोक्ताओं में स्थानीय ब्रांड्स के प्रति एक स्पष्ट रुझान देखने को मिला है, जिसने कई स्वदेशी Start-ups को बढ़ावा दिया है।

हालांकि, आलोचकों जैसे कि जयंत सिन्हा (2020) का मानना है कि स्वदेशी की राह में वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा और गुणवत्ता संबंधी चुनौतियाँ प्रमुख बाधाएँ हैं। यह शोध पत्र इन विविध दृष्टिकोणों के बीच एक संवाद स्थापित करते हुए, स्वदेशी के समग्र आर्थिक प्रभाव का एक संतुलित एवं तथ्यात्मक मूल्यांकन प्रस्तुत करने का प्रयास करता है।

## 3. अनुसंधान पद्धति (Research Methodology)

यह शोध पत्र मुख्यतः विश्लेषणात्मक एवं वर्णनात्मक शोध पद्धति (Analytical and Descriptive Research Method) पर आधारित है। इसमें गुणात्मक डेटा (Qualitative Data) के विश्लेषण पर अधिक बल दिया गया है।

**3.1 डेटा संग्रह के स्रोत** (Data Collection Sources): इस शोध के लिए आवश्यक जानकारी द्वितीयक स्रोतों (Secondary Sources) से एकत्रित की गई है, जिनमें शामिल हैं:

* सरकारी दस्तावेज एवं रिपोर्ट्स: नीति आयोग, वित्त मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, और MSME मंत्रालय की विभिन्न प्रकाशनों एवं रिपोर्टों का उपयोग किया गया है।
* रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) के बुलेटिन और आर्थिक डेटा।
* प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं (Research Journals) में प्रकाशित लेख।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

* विश्वसनीय समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में प्रकाशित आर्थिक विश्लेषण।
* प्रासंगिक पुस्तकों और ई–पुस्तकों का सन्दर्भ।

**3.2 डेटा विश्लेषण की विधि** (Data Analysis Method): एकत्रित सामग्री का तार्किक एवं व्यवस्थित विश्लेषण (Logical and Systematic Analysis) किया गया है। ऐतिहासिक डेटा और वर्तमान आँकड़ों की तुलना करके प्रवृत्तियों (Trends) को समझने का प्रयास किया गया है। विभिन्न विद्वानों के मतों का तुलनात्मक अध्ययन करके एक संतुलित निष्कर्ष पर पहुँचने का प्रयास किया गया है। चूंकि यह एक सैद्धांतिक शोध है, अतः इसमें सांख्यिकीय परीक्षणों का प्रयोग सीमित है, लेकिन आर्थिक संकेतकों के रुझानों को चार्ट और ग्राफ़ के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

**3.3 शोध की सीमाएँ** (Limitations of the Study): यह शोध मुख्यतः द्वितीयक आंकड़ों पर निर्भर है। प्राथमिक डेटा, जैसे कि उपभोक्ता सर्वेक्षण या निर्माताओं के साक्षात्कार, को शामिल नहीं किया गया है, जो भविष्य के शोध का विषय हो सकता है। साथ ही, अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले दीर्घकालिक प्रभावों का आकलन एक गतिशील प्रक्रिया है, जिस पर निरंतर निगरानी की आवश्यकता है।

**4. विश्लेषण एवं चर्चा (Analysis and Discussion)** यह खंड शोध के केंद्रीय प्रश्नों के उत्तर तलाशते हुए स्वदेशी के आर्थिक प्रभावों का सविस्तार विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

**4.1 रोजगार सृजन एवं आय में वृद्धि** (Employment Generation and Income Growth) स्वदेशी उत्पादों की मांग और घरेलू उत्पादन के बीच सीधा सम्बन्ध है। जैसे–जैसे स्वदेशी उत्पादों की मांग बढ़ती है, उत्पादन इकाइयों को अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक श्रमशक्ति की आवश्यकता होती है। यह प्रभाव श्रम–प्रधान उद्योगों (Labour–Intensive Industries) में विशेष रूप से स्पष्ट देखने को मिलता है। उदाहरण के लिए:

* हस्तशिल्प एवं हथकरघा: मध्य प्रदेश की चन्देरी साड़ी, महेश्वरी साड़ी, उत्तर प्रदेश की बनारसी साड़ी, और राजस्थान की कठपुतली जैसे उत्पादों की बढ़ती मांग ने स्थानीय कारीगरों के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।
* खाद्य प्रसंस्करण: स्थानीय फलों और सब्जियों के प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का एक बड़ा स्रोत बन सकते हैं।
* इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण: भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' और PLI योजनाओं के तहत देश में ही मोबाइल फोन, LED टीवी आदि के उत्पादन से विनिर्माण क्षेत्र में लाखों नौकरियाँ सृजित हुई हैं।

रोजगार बढ़ने से लोगों की आय में वृद्धि होती है, जिससे उनकी क्रय शक्ति (Purchasing Power) बढ़ती है। यह बढ़ी हुई क्रय शक्ति अर्थव्यवस्था में मांग को और बढ़ावा देती है, जिससे एक सकारात्मक चक्र (Virtuous Cycle) का निर्माण होता है। यह चक्र आर्थिक विकास की गति को तीव्र करने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

**4.2 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs) का सशक्तिकरण** (Empowerment of MSMEs) MSME क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है। यह क्षेत्र रोजगार सृजन, निर्यात और समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वदेशी आंदोलन इस क्षेत्र के लिए एक वरदान साबित हो रहा है।

* बाजार तक पहुँच: ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स जैसे कि भारतमाला, जी एस टी पोर्टल, और विभिन्न ई–कॉमर्स वेबसाइट्स ने छोटे उद्यमों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचना आसान बना दिया है।

* वित्तीय समावेशन: 'आत्मनिर्भर भारत' पैकेज के तहत MSMEs के लिए collateral–free ऋण की व्यवस्था ने इन उद्यमों को पूंजी की कमी जैसी समस्या से निपटने में मदद की है।

* ब्रांड निर्माण: स्वदेशी की भावना से प्रेरित होकर, उपभोक्ता अब स्थानीय ब्रांड्स को महत्त्व दे रहे हैं। इससे MSMEs को बड़े बहुराष्ट्रीय निगमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और अपना एक अलग ब्रांड पहचान बनाने का अवसर मिल रहा है। एक सफल उदाहरण है हैदराबाद स्थित 'हैप्पी' नामक कंपनी, जो शुरुआत में एक छोटा सा SNACKS का ब्रांड था, लेकिन 'वोकल फॉर लोकल' के दौर में इसकी मांग में भारी वृद्धि हुई और आज यह एक राष्ट्रीय ब्रांड बन गया है।

**4.3 व्यापार घाटे में कमी एवं मुद्रा स्थिरता** (Reduction in Trade Deficit and Currency Stability) भारत विभिन्न वस्तुओं, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम, रासायनिक उत्पादों, और यंत्रीकृत उपकरणों के आयात पर निर्भर है। यह आयात निर्भरता देश के व्यापार घाटे (आयात और निर्यात के अंतर) को बढ़ाती है।

* आयात प्रतिस्थापन: स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देकर, हम इन वस्तुओं के आयात पर निर्भरता कम कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, देश में सेमीकंडक्टर और सोलर पैनल के उत्पादन को बढ़ावा देकर इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में आयात बिल को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

* विदेशी मुद्रा भंडार: आयात कम होने से देश के विदेशी मुद्रा भंडार (Foreign Exchange Reserves) पर दबाव कम होता है। एक मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार देश की अंतर्राष्ट्रीय साख को बढ़ाता है और रुपए की विनिमय दर को स्थिर रखने में मदद करता है।

* निर्यात में वृद्धि: जैसे–जैसे घरेलू उत्पादों की गुणवत्ता अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरती है, हम उन्हें निर्यात भी कर सकते हैं, जिससे व्यापार घाटे को और कम किया जा सकता है।

**4.4 स्थानीय नवाचार एवं अनुसंधान को बढ़ावा** (Promotion of Local Innovation and R&D) जब घरेलू उत्पादों की मांग बढ़ती है, तो कंपनियों के पास नवाचार (Innovation) और अनुसंधान एवं विकास (Research & Development) में निवेश करने का एक मजबूत कारण होता है।

* समस्या–समाधान परक नवाचार: भारतीय Start–ups स्थानीय समस्याओं के अनुरूप समाधान विकसित कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, 'जलशक्ति' जैसी कंपनियाँ जल संरक्षण के लिए तकनीक विकसित कर रही हैं, और 'ड्रिप टेक्नोलॉजी' ने किसानों के लिए सिंचाई की एक कारगर विधि उपलब्ध कराई है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

* स्टार्ट–अप इंडिया का योगदान: सरकार की स्टार्ट–अप इंडिया पहल ने नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज भारत दुनिया के सबसे बड़े स्टार्ट–अप इकोसिस्टम में से एक है, जहाँ अधिकांश स्टार्ट–अप स्वदेशी तकनीक और विचारों पर आधारित हैं।

* शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका: IITs और IIMs जैसे संस्थान अब उद्योगों के साथ सहयोग करके अनुसंधान को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई पट रही है।

**4.5 संतुलित क्षेत्रीय विकास** (Balanced Regional Development) स्वदेशी उत्पादन अक्सर देश के विभिन्न क्षेत्रों में फैले छोटे उद्योगों और कुटीर उद्योगों से जुड़ा होता है। इससे आर्थिक गतिविधियाँ केवल महानगरों तक सीमित न रहकर ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में भी फैलती हैं।

* क्लस्टर विकास: सरकार द्वारा विशिष्ट उद्योगों के लिए क्लस्टर (Clusters) विकसित किए जा रहे हैं, जैसे कि आगरा में चमड़ा उद्योग, सूरत में हीरा उद्योग, और मुरादाबाद में पीतल के बर्तनों का उद्योग। इससे उस क्षेत्र विशेष में समग्र विकास होता है।

* पलायन में कमी: जब ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होते हैं, तो लोगों का रोजगार की तलाश में महानगरों की ओर पलायन कम होता है। इससे महानगरों पर जनसंख्या के दबाव में कमी आती है और क्षेत्रीय विकास संतुलित होता है।

**5. चुनौतियाँ एवं नीतिगत सुझाव (Challenges and Policy Recommendations)** स्वदेशी आंदोलन के मार्ग में कुछ गंभीर चुनौतियाँ हैं, जिनका समाधान एक सुविचारित नीतिगत ढाँचे के माध्यम से ही संभव है।

**5.1 प्रमुख चुनौतियाँ** (Key Challenges) गुणवत्ता एवं लागत संबंधी मुद्दे: कई घरेलू उत्पाद अभी भी गुणवत्ता, पैकेजिंग और लागत की दृष्टि से अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स से मुकाबला नहीं कर पाते। बड़े पैमाने पर उत्पादन (Economies of Scale) के अभाव में लागत नियंत्रण एक बड़ी चुनौती है।

* वैश्विक प्रतिस्पर्धा: वैश्वीकरण के युग में, उपभोक्ताओं के पास दुनिया भर के उत्पादों तक पहुँच है। ऐसे में, स्वदेशी उत्पादों को अपनी विश्वसनीयता साबित करनी होगी।

* अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा: स्थानीय निर्माताओं को अक्सर बिजली, परिवहन, कोल्ड स्टोरेज और वेयरहाउसिंग जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ता है।

* उपभोक्ता मानसिकता: एक बड़ा उपभोक्ता वर्ग अभी भी विदेशी ब्रांड्स को प्रतिष्ठा और गुणवत्ता का प्रतीक मानता है। इस मानसिकता को बदलना एक दीर्घकालिक चुनौती है।

* जटिल नियामक ढाँचा: कभी–कभी MSMEs को विभिन्न सरकारी विभागों से अनुमति लेने में जटिलताओं और देरी का सामना करना पड़ता है।

**5.2 नीतिगत सुझाव** (Policy Recommendations) उपरोक्त चुनौतियों के समाधान हेतु निम्नलिखित नीतिगत हस्तक्षेप सुझाए जा सकते हैं:

* गुणवत्ता प्रोत्साहन: सरकार को 'वन नेशन, वन स्टैंडर्ड' की अवधारणा को लागू करना चाहिए। गुणवत्ता मानकों को पूरा करने वाले उद्यमों को कर छूट और अन्य प्रोत्साहन दिए जाने चाहिए।

* तकनीकी उन्नयन में सहायता: MSMEs को advance तकनीक अपनाने के लिए सब्सिडी–युक्त ऋण और तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सरकार–उद्योग सहयोग से कॉमन फैसिलिटी सेंटर (CFCs) स्थापित किए जा सकते हैं।

* बुनियादी ढाँचे का विकास: लॉजिस्टिक्स को सुगम बनाने के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान जैसी योजनाओं को तेजी से लागू किया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना भी आवश्यक है।

* विपणन एवं ब्रांडिंग सहायता: स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियानों को निरंतर चलाया जाना चाहिए। भारत के विभिन्न राज्यों के उत्पादों को ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रदर्शित करने के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ODOP) मेलों का आयोजन किया जाना चाहिए।

* नियामक सुधार: 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और बेहतर बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम को सुदृढ़ करना होगा। जीएसटी जैसे सुधारों को और सरल बनाने की आवश्यकता है।

## 6. निष्कर्ष (Conclusion)

यह शोध पत्र स्पष्ट करता है कि स्वदेशी उत्पादों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव व्यापक और परिवर्तनकारी है। यह एक ऐसी बहुआयामी रणनीति के रूप में उभरता है जो न केवल आर्थिक विकास को गति प्रदान कर सकती है, बल्कि इसे समावेशी और सतत भी बना सकती है। रोजगार सृजन से लेकर MSMEs के सशक्तिकरण, व्यापार घाटे में कमी से लेकर, स्थानीय नवाचार को बढ़ावा देने तक, स्वदेशी के लाभ असंदिग्ध हैं।

हालाँकि, इस मार्ग में अवरोध भी कम नहीं हैं। गुणवत्ता, लागत, बुनियादी ढाँचे और उपभोक्ता मानसिकता से जुड़ी चुनौतियाँ इसकी सफलता में बाधक हो सकती हैं। इन चुनौतियों का समाधान सरकार, उद्योग जगत और समाज के सामूहिक प्रयास से ही संभव है। सरकार को एक सहायक नीतिगत वातावरण तैयार करना होगा, उद्योगों को गुणवत्ता और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करना होगा, और नागरिकों को एक जागरूक उपभोक्ता के रूप में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी होगी। अंततः, स्वदेशी का सफर एक मैराथन दौड़ है, न कि एक स्प्रिंट। इसके लिए धैर्य, दृढ़ संकल्प और एक सुनियोजित रणनीति की आवश्यकता है। यदि इन शर्तों को पूरा किया जा सके, तो स्वदेशी भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के साथ–साथ विश्व अर्थव्यवस्था में एक गौरवपूर्ण स्थान दिलाने में एवं भविष्य में शोध के लिए निश्चित रूप से सक्षम सिद्ध होगी।

### संदर्भ सूची

1. गांधी, एम. के. (1938) रचनात्मक कार्यक्रम: गांधी जी के स्वदेशी और आत्मनिर्भरता।
2. अग्रवाल, एस.एन. (1944) गांधीवादी योजना।
3. सिंह, एस.के. (2016) इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एडवांस इन सोशल साइंसेज।
4. मोहम्मद, एन. और अन्य (7 अगस्त 2025) " सतत विकास में स्वदेशी ज्ञान की भूमिका" जर्नल ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च।
5. सुल्तान, आर और अन्य (2022)' भारत के स्वदेशी खाद्य पदार्थ: एक व्यापक कथा समीक्षा।' फ्रंटियर्स इन सस्टेनेबल फूड सिस्टम।
6. योजना, दिसंबर 2021

IEARJ
International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# “वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच स्वदेशी का संकल्प”

**डॉ. माधुरी रोजड़े**

सहायक प्राध्यापक

श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स

*सारांश*

***वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति बन गई है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत, सरकार ने स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए कई पहलें शुरू की हैं, जैसे कि मेक इन इंडिया, पीएलआई योजना, और स्वदेशी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स। इन पहलों के परिणामस्वरूप, भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में स्वदेशी उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। रक्षा क्षेत्र में, 75ः उत्पादन अब स्वदेशी है, और तेज विमान और ब्रह्मोस मिसाइल जैसे उदाहरण स्वदेशी क्षमता का प्रमाण बने हैं। सेमीकंडक्टर और सौर ऊर्जा मिशन ने विदेशी निर्भरता को कम किया है, और मोबाइल फोन विनिर्माण में भारत अब दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने से भारत को कई लाभ हुए हैं। आयात पर निर्भरता कम हुई है, और विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ावा मिला है। इसके अलावा, स्वदेशी उत्पादन ने रोजगार के अवसरों को बढ़ावा दिया है, और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है।हालांकि, स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने में चुनौतियाँ भी हैं। पूँजी और निवेश की कमी, बुनियादी ढाँचे की कमी, और कौशल विकास की आवश्यकता जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन, सरकार और निजी क्षेत्र की पहलों के माध्यम से, भारत स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने और वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है***

## प्रस्तावना

वर्तमान समय में पूरा विश्व विविध आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है कहीं मंदी, कहीं बेरोजगारी, तो कहीं आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएँ। इन वैश्विक परिस्थितियों ने यह सोचने पर विवश कर दिया है कि आत्मनिर्भरता और आर्थिक सुरक्षा की दिशा में क्या कदम उठाए जा सकते हैं। ऐसे समय में श्स्वदेशी का संकल्प एक प्रभावी विकल्प और उत्तर के रूप में सामने आता है। स्वदेशी केवल वस्त्र या उत्पादों की खरीद तक सीमित नहीं है, यह एक विचार है अपने देश के संसाधनों, कारीगरों, किसानों, और उद्योगों पर विश्वास करने का। जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर हो, तब स्वदेशी उत्पादों का उपयोग न केवल आर्थिक मजबूती का मार्ग बनता है, बल्कि यह देशभक्ति की भावना को भी प्रकट करता है। आज जब भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएँ वैश्विक दबावों का सामना कर रही हैं, तो यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हम ‘लोकल के लिए वोकल’ बनें और ‘आत्मनिर्भर भारत’ की दिशा में दृढ़ संकल्प लें।

वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के संदर्भ में स्वदेशी के संकल्प पर कई शोध पत्र और लेख उपलब्ध हैं, जो इसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हैं। ये शोध पत्र वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने, आत्मनिर्भरता प्राप्त करने और आर्थिक विकास को मजबूत करने के महत्व पर प्रकाश डालते हैं।

**शब्दकोशः**– स्वदेशी उत्पाद, विकसित भारत, आत्मनिर्भरता, मेक इन इ ंडिया, वोकल फॉर लोकल, आर्थिक विकास, सांस्कृतिक पहचान, रोजगार सृजर्न,

## विषय की प्रष्ठभूमि

1. ऐतिहासिक संदर्भ और प्रासंगिकता गांधीवादी दृष्टिकोण कई शोध पत्रों में गांधी के स्वदेशी दर्शन पर चर्चा की गई है, जो आत्मनिर्भरता, स्थानीय उत्पादन और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने पर केंद्रित था। इन अध्ययनों में कहा गया है कि यह दर्शन आज के वैश्वीकरण के युग में भी प्रासंगिक है, खासकर जब उपभोक्तावाद और पर्यावरण संबंधी समस्याओं की बात आती है।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

- औपनिवेशिक काल शोध पत्रों में औपनिवेशिक काल के स्वदेशी आंदोलन के आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण किया गया है, जिसने भारतीय उद्योगों को प्रोत्साहित किया और ब्रिटिश उत्पादों का बहिष्कार किया।

## 2 आधुनिक अर्थव्यवस्था में स्वदेशी

- आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी आंदोलन के आदर्शों को आत्मनिर्भर भारत (आत्मनिर्भर भारत अभियान) मिशन के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर भारतीय वस्तुओं को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है।
- महामारी के दौरान 20 लाख करोड़ रुपए (जीडीपी का 10ः्द्ध के प्रोत्साहन के साथ शुरू की गई यह योजना श्लोकल फॉर ग्लोबल और श्वोकल फॉर लोकल जैसे विषयों पर केंद्रित है।
- प्रमुख लक्ष्यों में भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला केंद्र बनाना, निजी क्षेत्र का विश्वास बढ़ाना, भारतीय निर्माताओं को समर्थन देना तथा कृषि, वस्त्र, परिधान, आभूषण, फार्मा और रक्षा क्षेत्र में निर्यात का विस्तार करना शामिल है।
- मेक इन इंडिया पहलु यह भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में बढ़ावा देता है, स्थानीय और विदेशी कंपनियों को घरेलू स्तर पर उत्पादन करने के लिये प्रोत्साहित करता है, जो स्वदेशी आंदोलन के आत्मनिर्भरता और स्थानीय उद्योग पर ध्यान केंद्रित करने की भावना को प्रतिध्वनित करता है।
- मेक इन इंडिया से कारोबार करने में आसानी हुई है, जिससे 2015ं के 45 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2024–25 में 81.04 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।
- वर्ष 2024 में निर्यात 437 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स विश्व के 60ः टीकों की आपूर्ति करता है।
- खादी और कुटीर उद्योगों का खादी आंदोलन, एक सामाजिक–सांस्कृतिक आख्यान, जिसे गांधीजी ने शुरू किया था, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आग्रह किया, आज भी प्रासंगिक है,(खादी और ग्रामोद्योग आयोग) ने कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है।
- पिछले 11 वर्षों (2013 2025) में, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग का उत्पादन 347ः और बिक्री 447ः बढ़ी। रोजगार में 49.23ः की वृद्धि हुई, जिससे 1.94 करोड़ लोगों को रोजगार मिला।
- आर्थिक राष्ट्रवाद और संरक्षणवादरू स्वदेशी आंदोलन में निहित यह नीति घरेलू उद्योगों को प्राथमिकता देती है, जिसके तहत आयात प्रतिस्थापन, व्यापार शुल्क, और भारतीय कंपनियों के लिये प्रोत्साहन दिये जाते हैं।
- इन नीतियों का उद्देश्य विशेष रूप से रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता कम करना है।

समस्याएं ..'पूँजी और निवेश की कमी स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पूँजी और निवेश की आवश्यकता होती है, लेकिन कई बार यह कमी हो सकती है।

- 'बुनियादी ढाँचे की कमी' स्वदेशी उत्पादन के लिए बुनियादी ढाँचे की आवश्यकता होती है, जैसे कि सड़कें, बिजली, और जल आपूर्ति।

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

- 'कौशल विकास की आवश्यकता'रू स्वदेशी उत्पादन के लिए कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होती है, लेकिन कई बार कौशल विकास की कमी हो सकती है।
- 'वैश्विक प्रतिस्पर्धा' स्वदेशी उत्पादन को वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है, जो कि एक बड़ी चुनौती हो सकती है।

## सुझाव

- सरकारी समर्थन' सरकार को स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समर्थन प्रदान करना चाहिए, जैसे कि वित्तीय प्रोत्साहन, कर में छूट, और बुनियादी ढाँचे का विकास।
- निजी क्षेत्र की भागीदारी'रू निजी क्षेत्र को स्वदेशी उत्पादन में भागीदारी करनी चाहिए, जैसे कि निवेश, प्रौद्योगिकी, और कौशल विकास।
- कौशल विकास कार्यक्रम' कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देना चाहिए, जैसे कि प्रशिक्षण, शिक्षा, और प्रमाणन।
- वैश्विक सहयोग: वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए, जैसे कि व्यापार समझौते, निवेश, और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण।

## निष्कर्ष

वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच स्वदेशी संकल्प एक महत्वपूर्ण रणनीति बन गई है। इस संकल्प के माध्यम से, भारत ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है, और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें शुरू की हैं। स्वदेशी संकल्प के परिणामस्वरूप, भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में स्वदेशी उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। आयात पर निर्भरता कम हुई है, और विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ावा मिला है। इसके अलावा, स्वदेशी उत्पादन ने रोजगार के अवसरों को बढ़ावा दिया है, और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है।हालांकि, स्वदेशी संकल्प को सफल बनाने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पूँजी और निवेश की कमी, बुनियादी ढाँचे की कमी, और कौशल विकास की आवश्यकता जैसी चुनौतियों का समाधान करने के लिए सुझावों की आवश्यकता है।इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, हमें सरकारी समर्थन, निजी क्षेत्र की भागीदारी, कौशल विकास कार्यक्रम, और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना होगा। हमें स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना होगा, ताकि हम वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का सामना कर सकें और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा दे सकें। इस प्रकार, वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच स्वदेशी संकल्प एक महत्वपूर्ण रणनीति है, जो आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, और विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। हमें इस संकल्प को सफल बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा, और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।

## संदर्भ

1. भारत सरकार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय – (2025, 5 सितम्बर) – India: A Global Bioeconomy Powerhouse [प्रेस नोट] – नई दिल्ली – भारत की जैव–अर्थव्यवस्था 2014 से 2024 तक।
2. Economic Times – (2024, जुलाई) – These desi products became success stories in India's export push।
3. Times of India – (2021, 15) – PM's 'vocal for local' mantra effective mechanism, The Times of India।

IEARJ
International Educational Applied Research Journal
E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "स्वदेशी की अवधारणा"

**यशी तिवारी**
असिस्टेंट प्रोफेसर
क्रिश्चियन एमिनेंट महाविद्यालय इंदौर

## प्रस्तावना

स्वदेशी की अवधारणा का अर्थ अपने देश में निर्मित वस्तुओं और सेवाओं का उपयोग करना तथा स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना यह किसी भी देश की आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव के साथ–साथ विकसित राष्ट्र की कल्पना को भी साकार करता है स्वदेश में भारत में इसका उद्भव स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही माना जा सकता है जहां उसने विदेशी वस्तुओं की निर्भरता कम की और भारतीय उद्योगों को पुनर्जीवित किया स्वदेशी केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता ही नहीं बल्कि सामाजिक सद्भावना सांस्कृतिक गौरव और आत्म नियंत्रण का भी प्रतीक होती है इसका शाब्दिक अर्थ होता है सब अपना और देश अर्थात अपने देश का अर्थात देश में निर्मित संसाधनों का पूर्ण उपयोग आयात और निर्यात के रूप में विभिन्न देशों में होना ही स्वदेशी की अवधारणा को स्पष्ट करता है भारत में प्रमुख विचारकों में इसका एक ऐसा भाव आया जिसमें कहा गया कि स्वदेश में ही उत्पन्न वस्तुएं जनमानस को एक दूसरे से जोड़कर रख सकती है महात्मा गांधी जी का दृष्टिकोण महात्मा गांधी के अनुसार स्वदेशी का अर्थ है अपने आसपास के परिवेश के उपयोग और सेवा तक सीमित रहना यानी संस्था स्थानीय उत्पादों और संसाधनों को अपनाना या आर्थिक विकास की बजाय मानवी कल्याण को प्राथमिकता देता है मानवता का यह दृष्टिकोण की स्वदेशी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है अपने देश में निर्मित भौगोलिक क्षेत्र में जननी निर्मित या कल्पित वस्तुएं नीति और विचारों को स्वदेशी ही कहा जा सकता है स्वदेशी एक ऐसी अवधारणा है जो सभी राज्यों में अलग–अलग तरीके से कार्य कर राष्ट्र के निर्माण को गति प्रदान करती है यदि राष्ट्र का निर्माण सिर्फ सामाजिक आधार पर होता तो संसाधनों का उपयोग बहुत कम मात्रा में किया जाता किंतु ऐसा नहीं है स्वदेशी की अवधारणा के कारण ही जनमानस की यह कड़ी अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर कार्य करती है ।

स्वदेशी का अर्थ स्वदेशी का इतिहास ऐतिहासिक संदर्भ में भारत में इसका उद्भव 1905 का बंगाल विभाजन के समय से ही ब्रिटिश शासन काल में राष्ट्रीय भावनाओं को बोल देने के कारण माना जा सकता है लोकमान्य तिलक और गांधी जी के भावों में भारतीय राष्ट्रवाद के केंद्रीय विचारों को स्वदेशी रूप से ही उन्नत किया गया प्राचीन काल में इसका उद्भव मनुष्य का अपने द्वारा कम को किया जाने की अवधारणा के साथी आरंभ होता है भारत में कहा गया कि मनुष्य का प्रमुख कार्य उसकी कर्मों के द्वारा ही व्यक्त होता है अर्थात मनुष्य शुरू से ही संसाधनों का उपयोग करने लगा अपने लिए ही कैसे उन्हें सुलभ किया जा सके यह कार्य व विभिन्न तरीकों से करता जा रहा था वैदिक युग में धार्मिक क्षेत्र सामाजिक क्षेत्र राजनीतिक क्षेत्र में मनुष्य एक दूसरे पर आत्मनिर्भर ता के रूप में यज्ञ हवन विभिन्न परिचर्चा क्षेत्र राज्यों की स्थापना आदि के रूप में भारतीय परंपरा में स्वदेशी का इतिहास बहुत समय पूर्व से ही आरंभ हो गया था भारतीय उद्योगों में लोकमान्य तिलक के समय इसे पुनर्जीवित करने का कार्य किया गया इसी अवधारणा को और आगे बढ़ते हुए सांस्कृतिक कौरव और आत्म नियंत्रण के लिए भी कार्य करने में गांधी जी ने सराहनीय कार्य किया उन्होंने कहा कि यह किसी भी स्वराज की आत्मा होती है यदि व्यक्ति स्वदेश में निर्मित वस्तुओं को ही अपनी का तो वह विभिन्न विचारों के साथ जुड़कर अपने राष्ट्र की तरक्की कर सकता है और अपने राष्ट्र की तरक्की के साथ दूसरे राष्ट्रों की भी तरक्की का आधार बन सकता है बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का बैंड दर्शन में पहला उदाहरण इसका मिलता है 1857

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

में विज्ञान सभा में के प्रस्ताव में कहा गया था कि स्वदेशी आंदोलन ही देश की उन्नति का आधार बन सकते हैं स्वदेशी के रचनाकार प्रेम धन द्वारा लिखित प्रेम धन सर्वस्व में भी स्वदेशी को ही प्रमुख माना गया और इसमें भी कहा गया कि स्वदेशी निर्मित वस्तुओं को ही उपयोग में कर इसका और मनुष्य जाति का विभिन्न तरीके से उत्पादन किया जा सकता है स्वदेशी आंदोलन का आरंभ आंध्र प्रदेश में डेल्टा क्षेत्र में वंदे मातरम आंदोलन से माना जा सकता है गांधीवादी आंदोलन के बाद यह एक सफल आंदोलन था जिसमें की स्वदेशी आंदोलन की विस्तार से बात की गई स्वदेशी आंदोलन में राजनीतिक रणनीति और विभिन्न सामानों का ऐसा बहिष्कार किया गया जो कि ब्रिटिश द्वारा बनकर आए गए थे ब्रिटिश सरकार में के द्वारा ही जो कहा गया कि यह हमारे द्वारा निर्मित थे उपनिषद शोषण महात्मा गांधी की विस्तारवादी नीति स्वदेशी अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए और औपनिवेशिक शोषण को रोकने के लिए भी गांधी जी ने स्वदेशी सार्वभौमिक अवधारणा का उदाहरण दिया भारत में स्वतंत्रता संग्राम में प्रतिपादित स्वदेशी स्वराज की प्राप्ति का आधार बनता है इस प्रकार स्वदेशी का इतिहास राजनीतिक आर्थिक सामाजिक विभिन्न आयाम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर भारत को एक विकसित राष्ट्र की कल्पना की और ले जाता है।

शिक्षा में स्वदेशी का आयाम :– किसी भी राष्ट्र का आधार जो है स्वदेशी के साथ–साथ शिक्षा का क्षेत्र ही बनता है भारत के प्रमुख विचारक गांधी जी ने इस एक आदर्श कल्पना के रूप में मानते हुए कहा है कि यदि शिक्षा में सरवन सर्वांगनिक विकास की आवश्यकता है तो जीविका और पार्जन के जो साधन होना चाहिए वह भारत में ही निर्मित होना चाहिए गुलामी की प्रवृत्ति को हटाया जाना चाहिए और इसके अंतर्गत पुरुष और महिला दोनों ही शिक्षित होंगे तभी तभी इस सपने को साकार किया जा सकेगा बुनियादी शिक्षा में अपनी इस अवधारणा की व्यापक कल्पना जो है वह प्राथमिक शिक्षा के रूप में आजीवन प्रक्रिया के रूप में भारत में इसका आरंभ किया गया स्वास्थ्य संबंधी स्वदेशी आयाम गांधी जी का स्वास्थ्य संबंधी स्वदेशी आयाम एक राजनीतिक परिपेक्ष के रूप में मौलिक कृति के रूप में भारतीय जनता को विभिन्न संदर्भों के साथ जोड़ता है वह कहते हैं कि यदि भारत में स्वच्छ सुंदरता और स्वास्थ्य की देखभाल के साथ नई जीवन शैली अपनाई जाएगी तो ही भारत का हर नागरिक स्वस्थ हो सकेगा और इसी के लिए शरीर में शुद्ध भोजन और शुद्ध संसाधन की आवश्यकता पड़ती है और यही स्वदेशी आयाम विभिन्न उससे उत्पन्न हो सकता है जब स्वदेश में ही निर्मित वस्तुओं का उपयोग स्वदेशियों द्वारा ही किया जाएगा ।

स्वदेशी का सामाजिक आयाम सामाजिक संरचना के आधार पर स्वदेशी की यह भावना विभिन्न विचारों को के विशुद्ध रूपों का परिणाम है इसमें कहां गया है कि समाज एक के साथ दूसरी कड़ी को तभी जोड़ता है जब रूढ़िवादिता का खत्म होगी और स्वदेशी की ही वस्तुओं का उपयोग विभिन्न कार्यों के रूप में किया जाएगा नागरिक समाज गैर सरकारी संगठन रचनात्मक कार्यों में और पुनर्निर्माण में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका समाज की निर्माता स्वदेशी कार्यों के लिए निभाते हैं भागीदारी पूर्ण सामाजिक कार्यवाही ही स्वदेश का आधार होती है इसी से हम स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर कर रचनात्मक कार्यात्मक निर्माण को कर सकते हैं।

स्वदेशी का राजनीतिक आयाम प्रसिद्ध पुस्तिका हिंदी स्वराज में स्वराज में इसकी कल्पना राजनीतिक शोषण या सशक्त बनाने के आधार पर की गई विकेंद्रीकरण की राजनीतिक व्यवस्था का दृष्टिकोण पंचायती राज से आरंभ होकर भारत राष्ट्रीय निर्माण तक चलता है गांव का यह शासन पंचायती राज्य व्यवस्था नगर पालिका नगर निगम न्यायपालिका विधायिका अन्य पर आधारित होकर समाज की एक ऐसी सशक्त कड़ी का निर्माण करता है जो विश्व राजा राष्ट्र के निर्माण के साथ–साथ अहिंसा के नियमों का भी प्रतिपालन करती है समाज का यह पिरामिड नुमा व्यक्तित्व ही स्वदेशी संसाधनों का आधार होता है महासागरीय

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

महानगरी व्यवस्था में यह एक अभिन्न अंग होता है जो कि अपने साथ संपूर्ण ब्रह्मांड की कार्यप्रणाली को समीक्षा हुआ चला जाता है कार्य प्रणाली का यह रूप भी स्वदेशी संसाधनों पर ही आधारित होता है भारत में निर्मित स्वदेशी संसाधन इसी स्वराज के आधार पर प्राथमिक द्वितीय माध्यमिक सभी स्तरों पर विभिन्न जनजातीय क्षेत्रों द्वारा कार्य किए जाते हैं और 1909 में इसीलिए इस प्रसिद्ध पुस्तिका हिंद स्वराज में कहां गया था कि यदि विकसित राष्ट्र की कल्पना करनी है तो उसे राष्ट्र के हर मनुष्य को आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है और संग गांव की इस संरचना से ही निरंतर विस्तार किया जा सकता है और यही संरचना इसका एक बहुत बड़ा सामाजिक और राजनीतिक आयाम होती है।

स्वदेशी का आर्थिक आयाम भारत में स्वदेशी आयाम की भारत में इस स्वदेशी आयाम की स्थापना अत्यंत ही प्राचीन मानी जा सकती है जब भारत में विनिमय सिस्टम वैदिक पद्धति के समय आरंभ हुआ था उसे समय मनुष्य कुछ संसाधन को देखकर उसी के रूप में किसी अन्य संसाधन के रूप में या फिर मुद्रा के रूप में उसे ले लिया करता था यह विनिमय पद्धति भारत में लगभग 1400 बी से इसका आरंभ माना जाता है इसी के अंतर्गत राज्यों में आर्थिक उद्योग आर्थिक नीतिगत कोशिशें की स्थापना की गई कोषाध्यक्षों का निर्माण किया गया और कोषाध्यक्ष को ने स्वदेशी अवधारणा को बढ़ाने के लिए विभिन्न उद्योगों के क्षेत्र में विनिमय सिस्टम वनी मेंसिस्टम का आरंभ किया और कहां गया की वस्तु तो वस्तु का वास्तु के रूप में विनिमय कर कर भी व्यापार या वाणिज्य को आरंभ किया जा सकता है इसी के तहत ताम्र पत्रों पर लिखित रूप में या मुद्रा प्रणाली के रूप में स्वदेशी अवधारणा आरंभ हुई जिसमें कहा गया कि यदि मुद्रा के रूप में भी वस्तुओं को खरीदा और बेचा जाएगा तो भी राष्ट्रीय उन्नति कर सकता है वर्तमान में बैंक की अवधारणा इसी रूप में कार्य करती है जिसमें मनुष्य अपने कुछ स्थाई चीजों को रखकर लोन के रूप में अपने कार्यों को आर्थिक रूप से कर सकता है और स्वदेशी में किया गया कार्य उसे विकसित राष्ट्र में आर्थिक नागरिक के रूप में आर्थिक विकसित नागरिक के रूप में उन्नत बनता है उसके अंतर्गत उद्योगों में प्राथमिकद्वितीय तृतीय तीन क्षेत्रों की व्यवस्था संगठन के कर्मचारियों के लिए की गई है जिसमें वह अपना कार्य बहुत अच्छे से करते हैं भारत में सेबी का निर्माण विनिमय नियोजन का निर्माण विनिमय वित्त मंत्रालय का निर्माण भारतीय सांख्यिकी विभाग का निर्माण भारतीय कृषि मंत्रालय का निर्माण इसी आर्थिक स्वदेशी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं जो भी नियोजन प्रणाली से आरंभ होते हैं वे औद्योगिकरण मनमोहन सिंह द्वारा लाई गई एक ऐसी योजना जो भारत को विकसित स्वदेशी राष्ट्र की कल्पना के रूप में अन्य राष्ट्रों में प्रतिस्थापित करती है अर्थात किसी भी राष्ट्र की आर्थिक उन्नति का आधार स्वदेशी चादर संसाधन ही होते हैं।

भारत में इस प्रकार या आर्थिक कि नहीं सांस्कृतिक और कल के क्षेत्र को भी स्वदेशी वस्तुएं उन्नत राष्ट्र की कल्पना के उससे ऊपर ले जाती हैं और स्वदेशी का यह जनमानस प्रणाली ही राष्ट्र का निर्माण करती जाती है इसमें ऐतिहासिक पुरातन भी जुड़ता जाता है जो हमें किसी भी राष्ट्र से उन्नत बनता है सांस्कृतिक और धर्म के पौराणिक परिवेश प्रसंग सब कुछ जो रहते हैं वह स्वदेशी के आधार पर ही निर्मित होते हैं यह भौगोलिक जलवायु परिवर्तन के साथ ही मनुष्य के पारंपरिक परंपरा प्रचलित कथाओं और निरंतर गति के नैतिक मूल्यों के जीवन के साथ जुड़ता ही चला जाता है इस प्रकार यह स्वदेशी अवधारणा और इसके महत्व की कल्पना सिर्फ एक राष्ट्र ही नहीं अपितु राष्ट्र की आने वाली भविष्य की संपूर्ण पीडिया के निर्माण में सहायक होती है।

## निष्कर्ष

स्वदेशी की यह अवधारणा विकसित राष्ट्र की कल्पना के साथ–साथ संपूर्ण वर्तमान भविष्य और भूतकाल से परे होकर राष्ट्र की योजन कुड़ियों को जोड़ती हुई चली जाती है जो की नौकरी को में जमा पूंजी सी नियोजन पद्धति और निवेश की ऐसी

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

संख्याओं को स्थापित करती है कि मनुष्य अपना विकास सदैव आत्मनिर्भरता की कड़ी के रूप में करता ही चला जाता है और यह स्वदेशी की अवधारणा ही मनुष्य को 100% राष्ट्र भावना से परिपूर्ण बनती है और एक ऐसे नागरिक का निर्माण करती है जो नैतिक मूल्यों का आदर्श स्थापित करते हैं समाज में इस प्रकार स्वदेशी की यह अवधारणा विभिन्न संसाधनों की उपयोग की एक महत्वपूर्ण और आवश्यक कड़ी मानी जा सकती है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची–

1. गांधी, मो. क. (2010). हिंद स्वराज. अहमदाबाद: नवजीवन प्रकाशन।
2. शर्मा, रामधारी सिंह. (2015). भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन. नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन।
3. तिवारी, ओमप्रकाश. (2018). गांधी दर्शन और समकालीन भारत. वाराणसी: चौखंबा प्रकाशन।
4. Chandra, B. (2009). India's struggle for independence. New Delhi: Penguin Books.
5. Sen, A. (2005). The argumentative Indian. New York: Farrar, Straus and Giroux.
6. Government of India. (2020). Atmanirbhar Bharat Abhiyan: Policy documents. New Delhi: PIB

IEARJ International Educational Applied Research Journal

E- ISSN No.: 2456-6713 : Print ISSN No.: 3048-6459

# "Swadeshi and Swavlamban - The path of "SWA" based Economic Prosperity"

## (स्वदेशी और स्वावलंबन– " स्व" आधारित आर्थिक समृद्धि का पथ)

**Ramesh Kumar[1]**
Research Scholar
Department of Business Finance & Economics,
Jai Narain Vyas University, Jodhpur [1]
rmsasoni@gmail.com 9414114114

**Pramod Kumar Paliwal[2]**
Prant Sanyojak
Swadeshi Jagran Manch,
Jodhpur Prant, Rajasthan[2]
pkpaliwalj@zohomail.in 9983368048

***Abstract***

***The concept of "Swadeshi" transcends the mere usage of indigenous goods and services. It embodies a profound sense of patriotism and a commitment to economic self-reliance, environmental sustainability and equitable development. Rooted in Indian culture and philosophy, Swadeshi promotes self-confidence, self-employment and communal prosperity. This Swadeshi development model contrasts sharply with western capitalist systems, which emphasize exploitation and consumerism. The vision of Swadeshi promotes decentralization and an eco-friendly approach to development, which is seen as the only path to sustainable economic progress.Historically, India has been an economic powerhouse, contributing a significant share to the world's GDP until the arrival of colonial powers, which systematically dismantled its economic infrastructure. The nation's post-independence development models, first rooted in socialism and later in capitalism, have not fully resonated with India's cultural and social needs. Pandit Deendayal Upadhyaya's philosophy of "Ekatmak Manav Darshan" and the Swadeshi Jagran Manch, founded by Dattopant Thengadi Ji, advocate for a return to Swadeshi principles to guide India's economic resurgence. Thengadi Ji emphasized that modernization must not equate to Westernization, stressing the importance of preserving national identity and cultural values.As India strives to become a developed nation by 2047, the Swavlambi Bharat Abhiyan calls for a resurgence of entrepreneurship and self-employment as solutions to rising unemployment and economic disparity. The initiative promotes decentralization, local production, and sustainable entrepreneurship. It also urges the youth to adopt innovative, risk-taking, and nation-first approaches to economic activities. By focusing on indigenous economic policies, full employment, and environmental protection, India aspires to achieve a $10 trillion economy by 2030.The journey toward economic self-reliance aligns with India's cultural ethos of "Vasudhaiva Kutumbakam," a global vision of inclusivity and cooperation. Swadeshi, deeply embedded in India's history and philosophy, is seen as the foundation upon which the nation can reclaim its position as "Vishwaguru" (world leader) by 2047. This vision is bolstered by India's growing economic strength, resilience, and its citizens' active participation in the development process. Ultimately, Swadeshi is not just an economic model but a call for holistic development, integrating environmental, social, and cultural dimensions into the nation's path toward prosperity.***

***Keywords:-Swadeshi, Swavlamban, Viksit Bharat 2047, Sustainability, Skill Devlopment, Self-Employment, Entrepreneurship***

## Introduction

**"It is a mistake to believe that 'Swadeshi' is related only to goods or services. This would be a superficial thinking. It means a strong feeling of making the country self-reliant, protection of the sovereignty and independence of the nation and international cooperation on the basis of equality."** राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी (THENGADI, 1998)

